सूर्योदय : 6:43
सूर्यास्त : 5:14
अधिकतम तापमान : 25.1
न्यूनतम : 10.2

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-179 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 19 दिसम्बर 2025
27 जमादीउस्सानी 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# पीएम मोदी को एक और सर्वोच्च सम्मान

■ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए मिला ऑर्डर ऑफ ओमान



**मस्कट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गुरुवार को ओमान की दो दिवसीय यात्रा के दौरान वहां के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ ओमान' से सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी को ऑर्डर ऑफ ओमान का फर्स्ट क्लास सम्मान दिया गया है, जो इससे पहले महारानी एलिजाबेथ, जापान के सम्राट अकिहितो, नेल्सन मंडेला और जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला जैसे विश्व नेताओं को मिल चुका है।

**हवाई अड्डे पर 'नमस्ते' कर विदाई दी :** बहरहाल, इसके साथ ही पीएम मोदी की खाड़ी देश की यात्रा संपन्न हो गई। ओमान, पीएम मोदी के तीन देशों के दौरे का अंतिम पड़ाव था। इससे पहले उन्होंने जॉर्डन और इथियोपिया का दौरा किया था। ओमान की यात्रा के दौरान भारत और ओमान के बीच एक अहम मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर भी हस्ताक्षर हुए, जिससे दोनों देशों के रिश्तों को नई मजबूती मिली है। यात्रा पूरी होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली के लिए रवाना हुए। उन्हें ओमान के उप प्रधानमंत्री (रक्षा मामलों) सैय्यद शिहाब बिन तारिक अल सईद ने हवाई अड्डे पर 'नमस्ते' कर विदाई दी।

प्रधानमंत्री मोदी को यह सम्मान ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक ने भारत-ओमान संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए दिया। यह सम्मान पीएम मोदी को विदेशी सरकारों द्वारा दिए गए 29 से अधिक शीर्ष नागरिक सम्मानों की सूची में शामिल हो गया है। हाल ही में उन्हें इथियोपिया और कुवैत से भी बड़े सम्मान मिल चुके हैं।

प्रधानमंत्री बुधवार को मस्कट पहुंचे थे, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। यह यात्रा भारत और ओमान के बीच राजनयिक संबंधों के 70 साल पूरे होने के मौके पर हुई। दोनों देशों ने व्यापार, निवेश, ऊर्जा, रक्षा, समुद्री सुरक्षा और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। इस यात्रा का सबसे बड़ा नतीजा भारत-ओमान के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) रहा। खास बात यह है कि इस समझौते में पहली बार भारत की पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों यानी आयुष को शामिल किया गया है। इससे खाड़ी क्षेत्र में भारत के आयुष और वेलनेस सेक्टर के लिए नए बाजार खुलेंगे। समझौते के तहत स्वास्थ्य व पारंपरिक चिकित्सा सेवाओं पर अलग से प्रावधान किए गए। इसमें लाइसेंसिंग, डिजिटल जांच, मेडिकल टूरिज्म, क्षमता निर्माण, मानकों के तालमेल व शोध में सहयोग शामिल है।

इसके अलावा दोनों देशों ने एक संयुक्त विजन दस्तावेज अपनाया और कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। ये समझौते समुद्री विरासत, संग्रहालय, वैज्ञानिक अनुसंधान, कौशल विकास, कृषि और व्यापार सहयोग से जुड़े हैं। एक बिजनेस संवाद के जरिए निवेश के नए अवसरों पर भी चर्चा हुई। पीएम मोदी ने भारत और ओमान के बीच गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों की भी चर्चा की और प्रवासी भारतीयों को इन रिश्तों का सबसे बड़ा संरक्षक बताया। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल शिक्षा, नवाचार और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग से यह साझेदारी भविष्य के लिए तैयार हो रही है।

### भारत दुनिया के लिए बन रहा मॉडल : प्रधानमंत्री

मस्कट में 'मैत्री पर्व' कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय छात्रों और प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए इस आयोजन को मिनी इंडिया बताया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का भारत बड़े और तेज फैसले लेता है, महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय करता है और तय समय में परिणाम देता है। प्रधानमंत्री ने भारत की आर्थिक प्रगति का जिक्र करते हुए कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बुनियादी ढांचे, मैन्युफैक्चरिंग, स्वास्थ्य, डिजिटल ढांचे, नवाचार और अंतरिक्ष क्षेत्र में हो रही प्रगति को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत अब सिर्फ एक बाजार नहीं, बल्कि दुनिया के लिए एक मॉडल बन रहा है।

# सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष ने मांगा सहयोग

**सर्वदलीय बैठक**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शक्रवार से शुरू हो रहे राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र से पहले गुरुवार को एक सर्वदलीय बैठक में सभी दलों से सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलने के लिए सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि सदन सामूहिक भागीदारी के कारण ही प्रभावी ढंग से काम करता है।

महाना ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई थी और सभी दलों के सहयोग से सार्वजनिक मुद्दों पर रचनात्मक, तार्किक और तथ्यों पर आधारित बहस लोगों की समस्याओं का सार्थक समाधान खोजने में मदद मिल सकती है। मुख्यमंत्री और विधानसभा में सदन के नेता योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विधानसभा जनता की आकांक्षाओं को व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण मंच है और मौजूदा सत्र प्रमुख मुद्दों के साथ-साथ कानून पर ठोस चर्चा का अवसर प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि विजन डॉक्यूमेंट पर पूरे राज्य से लगभग 98 लाख सुझाव मिले हैं, जिसे आईआईटी कानपुर के सहयोग से तैयार किया जा रहा है और पूरी चर्चा को पुस्तक के रूप में संकलित किया जा रहा है। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य ने हर क्षेत्र में प्रगति की है और सदन सभी के सहयोग से ही चल सकता है। समाजवादी पार्टी, अपना दल (सोनेलाल), राष्ट्रीय लोक दल, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी, निषाद पार्टी, कांग्रेस, जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) और बहुजन समाज पार्टी के नेताओं ने अपनी पार्टियों की ओर से सहयोग का आश्वासन दिया।

### सरकार सभी चर्चाओं में सकारात्मक रूप से भाग लेगी

योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा में हुई चर्चाएं देश भर की विधानसभाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार सभी चर्चाओं में सकारात्मक रूप से भाग लेगी, विपक्ष द्वारा उठाए गए हर सवाल का जवाब देगी और दिए गए सुझावों के अनुरूप समाधान तक पहुंचने का प्रयास करेगी। योगी ने पिछले सत्र का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले सत्र में उत्तर प्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य बना, जिसने 'विकसित उत्तर प्रदेश विजन डॉक्यूमेंट-2047' पर लगातार 27 घंटे तक सार्थक चर्चा की।

# लोकसभा में भारी हंगामे के बीच वीबी-जी-राम-जी विधेयक पारित

■ केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लंबी चर्चा के बाद दिया जवाब



**नई दिल्ली।** लोकसभा में गुरुवार को विपक्ष के भारी हंगामे और विरोध के बीच विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) वीबी -जी राम-जी (विकसित भारत जी राम जी) विधेयक 2025 पारित किया।

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मनरेगा का स्थान लेने वाले वीबी-जी-राम-जी विधेयक पर बुधवार मध्यरात्रि तक चली चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि इस विधेयक के माध्यम से महिला, युवा, गरीबों की जिंदगी बदलने का काम कर बापू के आदर्शों को जिंदा रखने का काम किया गया है। यह गरीबों की जिंदगी बदलेगा और आदर्श ग्राम की स्थापना करेगा जिसमें लोगों को सभी प्रकार की सुविधाएं उनकी पहुंच में होगी। उन्होंने कहा कि हम किसी से भेदभाव नहीं करते हैं। बापू हमारी प्रेरणा और श्रद्धा हैं। पूरा देश हमारे लिए एक है। हमारे विचार संकीर्ण और संकुचित नहीं है। कांग्रेस ने मनरेगा को पूरी तरह से भ्रष्टाचार के हवाले कर दिया था। कांग्रेस सरकार का जवाब सुनना ही नहीं चाहती है।

# सरकार अगले साल डेढ़ लाख नौकरियां देगी खाली पदों का मांगा ब्योरा

**लखनऊ।** अगले साल प्रदेश सरकार डेढ़ लाख नौकरियां देगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों से विभागवार सरकारी नौकरी के खाली पदों का ब्योरा मांगा था, जिसके बाद डेढ़ लाख रिक्त पदों पर भर्ती करने की अनुमति दी है।

युवाओं को सरकारी नौकरी का अवसर पुलिस, शिक्षा, राजस्व, आवास विकास समेत विभिन्न विभागों में दी जाएगी। सबसे अधिक पुलिस और शिक्षा विभाग में भर्तियां होंगी। इसके साथ 2026 में यूपी सरकार के नाम सबसे अधिक सरकारी नौकरी देने का रिकार्ड भी दर्ज हो जाएगा। बता दें कि प्रदेश सरकार ने बीते साढ़े आठ वर्ष के दौरान विभिन्न विभागों में साढ़े आठ लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी हैं।

# पंचायत चुनाव में नहीं लागू होगा एसआईआर

■ हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने याचिका खारिज की



**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने प्रदेश में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) लागू करने की मांग वाली जनहित याचिका को सारहीन कहकर खारिज कर दिया है। मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने यह आदेश संत कबीर नगर के नरेंद्र कुमार त्रिपाठी की ओर से दाखिल याचिका पर दिया।

कोर्ट ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का कोई ठोस कारण नहीं है। कहा कि एसआईआर प्रक्रिया 18 जुलाई 2025 से ही प्रारंभ हो चुकी है और इसकी अस्थायी मतदाता सूची 23 दिसंबर 2025 को प्रकाशित की जानी है। ऐसे में मात्र इस आधार पर कि लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों के लिए जारी दिशा-निर्देश पंचायत चुनावों पर भी लागू किए जाएं, इसमें न्यायिक हस्तक्षेप उचित नहीं है। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने याचिका को सारहीन करार देकर खारिज कर दिया।

पत्रकारों से गुरुवार को बातचीत में राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि पुनरीक्षण से पहले पंचायत चुनाव की मतदाता सूची में 12,29,50,052 वोटर थे। अब ये संख्या 12,69,69,610 हो गई है। उन्होंने बताया कि जो नाम काटे गए हैं उनमें मृत, विस्थापित व डुप्लीकेट मतदाता शामिल हैं। इनमें सबसे अधिक 53,67,410 डुप्लीकेट मतदाता थे।

### पंचायत चुनाव की सूची में बढ़े 40 लाख मतदाता

पंचायत चुनाव के लिए कराए गए मतदाता पुनरीक्षण अभियान में 18196367 नए मतदाताओं को जोड़ा गया है। अभियान में 14176809 मतदाताओं के नाम हटाए भी गए हैं। राज्य निर्वाचन आयुक्त आरपी सिंह ने बताया कि पुनरीक्षण में पिछली मतदाता सूची की अपेक्षा 4019558 (3.26 फीसदी) मतदाता बढ़े हैं।

# एसआईआर में सपा के संभावित वोटरों को काटने की कोशिश

■ अखिलेश का बड़ा आरोप, अफसरों पर डाला जा रहा दबाव



**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री एसआईआर में समाजवादियों का वोट काटने के लिए अधिकारियों पर दबाव बना रहे है। आरोप लगाते हुए कहा कि वह अधिकारियों से कह रहे हैं कि कमी निकालिए और समाजवादी पार्टी के लोगों का वोट काटिए।

अखिलेश ने कहा कि अभी निर्वाचन आयोग के आंकड़े नहीं आए है। हमारे पास भी आंकड़े नहीं आये आखिर मुख्यमंत्री को कैसे पता चल गया कि चार करोड़ वोट कट गये है। आरोप लगाते हुए कहा कि सुनने में आ रहा है कि भाजपा के नेता और विधायक रात में निजी कम्पनियों के साथ बैठकर चार करोड़ वोट बराबर करने को कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर चार करोड़ वोट कट गया तो 403 विधानसभा क्षेत्रों में हर जगह भाजपा का 84 हजार वोट कट गया है। यही भाजपा को हरायेगा। सपा प्रमुख ने कहा कि सच्चाई यह है कि यह एसआईआर नहीं एनआरसी है। अगर कल को एनआरसी होगा तो सरकार इसके अलावा और कौन सा कागज मांगेगी।

# आजीवन कारावास देने का अधिकार केवल संवैधानिक अदालतों को है : सुप्रीम कोर्ट

■ राज्य को सजा देने का अधिकार कानून से मिला: एससी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अहम फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने कहा कि बिना रिमिशन (सजा में छूट) के आजीवन कारावास देने का अधिकार केवल संवैधानिक अदालतों यानी सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट को है, न कि सेशन कोर्ट को। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि जब किसी आरोपी को आजीवन कारावास की सजा दी जाती है, तो इसका मतलब उसकी पूरी जिंदगी जेल में रहना होता है। हालांकि, रिमिशन और सजा में कमी देने का अधिकार राज्य सरकार के पास होता है, जिसे सेशन कोर्ट सीमित नहीं कर सकती।

पीटीआई के मुताबिक, पीठ ने साफ कहा कि सेशन कोर्ट यह आदेश नहीं दे सकती कि आजीवन कारावास आरोपी के स्वाभाविक जीवन के अंत तक ही रहेगा और उसे किसी भी तरह की रिमिशन नहीं मिलेगी। ऐसा आदेश दंड प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों के खिलाफ है। कोर्ट ने कहा कि राज्य को रिमिशन या सजा में कमी देने का जो अधिकार कानून ने दिया है, उसे छीना नहीं जा सकता।

सुप्रीम कोर्ट का यह मामला उस घटना से जुड़ा था, जिसमें एक व्यक्ति ने एक विधवा महिला की यौन मांग ठुकराने पर उसे जिंदा जला दिया था। निचली अदालत ने आरोपी को पूरी उम्र जेल में रखने की सजा सुनाई थी और रिमिशन का लाभ भी देने से मना कर दिया था। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सीमित सवाल पर नोटिस जारी किया था कि क्या ट्रायल कोर्ट को यह अधिकार था कि वह आजीवन कारावास को प्राकृतिक जीवन के अंत तक तय करे और आरोपी को रिमिशन से वंचित करे।

# पीएम ओमान में, राहुल जर्मनी में और दिल्ली गैस चैंबर बन गई : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के गंभीर वायु प्रदूषण को लेकर केंद्र सरकार और मौजूदा दिल्ली सरकार पर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि देश की राजधानी इस समय भीषण प्रदूषण की चपेट में है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओमान में हैं और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जर्मनी गए हुए है। राजधानी गैस चैंबर बनी हुई है और किसी को भी दिल्लीवासियों की सेहत की चिंता नहीं है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली का प्रदूषण केंद्र सरकार की सक्रियता के बिना कम नहीं हो सकता, लेकिन प्रधानमंत्री की ओर से एक शब्द तक नहीं बोला गया। उन्होंने कहा कि जब आम आदमी पार्टी की सरकार थी, तब दिसंबर महीने में कभी भी इतना खतरनाक प्रदूषण नहीं देखा गया।

# क्या आप 24 घंटे एयर प्यूरीफायर चलाते हैं

■ दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण पर केंद्रीय मंत्री का जवाब



**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने दिल्ली-एनसीआर में एयर पॉल्यूशन पर कहा कि मजबूत फेफड़े के साथ दिल और दिमाग भी मजबूत होना चाहिए। यह बात उन्होंने गुरुवार को एक कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि पहले विज्ञापन छप सकता था, लेकिन योजनाएं नहीं बनती थीं।

बढ़ते प्रदूषण पर भूपेंद्र यादव ने एक उदाहरण देते हुए कहा कि ग्रेटर कैलाश, डिफेंस कॉलोनी आदि जगहों पर रोजाना कई मकान टूटते हैं। लेकिन उसकी धूल कहां जाती है... हमने योजना में सीएंडडी वेस्ट (कंस्ट्रक्शन एंड डेमोलिशन वेस्ट) के लिए जगह तय करने की बात कही। तोड़ने से पहले सीएंडडी वेस्ट के बारे में जानकारी देनी होगी।

कार्यक्रम में उनसे यह भी पूछा गया कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री होने के नाते प्रदूषण से बचने के लिए क्या वह 24 घंटे एयर प्यूरीफायर चलाकर रखते हैं? इस पर उन्होंने कहा कि मैं सामान्य तरह से रहता हूं। वायु प्रदूषण के लिए कौन जिम्मेदार? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि हम इस समस्या के प्रति पूरी तरह से संवेदनशील हैं और इसके समाधान के लिए प्रतिबद्ध भी हैं। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण के लिए महज दिल्ली जिम्मेदार नहीं है। यह पूरे एनसीआर की समस्या है। इसके लिए हमने सीएक्यूएम अथॉरिटी बनाई। उन्होंने साइंस बेस्ट समाधान की बात की। उन्होंने कहा कि गाड़ियों की वजह से 40 फीसदी प्रदूषण होता है। दुनिया के जितने भी शहर में पर्यावरण सुधरा है। उसमें वहां क्लीनर फ्यूल का इस्तेमाल हुआ है। यहां भी हमें ऐसा ही करने की जरूरत है।

### कौन मुख्यमंत्री कर रहा सही काम, मंत्री का जवाब जान लीजिए

भूपेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार के साथ दबाव के साथ हम ये चीजें मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की वजह से कर पा रहे हैं। मुख्यमंत्री की गद्दी पर दिल्ली में रेखा गुप्ता, उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ, हरियाणा में नायब सैनी, राजस्थान में भजनलाल शर्मा हैं। इनमें से कौन सा मुख्यमंत्री नियमों का बहुत अच्छे से पालन करा रहे हैं। इस सवाल के जवाब पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी बहुत अच्छा कर रहे हैं। मैं कोई रेटिंग एजेंसी नहीं हूं। मैं सबका साथी हूं।

**सराहना** वायुसेना कमांडरों के सम्मेलन में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# आज के दौर में वायु शक्ति युद्ध का निर्णायक बन चुकी है

■ जनता का भरोसा दिखाता है देश का आत्मविश्वास



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि आज के समय में वायु शक्ति युद्ध का निर्णायक हथियार बन चुकी है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की उच्च-प्रभाव वाली सैन्य क्षमता को दुनिया के सामने स्पष्ट रूप से दिखाया है। इस अभियान के दौरान आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने और उसके बाद पाकिस्तान की गैर-जिम्मेदाराना प्रतिक्रिया से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए उन्होंने भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की सराहना की।

राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना ने साहस, तेजी और सटीकता के साथ आतंकवादी शिविरों को नष्ट किया। उन्होंने कहा कि दुश्मन की आक्रामक और रक्षात्मक क्षमताओं को गहराई से समझना बहुत जरूरी है, ताकि भारत हमेशा निर्णायक बढ़त बनाए रख सके। उन्होंने वायुसेना के शीर्ष कमांडरों से आग्रह किया कि वे इस ऑपरेशन से मिले सबकों को आत्मसात करें और भविष्य की हर चुनौती के लिए सतर्क रहें। रक्षा मंत्री ने कहा, आमतौर पर जब दुश्मन हमला करता है, तो लोग डर जाते हैं। लेकिन जब पाकिस्तानी बलों ने भारतीय ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, तब भी देश की जनता शांत रही और अपने रोजमर्रा के काम करती रही। उन्होंने इसे भारतीयों का सेनाओं की तैयारियों पर विश्वाास बताया।

राजनाथ सिंह ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-हमास संघर्ष, बालाकोट एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसे उदाहरण साबित करते हैं कि वायु शक्ति आज निर्णायक भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि वायु शक्ति केवल एक सामरिक साधन नहीं है, बल्कि यह एक रणनीतिक उपकरण है। इसकी सबसे बड़ी ताकत गति, आश्चर्य और झटका देने की क्षमता है। उन्होंने कहा वायु शक्ति किसी भी नेतृत्व को यह क्षमता देती है कि वह दुश्मन को साफ़ संदेश दे सके कि राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर कदम उठाया जाएगा।

राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को तीनों सेनाओं के बीच उत्कृष्ट तालमेल का उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि थल, जल और वायु सेनाओं के बीच साझा समन्वय देश की सुरक्षा को और मजबूत करेगा। उन्होंने भरोसा जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से स्वतंत्रता दिवस पर घोषित सुदर्शन चक्र भविष्य में राष्ट्रीय संपत्तियों की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाएगा। स्वदेशी जेट इंजन का विकास अब एक राष्ट्रीय मिशन बन चुका है और सरकार इसे पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जो देश तकनीक, दूरदर्शी रणनीति और बदलते हालात के अनुसार खुद को ढालने की क्षमता में महारत हासिल कर लेते हैं, वही वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ते हैं।

### 21वीं सदी का युद्ध हथियारों से आगे की लड़ाई

रक्षा मंत्री ने कहा कि 21वीं सदी का युद्ध केवल हथियारों का नहीं, बल्कि विचारों, तकनीक और अनुकूलन क्षमता का युद्ध है। उन्होंने बताया कि साइबर युद्ध, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ड्रोन और मानवरहित विमान, उपग्रह आधारित निगरानी और अंतरिक्ष आधारित क्षमताए भविष्य के युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सटीक हथियार, रियल-टाइम खुफिया जानकारी और डेटा आधारित निर्णय अब विकल्प नहीं, बल्कि आधुनिक युद्ध की बुनियादी जरूरत बन चुके हैं।

# भारतीय सेना की बड़ी उपलब्धि

■ कश्मीर घाटी में स्पेशल ट्रेन से भेजे टैंक, ट्रक व हथियार



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने एक मिलिट्री स्पेशल ट्रेन से कश्मीर घाटी में टैंक, तोप, ट्रकों को भेजकर सैन्य लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में मील का पत्थर हासिल किया। सेना की तरफ से वैलिडेशन एक्सरसाइज के हिस्से के तौर पर, टैंक, तोपें और डोजर जम्मू रीजन से अनंतनाग, कश्मीर तक सफलतापूर्वक पहुंचाए गए। इससे उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक के जरिये बेहतर मोबिलिटी और लॉजिस्टिकल क्षमता का प्रदर्शन हुआ।

सेना ने यह मील का पत्थर रेलवे के साथ मिलकर हासिल किया गया। भारतीय सेना की तरफ से कहा गया कि उत्तरी सीमाओं पर तेजी से लॉजिस्टिक्स तैयार करने और ऑपरेशनल तैयारी को मजबूत करने में उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक प्रोजेक्ट के बड़े बदलाव वाले असर को दिखाता है। इस ऑपरेशन से भारत की उत्तरी सीमाओं पर सेना की गतिशीलता, रेस्पॉन्स की स्पीड और ऑपरेशनल तैयारी को काफी बढ़ावा मिला है। एक बयान के अनुसार, कश्मीर घाटी में बख्तरबंद और तोपखाने की संपत्तियों को सफलतापूर्वक शामिल करने से सेना की ऑपरेशनल फ्लेक्सिबिलिटी और प्रतिरोधक स्थिति मजबूत होती है। बयान में कहा गया है कि रेलवे की तरफ तेजी से लामबंदी से सेनाएं कम समय में महत्वपूर्ण क्षेत्रों को मजबूत कर सकती हैं।

### मौसम का असर नहीं, तेजी से होगी तैनाती

सेना का कहना है कि इससे भारी बख्तरबंद गाड़ियों और तोपखाने को रेल से लाने से डिप्लॉयमेंट का समय काफी कम हो जाता है और सड़क काफिलों पर निर्भरता कम हो जाती है, जो अक्सर मौसम और इलाके की दिक्कतों से प्रभावित होते हैं। इसके साथ ही, यह क्षमता शांति के समय और लड़ाई दोनों स्थितियों में ज़्यादा भरोसेमंद और बिना रुकावट वाली सप्लाई लाइनें सुनिश्चित करती है।

# मृतक हरिपाल के परिजनों को समाजवादी पार्टी द्वारा एक लाख की मदद की गई

**विगत माह विनय तिवारी व अनुराग पटेल के नेतृत्व में स.पा के प्रतिनिधि मंडल द्वारा परिवार से मिलकर सहायता देने की बात की गई थी**




*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विगत 23 जून 2025 को छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के प्राचीन शिव मंदिर में लगभग 30 वर्षो से मुख्य सेवादार के रुप मे कार्यरत हरिपाल (हरिजन) जिनकी सुबह पूजा आरती होने के बाद आरती पूजन आदि का सामान धोते समय बिजली करंट लगने से मृत्यु हो गई थी, उनकी पत्नी श्रीमती ज्योति व उसके दो छोटे छोटे बच्चों जिनकी उम्र 3 व 5 वर्ष है के लिए ? 100000/- ( एक लाख रुपये) की सहायता भिजवाई, लोहिया भवन पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल, विनय तिवारी, रामसरन सहित, विजय पाठक, दानिश अब्दुल्ला, व उत्तम वर्मा के द्वारा मृतक हरिपाल की पत्नी ज्योति व उनके दोनों बच्चो को हरिपाल के माता पिता की मौजूदगी में नकद एक लाख की सहायता प्रदान की गई, पूर्व विधायक गोला विनय तिवारी ने बताया कि हरिपाल की दुःखद मृत्यु हुए लगभग 6 माह हो रहा है किंतु न शासन प्रशासन द्वारा और न ही मंदिर प्रशासन द्वारा मृतक के परिवार को किसी भी प्रकार की कोई सहायता प्रदान की गई है विगत माह विनय तिवारी व अनुराग पटेल के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल द्वारा परिवार से मिलकर परिवार को सहायता देने की बात की गई थी जिसके बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मृतक हरिपाल के परिजनों को नकद सहायता प्रदान की गई जिससे मृतका की पत्नी अपने दोनों छोटे छोटे बच्चों का लालन पोषण कर शिक्षित कर सके, साथ ही गोला पूर्व विधायक विनय तिवारी ने भविष्य में भी परिवार की मदद की बात की प्रेस वार्ता के दौरान व्यापार सभा अध्यक्ष दीपक रस्तोगी, अभय प्रताप सिंह बंटी, रियाजुल्ला खा, संजीव वर्मा, अजय शुक्ला, प्रभात गुप्ता, रमन मनार, आकाश अवस्थी, उमेश यादव मौजूद रहे।

## महाराज नगर मोहल्ले में एक प्लॉट पर युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

**लखीमपुर, खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** शहर के महाराज नगर मोहल्ले में गुरुवार सुबह एक प्लॉट पर युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक की हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई जा रही। गुरुवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने खून से लथपथ शव देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। मृतक पलिया थाने के पलिया खुर्द गांव का निवासी बताया जा रहा है। उसकी जेब से 6000 रुपये नकद और तीन मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। पुलिस को शक है कि युवक की हत्या कर फन माल के पीछे महाराज नगर के प्लॉट पर फेंक दिया गया। सूचना मिलते ही सीओ सिटी और शहर कोतवाल मौके पर पहुंचे उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## बड़ी नहर में उतराती हुई पाई गई एक महिला की लाश

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना हैदराबाद के महेशपुर गांव के पास से निकल रही बड़ी नहर में गुरुवार की सुबह एक महिला की लाश उतराती हुई पाई गई। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। अभी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। गुरुवार की सबेरे करीब साढ़े दस बजे थाना हैदराबाद के अन्तर्गत महेशपुर के पास किसान खेत पर जा रहे थे। इस दौरान बड़ी नहर में उनको एक महिला की लाश उतराती हुई दिखाई दी। किसानों की सूचना पर मौके पर थाना प्रभारी मय पुलिस बल के साथ पहुंच गये। शव बाहर निकलवाया गया।

## दिलीप बने प्रभारी निरीक्षक फरधान

**लखीमपुर खीरी (अवधनामा संवाददाता)** इंस्पेक्टर दिलीप कुमार चौबे को थाना फरधान का नया प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है।

## 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना खीरी पुलिस द्वारा 02 नफर अभियुक्तों रईस अहमद पुत्र सफी अहमद गुलफाम पुत्र अफजल गौरी निवासीगण सैय्यदबाडा कस्बा व थाना खीरी जनपद खीरी सम्बन्धित मु0अ0सं0 890/25 धारा 13 द्.ष्ट्ञ में गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय भेजा गया ।

## शराब के नशे में दो पक्षों के बीच जमकर हुआ विवाद

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** बीती रात शहर के एलआरपी चौराहे पर निकट पुलिस चौकी के पास शराब के नशे में दो पक्षों के बीच जमकर हुआ विवाद, जमकर चले लात घूंसे और बेल्टें शहर के इस मुख्य एंट्री पॉइंट पर सड़क के दोनों तरफ शराब के अड्डे हैं एक तरफ अंग्रेजी और देसी शराब की दुकान है तो सड़क के दूसरी तरफ शराब बार है और बगल में ही पुलिस चौकी भी है, लेकिन आए दिन शराबी यहां शहर के मुख्य इंट्री पॉइंट पर शराब के नशे में झगड़ा करते रहते हैं और पुलिस मूक दर्शक बनी रहती है।

### जिलेभर में छाए घने कोहरे और शीतलहर ने बढाई लोगों की मुश्किलें

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** जिले में लगातार तीसरे दिन कोहरे की चादर ने तराई को ढक लिया। बृहस्पतिवार को जिलेभर में छाए घने कोहरे और शीतलहर ने लोगों की मुश्किल बढ़ा दीं। कोहरे के कारण हालात ऐसे रहे कि सभी प्रमुख मार्गों पर दृश्यता कम होने के कारण वाहन रफ्तार नहीं पकड़ सके और चालक लाइट जलाकर बेहद धीमी गति से चलते नजर आए। लोग गर्म कपड़े, जैकेट, स्वेटर और मफलर से खुद को ढककर ही घरों से बाहर निकले। शहर में दुकानों के बाहर लोग अलाव जलाकर तापते नजर आए।

### ओवर ब्रिज से लेकर सकटा देवी चौराहे तक लगा भीषण जाम



**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** शहर के स्टेशन के सामने ओवर ब्रिज से लेकर सकटा देवी चौराहे तक लगा भीषण जाम ट्रैफिक पुलिस नदारत।

### कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में हुए एकत्र

**भाजपा कार्यालय का घेराव कर की नारेबाजी**

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)**कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पर नेशनल हेराल्ड मामले में 11 वर्षों तक चले फर्जी मुकदमे के विरोध में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्र हुए। कार्यकर्ताओं ने देवकली रोड स्थित भाजपा कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी की। मौके पर पुलिस बल तैनात रहा।

## पेट्रोल पंपों पर जल्द ही मिलेंगे साफ-सुथरे शौचालय,एवं शुद्ध पेयजल

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** एक अभियान के तहत जनपद में स्थापित पेट्रोल पंपों के रिटेल आउटलेट पर जनसामान्य की सुविधाओं के दृष्टिगत व्यवस्थाएं चाक-चौबंद कराई जाएंगी। उम्मीद है कि इस संबंध में मिले दिशा निर्देशों पर यदि पूर्णतया अमल कर लिया गया तो लोगों को काफी राहत मिलेगी।

जिला पूर्ति अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में स्थापित पेट्रोल पम्पों के रिटेल आउटलेट पर जनसामान्य को शौचालय व पेयजल आदि की व्यवस्था उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश निर्गत किये गये है। उन्होंने बताया कि निर्देश प्राप्त होने के बाद जनपद में स्थापित पैट्रोल पम्पों पर विभिन्न सुविधायें उपलब्ध कराये जाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है,जिसमें महिला एवं पुरुषों के उपयोगार्थ अलग-अलग शौचालय,तथा शौचालयों का रेनोवेशन का कार्य किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि जनपद में इस कार्य के पर्यवेक्षण हेतु पूर्ति निरीक्षकों के माध्यम से निरन्तर पेट्रोल पम्पों की जाँच करायी जा रही है।पूर्ति अधिकारी ने कहा है कि पेट्रोल पंपों पर शौचालय में सीट,पानी की टंकी,शौचालय में फर्श की टाईल की स्थिति साफ रहें कोई भी टाईल टूटी न रहे, शौचालय में वाशबेसिन साफ रहे, शौचालय की सफाई हेतु कितने कर्मचारी लगाये गये है, उनके नाम तथा मोबाइल नंबर डिस्पले किये जाये एवं शौचालयों में साबुन या हैन्डवाश उपलब्धता के साथ- साथ दिव्यांगजनों हेतु रैम्प की व्यवस्था करायी जाये। उन्होंने बताया कि पैट्रोल पम्पधारकों द्वारा अपने-अपने पैट्रोल पम्पों पर यह व्यवस्थायें विकसित की जा रही है।

## दहेज मुक्ति अभियान को मजबूती देने के लिए उलमा एकजुट

**नई रश्में बंद कराने पर हुआ सर्वसम्मति से विचार-विमर्श**

*अवधनामा संवाददाता*

**अफजलगढ़।** नगर के मोहल्ला नेजो सराय में स्थित मदरसे जामिल उल उलूम में अफजलगढ़ युवा टीम के नेतृत्व में दहेज मुक्ति अभियान को बढ़ावा देने और नई रश्मों को पूरी तरह बन्द कराने को लेकर शहर के मुफ्ती इमामों सहित उलेमाओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर व क्षेत्र के प्रतिष्ठित मुफ्ती, इमाम व उलमा बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने दहेज जैसे सामाजिक अभिशाप के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया। बैठक की शुरुआत तिलावत-ए-कुरान से हुई। इसके बाद अफजलगढ़ युवा टीम के पदाधिकारियों ने बताया कि समाज में बढ़ते दहेज प्रचलन और शादी-ब्याह में होने वाले दिखावे ने गरीब परिवारों को गहरी आर्थिक मुश्किलों में धकेल दिया है। अनेक परिवार बेटियों की शादी का बोझ उठाने में असमर्थ हो रहे हैं, जिससे सामाजिक तनाव और पारिवारिक विवाद बढ़ रहे हैं। युवा टीम के सदस्यों ने कहा कि दहेज के खिलाफ चलाया जा रहा यह अभियान सिर्फ एक सामाजिक प्रयास नहीं, बल्कि मानवता और बराबरी की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि निकाह को सुन्नत के अनुसार सादगी से सम्पन्न कराने, महंगे दस्तूर और नई बनती रश्मों को बंद कराने के लिए जन-जागरूकता अभियान तेज किया जाएगा। वही बैठक को सम्बोधित करते हुए हजरत मौलाना शौकत अली नाजिम मदरसा जामिल उल उलूम ने कहा कि आज के दौर में हर किसी की जिम्मेदारी है। कि दहेज ना ले शादियों को आसान बनाएं बेटियां रहमत बनकर आती है आज हर किसी की जिम्मेदारी है कि आज के दौर में बेटियां भी बेटों से आगे बढ़कर काम कर रही है आज हर फील्ड में चाहे वह तालीम का फील्ड हो चाहे आर्मी का फील्ड हो या दीनी मद्रास का या फिर पॉलिटिकल हो बेटियां अव्वल सफ मे आती है। दहेज लेना और देना एक बहुत बड़ी बुराई है। इसको हर एक फर्ज की जिम्मेदारी है। इस बुराई को खत्म करो और इस अभियान से हर एक आदमी जुड़े जितने भी सभी लोगों से जुड़ने का आह्वान किया। समाजसेवी शुऐब कुरैशी व फईम कस्सार ने कहा कि आने वाले कुछ दिन में एक बहुत बड़ा कार्यक्रम किया जाएगा उन्होने कहा की जिले से बड़ी हस्ती मौलाना भी इस कार्यक्रम मे शिरकत करेंगे। युवा समाजसेवी महाराष्ट्र की शान जावेद आमान भी मुख्य अतिथि की रूप में इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। अफजलगढ़ की सर जमीन पर दहेज़ मुक्त अभियान कार्यक्रम का मकसद इस बुराई को जड़ से खत्म करने का एक अहम हिस्सा साबित हो होगा। बैठक में सभी उलमा ने अपने संबोधन में कहा कि दहेज लेना-देना इस्लाम में नाजायज है, और समाज को इस बुराई से बचाने के लिए मस्जिदों के जरिये भी जागरूकता फैलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि निकाह को आसान बनाने से समाज में अमन और भाईचारा बढ़ेगा, और गरीब परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। बैठक में मौजूद सभी मुफ्ती, इमाम और उलमाओं ने अफजलगढ़ युवा टीम की पहल की सराहना की और अभियान को सफल बनाने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही तय किया गया कि आने वाले शुक्रवार के जुमा के खुत्बों में दहेज विरोध का संदेश दिया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इस मुहिम से जुड़ सकें।

## श्रद्धा व भव्यता के साथ मनाया लालद्वारे का स्थापना दिवस



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** लालद्वारे का स्थापना दिवस श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया गया। बाड़ा लाल दास रोड स्थित लालद्वारा प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में ध्यानपुर गद्दी से पधारे महामंडलेश्वर संत रामसुन्दर दास ने कहा कि बावा लाल दयाल एक युगदृष्टा संत थे, जिन्होंने योग बल और जप-तप से 300 वर्ष की आयु प्राप्त की। उन्होंने सहारनपुर में गंगा माई को प्रकट किया और यहां 100 वर्षों तक तपस्या की। संतों की तपोभूमि पर मात्र आगमन से ही जीव का कल्याण हो जाता है। समारोह की अध्यक्षता महंत रामसुन्दर दास ने की। इस अवसर पर सतगुरु बावा लाल सेवक मंडल के प्रधान अशोक अरोड़ा, सचिव राजेश कपूर तथा लालद्वारा प्रमुख इंद्र मोहन जोशी के साथ महंत सुंदर दास ने धर्मध्वज का आरोहण किया। इसके पश्चात मनीष आनंद, प्रदीप सूरी व विनोद शर्मा ने महंत सुंदर दास का माल्यार्पण कर स्वागत किया। महंत सुंदर दास ने अनेक सेवकों को नामदान भी प्रदान किया। कार्यक्रम में सत्संग एवं कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें सीमा आनंद, पूजा कपूर, प्रवीन वोहरा, रवि कुमार, रिंकू लूथरा व प्रदीप शर्मा ने भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी। मंडल के रवि भाटिया, शिवम बांगा, राजकुमार गंभीर, डॉ. अशोक भाटिया, जुग्गी लाल भाटिया एवं नवीन भाटिया ने महंत जी को स्मृति चिन्ह व वस्त्र भेंट किए।

इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें पुष्कर कपूर, जीत खन्ना, अनमोल गंभीर, रमेश सचदेवा, संजीव बांगा, रमन कपूर, विरेंद्र महाजन, पवन अवस्थी, गौरव डंग, गौरव गांधी एवं कीमती भाटिया का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में मुजफ्फरनगर, यमुनानगर, दिल्ली व अमृतसर सहित विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में सेवकों ने भाग लिया। समारोह के अंत में मंडल के महामंत्री राजेश कपूर ने महंत सुंदर दास एवं उपस्थित संगत का आभार व्यक्त किया।

## छह हिस्ट्रीशीटरों को पुलिस ने किया गिरफ़्तार




*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** शांति व्यवस्था के मद्देनज़र थाना उसहैत पुलिस द्वारा छह हिस्ट्रीशीटरो को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, शांति व्यवस्था के दृष्टिगत बृहस्पतिवार को थाना उसहैत पुलिस द्वारा हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त धनपाल पुत्र रामसहाय,भूरे पुत्र सरदार सिंह,सत्यभान पुत्र रनवीर सिंह,सुरेन्द्र पुत्र सूबेदार सिंह,राजू पुत्र रनवीर सिंह तथा नानू पुत्र रनवीर सिंह को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय के समस्त पेश किया गया है।

## पुलिस प्रशासन ने कांग्रेसजनों को उनके घरो में किया नजरबंद

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी के बैनर तले भाजपा कार्यालय पर पहुंचकर प्रदर्शन करने की घोषणा के मद्देनजर पुलिस ने कांग्रेस के जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष समेत वरिष्ठ पदाधिकारियों को उनके आवास पर नजरबंद कर दिया। बाद में कुछ कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय पर कूच करने का प्रयास किया, तो उसे भी पुलिस ने विफल कर दिया। गौरतलब है कि जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा आज भाजपा पर सीबीआई का दुरूपयोग करने का आरोप लगाते हुए भाजपा कार्यालय का घेराव करने की घोषणा की थी, जिसके चलते पुलिस प्रशासन ने बीती रात ही जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा, महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी व प्रदर्शन से पूर्व मनीष त्यागी के निवास पर पहुंचे पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मेहरबान आलम, एआईसीसी सदस्य चौधरी मुजफ्फर अली तोमर, जिला उपाध्यक्षगण वरुण शर्मा, नितिन शर्मा व सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव वर्मा और उनके साथ पूर्व प्रदेश सचिव प्रवीण चौधरी आदि को घरों में ही नजरबंद कर दिया। इसके बावजूद कुछ कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूर्व प्रदेश सचिव अशोक सैनी के नेतृत्व में दिल्ली रोड स्थित कमिश्नर कार्यालय के पास एकत्रित हुए और नारेबाजी करते हुए दिल्ली रोड स्थित भाजपा कार्यालय के लिए कूच किया। जिन्हें भाजपा कार्यालय की ओर बढते देख पुलिस ने भाजपा कार्यालय से लगभग 50 मीटर दूरी पर ही रोक लिया और उन्हें आगे बढ़ने नहीं दिया। कांग्रेसजनों अपने इस शांतिपूर्ण प्रदर्शन को पुलिस प्रशासन द्वारा रोके जाने का विरोध करते हुए जोरदार नारेबाजी की।

## जन्म-मृत्यु आवेदन के लिए निगम में नयी विंडो की व्यवस्था



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम ने जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्रों के लिए विभाग में बढ़ती भीड़ को कम करने तथा आम जन की सुविधा के लिए निगम प्रांगण में एक नयी विंडो की व्यवस्था की है। अब आवेदनकर्ता अपने आवेदन के लिए विभाग में न जाकर इस विंडो पर आवेदन जमा कर सकेंगे। आवेदन किस स्थिति में है यह जानने के लिए भी एक व्ट्सऐप नंबर जारी किया गया है। कैमरों के माध्यम से जन्म मृत्यु विभाग की निगरानी के लिए विभाग को आईसीसीसी से जोड़ा जा रहा है। जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार व अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने जानकारी देते हुए बताया कि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोगों को आवेदन जमा करने हेतु भीड़ के कारण काफी इंतजार करना पड़ता था। आवेदन जमा करने की व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए नगरायुक्त के निर्देश पर निगम परिसर में ही एक नयी विंडो खोली गयी है, ताकि लोग आसानी से अपना आवेदन इस नयी विंडो पर जमा करा सकें। उन्होंने बताया कि जन्म मृत्यु सम्बंधी आवेदन पत्र जमा करने तथा आवेदकों की समस्या के दृष्टिगत रोस्टर अनुसार तीन लिपिकों की विशेष डियूटी लगायी गयी है। उन्होंने बताया कि सोमवार व ब्रहस्पतिवार को अंकित पाल, मंगलवार व शुक्रवार को राहुल कुमार तथा बुधवार व शनिवार को मुकेश कुमार सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक कार्यालय में इस कार्य के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## नर्सिंग होम एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** यूपी नर्सिंग होम एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष डीके गुप्ता के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की। स्थानीय रेलवे रोड स्थित एक सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। तत्पश्चात आईएमए के अध्यक्ष डॉ.प्रवीन कुमार ने सभी नये पदाधिकारियों को शपथ दिलायी। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने शपथ लेने वाले चिकित्सको को निष्ठापूर्वक चिकित्सको के कर्तव्यों का पालन करने के लिए सजग करते हुए कहा कि सभी चिकित्सक सरकार द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को आम नागरिक तक पहुचाने का जरिया बने और सभी लोगो को उत्तम सेवाए प्रदान करें। मुख्यचिकत्साधिकरी डॉ.प्रवीण कुमार ने सभी सरकारी एवम गैर सरकारी चिकित्सको को समाज सेवा में बढ़ चढ़कर योगदान देने के लिये प्रेरित किया। समारोह में यूपी नर्सिंग होम एसोसिएशन सहारनपुर ब्रांच के वर्ष 2027 के लिए डॉक्टर सुभाष सहगल को प्रेसिडेंट इलेक्ट नियुक्त किया। वर्ष 2026 के लिए डॉक्टर डीके गुप्ता ने नर्सिंग होम एसोसिएशन के अध्यक्ष पद की शपथ ली। उन्होंने डॉक्टर राहुल सिंह को सचिव डॉक्टर अमित पांडे को कोषाध्यक्ष एवं डॉ.प्रशांत खन्ना व डॉ.वंदना आर्य को उपाध्यक्ष नियुक्त किया और शपथ दिलवाई।

इस अवसर पर सचिव डॉ.नीरज आर्या, कोषाध्यक्ष डॉ अनुपम मालिक, डॉ नरेश नौसरान, डॉ रिक्की चौधरी, डॉ आर एन बंसल, डॉ रवि ठक्कर, डॉ पूनम मखीजा, डॉ कलीम अहमद, डॉ विजय अग्रवाल, डॉ रेणु शर्मा, डॉ विजय अग्रवाल, डॉ जयपाल सिंह, डॉ सुदर्शन नागपाल, डॉ गुनिता जैन,डॉ रोबी गुप्ता, डॉ राजेश शर्मा, डॉ राज खन्ना, डॉ संजीव मिगलानी, डॉ राजेश गुप्ता, डॉ विवेक बनर्जी, डॉ मनु कपिल,डॉ पुनीत खुराना, डॉ रेणु सिंघल, डॉ गायत्री सहगल, डॉ पंकज खन्ना, डॉ सी एम कमाल आदि उपस्थित रहे।

## लाखों रूपये कीमत की स्मैक के साथ एक नशा तस्कर गिरफ्तार

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना चिलकाना पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर को दबोचकर उसके कब्जे से लाखों रूपये कीमत की नाजायज स्मैक व एक बाईक बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना चिलकाना प्रभारी विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक चन्द्रपाल सिंह व महिला उपनिरीक्षक सुमन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान कालू माजरा जाने वाले मार्ग से एक शातिर नशा तस्कर अब्दुल मलिक पुत्र इनामुलहक निवासी ग्राम दूधगढ थाना चिलकाना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से लगभग पांच लाख रूपये कीमत की 25.50 ग्राम अवैध स्मैक व तस्करी में प्रयुक्त बाईक बरामद कर ली तथा आरोपी के खिलाफधारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

## कोहरे के दृष्टिगत यातायात प्रबंधन पर बनाई गयी रणनीति



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** जिलधिकारी मनीष बंसल ने निर्देश दिये कि समस्त उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी जनपद के मुख्य मार्गो का निरीक्षण करें तथा यातायात सम्बन्धी जो भी सुझाव हो वह सम्बन्धित विभाग को अवगत करायें। जिलाधिकारी मनीष बंसल आज यहां कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में कोहरा यातायात प्रबंधन व शीत लहर के संबंध में आहूत बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने एनएचएआई एवं लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये गये कि मुख्य मार्गो पर स्वयं निरीक्षण कर सड़क सुरक्षा सम्बन्धी अपेक्षित कार्यवाही तत्काल करायें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा क्रिटिकल कोरीडोर टीम गठित की गई, जिसका दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु उपायों एवं सुझाव पर साप्ताहिक रिपोर्ट के अनुसार सम्बन्धित विभाग द्वारा शॉर्ट, मिडियम एवं लॉन्ग टर्म पर कृत कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने धुंध और कोहरे के दौरान सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सभी से अपील करते हुए कहा कि धुंध के दौरान वाहन की गति निर्धारित सीमा से कम रखें। वाहन की फॉग लाइट का प्रयोग करें और लो-बीम पर हेडलाइट रखें। इमरजेंसी इंडिकेटर्स को चालू रखें। आगे चल रहे वाहन से पर्याप्त दूरी बनाए रखें।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में फसल बीमा की समीक्षा बैठक हुई आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में फसल बीमा की समीक्षा बैठक आहूत की गई। समीक्षा बैठक में बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि अब तक रबी 2025 में 23352 बीमा पॉलिसी पोर्टल पर प्राप्त हुई हैं। डीएम द्वारा उपस्थित अग्रणी जिला प्रबन्धक, इण्डियन बैंक व समस्त जिला समन्वयक बैंको को निर्देशित किया गया कि 31 दिसम्बर 2025 तक समस्त किसान क्रेडिट कार्ड धारकों का प्रीमियम काट फसल बीमा पोर्टल पर विवरण दर्ज करा दिया जाये।

उपस्थित जिला प्रबन्धक जनसेवा केन्द्र को निर्देशित किया गया कि जो भी गैर ऋणी कृषकों द्वारा फसल बीमा जनसुविधा केन्द्र के माध्यम से कराया जाए उन अभिलेखों की सघन जॉच करते हुए अभिलेख पोर्टल पर अपलोड किये जाये। यदि गलत अभिलेख अपलोड कर फसल बीमा कराया जायेगा, उनका उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा खरीफ 2025 के फसल बीमा की समीक्षा की गयी। बीमा कम्पनी के जिला प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि कुल ऋणी कृषकों के बीमा पॉलिसी की सं0-126042 थी, जिसमें 26632 बीमा पॉलिसियो को बैंको के पास पुनः सत्यापन के लिए भेजा गया। बैंकों से सत्यापन उपरान्त 122603 ऋणी कृषकों की बीमा पॉलिसियों को पोर्टल पर एप्रूव किय गया व 1231 बीमा पॉलिसियों को अभिलेखीय विसंगति के कारण रिजेक्ट का दिया गया। इसी प्रकार गैर ऋणी कृषकों के प्राप्त 141376 आवेदनों में से 82028 आवेदनों को तहसील से सत्यापन कराया गया एवं 11070 आवेदनों को चकबंदी विभाग से सत्यापन कराया गया तथा 46700 आवेदनों को अभिलेख कम होने व धुंधले होने या विसंगति के कारण बीमा पॉलिसी को रिवर्ट किया गया है। सत्यापन उपरान्त 90115 आवेदनों को बीमा पोर्टल पर एप्रूव कर दिया गया एवं 51048 आवेदनों में अभिलेख गलत होने, सही अभिलेख पोर्टल पर अपलोड न किये जाने एवं अन्य कारणों से रिजेक्ट कर दिया गया है। डीएम द्वारा उप कृषि निदेशक व सम्बन्धित बीमा कम्पनी को निर्देश दिये गये कि उप कृषि निदेशक कार्यालय में हेल्प डेस्क बना दी जाये। रिजेक्टेड आवेदनों में से यदि कोई कृषक दिनांक 30.12.2025 तक अभिलेखों के साथ हेल्पडेस्क में या बीमा कम्पनी कार्यालय में आवेदन करता है तो समस्त अभिलेखों का तहसील से सत्यापन कराया जायें एवं सत्यापन में सही पाई गयी बीमा पॉलिसियों को एप्रूव कराया जाये। जिस पर बीमा कम्पनी द्वारा तत्काल कियान्वयन हेतु सहमति व्यक्त की गई। इसके अलावा उर्वरक वितरण के सम्बन्ध में भी सहकारिता विभाग एवं समस्त उप जिलाधिकारी को टोकन वितरित कर खतौनी के आधार पर उर्वरक वितरण कराने के निर्देश दिये।

उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) कुंवर पंकज, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उप जिलाधिकारी सदर शिवध्यान पांडे, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी पुलिस, अग्रणी जिला प्रबन्धक इण्डियन बैंक व बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## प्राइवेट दुकानों पर अंकुश नहीं, समितियों पर उमड़ रही भीड़

**अवधनामा संवाददाता, सिद्धार्थनगर।** जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन कुंवर विक्रम सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर जनपद में खाद वितरण में व्याप्त अनियमितताओं एवं कालाबाजारी की समस्या से अवगत कराया। बताया कि जनपद में कुल खाद आवंटन का लगभग 30 फीसदी सहकारी समितियों के पास और 70 फीसदी निजी क्षेत्र में होता है। इसके बावजूद करीब 70 प्रतिशत किसान खाद लेने के लिए सहकारी समितियों पर पहुंच जाते हैं।

जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन कुंवर विक्रम सिंह ने कहा कि सहकारी समितियों पर किसानों को उचित दर पर खाद उपलब्ध हो जाती है, जबकि निजी दुकानदार मनमाने दामों पर खाद बेचते हैं। पारदर्शिता के अभाव में किसानों को निजी क्षेत्र में उपलब्ध खाद की जानकारी नहीं मिल पाती, जिससे समितियों पर लंबी कतारें लगती हैं और अव्यवस्था बढ़ती है। सुझाव दिया कि जिस प्रकार सहकारी समितियों पर खाद वितरण के समय अधिकारी मौजूद रहते हैं।

# तुलसी विद्या निकेतन का वार्षिकोत्सव मनाया गया

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** श्री गोस्वामी तुलसीदास एजुकेशनल सोसायटी से संचालित नगवां स्थित तुलसी विद्या निकेतन का वार्षिकोत्सव ÷प्रवाह÷ गुरुवार को धूमधाम व उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। इस दौरान एलकेजी से लेकर कक्षा 12 तक के पांच सौ से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत प्रस्तुत किया। दर्शक दीर्घा में बैठे दर्शको ने तालिया से बच्चों का हौसला अफजाई किया। बच्चों द्वारा विभिन्न रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से दर्शक शाम तक आनन्द उठाते रहे। सरस्वती वंदना से आरंभ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान नृत्य की श्रृंखला में रेट्रो नृत्य व नृत्य नाटिकाओं दशावतार,अनन्त सुरक्षा आश्वासन व घूमर भांगड़ा में बच्चों के पांव खूब थिरके। बनारस बम भोले,स्वागत गीत, कव्वाली,पश्चिमी गीत में तो वाद्य यंत्रों की लय के साथ बच्चों के सुमधुर कंठों से निकले स्वरों ने खूब तालियां बटोरीं।

ताल वाद्य प्रस्तुति को ज्यादा वाहवाही मिली तो खेल शिक्षक अजय कुमार यादव व रूपा सोनकर के निर्देशन में योग पिरामिड नेतोदर्शकों मंत्रमुग्ध कर दिया। उपेंद्र नाथ अश्क द्वारा लिखित संयुक्त परिवार की अवधारणा को चरितार्थ करता हिंदी एकांकी सूखी डाली व अंग्रेजी नाटक सोशल मीडिया में विद्यार्थी कलाकारों ने सशक्त अभिनय किया।कार्यक्रम का शुभारंभ सोसायटी के अध्यक्ष प्रो.सिद्धनाथ उपाध्याय, सचिव व कोषाध्यक्ष प्रो.विश्वम्भरनाथ मिश्र व प्रधानाचार्य डॉ.सुनील कुमार श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया।इस अवसर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।संस्था का विवरण सचिव व कोषाध्यक्ष प्रो.विश्वम्भरनाथ मिश्र व वार्षिक विवरण प्रधानाचार्य डॉ. सुनील कुमार श्रीवास्तव ने प्रस्तुत किया। अभ्यागतों का स्वागत सोसायटी के अध्यक्ष प्रो. सिद्धनाथ उपाध्याय ने किया। संचालन छात्र द्वय आदित्य राज सिंह व अंशुमान मिश्र ने किया। कार्यक्रम संयोजक अजीत श्रीवास्तव थे और व्यवस्थापक अमित मणि, विनय कुमार पांडेय व संजीव कुमार त्रिपाठी थे। धन्यवाद ज्ञापन समन्वयक डॉ.राजेश कुमार ने किया।

# परिवार परामर्श केन्द्र की पहल से 15 दंपतियों के जीवन में फिर से लौटी खुशियाँ

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत जनपद महोबा पुलिस द्वारा संचालित परिवार परामर्श केन्द्र के प्रभावी प्रयासों से कई बिखरते परिवारों को टूटने से बचाया गया है। संवाद, समझ और संवेदनशील परामर्श के माध्यम से पारिवारिक विवादों का समाधान कर परिवारों में पुनः खुशियों की वापसी कराई गई। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में पुलिस लाइन महोबा स्थित सभाकक्ष में परिवार परामर्श केन्द्र का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी महिला थाना, उपनिरीक्षक निकिता शुक्ला द्वारा की गई। कार्यक्रम में परिवार परामर्श केन्द्र के सभी सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान पति-पत्नी के 15 ऐसे जोड़ों, जिनके मध्य पारस्परिक पारिवारिक विवाद चल रहा था, की गहन काउंसिलिंग की गई। प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुना गया तथा दोनों पक्षों की समस्याओं के समाधान के लिए संयमित, सकारात्मक एवं संवेदनशील परामर्श प्रदान किया गया। काउंसिलिंग के परिणामस्वरूप कई पति-पत्नी पुनः आपसी सहमति से साथ रहने के लिए राज़ी हुए। शेष प्रकरणों को आगामी तिथि पर पुनः काउंसिलिंग के लिए आमंत्रित किया गया है।

परिवार परामर्श केन्द्र एवं जनपद महोबा पुलिस के इन सफल प्रयासों की प्रभावित परिवारों एवं उनके परिजनों द्वारा सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

परामर्श कार्यक्रम के दौरान महिला उपनिरीक्षक निकिता शुक्ला, महिला कांस्टेबल रेखा देवी, महिला कांस्टेबल प्रीती देवी सहित परिवार परामर्श कमेटी से काउंसलर नीतू पालीवाल, नेहा चंसौरिया, विभा पुरवार, रामजी गुप्ता, शिव कुमार गोस्वामी एवं मो0 हनीफ आदि सम्मानित सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति सराहनीय रही।

# सांसद खेल महोत्सव में सीपी इंटरनेशनल स्कूल ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान



**एम ए इदरीशी संवाददाता**

- **सांसद खेल महोत्सव में सीपी इंटरनेशनल स्कूल बना उपविजेता**

**फर्रुखाबाद।** संसद खेल महोत्सव में सीपी इंटरनेशनल स्कूल, फर्रुखाबाद के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल एवं अनुशासन का परिचय देते हुए बॉलीबॉल में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया।

इस खेल महोत्सव में जनपद के अनेक विद्यालयों के साथ-साथ विभिन्न खेल क्लबों की टीमों ने सहभागिता की। कड़े मुकाबलों के बीच सीपी इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने समर्पण, टीम भावना एवं श्रेष्ठ प्रदर्शन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की। यह ब्रह्म दत्त स्टेडियम फतेहगढ़ में खेला गया था।

विद्यालय के प्रबंधक श्री सत्य प्रकाश अग्रवाल ने खिलाड़ियों एवं खेल प्रशिक्षकों को बधाई दी। निदेशक डॉ. (श्रीमती) मिथलेश अग्रवाल ने इस सफलता को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का परिणाम बताया। उपनिदेशक अंजू राजे एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती ज्योत्सना अग्रवाल ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने कहा कि खेल गतिविधियाँ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं। इस उपलब्धि में खेल प्रशिक्षक श्री संजीव कुमार द्विवेदी एवं श्री के. के. बाजपेई का सराहनीय योगदान रहा। विद्यालय परिवार ने भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन की अपेक्षा व्यक्त की है।

## पुलिस ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में फर्जीवाड़ा करने वाले 07 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश में, जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित उपनिरीक्षक विशाल बाजपेई व उपनिरीक्षक संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित फर्जीवाड़े के मामले में सात नफर वांछित अभियुक्तगण राजेन्द्र कुमार, सतेन्द्र कुमार, कमलेश कुमार, सक्षम, रामस्वरुप, आशाराम, 7. छष्ट (संचालक) कमलकिशोर को रतनसागर तालाब रोड वनविभाग गेट के पास थाना चरखारी से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त अभियुक्तगण द्वारा एक योजना के तहत अन्य अभियुक्तगण के साथ मिलकर सरकारी लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा पोर्टल पर कूटरचित दस्तावेज लगाकर अनुचित बीमा कराया गया था। अभियुक्तगण के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

## गंगा घाट पर दिव्य जलधारा तपस्या का 24 वां दिन महंत प्रद्युम्न मुनि जी 41 दिन की तपस्या जारी



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** गंगा तट पर मार्कंडेय महादेव घाट कैथी में विगत 25 नवम्बर से प्रारम्भ हुयी विश्वकल्याणार्थ दिव्य जलधारा तपस्या के चौबीसवें दिन वृहस्पतिवार को तपस्या कर रहे श्री श्री 108 महंत श्री प्रद्युम्न मुनि जी महाराज का 151 जल कलशों से अभिषेक किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में भक्तों और दर्शनार्थियों ने महराज जी का दर्शन और पूजन किया।

बताते चले कि, श्री प्रद्युम्न मुनि जी महाराज जयपुर के सिद्ध बाबा श्री श्री 1008 बजरंग दास जी उदासीन अखाड़े से कैथी तपस्थली पर पधारे हैं और उनके द्वारा भक्तों के सहयोग से 41 दिन की दिव्य जल धारा तपस्या गंगा तट पर की जा रही है, इसके अंतर्गत प्रथम दिन 11 जल कलश से स्नान कराया गया था और प्रति दिन संख्या बढ़ते हुए 24 वें दिन कुल 151 जल कलशों से स्नान कराया गया यह क्रम 5 जनवरी तक जारी रहेगा। प्रतिदिन लगभग 8 घंटे की तपस्या के बाद पूजन,सत्संग,प्रवचन,कीर्तन और प्रसाद वितरण किया जाता है जिसमे भारी संख्या में भक्तगण शामिल होते हैं। आयोजन में प्रमुख रूप से श्यामू जी महाराज,विनोद महाराज,अमित पाण्डेय, गोपाल, प्रदीप, अवनीश, प्रभात, बादल आदि का सहयोग है ।

# वाराणसी ने हृदय चिकित्सा के क्षेत्र में रचा नया इतिहास

**इन्फिनिटी केयर हॉस्पिटल**



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** देश में बढ़ते हृदय रोग एक संकट का विषय बनता जा रहा है। वयस्क हो या नौजवान इन दिनों सभी लोग हृदय रोग से ज्यादा ग्रसित होते जा रहे हैं। ऐसे में इनिरुनिटी केयर हॉस्पिटल,वाराणसी ने हृदय चिकित्सा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त की है। अस्पताल में पूर्वांचल की दूसरी सफल टीएवीआई ((ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व इम्प्लांटेशन) प्रक्रिया तथा पूर्वांचल की पहली BENTALL सर्जरी के साथ CABG (Coronary Artery Bypass Grafting) को एक साथ सफलतापूर्वक संपन्न किया गया है।

यह उपलब्धि इसलिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि TAVI एवं BENTALL जैसी प्रक्रियाएँ अत्यंत जटिल,उच्च जोखिम वाली एवं उच्च तकनीकी दक्षता की मांग करने वाली हृदय शल्य क्रियाओं में सम्मिलित हैं। इनका सफल निष्पादन इन्फिनिटी केयर हॉस्पिटल में उपलब्ध अत्याधुनिक चिकित्सकीय सुविधाओं, आधुनिक तकनीक एवं अनुभवी चिकित्सकों की दक्षता को दर्शाता है। अस्पताल में संपन्न इन जटिल हृदय शल्य क्रियाओं को अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट एवं कार्डियक सर्जनों की विशेषज्ञ टीम द्वारा अंजाम दिया गया। इस टीम में प्रमुख रूप से डॉ. अभिषेक विक्रम सिंह, डॉ.अमरनाथ शॉ, डॉ. सचिन एवं डॉ.प्रितेश सम्मिलित रहे। चिकित्सकों की टीम ने समन्वित्त प्रयास, आधुनिक उपकरणों एवं अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उपचार पद्धति के माध्यम से इन जटिल प्रक्रियाओं को सफल बनाया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, शल्य क्रियाओं के पश्चात मरीज की स्थिति वर्तमान में स्थिर एवं संतोषजनक है तथा उसे निरंतर चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। इन्फिनिटी केयर हॉस्पिटल का यह प्रयास न केवल वाराणसी बल्कि पूरे पूर्वांचल क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। इससे यह सिद्ध होता है कि अब अत्याधुनिक एवं उच्चस्तरीय हृदय उपचार के लिए मरीजों को महानगरों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है।

अस्पताल प्रबंधन ने इस उपलब्धि को टीमवर्क,आधुनिक तकनीक एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम बताते हुए भविष्य में भी उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के संकल्प को दोहराया है। इसी उपलब्धि को प्रबंधक निदेशक डॉक्टर अभिषेक विक्रम सिंह ने अस्पताल के सभी डॉक्टर और स्टाफ को बधाई दी है।

## इंस्टाग्राम के माध्यम से अश्लीलता व जान से मारने की धमकी पीड़ित ने दी तहरीर

**अवधनामा संवाददाता, जलालपुर अम्बेडकरनगर।** थाना मालीपुर क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने सोशल मीडिया के माध्यम से अश्लीलता, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है।

पीड़िता एक गांव निवासिनी ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि विपक्षी सर्वेश यादव पुत्र मनीराम यादव, निवासी ग्राम मजीसा कटका, थाना सम्मनपुर से उसका संपर्क सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के माध्यम से हुआ था। आरोप है कि बातचीत के दौरान युवक द्वारा अश्लील बातें की जाने लगीं। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने मां-बहन की भद्दी गालियां दीं। पीड़िता के अनुसार जब उसने यह बात अपने पति को बताने की बात कही तो आरोपी ने उसे और उसके पति को जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि आरोपी लगातार फोन पर धमकी दे रहा है।

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा शिक्षकों की समस्याओं को लेकर पांच सूत्री मांग पत्र बीएसए को सौंपा

**अवधनामा संवाददाता, फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की मासिक बैठक में शिक्षकों की समस्याओं से संबंधित पांच सूत्रीय मांग पत्र बीएसए को सौंपा - बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान ने की और संचालन जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने किया। मांग पत्र में सभी पात्र शिक्षकों के चयन वेतनमान, चुनाव प्रक्रिया में लगे शिक्षकों को अवकाश के दौरान कार्य के बदले मिले उपार्जित अवकाश, विशिष्ट बीटीसी प्रशिक्षण के अंक पत्र/प्रमाण पत्र, अवशेष एरियर, आंगनबाड़ी केंद्रों की एमडीएम कन्वर्जन कास्ट तथा रसोईयों का मानदेय नहीं मिल रहा है। भीषण कोहरा और शीतलहर को देखते हुए अन्य जिलों की भांति अवकाश घोषित किया जाये। इस अवसर पर अमित मिश्रा, डॉ उपेंद्र गंगवार, डॉ देवेंद्र यादव, सुशील माथुर,केपी सिंह, गजेन्द्र सिंह,इसरार अहमद,उजैफ पठान,अल्का सिंह,अनुपम मिश्रा,ग्रीष चंद्र, अमित कुमार, शैलेन्द्र चौहान, ध्रुव प्रताप सिंह,ओम सिंह सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य / उ.रे. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 14205-SLR-F1-AYC-DLI-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 11:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 20413-SLR-F1-BSB-INDB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 11:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 14241-SLR-F1-PYGS-SRE-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 11:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 20415-SLR-F1-BSB-INDB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 22130-SLR-F1-AYC-LTT-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 12:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 14262-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 12:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 12237-SLR-F1- BSB-JAT-23-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 19402-SLR-F1- LKO-SBIB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 22178-22177-VP-1-BSB-CSMT-25-6 (Parcel-Parcel Van) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 12:50 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3901/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# विद्यालय ज्ञान का मंदिर और भविष्य का आधार : एमएलसी

- **नेहरू इंटर कॉलेज पनवाड़ी में वार्षिकोत्सव और पुरातन छात्र सम्मान समारोह का किया गया आयोजन**

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** नेहरू इंटर कॉलेज पनवाड़ी में गुरुवार को वार्षिकोत्सव और पुरातन छात्र सम्मान समारोह का धूमधाम से आयोजन किया गया। छात्राओं ने स्वागत गीत के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर व विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष जय प्रकाश अनुरागी रहे जिन्होंने अपने विचारों से छात्र छात्राओं को सफलता के मूलमंत्रों से रूबरू कराया। वार्षिक उत्सव के अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने विद्यालय की नवीन कक्षाओं का लोकार्पण किया साथ ही विद्यालय प्रबंधन समिति की मांग को पूर्ण कराए जाने का आश्वासन भी दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ एमएलसी व जिला पंचायत अध्यक्ष ने मां सरस्वती चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया, इसके बाद छात्राओं ने स्वागत गीत सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यालय ज्ञान का मंदिर एवं भविष्य का आधार है, इसी ज्ञान के मंदिर से शिक्षा प्राप्त करने के बाद लोग अधिकारियों के अलावा मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक बनते हैं, इसलिए बच्चों को लक्ष्य बनाकर शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। कहा कि सभी विद्यार्थी अनुशासन में रहते हुए मन लगाकर पढ़ाई करें।

जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने कहा कि मन के हारे हार है और मन के जीते जीत यह पंक्ति जीवन में संघर्ष और सफलता का मूल मंत्र है। डॉ. भीमराव आंबेडकर, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, बिरला समूह एवं अंबानी परिवार जैसे महान व्यक्तित्वों के संघर्ष और कठिन परिश्रम का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि इन सभी ने कभी हार नहीं मानी, अपने लक्ष्य के प्रति अडिग रहकर सफलता प्राप्त की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक शोभित पाठक द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र तिवारी, प्रबंधक डॉ. सतीश गुप्ता, प्रधानाचार्य मोतीलाल अहिरवार, शिक्षक ओम प्रकाश द्विवेदी, हीरालाल वर्मा, गीता अग्निहोत्री, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इं. श्रीप्रकाश वर्मा, राजू नगाइच, राजनारायण मिश्रा, बबलू रावत, संतोष अग्निहोत्री, संतोष सहित अन्य नागरिक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## नशा मुक्ति के तहत पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय के छात्र छात्राओं को किया गया जागरूक

**अवधनामा संवाददाता, बढ़नी सिद्धार्थनगर।** नशा मुक्ति जन जागरुकता अभियान के तहत गुरुवार को पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय रामदत्तगंज जूनियर स्तर के सैकड़ों छात्र छात्राओं को पंपलेट वितरण कर सरकारी सहायता हेल्पलाइन नंबरों व राष्ट्रीय नशा मुक्ति हेल्पलाइन नंबर 14446 के बारे में जानकारी दी गई।

छात्र छात्राओं को विभिन्न प्रकार के नशा तंबाकू, सिगरेट, गुटखा, शराब, सूंघने वाले पदार्थ, गांजा, चरस, स्मैक, बिना डाक्टर की सलाह ली गई गोलियों के प्रयोग से सामाजिक, आर्थिक, शारीरिक और मानसिक कुप्रभाओं के विषय में पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। बताया गया कि नशा ऐसा पदार्थ है जो दिल दिमाग और फेफड़ों को नुक़सान पहुंचाने के साथ ही, पढ़ाई में ध्यान कम होना, नशे की लत लगना, दुर्घटनाएं और बीमारियों की समस्याओं से आर्थिक, शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कुप्रभाव पड़ता है।

## शहर में चला पॉलिथीन चेकिंग अभियान, व्यापारियों में मचा हड़कंप



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** जिले में प्रतिबंधित पालिथीन के प्रयोग किए जाने को लेकर जिलाधिकारी के निर्देश पर समय समय पर चेकिंग अभियान चलाकर व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस और राजव विभाग की संयुक्त टीम ने शहर में चेकिंग अभियान चलाते हुए एक व्यापारी के गोदाम में छापामारी करते हुए हजारो रुपये की प्रतिबंधित पालिथीन बरामद की। टीम ने व्यापारी पर कार्रवाई करते हुए दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। टीम की इस कार्रवाई से व्यापारियों में खासा हड़कंप मचा हुआ है।

सदर उपजिलाधिकारी शिवध्यान पांडे ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने मोहल्ला बड़ीहाट में मुन्नालाल पाटकर के गोदाम पर छापामारी करते हुए वहां से भारी मात्रा में पॉलिथीन और प्लास्टिक प्लेट, गिलास बरामद किया गया। गोदाम से टीम ने प्रतिबंधित पालिथीन व अन्य सामान को कब्जे में लेकर व्यापारी पर दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है साथ ही चेतावनी दी गई यदि भविष्य प्रतिबंधित पालिथीन पाई जाती है तो कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।एसडीएम ने स्पष्ट किया कि जिले में पॉलिथीन के उपयोग और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए ऐसी कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। इस अचानक कार्रवाई पर व्यापारियों ने रोष के साथ साथ हड़कंप मचा हुआ है।

## आशीष फाउंडेशन ने ठंड से राहत के लिए चलाया कंबल वितरण अभियान

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** जनपद की अग्रणी सामाजिक संस्था आशीष फाउंडेशन ने ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से गुरुवार को शहर की सड़कों पर रहने वाले गरीब एवं बेसहारा जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। इस मानवीय पहल के माध्यम से फाउंडेशन ने शीतलहर से प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने का प्रयास किया।फाउंडेशन की संस्थापक आशीष कौर ने बताया कि मेरे पिता जी स्वर्गीय ज्ञान सिंह की 36 वीं पुण्यतिथि पर यह सेवा अभियान पूरे शीतकाल तक लगातार जारी रहेगा ताकि कोई भी जरूरतमंद ठंड के कारण परेशान न हो। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों की सहायता करना संस्था की प्राथमिक जिम्मेदारी है।कंबल वितरण कार्यक्रम में जिला पंचायत प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने भी सहभागिता की।

# पंचवटी द्वीप पर आकार ले रही आध्यात्मिक टेंट सिटी



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या अब केवल आस्था का नहीं, बल्कि अनुभव आधारित आध्यात्मिक पर्यटन का वैश्विक केंद्र बनने की ओर तेज़ी से बढ़ रही है। सरयू नदी की अविरल धारा के बीच आकार ले रहा श्री निलयम पंचवटी द्वीप इसी सोच का मूर्त रूप है। संवाददाता से विशेष बातचीत में प्रोजेक्ट के मैनेजर कुमार उज्ज्वल बताते हैं, यह सिर्फ़ एक रिसॉर्ट नहीं, बल्कि त्रेतायुग की अनुभूति कराने वाला जीवंत रामानुभव केंद्र है। उन्होंने बताया कि करीब 75 एकड़ क्षेत्रफल में फैला यह द्वीप गुप्तारघाट से लगभग 600 मीटर दूर सरयू के मध्य स्थित है। कुल 100 करोड़ रुपये की लागत वाले इस प्रोजेक्ट को नमामि गंगे और अर्थ गंगा की अवधारणा से प्रेरित बताया जा रहा है। कुमार उज्ज्वल कहते हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस संदेश ने हमें दिशा दी, जिसमें नदी को आस्था के साथ आजीविका और सतत विकास से जोड़ने की बात कही गई थी। कुमार उज्ज्वल बताते है कि पंचवटी द्वीप पर बनने वाली टेंट सिटी इसकी सबसे बड़ी विशेषता है। यहां 25 टेंट कॉटेज होंगे, जिनमें एक या दो श्रद्धालु ठहर सकेंगे। टेंट कॉटेज का प्रारंभिक किराया 10,000 रुपये, जबकि सिंगल पैकेज 7000 रुपये से शुरू होगा। प्रवेश टिकट 900 रुपये का होगा और ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। त्योहारों–होली, नववर्ष और अन्य पर्वों पर दरों में बदलाव होगा। रामकथा, योग और सरयू आरती

द्वीप पर रामचरितमानस के विभिन्न कांडों को मूर्तियों, भित्तिचित्रों और ऑडियो-विजुअल माध्यमों से प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही योग, सत्संग स्थल, सरयू आरती, भजन संध्या, सनराइज-सनसेट प्वाइंट और सात्विक रेस्टोरेंट श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति का अनुभव कराएंगे। उज्ज्वल बताते है कि यहां एडवेंचर ज़ोन, नौकायन, पावर बोट, घुड़सवारी, ऊंट सवारी, तीरंदाजी, मैजिक शो, बच्चों का क्रीडा स्थल और जिम ज़ोन भी विकसित किए जा रहे हैं। विशेष आकर्षण के रूप में डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए 'मान सरोवर बैंक्वेट' तैयार किया गया है। कुमार उज्ज्वल के अनुसार, इस प्रोजेक्ट से 200 से 300 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

## विधायक खेल प्रतियोगिता की तैयारियों का विधायक ने किया निरीक्षण

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** 20 दिसम्बर से प्रारम्भ होने वाली विधायक खेल प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने डाभासेमर स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खेल मैदान, ट्रैक, दर्शकों के बैठने की व्यवस्था, खिलाड़ियों के अभ्यास स्थल, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों, टीम मैनेजर व कोच से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने निर्देश दिए कि प्रतियोगिता से पूर्व सभी तैयारियां समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण की जाएं, ताकि खिलाड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि विधायक खेल प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है, जिससे युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके।

## बार काउंसिल चुनावः सदस्य प्रत्याशी विनोद कुमार पांडेय का अयोध्या में अधिवक्ताओं से जनसंपर्क

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद के प्रत्याशी विनोद कुमार पांडेय (वाराणसी) ने अयोध्या पहुंचकर बार एसोसिएशन फैजाबाद के अधिवक्ताओं से जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने अधिवक्ताओं से आशीर्वाद प्राप्त किया और आगामी चुनाव में सहयोग की अपील की।

फैजाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह, महामंत्री गिरीश तिवारी, संगठन मंत्री राजीव तिवारी संतोष कुमार त्रिपाठी सहित वरिष्ठ अधिवक्ता सौरभ मिश्रा, कप्तान सिंह, मनोज गौड़, संतोष मिश्रा, विनोद श्रीवास्तव, विनोद कुमार सिंह, राजेश पांडेय, रविंद्र कुमार पांडेय, पवन कुमार अकेला, रविंद्र कुमार, अवधेश यादव, राजेंद्र पांडेय, प्रदीप कुमार पांडेय, नंदकुमार गौतम सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।पूर्व उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में विनोद कुमार पांडेय का भव्य स्वागत



किया गया। इस अवसर पर प्रत्याशी विनोद कुमार पांडेय ने अपनी कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए कहा कि यदि उन्हें अवसर मिलता है तो वे अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहेंगे और उनके सुख-दुख में मजबूती से साथ खड़े रहेंगे।

## बड़ागांव प्रधान के प्रयास से सीएचसी मे इंटरलॉकिंग व टाइल्स का कार्य शुरू



**मसौली बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बड़ागांव के कायाकल्प की दिशा में बड़ी पहल शुरू हो गई है। सीएचसी परिसर को आधुनिक और सुव्यवस्थित बनाने के लिए इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने का कार्य शुरू किया गया है। इससे मरीजों और उनके परिजनों को साफ-सुथरा, सुरक्षित और बेहतर आवागमन वाला परिसर मिलेगा। गुरुवार को विकास एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर प्रस्तावित कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कार्य की गुणवत्ता, समयबद्धता और मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। सीएचसी अधीक्षक डॉ. राधेश्याम गौड़ ने बताया कि इंटरलॉकिंग लगने से बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या खत्म होगी और मरीजों को आने-जाने में सुविधा होगी। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए यह कार्य अत्यंत आवश्यक है और पंचायत की ओर से हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। तकनीकी सहायक अजय कुमार वर्मा, दिनेश कुमार ने तकनीकी पहलुओं पर जानकारी दी।

## बरेली में गौकशी गिरोह पर पुलिस की कार्रवाई, मुठभेड़ के बाद दो शातिर आरोपी घायल अवस्था में गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** जनपद में गौकशी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बारादरी पुलिस को अहम सफलता मिली है। देर रात पुलिस और गौकशी में संलिप्त बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें फायरिंग के दौरान दो शातिर आरोपी घायल हो गए। दोनों को मौके से गिरफ्तार कर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, 17/18 दिसंबर 2025 की रात गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना बारादरी क्षेत्र में फाइव एंक्लेव के पीछे खेतों और जंगल के आसपास दो संदिग्ध व्यक्ति गौकशी की नीयत से घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। खुद को पुलिस से घिरा देख आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी। घायल अवस्था में गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान रिजवान उर्फ पिन्ना निवासी सूफी टोला और जुनैद निवासी कटी कुईया, थाना बारादरी के रूप में हुई है। दोनों को पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल बरेली में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियार और गौकशी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए हैं। रिजवान उर्फ पिन्ना के पास से 12 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस बरामद हुए हैं।

## राज्य कर्मचारी दर्जा, वेतन व बीमा की मांग पर आशा कर्मियों का ऐलान- अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** लंबित मांगों को लेकर आशा और आशा संगिनी कर्मियों का आंदोलन तेज हो गया है। बुधवार को सैकड़ों आशा कार्यकर्ताओं ने दामोदर स्वरूप पार्क से कलेक्ट्रेट गेट तक जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपते हुए स्पष्ट किया कि यह अनिश्चितकालीन हड़ताल है और यदि मांगें नहीं मानी गईं तो 23 दिसंबर के बाद लखनऊ विधानसभा की ओर कूच किया जाएगा। उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन की मंडल सचिव जयश्री गंगवार ने कहा कि आशा व आशा संगिनी कर्मियों को वर्षों से स्वयंसेवक बताकर न्यूनतम सुविधाओं से वंचित रखा गया है। उन्होंने 45वें भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिशों का हवाला देते हुए आशा कर्मियों को मानदेय आधारित स्वयंसेवक के बजाय राज्य कर्मचारी का दर्जा देने और न्यूनतम वेतन लागू करने की मांग की।

# अब पैक्ड फूड की तरह बिकेंगे अंडे, नियम न मानने पर होगी कार्रवाई

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, बरेली द्वारा अंडा उत्पादकों, थोक विक्रेताओं एवं वितरकों को नए पैकेजिंग नियमों से अवगत कराने के उद्देश्य से बुधवार को सिटी प्वाइंट कॉन्फ्रेंस हॉल में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के अंतर्गत आयोजित की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय श्री अपूर्व श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि अब अंडों की बिक्री भी पैक्ड फूड आइटम की श्रेणी में आएगी। उन्होंने बताया कि निर्माता, उत्पादक एवं वितरक द्वारा बाजार में भेजे जाने वाले अंडों को पैकेजिंग विनियम-2011 के अनुरूप पैक करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पैकेट पर निर्माता का पूरा पता, FSSAI लाइसेंस नंबर, कुल अंडों की संख्या, खुदरा बिक्री मूल्य, कोड/लॉट नंबर, उत्पादन या पैकिंग तिथि, तथा समाप्ति/उपयोग की तिथि अंकित करना आवश्यक होगा। इसके साथ ही फूड एलर्जन, पैक खोलने के बाद भंडारण की शर्तें एवं कस्टमर केयर नंबर का उल्लेख भी अनिवार्य किया गया है। FSSAI द्वारा इन नियमों के अनुपालन हेतु 6 माह की समय-सीमा प्रदान की गई है। इसके बाद नियमों का पालन न करने वाले कारोबारियों के विरुद्ध स्नस्स् एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री अक्षय गोयल ने अंडों की पैकेजिंग प्रक्रिया को लेकर व्यावहारिक जानकारी साझा की। इस अवसर पर ऑनलाइन पोर्टल पर बिक्री हेतु उपलब्ध अंडों की पैकेजिंग के नमूने मंगवाकर प्रदर्शन पैनल के माध्यम से व्यापारियों को नियमों की बारीकियों से अवगत कराया गया। कार्यशाला में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री पी.के. राय, श्री सुशील सचान, श्री अनिल प्रताप सिंह, श्री तेज बहादुर सिंह, श्री कमलेश कुमार शुक्ला, श्री आर.पी. वर्मा एवं श्री हिमांशु सिंह उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कारोबारियों की शंकाओं का मौके पर समाधान किया। जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में अंडा कारोबारी कार्यशाला में शामिल हुए। उनकी सुविधा के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री जितेंद्र कुमार द्वारा एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया, जिसके माध्यम से कारोबारियों को समय-समय पर नवीनतम दिशा-निर्देश और सूचनाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## चोखराज तुलस्यान सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व छात्र का आईईएसमें चयन

**सिसवा बाजार महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** स्थानीय चोखराज तुलस्यान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सिसवा बाजार के पूर्व छात्र अष्टभुजा यादव ने भारतीय इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 79 प्राप्त कर विद्यालय, क्षेत्र और जनपद का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार अष्टभुजा यादव ने वर्ष 2017 में इंटरमीडिएट परीक्षा विज्ञान वर्ग से 469/500 अंक (93.80त्र) प्राप्त किए थे। उन्होंने कक्षा 9 से 12 तक की शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर, सिसवा बाजार से ही पूर्ण की। छात्र प्रारंभ से ही मेधावी रहा है। अष्टभुजा यादव के पिता राजस्व विभाग में कानूनगो पद पर कार्यरत हैं, जबकि माता गृहिणी हैं। वे मूल रूप से कोपरियागंज तहसील के निवासी हैं। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से परिवार, विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य निरंकार सिंह एवं प्रबंध समिति ने अष्टभुजा यादव को इस बड़ी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय परिवार ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

## समर्पण एक प्रयास ने ठंड में बांटी राहत, 1100 कंबलों के साथ गर्म वस्त्र वितरित

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** कड़ाके की ठंड से जूझ रहे जरूरतमंदों के लिए सामाजिक संस्था समर्पण एक प्रयास ने मानवता की मिसाल पेश की। संस्था द्वारा लगातार छठे वर्ष जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों के तीमारदारों एवं अन्य असहाय लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से 1100 कंबलों के साथ टोपी, मफलर और मौजों का वितरण किया गया। यह सेवा कार्यक्रम जिला अस्पताल परिसर में आयोजित हुआ। संस्था के अध्यक्ष दिलीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि समर्पण एक प्रयास बीते नौ वर्षों से जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों के लिए प्रतिदिन लगभग 250 से 500 लोगों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध करा रही है। इसके अलावा संस्था हर वर्ष सर्दी के मौसम में गरीब, बेसहारा और जरूरतमंद लोगों को कंबल व गर्म कपड़े वितरित कर समाज सेवा का कार्य निरंतर कर रही है।

## हर इंसान का मौत का मजा चखना पड़ेगाः मौलाना रज़ा हैदर

**मौलाना गुलाम अस्करी हाल मे मरहूम तकिउल हसन की तीजे की मजलिस का आयोजित**



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** देवा रोड स्थित मौलाना गुलाम आस्करी हाल मे मजलिस का आयोजन किया गया। जिसको मौलाना रज़ा हैदर ज़ैदी ने सम्बोधित करते हुवे कहा की मौत हर इंसान को आनी है इससे कोई नहीं बच सकता है। ये मजलिस गोरमेंट कालेज सेवानिवित्र तकिउल हसन ज़ैदी का लम्बी बीमारी के चलते बीती मगलवार को देहांत हो गया था। उनके देंहात से उनके चाहने वालो मे शोक की लहर दौड़ पड़ी। मजलिस के दौरान मौलाना ने बताया की स्व तकिउल हसन साहब बहुत ही ईमानदार और नेक इंसान थे। उन्होंने पढ़ाई के दौरान अपने छात्रों के साथ बहुत अच्छा सुलूक करते थे, यही वजह है की उनको हर धर्म के लोग उनसे मोहब्बत करते थे। मौलाना ने आगे कहा की इंसान दुनिया से चला जाता है तब लोगो को उनकी एहमियत का पता चलता है। मौलाना ने अंत मे क़र्बला के दर्दनाक मसायान बयान किये जिसे सुनकर मौजूद अजादार रोने लगे। मजलिस से पूर्व हिंदुस्तान के मशहुर शायर कशिश संडेलवी, अजमल किन्तुरी, जाकिर एहलेबैत अहमद रज़ा ज़ैदी, ज़ाकिर इमाम ने पेशखवानी की। अंजुमन गुलामे अस्करी के नवाजवानों ने नोहखवानी व सीनाजनी की। मजलिस समाप्ति के बाद बनिए मजलिस ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

## रोजगार मेला 23 दिसम्बर को

**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** जिला सेवायोजन कार्यालय, बाराबंकी एवं मानपुरिया आईटीआई के संयुक्त तत्वाधान में मानपुरिया कालेज ऑफ एकेडमिक एण्ड प्रोफेशनल स्टडीज ग्राम व पोस्ट-मानपुर-डेहवा, ब्लाक-हरख में 23 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जायेगा, जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा प्रतिभागकर साक्षात्कार, परीक्षा के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी आनलाइन आवेदन कर अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों, बायोडाटा तथा फोटो मानपुरिया कालेज ऑफ एकेडमिक एण्ड प्रोफेशनल स्टडीज ग्राम व पोस्ट मानपुर-डेहवा, ब्लाक-हरख में प्रातः 10 बजे उपस्थित होकर मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

## जहांगीराबाद इंस्टीट्यूट मे नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम आयोजित



**बाराबंकी।** जहांगीराबाद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में समाज कल्याण विभाग द्वारा ÷नशा मुक्त भारत अभियान÷ शीर्षक पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों युवाओं और कर्मचारियों को मादक द्रव्यों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें नशामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ जहांगीराबाद इंस्टिट्यूट के निदेशक एवं समाज कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि एंटी नारकोटिक्स विभाग के अनूप शुक्ला ने अपने सम्बोधन में कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करता है बल्कि यह व्यक्ति के परिवार और समाज को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि ÷नशा मुक्त भारत अभियान÷ के तहत सभी नागरिकों को मिलकर इस सामाजिक बुराई के खिलाफ कठोर संकल्प करना आवश्यक है। जिला समाज कल्याण विभाग के अनिल कुमार श्रीवास्तव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य को नष्ट करता है बल्कि परिवार और समाज की नींव को भी खोखला कर देता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने कौशल और ऊर्जा का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करें न कि मादक पदार्थों के सेवन में।

## गोंड़ जाति प्रमाण पत्र को लेकर उठा विवाद

**जिलाधिकारी को सौंपा पत्रक**




**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** जनपद में गोंड़ अनुसूचित जनजाति के जाति प्रमाण पत्र निर्गत किए जाने को लेकर एक बार फिर विवाद सामने आया है। मूल आदिवासी जनजाति कल्याण संस्था भारत वर्ष की ओर से जिलाधिकारी महराजगंज को शिकायती पत्र भेजकर गोंड़ जाति प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया पर आपत्ति जताई गई है। संस्था का कहना है कि जनपद महराजगंज में वास्तविक गोंड़ जनजाति का निवास नहीं है, बल्कि यहां कहार समुदाय के लोग स्थानीय बोलचाल में स्वयं को गोंड़ बताकर अनुसूचित जनजाति का लाभ ले रहे हैं। पत्र में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 1989, 2004-05 के शोध और 2012 में तहसील स्तर से दी गई रिपोर्ट के अनुसार महराजगंज में गोंड़ जनजाति का निवास नहीं पाया गया। इसके बावजूद कथित रूप से फर्जी तरीके से जाति प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं। संस्था ने मांग की है कि कहार गोंड के नाम पर अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र निर्गत न किया जाए और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है।

## राज्य स्तरीय टीम कर रही जिला अस्पताल की मॉनिटरिंग

**एनक्वास, मुस्कान और लक्ष्य के सभी बिंदुओं पर हो रही मॉनिटरिंग**



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** राज्य स्तरीय टीम द्वारा जिला संयुक्त चिकित्सालय की गुरुवार से मॉनिटरिंग कर रही है जो 20 दिसम्बर तक चलेगा। टीम लक्ष्य, एनक्वास और मुस्कान से जुड़ी सभी बिंदुओं पर मॉनिटरिंग कर रही है। इसकी जानकारी देते हुए जिला संयुक्त चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ एके द्विवेदी और क्वालिटी एश्योरेंस प्रोग्राम के जिला सलाहकार डॉ संतोष ओझा ने बताया कि एक वर्ष पूर्व जिला संयुक्त चिकित्सालय एनक्वास प्रमाणित है। जिसका हर साल राज्य स्तरीय टीम मॉनिटरिंग करती है। मॉनिटरिंग के जरिए रिपोर्ट सही मिलने पर अगली धनराशि निर्गत की जाती है। मॉनिटरिंग करने आई डॉ अजय कुमार और डॉ क्षितिज पाठक की दो सदस्यीय टीम ने मॉनिटरिंग शुरू कर दी है। टीम द्वारा यह देखा जा रहा है कि विभिन्न बिंदुओं पर दी जाने वाली सेवाएं सुचारू रूप से दी जा रही है कि नहीं ? अस्पताल मानक के अनुरूप काम कर रहा है कि नहीं ? प्रमाणीकरण अनवरत चल रहा है कि नहीं ? यदि रिपोर्ट मानक के अनुरूप मिलेगा तो अगली धनराशि निर्गत की जाएगी। टीम के साथ सीएमएस डॉ एके द्विवेदी, डॉ एवी त्रिपाठी,डॉ एसके ओझा, डॉ अबरून इस्लाम, लालजी त्रिपाठी, अरविन्द मद्धेशिया, मिथिलेश खरवार, वसुंधरा गौड़, प्रीति मिश्रा, अनुराधा शर्मा, मनीषा वर्मा, तारा गौतम आदि प्रमुख तौर पर मौजूद रहे।

# किसानों की ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर लगाए गए रिफ्लेक्टर

*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** सड़क सुरक्षा को लेकर इंडियन पोटाश लिमिटेड ग्रुप की सिसवा चीनी मिल परिसर में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान गोरखपुर परिक्षेत्र की गन्ना निरीक्षक एवं सहायक चीनी आयुक्त श्रीमती नीलू सिंह तथा चीनी मिल के इकाई प्रमुख संदीप पवार ने किसानों की ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टर लगवाकर उन्हें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। अभियान के क्रम में चीनी मिल इकाई प्रमुख संदीप पवार, विभागाध्यक्ष (गन्ना) धीरज सिंह एवं पुलिस चौकी प्रभारी सिसवा बाजार उमाकांत सरोज ने भी चीनी मिल परिसर में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टर लगाए। इस दौरान चीनी मिल की ओर से किसानों से



संयुक्त अपील की गई कि वे अपने वाहनों की लाइट जलाकर चलें, रिफ्लेक्टर अवश्य लगाएं तथा वाहन धीमी गति से चलाएं, ताकि सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके। अधिकारियों ने कहा कि रिफ्लेक्टर लगे होने से विशेषकर रात के समय वाहनों की दृश्यता बढ़ती है और हादसों की संभावना कम होती है। अभियान का उद्देश्य किसानों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

## क्षतिग्रस्त पुल रेलिंग के लिए डीएम से शिकायत

**मिठौरा (महराजगंज)।** स्थानीय विकास खंड अंतर्गत एक व्यक्ति ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बाल्मीकि चौराहे पर स्थित पुलिया के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी देते हुए निर्माण की मांग की हैं। शिकायतकर्ता योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि मधुबनी शाखा की नहर सिंदुरिया बागापार रोड को बाल्मीकि नगर चौराहे पर क्रास करती है। इस जगह बना पूल लगभग दो वर्षो से क्षतिग्रस्त हैं, रेलिग दोनों तरफ टूट गई है।जिससे आये दिन दुर्घटना होती रहती है। यदि इस पुल के रेलिंग का निर्माण नहीं कराया गया तो बड़ा हादसा हो सकता हैं।

## संवैधानिक संस्थाओं के दुरूपयोग का आरोप, कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर बुधवार को जनपद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत कांग्रेसजन भाजपा कार्यालय का घेराव करने निकले, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही गिरफ्तार कर बाद में छोड़ दिया। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि पिछले 11 वर्षों से ईडी द्वारा सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ बिना एफआईआर के 56-56 घंटे तक पूछताछ की गई। राउज एवेन्यू कोर्ट में प्रस्तुत चार्जशीट में तथ्यों के अभाव के कारण अदालत द्वारा उसे स्वीकार न किया जाना सरकार प्रायोजित द्वेषपूर्ण कार्रवाई को दर्शाता है। जिला अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा कि मोदी सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर देश को तानाशाही की ओर ले जा रही है, जिसका कांग्रेस हर स्तर पर विरोध करेगी। पूर्व प्रदेश महासचिव त्रिभुवन मिश्रा व पूर्व जिलाध्यक्ष शरद कुमार सिंह ने ईडी की कार्रवाई की निंदा करते हुए केंद्र सरकार से माफी की मांग की। मीडिया चेयरमैन जयप्रकाश लाल ने कार्यकर्ताओं से तानाशाही के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने की अपील की। प्रदर्शन में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बूढ़ी मां को बेटे की लाश और निर्दोष बहू की रिहाई की आश में पथराई आंखें

- कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मठिया गांव में दो पक्षों में हुए विवाद के बाद पुलिस पर पथराव का मामला

**अवधनामा संवाददाता**







1. रोती बिलखती प्रभु निषाद की मां अमरावती देवी 2. पुलिसिया कार्रवाई में टूटा रम्भा का आशियाना 3. प्रभु साहनी फाइल फोटो

**बोदरवार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मठिया गांव में सोमवार को दो पक्षों में पुरानी रंजीश को लेकर हुई मारपीट में पुलिसिया कार्रवाई में पकड़ी गई रम्भा की ख़बर ने उसके पति प्रभु की जान ले ली। प्रभु साहनी की बूढ़ी मां की अपने बेटे की लाश और निर्दोष बहू की रिहाई की आश में आंखे पथरा सी गई हैं। प्रभु परिवार के जीवन यापन के लिए गुजरात में देहाडी मजदूरी करता था। पुलिसिया कार्रवाई के बाद पत्नी की गिरफ्तारी और घर पर हुए तोड़ फोड़ की सूचना पर दम तोड़ दिया। प्रभु साहनी पुत्र लालजी उम्र तकरीबन 47 वर्ष है।

बीते सोमवार को मठिया गांव में दो परिवारों की पुरानी रंजिश में हुई मारपीट ने इस क़दर भयानक रूप लिया कि रात में मौके पर पहुंची पुलिस पर ग्रामीणों द्वारा किए गये पथराव में कई पुलिस कर्मी घायल हुए। हमले में गम्भीर रूप से घायल बोदरवार चौकी इंचार्ज सन्त्री जावला की तहरीर पर दर्ज मुकदमे में रम्भा साहनी सहित 18 लोगों की गिरफ्तारी हुई। ग्रामीणों का कहना है कि रम्भा का इस झगड़े से कोई मतलब नहीं है।केवल उसका घर बगल में होने की वजह से वह पुलिस वालों की शिकार हो गई। पुलिस वालों ने उसके घर को तहस-नहस कर दिया और उस गरीब को उठा ले गई ।सोसल मीडिया और साथ काम करने वालों से जब प्रभु सुना तो बैचैन हो उठा। अपने घर की दुर्दशा और पत्नी की गिरफ्तारी ने उसे अंदर से झकझोर दिया और इसी सदमे से उसकी जान चली गई। प्रभु गुजरात के अहमदाबाद में पेंटिंग का काम करता था और एक पैर से विकलांग भी था। प्रभु के मौत की सूचना मिलते ही गांव में मातम छा गया है। दरवाजों पर बंधे मवेशी चारा पानी के बिना चिल्ला रहे हैं, क्यों कि घर के स्वामी घर छोड़ कर फरार है। उपद्रवियों पर पुलिसिया कार्रवाई तेज है अब तक उन्नीस लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अज्ञात लोगों में किसकी गिरफ्तारी होगी, इसी भय से मठिया गांव के केवटहिया टोले से अधिकांश घरों के पुरुष व महिला घर छोड़कर चले गए हैं। कप्तानगंज थाना प्रभारी चन्द्र भूषण प्रजापति का कहना है कि पुलिस किसी भी निर्दोष को परेशान नहीं करेगी। प्रभु साहनी के पार्थिव शरीर को एम्बुलेंस द्वारा उनके पैतृक गांव मठिया लाया जा रहा है।अहिरौली थाना क्षेत्र के सेन्दुआर निवासी रम्भा साहनी की मां सरस्वती देवी अपने निर्दोष बेटी की गिरफ्तारी व अपने दामाद की मौत की खबर सुनकर रोते बिलखते मठिया आई हैं और कार्रवाई पर सवालिया निशान उठाते हुए अपने दामाद की मौत को पुलिसिया कार्रवाई को जिम्मेदार मानते हुए शासन प्रशासन से न्याय की गुहार लगा रही है।

# दहेज हत्या मामले के पांच नामजद आरोपी गिरफ्तार

- सोनहा थाना की थी मृतका, परिजनों का पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद चोट व टूटा हाथ देख फूटा था गुस्सा
- पति, सास, ससुर व दो नन्दों समेत पांच करहिया पुल से गिरफ्तार



**एजाज़ सिद्दीक़ी**

**इटवा सिद्धार्थनगर।** इटवा थाना क्षेत्र के सिरसिया रोड निवासी विवाहिता की संदिग्ध परस्थितियों लगभग 20 दिन पहले मौत होने के बाद पुलिस ने मृतका के भाई तहरीर पर ससुरालीजनों पर दहेज का केस दर्जकर घटना की जांच में जुट गई थी। घटना के बाद से सभी आरोपित घर छोड़कर फरार थे और पुलिस उनकी तलाश में लगातार दबिश दे रही थी बृहस्पतिवार को सीओ पुलिस प्रवीन प्रकाश व प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह के नेतृत्व में करहिया पुल के पास से विवेक वर्मा पुत्र श्याम सुन्दर वर्मा(पति), श्याम सुन्दर वर्मा (ससुर), विनीता( सास), अमृता वर्मा व प्रिया वर्मा (ननद) निवासीगण सिरसिया सहित पांच को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक हेमराज वर्मा, हे0का0 राकेश पटेल, कांस्टेबल रवीश यादव, महिला आरक्षी साधना यादव शामिल रहे।

बस्ती जिले के सोनहा थाना क्षेत्र के सोनहा गांव निवासी स्व. हरीराम सोनी पुत्री लक्ष्मी सोनी (25) की शादी 2021 में सिरसिया रोड निवासी विवेक वर्मा से हुई थी। दंपती की ढाई वर्ष की बेटी भी है। मायके पक्ष के मुताबिक लक्ष्मी की अचानक तबियत बिगड़ने की जानकारी ससुराल से मिली। ससुरालीजन उसे बस्ती कैली अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। आरोप था कि पोस्टमार्टम की बात होते ही ससुराल पक्ष अस्पताल में शव छोड़कर भाग निकले। पोस्टमार्टम कराने बाद इटवा थाने में पहुंचकर तहरीर में राहुल ने बताया कि बहन शादी के समय वह अपनी क्षमता के अनुसार नकदी, आभूषण और घरेलू सामान दिया गया था फिर भी ससुरालीजन लगातार पांच लाख रुपये की अतिरिक्त मांग कर लक्ष्मी को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। कई बार पंचायत हुई और पुलिस में शिकायतें भी हुई लेकिन दबाव और मारपीट का सिलसिला जारी रहा। राहुल का आरोप था कि लक्ष्मी ने कुछ समय पहले बताया था कि उसके पति के किसी अन्य महिला से संबंध हैं। 10 दिन पहले वह मायके आई और सारी बात बताने के बाद वापस ससुराल चली गई। आरोप है कि उस दिन करीब डेढ़ बजे ससुराल के सभी लोगों ने मिलकर उसे नशीला पदार्थ खिलाया और उसकी हत्या कर दी। बाद में घटना को बीमारी बताकर अस्पताल ले जाने की कोशिश की गई। मृतका के भाई ने पुलिस से मामले में कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी थानाध्यक्ष इटवा रविंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई थी। टीम लगातार दबिश दे रही थी।

### गिरफ्तारी करने को लेकर सड़क जाम हुआ था हंगामा

**इटवा।** ससुरालीजनों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर देर सायं मायके पक्ष ने इटवा-डुमरियागंज मार्ग पर थाने के सामने जाम लगा दिया। हालात अचानक तनावपूर्ण हु तो पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया। एसडीएम कुणाल, सीओ परवीन प्रकाश व एसओ रविंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने में जुट गए।

# एसआईआर प्रक्रिया पर विशेष जोर पूर्व मंत्री ने विपक्षियों पर साधा निशाना



**अवधनामा संवाददाता**

**इटवा सिद्धार्थनगर।** विधानसभा क्षेत्र इटवा के बऊरहवा बाबा मंदिर के प्रांगण में भाजपा मंडल बेलवा के एसआईआर की समीक्षा बैठक की। एसआईआर प्रक्रिया को जरूरी बताते हुए कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। पूर्व मंत्री डॉ द्विवेदी ने कहा की बैठक का मुख्य फोकस प्रदेश में चल रही एसआईआर प्रक्रिया है डा0 द्विवेदी ने कहा कि बैठक उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वोटर लिस्ट में केवल उन्हीं लोगों के नाम शामिल हो जो पात्र हैं। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए आवश्यक है। डॉ द्विवेदी ने कहा कि शुरू से ही एसआईआर को लेकर विपक्ष नकारात्मक रवैया अपनाता रहा है।

पूर्व मंत्री ने कहा कि विपक्ष नहीं चाहता कि देश में सही और शुद्ध मतदाता सूची जारी हो। उनका काम सिर्फ टांग अड़ाना है, जबकि यह देशहित का कार्य है जिसमें सभी दलों को साथ आना चाहिए। पूर्व मंत्री ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे एसआईआर प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और आवश्यक फार्म भरें, ताकि मतदाता सूची को अधिक सटीक बनाया जा सके।

# छः साल से फरार चल रहा 25 हजार का इनामिया गौ-तस्कर गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता, तमकुहीराज, कुशीनगर।** जनपद में अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना पटहेरवा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। गौ-तस्करी के एक गंभीर मामले में बीते छह वर्षों से फरार चल रहें पच्चीस हजार के इनामिया वांछित अभियुक्त जावेद को पुलिस ने गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर के निर्देश पर थानाध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में गठित टीम ने 18 दिसंबर 2025 को यह कार्रवाई की। गिरफ्तार अभियुक्त जावेद पुत्र अनीस, निवासी पिलोखड़ी रोड श्यामनगर, थाना लिसाड़ीगेट जनपद मेरठ, थाना पटहेरवा में पंजीकृत मु0अ0सं0 342/2019 में गौवध निवारण अधिनियम एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत लंबे समय से वांछित चल रहा था।

# अधर्म और हिंसा के खिलाफ हिन्दू समाज से एकजुट होने का आह्वान : राजीव नयन

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** जिला मुख्यालय स्थित सिंघेश्वरी मंदिर प्रांगड़ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सिद्धार्थनगर विभाग द्वारा गुरुवार को विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश चंद्र शर्मा ने किया एंव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक राजीव नयन व विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध कथा वाचक संतोष कुमार शुक्ला रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक श्री राजीव नयन ने सकल हिन्दू समाज से अधर्म और हिंसा के खिलाफ एकजुट होने का आवाह्न किया। उन्होंने मुगल आक्रांताओं के खिलाफ महाराणा प्रताप और शिवा जी महराज के बलिदान को याद करते हुए समाज से एक रहेंगे तो नेक रहेंगे कि बात कही।

विभाग प्रचारक राजीव नयन ने कहा देश के मुसलमानों को भारतीय संस्कृति, पर्यावरण, योग जैसे मुद्दों को समझने के लिए, सऊदी अरब और रूस जैसे देश का उदाहरण देकर उन्हें समझाया. उन्होंने कहा कि सऊदी अरब में मुसलमान भाइयों ने जमीन देकर वहां पर स्वामीनारायण का मंदिर बनवाया है. रूस में चर्च के लोगों ने मंदिर बनवाने के लिए जगह दी है। भारत की संस्कृति, योग परंपरा और आयुर्वेद को पूरी दुनिया स्वीकारती है. इसमें हिंदू, मुस्लिम, ईसाई किसी भी धर्म- वर्ग का भेद नहीं होता. जो योग-प्राणायाम, भारत का हिन्दू करता है वही दुनिया का मुस्लिम, ईसाई अन्य धर्म के लोग करके स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। कार्यक्रम में नगर कार्यवाह अभय,नगर प्रचारक अरुणेश, कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही, विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे ,जिला उपाध्यक्ष सुनील, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य जी, जिला महामंत्री विपिन सिंह, जिला मंत्री फतेह बहादुर सिंह , नगर महामंत्री अनुराग,सभासद राजाराम, अमन इत्यादि स्वयंसेवकों की उपस्थिति रहीं।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का को लोकेटेड तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**बांसी सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन मिठवल पर आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का को लोकेटेड प्रशिक्षण तीन दिवसीय कार्यक्रम का अंतिम दिन संपन्न हुआ जिसमें कुल 35 प्रतिभागी प्रतिभागी किया जो दिनांक 16 12 2025 से 18 12 2025 तक चला। इसके प्रशिक्षक चंद्रभान सिंह,सरिता श्रीवास्तव, अनुराधा पांडे संतोष कुमार रहे जिन्होंने तीन दिवसीय चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकलांग बच्चों का सर्वे मूल्यांकन पहचान आदि पर पूरा विस्तृत रूप से तीन दिन में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बताया गया तथा उनका पहचान करते हुए किस प्रकार काम करना है प्रशिक्षण दिया गया उक्त अवसर पर ब्लॉक संसाधन केंद्र मिठवल के खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार पाल ने समापन के अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि कल 21 प्रकार के जो विकलांगता है उसके बारे में चर्चा की तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से उसे पर कार्य करने के लिए पहचान करने के लिए जो शासन के मनसा अनुसार कार्य करना है उस पर पूरा जोर देते हुए विस्तृत रूप से चर्चा किया उक्त अवसर पर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र मिश्र ब्लॉक अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ संजय कनौजिया तथा एआरपी मोहम्मद तारीख तथा श्रीमती इंद्रावती श्रीवास्तव किरण गौड़ इस्लावती वंदना पांडे उषा रंजना सुशीला सुनीता सीमा आदि उपस्थित रहे।

# पेंशनर्स दिवस पर एडीएम ने सुनी पेंशनरों की समस्याएं

- पेंशनरों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आयुर्वेदिक एवं ऐलोपैथिक चिकित्सकों की लगाई गयी थी टीम

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** पेंशनर्स दिवस के मौके पर जिले के पेंशनरों की हुई बैठक में एडीएम गौरव श्रीवास्तव ने उनकी समस्याएं सुनी। इस मौके पर विभिन्न पेंशनर्स संगठनों की दिए गए ज्ञापन का बिंदुवार निस्तारण का आश्वासन दिया। बैठक में सबसे अहम मुद्दा पेंशनरों का चिकित्सा प्रतिपूर्ति का भुगतान संबंधी पत्रावली लंबित होने का मुद्दा छाया रहा।

विकास भवन के सभागार में पेंशनर्स दिवस के मौके पर वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेंद्र कुमार मौर्य की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव ने प्रत्येक माह वरिष्ठ कोषाधिकारी के साथ पेंशनर्स संगठनों के प्रतिनिधि के साथ बैठक करने का निर्देश दिया। वरिष्ठ नागिरक पेंशनर्स सेवा संस्थान के मंडल अध्यक्ष विजय कुमार वर्मा की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में भुगतान प्रमाणपत्र के मामले में अनावश्यक परेशान न करने, 80 वर्ष के उपर अतिरिक्त पेंशन का लाभ देने, पारिवारिक पेंशन के मामले में गवाही आदि में परेशान न करने, विशेष रूप से राजस्व विभाग से जुड़े पेंशनर्स के चिकित्सा प्रतिपूर्ति भुगतान की पत्रावली लंबित न करते हुए अविलंब भुगतान कराने, जीवित प्रमाणपत्र उपलबधता के एक सप्ताह भीतर भुगतान सुनिश्चित करने, जीवित प्रमाणपत्र भरते समय पारिवारिक पेंशन से अनावश्यक रूप से 10 रूपये के स्टांप विवाद आदि रहने का शपथ पत्र न मांगने, प्रत्येक माह पेंशनर्स की वरिष्ठ कोषाधिकारी के साथ बैठक करने, पुनरीक्षित पेंशन प्राधिकार पत्रों को अलग से रजिस्टर में पुस्तांकित करते हुए क्रमवार भुगतान आदि जैसे बिंदु शामिल थे। प्रधानमंत्री एवं जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन भी एडीएम को दिया गया। इस मौके पर 175 पेंशनर उपस्थित थे। इस अवसर पर पेंशनरों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आयुर्वेदिक एवं ऐलोपैथिक चिकित्सकों की टीम लगाई गयी थी। इस अवसर पर वित्त एवं लेखा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा रामदीन गौतम, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी राजेश कुमार, वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा अभिनय सिंह, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अग्रहरि, पेंशनर संगठनों के पदाधिकारी विजय वर्मा, उमाकांत मिश्रा, ठाकुर प्रसाद त्रिपाठी, प्रसिद्ध नाथ शर्मा, अवधेश यादव, राम शंकर, राधा कृष्ण गुप्ता व अन्य पेंशनर प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# टीचर्स प्रीमियर लीग टीपीएल का फाइनल बेलसर जीती

**अवधनामा संवाददाता, गोंडा।** गुरुवार को टीचर्स प्रीमियर लीग टीपीएल का पहला सेमीफइनल मैच कटरा ए और मनकापुर के बीच जिसमे ओपनिंग पारी खेलते हुए मनकापुर ने 148 रन बनाया जिसके जवाब में कटरा ए 118 रन पर सिमट गई, दूसरा सेमीफइनल मैच बेलसर और कटरा क्के बीच हुआ जिसमे बेलसर ने 134 रनो का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में कटरा बी मात्र 88 रन पर सिमट गई इस प्रकार फाइनल मैच बेलसर और मनकापुर के बीच खेला गया जिसमे टॉस जीत कर पहली पारी में बेलसर ने 7 ओवर में 98 रन बनाया जिसके जवाब में मनकापुर 81 रन 4 विकट के नुकसान पर बना पायी और 17 रनो से बेलसर ने जीत हासिल की जिसके मैन ऑफ़ द मैच आदित्य रहे ग्रीन डॉट बॉल अचीवर प्रशांत सिंह रहे, इस अवसर पर आयोजन समिति के विशाल सिंह विपिन मिश्रा सतीश पाण्डेय जन्मेजय सिंह के अलावा रवि प्रकाश सिंह, हेमंत तिवारी, अमर यादव, किरन सिंह, शरद सिंह, गौरव पाण्डेय, कुमारी सुंदरम आदि मौजूद रहे।

# अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर मदरसा में गोष्टी का हुआ आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** नगर के दलाल टोला स्थित मदरसा दारूल उलूम निदा-ए-हक में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर अल्पसंख्यकों के विकास एवं उनकी समस्याओं पर चर्चा हुई। प्रधानाचार्य मौलाना हबीबुर्रहमान नूरी ने सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के हित में चलाई जा रही योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं उससे लाभान्वित होंगे की अपील की।

उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों को योजनाओं की जानकारी कर लाभ उठाना चाहिए जिससे देश के नवनिर्माण में अहम योगदान दे सकें उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक दिवस पर मुस्लिम समाज के अलावा सिख,ईसाई जैन,पारसी धर्म के लोगों को जागरूकता अभियान में शामिल कर देश के नवनिर्माण में आगे आना चाहिए जिससे उनकी समस्याओं का निराकरण किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आज के दौर में अल्पसंख्यक समुदाय हतोत्साहित है। अल्पसंख्यकों को विश्वास में लेकर उनके विकास में कार्य किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने सच्चर समिति के हवाले से कहा कि देश अल्पसंख्यकों की स्थिति अनुसूचित एवं अनुसूचित जनजाति से भी बदतर है। इस लिए अल्पसंख्यकों को शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यकों को मिलना चाहिए, लेकिन जानकारी के अभाव में योजनाओं का लाभ नहीं पा रहा है। मौलाना नूरी ने कहा कि अम्बेडकरनगर बुनकर बाहुल्य क्षेत्र है बुनकरों को सस्ती बिजली एवं कच्चे माल में सब्सिडी मिले।

# शोहरतगढ़ पुलिस ने वांछित को किया गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता, शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** थाना शोहरतगढ़ पुलिस ने अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में की गई।अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशांत कुमार प्रसाद तथा क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ नवीन कुमार सिंह द्वारा वारंटी एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना शोहरतगढ़ पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 219/2025, धारा 137(2), 87 बीएनएस से संबंधित एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मोहम्मद सलीम पुत्र बिजली, निवासी महली टोला पकड़िहवा, थाना शोहरतगढ़, जनपद सिद्धार्थनगर, उम्र लगभग 29 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्त को विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी खुनुवां वीरेन्द्र कुमार पासवान, कांस्टेबल पप्पू गुप्ता एवं कांस्टेबल अजीत कुमार यादव शामिल रहे।



# शीतलहर के चलते जनपद के सभी विद्यालय संचालन का समय बदला

**अवधनामा संवाददाता, अम्बेडकरनगर।** जनपद में लगातार बढ़ रही शीतलहर और कोहरे को देखते हुए जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर द्वारा छात्र-छात्राओं की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के हित में महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार जनपद में संचालित कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 12 तक के समस्त परिषदीय, माध्यमिक, राजकीय, सहायता प्राप्त एवं मान्यता प्राप्त (समस्त बोर्ड) विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। अब सभी विद्यालय प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक संचालित किए जाएंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

# नीलगाय की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौत

**हजपुरा, अंबेडकरनगर।** अकबरपुर से घर लौट रहे एक किसान की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। अचानक सामने आई नीलगाय से बाइक टकरा जाने के कारण किसान गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार शाम शव गांव पहुंचा, जहां परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

सम्मनपुर थाना क्षेत्र के खासापुर दादू पट्टी गांव के मजरे आदिपुर निवासी किसान मुन्नू माली (55) बुधवार को किसी कार्य से बाइक से अकबरपुर गए थे। शाम के समय जब वह घर लौट रहे थे, तभी खपुरा गांव के पास अचानक उनकी बाइक के सामने नीलगाय आ गई। तेज टक्कर के बाद किसान सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों को जानकारी दी। परिजन उन्हें खून से लथपथ हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना : सीडीओ

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा।** जिला पंचायत सभागार में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समयबद्ध निस्तारण के उद्देश्य से जनपद के समस्त शिक्षण संस्थानों के साथ महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी गोण्डा श्रीमती अंकिता जैन ने की। बैठक में जनपद में संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं की विस्तृत समीक्षा की गई तथा छात्रङ्कछात्राओं को समय से लाभ दिलाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना शासन की एक अत्यंत महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं पात्र छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाए कि जनपद का कोई भी पात्र छात्र या छात्रा छात्रवृत्ति से वंचित न रहने पाए।मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद के सभी संबंधित शिक्षण संस्थानों एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि छात्रवृत्ति से संबंधित सभी लंबित कार्यों को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करते हुए उसकी सूचना जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि समयबद्ध एवं पारदर्शी कार्यवाही से ही योजना का वास्तविक लाभ छात्रों तक पहुंच सकेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र छात्रों को समय से छात्रवृत्ति प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों एवं शिक्षण संस्थानों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा, ताकि जनपद गोण्डा में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना का लाभ शत-प्रतिशत पात्र छात्रङ्कछात्राओं तक पहुंचाया जा सके।

मुख्यमंत्री सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा के दौरान इस योजना प्रगति संतोषजनक नहीं है।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि सभी आवेदनों का शतप्रतिशत निस्तारण करने के लिए ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की टीम बनाई जाय। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि के रूप में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीजीआईसी) की प्रधानाचार्य भी बैठक में उपस्थित रहीं।

# घना कोहरा और कड़ाके की ठंड से जनजीवन बेहाल

**अम्बेडकरनगर।** जनपद में बीते दो दिनों से लगातार छाए घने कोहरे और कड़ाके की ठंड ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। सुबह के समय दृश्यता बेहद कम रहने से सड़कों पर आवागमन बाधित हो रहा है। वाहन चालकों के साथ-साथ आम लोगों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सबसे अधिक दिक्कत स्कूल जाने वाले नौनिहालों को झेलनी पड़ रही है। ठिठुरन भरी ठंड और घने कोहरे के बीच छोटे-छोटे बच्चे मजबूरी में स्कूल जाने को विवश हैं। कई स्थानों पर बच्चे ठंड से कांपते हुए नजर आए, जिससे अभिभावकों में गहरी चिंता और नाराजगी देखी जा रही है। अभिभावकों का कहना है कि इतनी कड़ाके की ठंड में बच्चों को स्कूल भेजना उनके स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है। स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने जिला प्रशासन से मौसम की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में अवकाश घोषित करने अथवा विद्यालयों के समय में बदलाव करने की मांग की है।

# पुलिस ने गो-तस्करी करने के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता, गोण्डा ।** थाना कर्नलगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर मु0अ0स0- 09/2025 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधि0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त तालिब अंसारी पुत्र इजहार को सरयू पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।दिनांक 12/13.01.2025 की रात में थाना कर्नलगंज के उ0नि0 अंकित सिंह मय फोर्स रात्रि गश्त व क्षेत्र भ्रमण में रवाना थे, जहाँगिरवा क्रासिंग के पास वाहन चेकिंग के दौरान एक ट्रक यूपी 50 एटी 1255 तेज गति से कर्नलगंज की तरफ से आता दिखाई दिया उक्त चालक द्वारा चेकिंग देखकर घबड़ाकर पीछे मुड़कर भागने के प्रयास में तेज गति के कारण ट्रक पलट गया । काफी अंधेरा होने के कारण ट्रक चालक अज्ञात वाहन से भाग गये । ट्रक जिसमें गोवंश लदे हुए थे उसे कब्जा पुलिस में लेकर घटना के संबंध में बरामदगी के आधार पर थाना कर्नलगंज में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था । विवेचना के दौरान मुकदमे के संबंध में वाहन (ट्रक) स्वामी मंजेश को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। किन्तु अन्य अभियुक्त तालिब अन्सारी गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहा था, जिसके पश्चात पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्रीमान विनीत जायसवाल द्वारा तालिब अंसारी पुत्र इजहार निवासी ग्राम पटैला थाना खुटहन जनपद जौनपुर पर रु0 15,000/- का पुरस्कार घोषित किया था।



## मैसी के नाम पर 'महाभारत'

फुटबॉल के जादूगर, विश्व चैंपियन खिलाड़ी, लियोनेल मैसी कोलकाता आए और उनके फैन्स ने जो उत्पात मचाया, कमोबेश उसे खेल की दीवानगी तो नहीं माना जा सकता। चूंकि मैसी-प्रेमी अपने चहेते खिलाड़ी की झलक तक नहीं पा सके, उनसे बातचीत करना या ऑटोग्राफ लेना तो बहुत दूर की कौड़ी था, लिहाजा दर्शक भड़क उठे। उन्होंने 'सॉल्ट लेक स्टेडियम' में पानी की बोतलें फेंकी, कुर्सियां उछालीं और तोड़-फोड़ की, होर्डिंग्स फाड़ दिए, तंबू उखाड़ फेंके, आगजनी तक की और मैसी के लिए बनाई 'कैनोपी' तक को नहीं बख्शा। यह दीवानगी के नाम पर अराजकता, गुंडागर्दी थी और आयोजन की अव्यवस्था, प्रबंधनहीनता की पराकाष्ठा थी। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने इसे फुटबॉल प्रेमियों के लिए 'काला दिन' करार दिया है। यह वाकई शर्मनाक रहा। विश्व चैम्पियन कप्तान मैसी मैदान पर एक किक तक नहीं मार पाए, क्योंकि सुरक्षा के घेरे टूटने तक की नौबत आ गई थी। फुटबॉल का जादूगर आया और बिना कोई करिश्मा दिखाए 10 मिनट में ही स्टेडियम से बाहर चला गया। कुछ पल हाथ जरूर हिलाया, लेकिन फैन्स उसे साझा नहीं कर सके। बेशक बहुत कुछ कलंकित हुआ है। भारत 2026 के ओलिंपिक खेल आयोजन की बोलियां लगा रहा है, दावे कर रहा है, लेकिन उसके एक खेल-प्रेमी शहर में खेल के संस्कार ऐसे हैं, जो खेल की दृष्टि से निंदनीय और अस्वीकार्य हैं। कोलकाता अपनी चिरंतन सभ्यता, संस्कृति, भद्रलोक की छवि के लिए विख्यात रहा है। फुटबॉल वहां की दीवानगी है, पागलपन की हद तक है। गली-गली में बच्चे फुटबॉल खेलते दिख जाएंगे।

यदि फुटबॉल के विश्व चैम्पियन खिलाड़ी मैसी के सम्मान में 70 फुट ऊंची प्रतिमा का सार्वजनिक अनावरण किया जाना था, तो सबसे बेहतर यह रहता कि उनका कुछ खेल देखा जाता, उन्हें एक सुरक्षित वाहन पर सवार कर स्टेडियम में घुमाया जाता, नेताओं को भी तो घुमाया जाता है, मैसी के प्रशंसक हाथ हिला कर या हाथ जोड़ कर अथवा किसी भी तरह अपने 'करिश्माई खिलाड़ी' का अभिनंदन कर सकते। दुर्भाग्य है कि आयोजक यह तय नहीं कर पाए। कुछ वीआईपी चेहरों, मंत्रियों, स्थानीय प्रतिनिधियों समेत दर्जनों सुरक्षाकर्मियों ने मैसी को इस कदर ढक लिया था कि फैन्स अपने 'हीरो' की झलक तक नहीं पा सके। दर्शकों ने कम से कम 3500 रुपए और अधिकतम 25,000 रुपए के टिकट खरीदे थे। ब्लैक में टिकट 40,000 रुपए तक बेचे गए। वह काला धन किसकी जेब में गया? इस महाभारत ने न केवल बंगाल की छवि को कलंकित किया है, बल्कि देश की खेल मानसिकता को भी बदनाम किया है। हमें याद है कि फुटबॉल के शाश्वत जादूगर रहे महान पेले जब भारत आए थे, तो कमोबेश वह खेल दिखा पाए थे। ऐसी अराजकता और अव्यवस्था तो मैसी के इसी दौरे के दौरान हैदराबाद में नहीं हुई, जहां मैसी ने अपने खेल के कुछ 'जादुई स्पर्श' दिखाए, लेकिन वहां भी यह सवालिया जरूर रहा कि मैसी के साथ सेल्फी खिंचवाने के लिए 10-10 लाख रुपए वसूले गए। क्या फुटबॉल का जादूगर कोई उत्पाद है, जिसकी बोली लगाई गई? मैसी 14 लंबे सालों के बाद भारत आए हैं, जाहिर है कि जिन्होंने पूरे प्रवास का आयोजन किया है, तो उन्होंने मैसी का कुल पारिश्रमिक भी तय किया होगा! मैसी मुंबई में हैं और उन्हें दिल्ली भी आना है। उनकी प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुलाकात भी होनी है। क्या प्रधानमंत्री भी मैसी से खेद जताएंगे, हालांकि वह इसके लिए प्रत्यक्ष रूप से कसूरवार या जवाबदेह नहीं हैं? मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विश्व चैम्पियन कप्तान और उनके साथी खिलाड़ियों से माफी मांगी है और एक जांच समिति का गठन किया है। मुख्य आयोजक को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन पुलिस ने फुटबॉल प्रेमियों को दौड़ा-दौड़ा कर, उन पर लाठीचार्ज क्यों किया? ऐसी स्थितियों में कोई भी आक्रोशित हो सकता है। खेल प्रेमियों ने देश के कई हिस्सों से कोलकाता पहुंच कर मैसी को करीब से देखने के शुल्क अदा किए थे। अपने 'सुपर हीरो' से फैन्स रूबरू क्यों नहीं हो पाए? यह आयोजन के छिद्र हैं, उन्हें दुरुस्त किया जाना चाहिए।

**भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की चर्चा, इस नियुक्ति की घोषणा से मात्र दो दिन पहले, संसदीय बोर्ड में की गई थी, लेकिन उस दौरान कोई नाम सामने नहीं था। संसदीय बोर्ड के अधिकांश सदस्यों की राय थी कि पार्टी का भावी अध्यक्ष अपेक्षाकृत युवा हो, सवर्ण जाति का हो और हिंदी पट्टी के राज्य से हो। इन्हीं आधारों पर बिहार के 5वीं बार विधायक एवं मंत्री नितिन नबीन का चयन किया गया। वैसे भी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, एक-दो अपवाद को छोड़ कर, सवर्ण जाति के ही रहे हैं। बेशक राज्यों में पिछड़े और दलित समुदाय के नेताओं को भी नेतृत्व सौंपा जाता रहा है।**

# भाजपा के नबीन खेवनहार

भारतीय जनता पार्टी ने पटना की बांकीपुर सीट से विधायक और बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन सिन्हा को पार्टी का नया कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसमें दो राय नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर नितिन नबीन की नियुक्ति से राजनीतिक पंडितों और पार्टी के अधिकांश नेताओं को एक बार फिर चौंकाया है। नितिन नबीन भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में जेपी नड्डा के बाद दूसरे कार्यकारी अध्यक्ष होंगे। भारतीय जनता पार्टी के संविधान में कार्यकारी अध्यक्ष का कोई औपचारिक पद नहीं है। लेकिन साल 2019 के बाद से बीजेपी में पूर्णकालिक अध्यक्ष नियुक्त करने से पहले कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने की एक परंपरा शुरू हुई है। बीजेपी में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कब होगा अभी यह स्पष्ट नहीं है लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स में पार्टी के शीर्ष नेताओं के हवाले से दावा किया जा रहा है कि अगले साल जनवरी में ये प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।



डॉ. ओपी त्रिपाठी

मौजूदा अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल भी जनवरी तक ही है। नितिन नबीन के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने से पहले पार्टी में सिर्फ़ जेपी नड्डा ही अध्यक्ष बनने से पहले कार्यकारी अध्यक्ष रहे हैं। 2019 में जब बीजेपी के तत्कालीन अध्यक्ष अमित शाह केंद्रीय गृह मंत्री बने तब पार्टी ने पूर्णकालिक अध्यक्ष नियुक्त करने से पहले जेपी नड्डा को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया था। भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक ढांचे में राष्ट्रीय अध्यक्ष औपचारिक रूप से सबसे बड़ा पद है। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की चर्चा, इस नियुक्ति की घोषणा से मात्र दो दिन पहले, संसदीय बोर्ड में की गई थी, लेकिन उस दौरान कोई नाम सामने नहीं था। संसदीय बोर्ड के अधिकांश सदस्यों की राय थी कि पार्टी का भावी अध्यक्ष अपेक्षाकृत युवा हो, सवर्ण जाति का हो और हिंदी पट्टी के राज्य से हो। इन्हीं आधारों पर बिहार के 5वीं बार विधायक एवं मंत्री नितिन नबीन का चयन किया गया। वैसे भी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, एक-दो अपवाद को छोड़ कर, सवर्ण जाति के ही रहे हैं। बेशक राज्यों में पिछड़े और दलित समुदाय के नेताओं को भी नेतृत्व सौंपा जाता रहा है।

भारतीय जनता पार्टी के संविधान के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति चुनाव से होती है जो आमतौर पर गुप्त बैलेट के ज़रिए होता है। हालांकि आमतौर पर पार्टी अध्यक्ष आम सहमति से निर्विरोध ही चुने जाते रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए राज्य कार्यकारिणी और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य मतदान करते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए कम से कम आधे राज्यों में पार्टी की ज़िला, मंडल और राज्य स्तरीय पदों के लिए नियुक्तियां पूरी हो जानी चाहिए। बीजेपी ने देश के 37 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 30 में संगठन के पदों के लिए चुनाव पूरे कर लिए हैं। पार्टी अध्यक्ष का कार्यकाल तीन साल का होता है और अधिकतम एक व्यक्ति लगातार दो कार्यकाल पूरे कर सकता है। बीजेपी में राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया में लंबा समय लगता है। आम सहमति से लेकर आंतरिक चुनाव इसका मुख्य कारण होते हैं।



जेपी नड्डा जून 2019 में कार्यकारी अध्यक्ष बने थे और फिर जनवरी 2020 में उन्हें सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया था। नितिन नबीन सवर्ण उपजाति-कायस्थ समुदाय-के नेता हैं और 45 साल उम्र है, लिहाजा वह भाजपा के सबसे युवा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हैं। कुछ समय बाद वह जेपी नड्डा के उत्तराधिकारी के तौर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेंगे। बेशक नितिन नबीन भाजयुमो में अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय महासचिव के तौर पर काम कर चुके हैं, कुछ राज्यों के प्रभारी और सह-प्रभारी भी रहे हैं, लिहाजा संगठन की आत्मा और अपेक्षाओं को वह बखूबी जानते हैं। जब नड्डा पार्टी अध्यक्ष बने थे, तब उनकी उम्र 52 साल थी। अमित शाह 49 साल के थे। राजनाथ सिंह भी 52-53 साल के रहे होंगे। अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी की आयु भी 55-58 साल की रही होगी, जब वे पहली बार भाजपा अध्यक्ष बने थे, लिहाजा उम्र शीर्ष नेतृत्व का कोई मानदंड नहीं है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी का यह 'नबीन' प्रयोग चुनौतीपूर्ण जरूर है।

उन्होंने मुख्यमंत्री पद पर मोहन चरण माझी, मोहन यादव, भजनलाल शर्मा, बिप्लव देब, भूपेंद्र पटेल, पुष्कर सिंह धामी, नायब सिंह सैनी आदि को विराजमान कर भाजपा की नई पीढ़ी को नेतृत्व सौंपा था। इन्हीं नेताओं की तरह नबीन भी भाजपा की चौथी पीढ़ी के प्रतिनिधि हैं। अलबत्ता उनकी पहचान कभी 'राष्ट्रीय' नहीं रही। बहरहाल अब नितिन नबीन भी उसी श्रृंखला की नई कड़ी बन गए हैं, जिसे अटल, आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, राजनाथ सिंह से लेकर जेपी नड्डा तक ने स्थापित किया और भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का सम्मान दिलाया। उस वर्चस्व, ओहदे और गरिमा को बरकरार रखना भी नितिन नबीन की चुनौती है।

उनके सामने राजनीतिक और चुनावी चुनौती यह है कि 2026 में असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल में विधानसभा चुनाव होने हैं और 2027 में उप्र के महाचुनाव सामने होंगे। केरल में तिरुवनंतपुरम के स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा की बड़ी जीत हुई है और उसने वाममोर्चे के 45 साल पुराने किले को ढहा दिया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि विधानसभा चुनाव में भी जनता भाजपा-एनडीए को कमोबेश एक मौका जरूर देगी, लेकिन तमिलनाडु में आज भी भाजपा 'शून्य' है। बेशक अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन से उसे कुछ सीट हासिल हो जाएं, लेकिन तमिल के हिंदुओं ने अभी भाजपा को स्वीकार नहीं किया है। प्रधानमंत्री मोदी बार-बार वहां के राम मंदिरों में जाकर और पूजा कर प्रयास कर रहे हैं कि जनता की स्वीकृति मिल सके। वैसे परिणाम चुनाव के बाद ही स्पष्ट होंगे। नबीन के सामने 2028-29 की राजनीतिक चुनौतियां भी गंभीर होंगी, क्योंकि 2029 के लोकसभा चुनाव के बाद संभवतः मोदी प्रधानमंत्री बनना नहीं चाहेंगे, लिहाजा एक वैकल्पिक चेहरे की आवश्यकता होगी। उसकी तैयारी भी 2026 से शुरू करनी पड़ेगी। बहरहाल पहली बार कोई बिहारी नेता राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पद पर पहुंचा है, लिहाजा बिहार का गदगद होना स्वाभाविक है। नबीन की छवि शालीन और जुझारू नेता की रही है। यह भाजपा में ही संभव है कि कोई अज्ञात, अनजान या कम चर्चित चेहरा भी राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर पहुंच सकता है। नए अध्यक्ष का जिस तरह स्वागत हो रहा है, उससे पता चलता है कि पार्टी में नई नियुक्ति को लेकर काफी उत्साह है।

# स्वतंत्र भारत के इतिहास में चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा पर संकट

**राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस पार्टी ने तो गोया चुनाव आयोग को पूरी तरह बेनक़ाब करने का संकल्प ही कर लिया है। गत 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस ने एक विशाल रैली आयोजित की। वोट चोर, गद्दी छोड़ के शीर्षक से किये गये इस आयोजन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने देशभर से लाखों कार्यकर्ता जुटाये। इस रैली का भी मुख्य उद्देश्य हरियाणा, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में हाल के विधानसभा चुनावों में कथित वोट चोरी और मतदाता सूची में हेराफेरी के आरोप लगाना था।**

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारतवर्ष में दुनिया की सबसे जटिल समझी जाने वाली चुनावी प्रक्रिया को अपनाने व इसे पूरा कराने को लेकर जिस केंद्रीय चुनाव आयोग की पीठ पूरी दुनिया थपथपाया करती थी व दुनिया के विभिन्न देशों के संसदीय प्रतिनिधिमंडल व चुनाव विशेषज्ञ जिस भारतीय चुनाव संचालन को देखने व समझने के लिये अब भी भारत आते रहते हैं वही चुनाव व चुनाव आयोग इन दिनों विपक्षी दलों के अति गंभीर आरोपों से जूझ रहा है। चुनाव आयोग व इस तरह के कई अन्य केंद्रीय संस्थानों पर सत्ता का पक्षपात करने के आरोप तो पहले भी लगते रहे हैं। परन्तु वर्तमान चुनाव आयोग जिसतरह सत्ता को फ़ायदा पहुँचाने वाले नए नए चुनावी नियम बना रहा है,विपक्ष की प्रमाण सहित दी जाने वाली शिकयतों की अनसुनी कर रहा है,सत्ता द्वारा चुनाव आचार संहिता की धज्जियाँ उड़ाने के बावजूद आँखें मूंदे बैठा रहता है,और अब एस आई आर के बहाने कथित तौर पर जहाँ करोड़ों फ़र्ज़ी मतों को जोड़ने की कोशिश की जा रही है वहीं संभावित रूप से विपक्ष की ओर जाने वाले मतों को चिन्हित कर उन्हें किसी न किसी बहाने से मतदाता सूची से काटने का काम किया जा रहा है। यानी स्पष्ट रूप से लोकततंत्र में लोक के मताधिकार पर डाका डाला जा रहा है।



निर्मल रानी

वैसे तो पूरा विपक्ष ही चुनाव आयोग को केवल संदेह नहीं बल्कि सत्ता से मिलकर संविधान के साथ विश्वासघात किये जाने की दृष्टि से देख रहा है। लोक सभा व राज्य सभा के सर्वोच्च सदनों में चुनाव आयोग को निशाना बनाया जा रहा है। परन्तु नेता विपक्ष राहुल गाँधी ने तो चुनाव आयोग द्वारा की और करायी जाने वाली धांधली पर तो बाक़ायदा शोध कर डाला है। और वे अपने इस चुनाव धांधली सम्बन्धी शोध परिणाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदर्शित करने से लेकर जनता जनार्दन के बीच सड़कों व गलियों तक पहुँच रहे हैं। इस संबंध वे अब तक 4 प्रेस कॉन्फ़्रेंस कर वोट चोरी के पूरे सबूत पेश कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त वे अगस्त-सितंबर 2025 के बीच बिहार में 16 दिनों की 1,300 किमी लंबी वोटर अधिकार यात्रा भी एसआईआर के विरुद्ध निकाल चुके हैं। इसके अलावा 200 से अधिक सांसदों व विधायकों के साथ वे 11 अगस्त 2025 को दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त मुख्यालय तक एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन रुपी पैदल मार्च भी कर चुके हैं। एक ओर तो राहुल चुनाव आयोग द्वारा उपलब्ध कराये गये डेटा के अनुसार ही आयोग द्वारा बरती गयी अनियमितताओं संबंधी साक्ष्य पेश करते हैं तो दूसरी ओर चुनाव आयोग कभी इन आरोपों को बेबुनियाद बता कर अपना पल्ला झाड़ लेता है तो कभी उल्टे राहुल से ही शपथ-पत्र मांगने लगता है।




परन्तु लगता है कि राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस पार्टी ने तो गोया चुनाव आयोग को पूरी तरह बेनक़ाब करने का संकल्प ही कर लिया है। गत 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस ने एक विशाल रैली आयोजित की। वोट चोर, गद्दी छोड़ के शीर्षक से किये गये इस आयोजन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने देशभर से लाखों कार्यकर्ता जुटाये। इस रैली का भी मुख्य उद्देश्य हरियाणा, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में हाल के विधानसभा चुनावों में कथित वोट चोरी और मतदाता सूची में हेराफेरी के आरोप लगाना था। इस विशाल रैली में भी कांग्रेस ने भाजपा और चुनाव आयोग पर मिलीभगत का गंभीर आरोप लगाते हुए लोकतंत्र तथा संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। इस तरह की किसी रैली में यह पहला मौक़ा था जब कि सीधे तौर पर सबसे तीखा हमला मुख्य चुनाव आयुक्त और उसके दो आयुक्तों पर बोला गया। सांसद प्रियंका गाँधी ने एक बार और राहुल गांधी ने तो दो बार अपने भाषण में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी का नाम लेकर उनपर सीधे निशाना साधा। इन नेताओं ने उनका नाम लेते हुये आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा है, वोट चोरी को संरक्षण दे रहा है तथा आयोग निष्पक्ष नहीं है। ये लोग नहीं भूलें कि वे देश के चुनाव आयुक्त हैं, नरेंद्र मोदी के नहीं। राहुल ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव आयुक्तों को क़ानूनी सुरक्षा (इम्यूनिटी) देने वाला क़ानून बदला है, ताकि उनके खिलाफ कोई कार्रवाई न हो सके। कांग्रेस सत्ता में आने पर इस क़ानून को बदलेगी और आयुक्तों के ख़िलाफ़ कार्रवाई करेगी। यहाँ भी राहुल ने दोहराया कि ÷चुनाव आयोग असत्य के साथ खड़ा नज़र आ रहा है। उन्होंने बताया कि कैसे हरियाणा में चुनाव चोरी हुआ, किस तरह कर्नाटक में लाखों वोट डिलीट हुए और महाराष्ट्र में फ़र्ज़ी वोट जोड़े गए परन्तु चुनाव आयोग ने कोई जवाब नहीं दिया। यहाँ भी राहुल ने चुनावी धांधलियों के कई और उदाहरण पेश किये। यही नहीं बल्कि राहुल गांधी द्वारा देश भर से चुनाव आयोग के विरुद्ध लगभग 6 करोड़ हस्ताक्षर कराए गए हैं। यह अभियान कथित वोट चोरी के आरोपों के खिलाफ चलाया गया था, और इन हस्ताक्षरों को राष्ट्रपति को सौंपने की योजना है। इन 6 करोड़ हस्ताक्षर को भी 14 दिसंबर 2025 को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ रैली के दौरान प्रदर्शित किया गया।

इसी रैली में कांग्रेस के कई प्रमुख राष्ट्रीय नेताओं ने चुनाव प्रक्रिया को हर क़दम पर संदिग्ध बताते हुये संस्थाओं पर दबाव डालने का आरोप लगाया जबकि कुछ वक्ताओं ने चुनाव आयोग को भाजपा की कठपुतली बताते हुये आयोग पर सबूतों की जांच नहीं करने का भी आरोप लगाया। कुछ नेताओं का मत था कि देश में निष्पक्ष अंपायर की कमी है। जबकि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तो मुख्य रूप से भाजपा पर वोट चोरी करके सत्ता में आने का आरोप लगाया और चुनाव आयोग पर अप्रत्यक्ष रूप से सवाल उठाए। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह रैली कांग्रेस की ओर से चुनावी अनियमितताओं के ख़िलाफ़ अब तक का एक सबसे बड़ा शक्ति प्रदर्शन थी, जिसमें चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सार्वजनिक रूप से खुलकर गंभीर सवाल उठाए गए। साथ ही यह भी सच है कि चुनाव आयोग पर प्रमाण सहित लगने वाले इसतरह के आरोपों और आयोग द्वारा इन आरोप को नज़र अंदाज़ करने से भी स्वतंत्र भारत के इतिहास में चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा यहाँ पर भी सबसे बड़ा संकट सामने आ खड़ा हुआ है।

## आज़ादी के इन दीवाने : अशफाक उल्लाह खाँ

हरी राम यादव

देश गुलामी में कराह रहा था, अंग्रेजों का अत्याचार दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा था। देश को आजाद कराने के लिए संघर्ष तेज हो चुका था। लोग अपनी अपनी तरह से प्रयास कर रहे थे। देश की ज्यादातर जनता गाँधी जी की अनुगामी थी । लेकिन देश के नवयुवकों का एक दल जो कि गोरखपुर के चौरी चौरा घटना के बाद गाँधी जी द्वारा असहयोग आन्दोलन को स्थगित करने की विचारधारा से आक्रोशित था। उनका विचार था कि आज़ादी मांगने से नहीं आएगी, इसको बलात छीनना पड़ेगा। आजादी के इस विचारधारा के लोगों में प्रमुख नाम सरदार भगत सिंह, चन्द्रशेखर आज़ाद, राम प्रसाद बिस्मिल, राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी, ठाकुर रोशन सिंह और अशफाक उल्लाह खाँ के हैं। आज़ादी के इन दीवानों को अंग्रेजों से लड़ने के लिए हथियारों की आवश्यकता थी और हथियार खरीदने के लिए पैसों की इन लोगों ने मिलकर 08 अगस्त को तय किया कि पैसों की कमी को दूर करने के लिए रेलगाड़ी से जो सरकारी खजाना लखनऊ से जाता है उसे लूटा जाए। तय हुआ कि सभी लोग शाहजहाँपुर से रेलगाड़ी में चढ़ेंगे और काकोरी के पास पहले से तय स्थान तक जाएंगे, वहाँ पर गाड़ी की चेन खींची जाएगी और गार्ड के केबिन में पहुंच कर रुपयों से भरे संदूक पर कब्ज़ा कर लिया जाएगा। सभी बिन्दुओं पर विचार करते हुए यह निश्चय किया गया कि हम लोग किसी को शारीरिक नुक़सान नहीं पहुंचाएंगे। रेलगाड़ी में ही ऐलान कर दिया जायेगा कि हम यहाँ अवैध तरीक़े से हासिल किए गए सरकारी धन को हासिल करने आए हैं। यह भी निश्चय किया गया कि हममें से तीन लोग हथियार के साथ गार्ड के केबिन के पास खड़े होंगे और रुक-रुक कर फ़ायर करेंगे ताकि कोई केबिन तक पहुंचने की हिम्मत न कर सके। योजना के अनुसार 09 अगस्त 1925 के दिन, जगह लखनऊ का काकोरी, सहारनपुर से चलने वाली 8 डाउन पैसेंजर में राम प्रसाद बिस्मिल, राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी, ठाकुर रोशन सिंह, शचीन्द्रनाथ बख्शी, चन्द्रशेखर आज़ाद, केशव चक्रवर्ती, बनवारी लाल, मुरारी शर्मा, मुकुन्दी लाल और मन्मथनाथ गुप्ता सवार हुए। योजना के अनुसार अशफाक उल्लाह खाँ, राजेंद्र लाहिड़ी और सचींद्र नाथ बख्शी सेकंड क्लास में और बाकी सब थर्ड क्लास में बैठ गए।



ट्रेन जैसे ही काकोरी पहुंची तय योजना के अनुसार शचीन्द्रनाथ बख्शी ने गाड़ी की चेन खींच दी और गार्ड के डिब्बे में रखे सरकारी खजाने को क्रांतिकारियों ने लूट लिया। रुपयों से भरा लोहे का संदूक़ काफ़ी भारी था, वह लोग उसे लेकर भाग नहीं सकते थे इसीलिए अशफ़ाक़ उल्लाह खाँ उसे हथौड़े से तोड़ने लगे। लोगों को डराने के मकसद से क्रान्तिकारी रह रहकर हवा में गोलियां चला रहे थे।

गार्ड के डिब्बे से दो डिब्बे पहले ट्रेन का एक यात्री अपने डिब्बे से नीचे उतरा और गार्ड के केबिन की तरफ़ बढ़ने लगा। क्रांतिकारियों को संदेह हुआ कि यह आदमी हमारे काम में खलल डालने आ रहा है। मन्मथनाथ गुप्ता ने उसके ऊपर गोली चला दी और वह आदमी मौके पर ही मारा गया। जगह छोड़ने से पहले सभी लोगों ने यह यकीन किया कि कहीं कोई चीज़ छूट तो नहीं रही है। वह लोग वहाँ से तुरन्त भाग गये। भागते समय जल्द बाजी मे रेलवे लाइन के पास एक चादर छूट गयी, उस चादर पर शाहजहाँपुर के एक धोबी का निशान था। यहीं से पुलिस को अंदाज़ा हुआ कि कहीं-न-कहीं इस लूट का संबंध शाहजहाँपुर से है। पुलिस ने शाहजहाँपुर में उस धोबी को ढूंढ निकाला। यहीं से काकोरी की इस घटना का खुलासा हो गया। काकोरी कांड के तीन महीने के अंदर एक एक करके इसमें शामिल सभी क्रांतिकारियों की गिरफ़्तारी शुरू हो गई। अशफ़ाक़ उल्लाह खां, ठाकुर रोशन सिंह, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी, बनारसी लाल और कई अन्य क्रांतिकारी गिरफ़्तार कर लिए गए। अंग्रेज पुलिस सबसे बाद में राम प्रसाद बिस्मिल को गिरफ़्तार कर पायी।

# संविधान निर्माण में मुस्लिम दूरदृशीः समावेशी भारत के वास्तुकार

मोहित मौर्या

**इस्माइल ने संविधान सभा में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की, जिनमें से कुछ प्रमुख हैं- अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए आरक्षण, मुस्लिम समुदाय के अधिकार, हिंदी को राष्ट्रीय भाषा बनाने की मांग, संविधान की भाषा के रूप में हिंदी का समर्थन किया और कहा कि इसे अंग्रेजी के बजाय हिंदी में लिखा जाना चाहिए। इस्माइल के योगदान को संविधान सभा में कई अन्य सदस्यों ने सराहा और उनकी प्रशंसा की।**

भारत को ब्रिटिश शासकों से 15 अगस्त 1947 को आज़ादी मिली किन्तु वास्तविक स्वतन्त्रता हमारे नागरिकों को 26 जनवरी 1950 को मिली, जब देश में, देश के लोगों द्वारा निर्मित संविधान पूरी तरह लागू हुआ। जिस प्रकार स्वतंत्रता संघर्ष में देश के प्रत्येक समुदाय और तबके ने आगे बढ़ कर योगदान दिया था उसी प्रकार संविधान सभा में 389 सदस्यों के माध्यम से, देश की जनता ने अप्रत्यक्ष रूप से संविधान निर्माण में भी अपना पूर्ण योगदान दिया। संविधान सभा के 73 मुस्लिम सदस्यों में से 30 सदस्यों ने संविधान निर्माण में सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संविधान सभा के मुस्लिम सदस्यों ने संविधान में अल्पसंख्यक अधिकारों, धार्मिक स्वतंत्रता संबंधित प्रावधानों, संघीय ढाँचे के मूल भूत सिद्धांतों एवं कानूनी भाषा के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान दिया, जिन पर हम आगे चर्चा करेंगे।

संविधान सभा में लगभग सभी तत्कालीन प्रांतों से मुस्लिम विद्वानो को प्रतिनिधित्व दिया गया था। इनमें मद्रास प्रांत से शेख गालिब साहिब, एम. मुहम्मद इस्माइल, के.टी.एम. अहमद इब्राहिम, महबूब अली बेग साहिब बहादुर, बाम्बे प्रांत से अब्दुल कादर मोहम्मद शेख, अब्दुल कादिर अब्दुल अजीज खान, बंगाल प्रांत से जसीमुद्दीन अहमद, नजीरुद्दीन अहमद, अब्दुल हामिद, अब्दुल हलीम गजनवी; संयुक्त प्रांत से मौलाना हिफजुर रहमान सेहरवी, खुर्शीद लाल, हैदर हुसैन, हसरत मोहानी, अबुल कलाम आजाद, नवाब मोहम्मद इस्माइल खान, रफी अहमद किदवई, जेडएच लारी, बशीर हुसैन जैदी, बेगम एजाज रसूल, बिहार से हुसैन इमाम, सैयद जाफर इमाम, एसएम लतीफुर रहमान, मोहम्मद ताहिर हुसैन, तजामुल हुसैन, चौधरी आबिद हुसैन, मध्य प्रांत एवं बेरार से काजी सैयद करीमुद्दीन, असम से मोहम्मद सादुल्लला, अब्दुर रौफ, जम्मू और कश्मीर से शेख मुहम्मद अब्दुल्ला, मिर्जा अफजल बेग, मौलाना मोहम्मद सईद मसूदी; त्रावणकोर से पी.टी. मोहम्मद शामिल रहे।



सर सैयद मुहम्मद सादुल्ला ब्रिटिश भारत में असम के प्रधानमंत्री थे तथा उन्होंने हिंदू हकों के लिए प्रमुखता से आवाज उठाई. संविधान सभा में 24 नवंबर 1948 की बहस में भाग लेते हुए सादुल्ला ने कहा, 'गाय को वध से बचाया जाना चाहिए और इसलिए हम चाहते हैं कि इसका प्रावधान या तो मौलिक अधिकारों में हो या फिर निदेशक सिद्धांतों में.' गोवंश संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त करने के लिए सादुल्लाह और अन्य सदस्यों के अलावा जहीर-उल-हसन लारी ने भी कहा, 'आगे आना और मौलिक अधिकारों में एक खंड शामिल करना बेहतर है कि गोहत्या अब से निषिद्ध है, बजाय इसके कि इसे निर्देशक सिद्धांतों में अस्पष्ट छोड़ दिया जाए'

जिस तरह अभी कुछ सीटें अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व रहती हैं। उसी तरह कुछ मुस्लिम सदस्यों का विचार था कि कुछ सीटें मुस्लिमों के लिए भी आरक्षित की जाएं. इस विचार को 'आत्मघाती' बताते हुए बेगम एजाज रसूल ने सख्त मुखालफत की. बेगम एजाज रसूल भारत की संविधान सभा में एकमात्र मुस्लिम महिला थीं, जिन्होंने भारत के संविधान का मसौदा तैयार किया था. वे अल्पसंख्यक अधिकार मसौदा उपसमिति की सदस्य थीं। धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित सीटों की मांग स्वेच्छा से छोड़ने के लिए मुस्लिम नेतृत्व के बीच सहमति बनाने में बेगम एजाज रसूल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एम. मुहम्मद इस्माइल एक प्रमुख भारतीय राजनेता और सामाजिक कार्यकर्ता थे। वे भारतीय यूनियन मुस्लिम लीग के संस्थापक थे और 1948 से 1950 तक संविधान सभा के सदस्य रहे।

इस्माइल ने संविधान सभा में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की, जिनमें से कुछ प्रमुख हैं- अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए आरक्षण, मुस्लिम समुदाय के अधिकार, हिंदी को राष्ट्रीय भाषा बनाने की मांग, संविधान की भाषा के रूप में हिंदी का समर्थन किया और कहा कि इसे अंग्रेजी के बजाय हिंदी में लिखा जाना चाहिए। इस्माइल के योगदान को संविधान सभा में कई अन्य सदस्यों ने सराहा और उनकी प्रशंसा की। वे एक प्रमुख राजनेता और सामाजिक कार्यकर्ता थे, जिन्होंने भारत के संविधान को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इसी प्रकार सभी मुस्लिम सदस्यों ने संविधान सभा में अपने योगदान के माध्यम से भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों और धर्मनिरपेक्षता को मजबूत करने में मदद की। उन्होंने अल्पसंख्यक अधिकारों और महिला सशक्तिकरण के लिए काम किया और संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय संविधान के निर्माण पर विचार करते हुए, हमें उन मुस्लिम नेताओं को अवश्य याद करना चाहिए जो इसके निर्माण में अग्रणी भूमिका में रहे।

किसी समुदाय के प्रतिनिधि के रूप में नहीं, बल्कि एक राष्ट्र के दूरदर्शी के रूप में उनकी विरासत केवल संविधान के पन्नों में ही नहीं, बल्कि उन अधिकारों और स्वतंत्रताओं में भी समाहित है जिनका हम आज आनंद लेते हैं ये कहानियाँ हमें याद दिलाती हैं कि आधुनिक भारत की नींव सभी धर्मों के लोगों के हाथों रखी गई थी संविधानम केवल एक कानूनी दस्तावेज़ नहीं है, बल्कि यह उन पुरुषों और महिलाओं के साहस, दूरदर्शिता और देशभक्ति का प्रमाण है जिन्होंने विभाजन के बजाय एकता को चुना और उस पवित्र सभा में, मुस्लिम आवाज़ हाशिये से नहीं, बल्कि भारत के हृदय से गूंजी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

# प्रोफेसर अब्बास रज़ा नय्यर की किताब आबिद हुसैन हैदरी के तहक़ीक़ी व तनक़ीदी मबाहिस का अनावरण

**अवधनामा संवाददाता**

**संभल।** उर्दू विभाग, एमजीएम पीजी कॉलेज संभल के तत्वावधान में प्रोफेसर आबिद हुसैन हैदरी की व्यक्तित्व एवं साहित्यिक कारनामों पर आधारित प्रोफेसर अब्बास रज़ा नय्यर की किताब ÷आबिद हुसैन हैदरी के तहक़ीक़ी व तनक़ीदी मबाहिस÷ का अनावरण 18 दिसंबर 2025 को संपन्न हुआ। इस समारोह की अध्यक्षता एमजीएम पीजी कॉलेज संभल के प्रिंसिपल प्रोफेसर योगेंद्र सिंह ने की। पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला, पंजाब के उर्दू व फारसी के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर नाशिर नक़वी ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर और चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ के उर्दू विभागाध्यक्ष प्रोफेसर असलम जमशेदपुरी ने विशिष्ट वक्ता के तौर पर इस समारोह में प्रतिभा किया।

प्रोफेसर असलम जमशेदपुरी ने किताब के लेखक और किताब के केंद्र बिंदु दोनों को ज्ञान का का मीनार क़रार देते हुए कहा कि यह किताब लिखकर प्रोफेसर अब्बास रज़ा नाय्यर ने प्रोफेसर आबिद हुसैन हैदरी के साहित्यिक व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं को को बहुत अच्छी तरह उजागर किया है।

प्रोफेसर अब्बास रज़ा नय्यर ने सभी वक्ताओं और आगंतुकों तथा बहुत सुंदरता से समारोह आयोजित करने के लिए सभी का अपने खास अंदाज़ में शुक्रिया अदा किया। प्रोफेसर आबिद हुसैन हैदरी ने इस मौक़े को अपने लिए बेहद जज़्बाती क़रार देते हुए कहा कि यह किताब मेरे अज़ीज़ प्रोफेसर अब्बास रज़ा नय्यर और मेरे तमाम चाहने वालों की मोहब्बतों का नतीजा है, जिसकी बदौलत मुझे हमेशा कुछ न कुछ रचनात्मक करते रहने का हौसला मिलता रहता है।

प्रोफेसर नाशिर नक़वी ने प्रोग्राम के दौरान पेश किए गए रिसर्च पेपर्स पर बात करते हुए प्रोफेसर आबिद हुसैन हैदरी की अदबी शख्सियत और प्रोफेसर अब्बास रज़ा नय्यर की शख्सियत के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए दोनों हज़रात को मुबारकबाद पेश की।

कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर योगेंद्र सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि इस तरह की किताबें न केवल अपने समय की दस्तावेज़ होती हैं बल्कि रिसर्च स्कॉलर्स के लिए भी बहुत कारामद साबित होती हैं। साथ ही लिखने वालों की हौसला-अफ़ज़ाई की वजह भी बनती हैं और कुछ अधिक बेहतर करने का हौसला भी देती हैं। इसलिए इस तरह के सिलसिलों को जारी रहना चाहिए।

मुहम्मद यासीन रामपुरी और डॉक्टर मुहम्मद आसिफ हुसैन ने किताब और किताब के लेखक के बौद्धिक एवं साहित्यिक व्यक्तित्व पर रिसर्च पेपर्स प्रस्तुत किए। सुल्तान मुहम्मद खां कलीम, सैयद हुसैन अफसर, मीर शाह हुसैन आरिफ़ और तनवीर हुसैन अशरफ़ी ने किताब के लेखक के के बारे में अपनी कविताओं के माध्यम से अपने खास अंदाज़ मैं विचार व्यक्त किए।

# दादा बाबूराम की पुण्यतिथि पर सेवा एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** बुंदेलखंड की राजनीति के चाणक्य एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रद्धेय दादा बाबूराम एम.कॉम जी की 10वीं पुण्यतिथि के अवसर पर राठ रोड उरई स्थित वृद्धाश्रम में सेवा, समर्पण और श्रद्धांजलि से परिपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 1.30 बजे हुआ। श्रद्धांजलि से पूर्व निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं आयुष्मान कार्ड बनवाएं गए।इस अवसर पर वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गजनों को सर्दी से बचाव हेतु जैकेट एवं स्वेटर वितरित किए गए। साथ ही श्रद्धेय दादा बाबूराम जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के पूर्व मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने दादा बाबूराम जी के सामाजिक, राजनीतिक एवं जनसेवा के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन जनकल्याण और संगठन की मजबूती के लिए समर्पित रहा। कार्यक्रम में व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि दादा की श्रद्धांजलि के साथ साथ हम सभी को प्रतिवर्ष श्रद्धेय श्याम जी नीखरा जी की श्रद्धांजलि कार्यक्रम करना चाहिए। उन्होंने सभी भाजपा से जुड़े सभी जनप्रतिनिधियों से कहा कि बैनर पोस्टर में श्रद्धेय दादा ओर श्याम जी नीखरा की फ़ोटो को लगाना चाहिए जिससे आने वाली पीढ़ी उनके दिखाए हुए मार्गदर्शन पर चल सके। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जेडीसी बैंक उरई के अध्यक्ष ब्रजभूषण सिंह मुन्नू, वरिष्ठ व्यापारी ब्रजकिशोर गुप्ता सर्राफ,युद्धवीर सिंह कंथरिया अनिरुद्ध गुप्ता अंजलि गुप्ता महादेव गोस्वामी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने दादा बाबूराम जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें युगदृष्टा नेता बताया। कार्यक्रम के दौरान निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया।

## खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की सतर्कता समिति बैठक संपन्न

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें मिलावटखोरी एवं अवैध औषधि कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में सहायक आयुक्त (खाद्य) डॉ. जतिन कुमार सिंह ने जानकारी दी कि शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद में चलाए गए विशेष अभियानों के तहत मिलावटखोरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई है। माननीय न्यायालय द्वारा दोषी खाद्य कारोबारकर्ताओं पर 31,42,500 रुपये (इक्तीस लाख बयालीस हजार पांच सौ रुपये) का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 315 खाद्य नमूने लिए गए, जिनमें 68 नमूने मानक के अनुरूप नहीं पाए गए। इस संबंध में 66 वाद माननीय न्यायालय में दायर किए गए, जिनमें से 46 मामलों में दोषियों को दण्डित किया गया।

# महिला विरोधी बयान लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ: एआइपीएमएम

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक मुस्लिम महिला के नक़ाब को चेहरे से हटाने से जुड़े प्रकरण पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद द्वारा दिया गया बयान अत्यंत निंदनीय, असंवेदनशील एवं महिला-विरोधी मानसिकता को दर्शाने वाला है।

किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा इस प्रकार की अशोभनीय, अपमानजनक और गैर-जिम्मेदार भाषा का प्रयोग न केवल महिलाओं के सम्मान के विरुद्ध है, बल्कि यह संविधान में निहित मूल्यों तथा लोकतांत्रिक मर्यादाओं का भी घोर उल्लंघन है। इस तरह के बयान समाज में नकारात्मक संदेश देते हैं और महिलाओं की गरिमा एवं सम्मान को ठेस पहुँचाते हैं।

ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ (एआइपीएमएम) इस प्रकार की घटिया सोच और बयानबाज़ी की कड़े शब्दों में भर्त्सना एवं निंदा करता है। संगठन का स्पष्ट मत है कि महिलाओं के सम्मान, स्वाभिमान और अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है।

महाज़ राष्ट्रीय महिला आयोग एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय से आग्रह करता है कि वे इस गंभीर मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि भविष्य में कोई भी जनप्रतिनिधि इस तरह की अमर्यादित और महिला-विरोधी भाषा प्रयोग करने का साहस न कर सके।

## संक्षिप्त समाचार

### डीआई-14 क्रिकेट लीग मैच का उद्घाटन, एमएलसी ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन




**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** नगर के मथुरा प्रसाद महाविद्यालय खेल ग्राउंड में डीआई 14 क्रिकेट लीग सीजन 2 का भव्य शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन के प्रतिनिधि आरपी निरंजन ने फीता काटकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीएम ज्योति सिंह तथा पूर्व बार संघ अध्यक्ष विज्ञान सीरौठिया मौजूद रहे। उद्घाटन मुकाबला लहार दबंग लहार की टीम एवं महाराज 11 लहार के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मैच शुरू होने से पहले मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने का संदेश देते हुए कहा कि क्रिकेट जैसे खेल युवाओं में अनुशासन, टीमवर्क और सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। आयोजन समिति की ओर से प्रतियोगिता को सफल बनाने में आयोजक अंशुल कुशवाहा, आदित्य द्विवेदी, विनय कुशवाहा एवं शिवम कुशवाहा की अहम भूमिका रही। इस दौरान क्रिकेट के क्षेत्र में पूर्व में योगदान देने वाले पूर्व खिलाड़ियों को भी अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. केदारनाथ निरंजन, सभासद मनोज इकड़या, रोहित कठेरिया, दंगल यादव, केशव बबेले, कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी, सागर अग्निहोत्री, श्रीराम दुवे आदि रहे।

### बिहार सीएम नीतीश को माफी मांगनी चाहिए महिला चिकित्सक नुसरत से



**मुरादाबाद/अवधनामा संवाददाता।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महिला चिकित्सक के चेहरे से हिजाब हटाने के कृत्य से देशभर की महिलाओं व सामाजिक संगठनों में रोष है। नीतीश के खिलाफ देशभर में हो रहे विरोध के क्रम में जिला मुख्यालय पर इंसानियत सेवा समिति ने प्रदर्शन करके ज्ञापन प्रेषित किया है। समिति ने महामहिम को भेजे गए मांगपत्र में बिहार सीएम से माफी मांगने व इस्तीफा देने की मांग उठाई है। गुरुवार दोपहर कलेक्ट्रेट आए इंसानियत सेवा समिति सदस्यों ने बिहार के मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते जिला प्रशासन को मांगपत्र दिया है। समिति ने मुख्यमंत्री के कृत्य को अशोभनीय एवं निंदनीय करार दिया है। उन्होंने कहा है कि यह गैर संवैधानिक क्रिया है और इससे महिला का अपमान हुआ है। संवैधानिक पद पर होते हुए इस तरह का कृत्य निंदनीय है। उन्होंने महामहिम से मांग की है कि इस अशोभनीय व अपमानजनक कृत्य के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को माफी मांगनी चाहिए और तत्काल मुख्यमंत्री के पद से त्यागपत्र भी देना चाहिए। इस दौरान अध्यक्ष त्रिलोक चंद दिवाकर, जय किशन शर्मा, चौधरी अनूपेंद्र सिंह, अरविंद कुमार शर्मा, अनुरोध अरोड़ा, आकाश कुमार, अब्दुल रऊफ, सौरव मदान, चौधरी दीक्षांत देओल, सलमान खान आदि शामिल रहे।

# स्वतंत्रता आंदोलन में रणबांकुरों की रही विशेष भूमिका



**अवधनामा संवाददाता**

**गाजीपुर।** भारत का स्वतंत्रता आंदोलन और गाजीपुर का महत्व विषयक प्रशिक्षण कार्यशाला पी.जी. कॉलेज मलिकपूरा में बुधवार को सम्पन्न हुई। महर्षि विश्वामित्र कल्चरल क्लब के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो दिवाकर सिंह ने की। कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षकर सकलडीहा पी.जी. कॉलेज, चंदौली के राजनीतिक विज्ञान विभाग के प्राध्यापक प्रो शमीम राइन रहे। उन्होंने अपने सारगर्भित वक्तव्य में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के विविध चरणों के साथ गाजीपुर की ऐतिहासिक भूमिका, शहीदों के योगदान, बलिदान एवं जनआंदोलनों की चेतना पर विस्तार से प्रकाश डाला। इससे पूर्व डॉ. अनुज कुमार सिंह ने मुख्य प्रशिक्षक का परिचय कराते हुए उनके अकादमिक योगदान एवं विषयगत विशेषज्ञता को रेखांकित किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. दिवाकर सिंह ने महाविद्यालय में ऐसे आयोजनों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाविद्यालय में इस प्रकार के बौद्धिक और वैचारिक आयोजनों से विद्यार्थियों में इतिहास-बोध, राष्ट्र चेतना और स्थानीय विरासत के प्रति गहरी समझ विकसित होती है।

## अमर्यादित बयान पर भाजपा का पलटवार

**मथुरा।** मथुरा-वृंदावन की राजनीति में उस समय तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली जब कांग्रेस के पूर्व विधायक प्रदीप माथुर द्वारा महानगर कांग्रेस की एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मथुरा वृंदावन वर्तमान विधायक एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा को नकारा तथा भाजपा कार्यकर्ताओं बंदर कहकर अमर्यादित टिप्पणी की गई।भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने कांग्रेस के पूर्व विधायक प्रदीप माथुर के इस बयान को दुर्भाग्यपूर्ण, निंदनीय और राजनीतिक हताशा का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को अपमानजनक शब्दों से संबोधित करना न केवल लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विरुद्ध है, बल्कि कांग्रेस की गिरती राजनीतिक भाषा और सोच को भी उजागर करता है। वहीं पलटवार करते हुए कहा भाजपा का कार्यकर्ता बंदर नहीं, बल्कि वह कार्यकर्ता है जिसने बूथ से लेकर संसद तक राष्ट्रसेवा की अलख जगाई है।

# कथावाचक अनिरुद्धाचार्य का व्यक्तव्य संविधान के चौथे स्तंभ पर सीधा हमला : गोपाल

**अवधनामा संवाददाता**



**मथुरा।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद द्वारा मथुरा में बीते दिवस कथावाचक अनिरुद्धाचार्य द्वारा मीडिया कर्मियों के खिलाफ दिए गए अमर्यादित शब्दों पर कड़ा आक्रोश जताते हुए जिलाधिकारी मथुरा को सभी पत्रकार संगठनों के साथ एकजुट हो ज्ञापन सौंपा, कथावाचक अनिरुद्धाचार्य द्वारा अपने कार्यक्रम में महिलाओं के ऊपर एक वक्तव्य दिया जिसकी चर्चा मीडिया में तेजी से हुई खुद कथावाचक अनिरुद्धाचार्य द्वारा इस मसले पर टीवी डिबेट में भाग ले कर इस मामले को चर्चाओं में बनाए रखा।

- मथुरा में कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के खिलाफ, पत्रकारों में दिखा रोष

कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के वक्तव्य के खिलाफ कुछ हिंदूवादी संगठनों ने न्यायालय का रुख किया और 156(3) मामला डाला जिस पर न्यायलय ने सुनवाई करते हुए परिवाद दर्ज करने के आदेश दिए, इस बात की खबर को भी मीडिया चैनलों द्वारा अपने अपने ढंग से प्रसारित किया। विवादित वक्तव्य खुद कथावाचक द्वारा दिया और न्यायालय ने हिंदूवादी संगठनों की अपील पर परिवाद दर्ज करने का आदेश दिया किंतु कथावाचक अनिरुद्धाचार्य सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के चक्कर में सारा ठीकरा मीडिया के सर फोड कर अनर्गल आक्षेप मीडिया पर लगाना शुरू कर दिया, कथावाचक अनिरुद्धाचार्य द्वारा दिया गया वक्तव्य मीडिया की गरिमा के साथ साथ संविधान निर्माताओं की गरिमा को भी धूमिल करता है। संविधान निर्माताओं द्वारा मीडिया को संविधान के चौथे स्तंभ का दर्जा दिया कथावाचक अनिरुद्धाचार्य द्वारा दिया गया वक्तव्य संविधान निर्माताओं की सोच और दूरदर्शिता पर प्रश्नचिन्ह लगाता है, संविधान सभी को अपना पक्ष रखने का हक देता है अगर कथावाचक को किसी मीडिया कर्मी के द्वारा दिखाई गई खबर से आपत्ति है तो वह उस मीडिया संस्थान से स्पष्टीकरण मांग सकता है ना कि खुद सभी मीडिया कर्मियों पर आक्षेप लगा सकते हैं।

# गाजीपुर-मऊ रेल लाइन विस्तारीकरण परियोजना को पुनः चालू करें : डॉ संगीता

**अवधनामा संवादददाता**



- डॉ संगीता बलवंत ने प्रमुख रेलवे क्रासिंगो पर अंडरपास, मऊ रेल लाइन विस्तार की मांग की

**गाजीपुर।** राज्यसभा सांसद डा. संगीता बलवंत बिन्द ने सदन में जनपद की सबसे ज़्यादा व्यस्त प्रमुख रेलवे क्रॉसिंग दिलदारनगर, भदौरा, दुल्लहपुर, सैदपुर, सहेड़ी, महराजगंज बाजार और फुल्लनपुर पर अंडर पास बनवाने की माँग की। इन जगहों पर रोजाना हजारों वाहन और पैदल यात्री रेलवे फाटक बंद होने से घंटों फंस जाते हैं। इससे न केवल समय बर्बाद होता है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ता है। राज्यसभा सांसद ने बताया की इन रेलवे कार्सिंगों से हज़ारों की संख्या में लोग प्रतिदिन रेलवे फाटक बंद होने से भीषण जाम का सामना कर रहे हैं। ब्रिज या अंडर पास बनने से इन जगहों पर ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी और लोगों की यात्रा आसान बनेगी। राज्यसभा सांसद डा. संगीता बलवंत ने गाजीपुर-मऊ रेल लाइन विस्तारीकरण परियोजना को पुनः चालू कराने की माँग की। डा. संगीता बलवंत ने सदन में माँग रखते हुए कहा कि जनपद गाजीपुर का रेल मार्ग दिलदारनगर, ताड़ीघाट पूर्व के सरकारों में भी ताड़ीघाट रेलवे स्टेशन से गाजीपुर सिटी व मऊ तक रेल लाइन का विस्तार करना।

गंगा नदी में पुल बनाया जाना प्रस्तावित था लेकिन पूर्व के सरकारों ने इसे कभी बनाया नहीं, तत्कालीन रेल राज्य मंत्री मनोज सिन्हा के प्रस्ताव पर उपरोक्त रेल मार्ग के विस्तारिकरण एवं गंगा नदी में डबल डेकर रेल सह रोड ब्रिज परियोजना की आधारशिला 14 नवंबर 2016 को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा रखी गई। कुछ ही वर्षों में ताड़ीघाट से गाजीपुर सिटी तक रेल मार्ग एवं गंगा नदी में पुल का निर्माण कर लिया गया है। अभी संज्ञान में आया है कि उक्त प्रस्तावित रेल मार्ग जो गाजीपुर सिटी से मऊ तक है। दिल्ली हावड़ा लाइन को वाराणसी मऊ छपरा लाइन से जोड़ने वाली थी इस परियोजना को बंद कर दिया गया है। इस परियोजना को पुनः प्रारंभ कर गाजीपुर सिटी से मऊ तक रेल मार्ग विस्तारीकरण की मांग रखी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना पूर्वांचल और जनपद के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

## कंप्यूटर आधारित परीक्षा सुरक्षा व्यवस्था के बीच सकुशल हुआ

**मथुरा।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित सीएसआईआर-नेट दिसंबर की कंप्यूटर आधारित परीक्षा गुरुवार को पूरे देश में सख़्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मथुरा जनपद में इस प्रतिष्ठित परीक्षा के लिए केवल एकमात्र केंद्र – हारदयाल टेक्निकल कैंपस, फ़रह निर्धारित किया गया था, जहाँ सभी परीक्षार्थियों ने अनुशासित वातावरण में परीक्षा दी। परीक्षा दो पालियों में कराई गई। प्रथम पाली सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक, जबकि द्वितीय पाली अपराह्न 3 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित हुई। परीक्षा प्रारंभ होने से दो घंटे पूर्व ही परीक्षार्थियों का प्रवेश प्रारंभ कर दिया गया था। परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी, आधार आधारित प्रमाणीकरण, बायोमेट्रिक तथा फिंगरप्रिंट सत्यापन किया गया। केवल प्रवेश पत्र लेकर आने वाले अभ्यर्थियों को ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया।

# दो कार चालकों की आपसी बहस के चलते गई 19 जानें

**अवधनामा संवाददाता**



**मथुरा।** बीते दिनों मथुरा जनपद के थाना बलदेव क्षेत्र के हाइवे पर हुए भीषण हादसे में 19 लोगों ने अपनी जान गंवा दी लोग कोहरे को दोषी मान कर चल रहे थे पर सूत्रों से मामले की दूसरी ही कहानी सुनने में आ रही है जो जांच का विषय है अगर इस तरह की बात जो निकल कर आ रही है जांच में पाई जाती है तो इन 19 लोगों की दर्दनाक मौत का सीधा जिम्मेदार उन्हीं लोगों को मान कर कोहरे के कलंक को दूर करना चाहिए,यमुना एक्सप्रेस-वे पर शुरुआती दो कारों की टक्कर के बाद, पीछे से आ रही एक कार और 12 बसें एक के बाद एक टकरा गईं। इस भयावह हादसे का अंत कई वाहनों में आग लगने से हुआ, जिससे एक्सप्रेस-वे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

यमुना एक्सप्रेस-वे पर घने कोहरे के बीच दो कारों की आपस में टक्कर हो गई। हादसे के बाद कार सवार सड़क पर उतर आए और क्षतिग्रस्त वाहनों को लेकर आपस में बहस करने लगे, इसी दौरान पीछे से आ रही ब्रेजाकार ने कोहरे के कारण आगे खड़ी दोनों कारों को नहीं देखा और जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। घनी धुंध के चलते एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार से आ रहे अन्य वाहनों को हादसे की जानकारी नहीं हो सकी। तीनों वाहन और लोग अभी एक्सप्रेस-वे पर खड़े ही थे कि तेज रफ्तार बसों की एक के बाद एक टक्कर होने लगी। एक बस के टकराते ही पीछे से आ रहीं दूसरी बस भी हादसे का शिकार हो गई, जिससे एक्सप्रेस वे पर अफरा-तफरी मच गई।

# केएम अस्पताल में अग्निशमन विभाग की टीम ने किया मॉकड्रिल



**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** केएम अस्पताल में आग से बचाव को लेकर आज मॉकड्रिल की गई। अग्निशमन विभाग की टीम ने चिकित्सकों अस्पताल कर्मियों को अग्निकांड के समय बचाव के तौर तरीके सुझाए। आग लगने पर अग्निशमन उपकरणों का प्रयोग कैसे किया जाए इसकी भी जानकारी सहायक अग्निशमन अधिकारी द्वारा दी गई। इस दौरान अस्पताल के जनरल मैनेजर को फायर इस्टींग्यूशर को भी ऑपरेट करने का तरीका बताया गया। जिला अग्निशमन अधिकारी के निर्देशन में फायर सेफ्टी डिपार्टमेंट के जसराम, एफएम योगेश यादव विवेक सारस्वत आज दिन में केएम अस्पताल पहुंचे। यहां अग्निशमन उपकरणों की क्रियाशीलता परखी गई। प्रत्येक प्वाइंट पर पानी निकाल कर फायर फाइटिंग सिस्टम की जांच की गई। अग्निशमन विभाग अधिकारी ने गत्ते को जलाकर फायर सिस्टम से कैसे आग बुझाया जाए इसका प्रशिक्षण दिया। फायर इस्टींग्यूशर को भी प्रयोग करने की विधि बताई। इस दौरान प्रमुख रूप से अस्पताल के जनरल मैनेजर स्वाती शर्मा, आशीष शर्मा, नर्सिंग इंचार्ज पवन बंसल, विष्णु शर्मा, गजेन्द्र सिंह, घनश्याम आदि मौजूद रहे।

# डलीय उद्योग बंधु बैठक में उद्यमियों की समस्याओं पर चर्चा

- उद्योग बंधु बैठक- कारीगरों के फरार होने का मुद्दा उठा
- बुलियन ट्रेडर्स की समस्या पर स्स्क्रसे रिपोर्ट तलब

**अवधनामा संवाददाता**



**मेरठ।** आयुक्त सभागार में आयुक्त, मेरठ मण्डल मेरठ भानु चंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम उपायुक्त उद्योग द्वारा आयुक्त महोदय, अन्य अधिकारीगण एवं औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। बैठक का संचालन पंकज निर्वाण, उपायुक्त उद्योग द्वारा किया गया।

सर्वप्रथम बैठक के प्रारम्भ में मण्डलायुक्त महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित विभागीय अधिकारी एवं एसोसियेशन के पदाधिकारियों का परिचय लिया गया तदोपरान्त बैठक एजेण्डा के अनुसार उद्यमियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मेरठ बुलियन ट्रेडर्स एसोसियेशन मेरठ बुलियन ट्रेडर्स एसोसियेशन ने अपनी मुख्य समस्या कारीगर सोना लेकर भाग जाते है से अवगत कराते हुए उचित कार्यवाही की मांग की, जिसके संदर्भ में आयुक्त महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि आगामी बैठक से पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यवाही कराते हुए विस्तृत आख्या उपलब्ध करायें उसी के आधार पर हैल्प डैस्क एवं अन्य प्रकार की व्यवस्था करायी जा सकेगी। लघु उद्योग भारती के अनुरोध कि माप बाट विभाग द्वारा प्राईवेट वेंडर कैलिबिरेशन की फीस नकद मांग करने के संदर्भ में आयुक्त महोदय द्वारा सख्त निर्देश दिये गये कि उक्त प्रकरण से सम्बन्धित एसोसियेशन की समस्त समस्याओं को ध्यान में रखते त्वरित निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित करें। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा जनपद में ई0एस0आई0सी0 अस्पताल के संदर्भ आयुक्त महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित समस्त विभाग एवं एसोसियेशन आगामी बैठक में अद्यतन प्रगति के साथ उपस्थित होकर प्रकरण का निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित करें। मिडफो की सिटी बस चलाये जाने की मांग के संदर्भ में आयुक्त महोदय द्वारा उपजिलाधिकारी, सदर, मेरठ को निर्देश दिये गये कि राज्य सड़क परिवहन विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए यथाशीघ्र ही कार्यवाही की जाएं, चैम्बर ऑफ कामर्स एवं मैस्मा कैची कलस्टर की तरफ से कूड़ा इकटठा होने की शिकायत पर आयुक्त महोदय द्वारा एसोसियेशन को अवगत कराया गया कि नगर निगम द्वारा उक्त स्थल को साफ करने ठेका प्राइवेट स्तर से दे दिया गया है जिनके द्वारा आगामी वर्ष तक कूड़ा हटाने की कार्यवाही पूर्ण कर ली जायेगी। मेरठ बुलियन ट्रेडर्स एसोसियेशन द्वारा ज्वैलरी पार्क काम्पलेक्स स्थापना के संदर्भ में आयुक्त महोदय द्वारा मेरठ विकास प्राधिकरण, उपायुक्त उद्योग मेरठ एवं एसोसियेशन को निर्देश दिये गये कि उक्त संदर्भ में बैठक करके एक सप्ताह के भीतर प्रकरण का निस्तारण कर अवगत कराना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर आयुक्त उद्योग, मेरठ मण्डल, मेरठ, सी0टी0पी, मेरठ विकास प्राधिकरण, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक प्राधिकरण, नोएडा उपायुक्त उद्योग, गौतमबुद्धनगर, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, बागपत, बुलन्दशहर, अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण निगम क्षेत्रीय प्रबन्धक यूपीसीडा, क्षेत्रीय प्रबन्धक, उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम मेरठ, राज्य कर विभाग, राज्य कर अधिकारी, नगर निगम अधिकारी, बाट माप नियंत्रक अधिकारी, उप श्रमायुक्त, गाजियाबाद, पुलिस अधीक्षक, नगर, उपाध्यक्ष, हापुड पिलखुवा विकास प्राधिकरण, ताखा प्रबन्धक ईएसआईसी,पंकज कुमार गुप्ता यूपी चैम्बर ऑफ कामर्स अध्यक्ष, मिडफो, एवं अन्य उद्यमीगणों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# कांग्रेसियों ने भाजपा के कार्यालय का किया घेराव



**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** केंद्र में सत्तारूढ़ मोदी सरकार द्वारा मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध और बदले की भावना से गैर कानूनी तरीके से कार्रवाई की जा रही है इसी के विरोध में केंद्रीय नेतृत्व व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा द्वारा जिला अध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय का घेराव किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ता बजरंग चौराहे से चलकर पुष्पांजलि एंक्लेव स्थित जिला भाजपा के कार्यालय की ओर कूच कर गए और कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष मुकेश धनगर ने बताया कि जिस केस को पूरे एक दशक तक भाजपा की मोदी सरकार ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष व सांसद सोनिया गांधी जी नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दुष्प्रचार और मीडिया ट्रायल के लिए उछाला वह कानूनी रूप से अस्तित्वहीन निकला। न्यायालय ने यंग इंडियन केस में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ ई डी की कार्यवाही को खारिज करते हुए दुर्भावना से ग्रसित, फर्जी, अवैध करार दिया है।

# भाजपा दफ्तर का घेराव करने जाते कांग्रेसी गिरफ्तार

- पुलिस से नोकझोंक करते हुए सड़क पर दिया धरना
- केंद्र सरकार की कांग्रेसियों को ईडी के जरिए डराने की कोशिश कामयाब नहीं होगी: हाजी जुनैद इकराम

**अवधनामा संवाददाता**



**मुरादाबाद।** ईडी के जरिये झूठे केस में फंसाने की कोशिश के खिलाफ महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा भारतीय जनता पार्टी कार्यालय का घेराव करने जाते कार्यकर्ताओं को पुलिस ने भूड़ा चौराहे के पास रोक लिया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई और विरोध में कांग्रेसी सड़क पर धरना देकर बैठ गए। पुलिस ने महानगर अध्यक्ष समेत करीब दो सौ कार्यकताओं को हिरासत में ले लिया। इसी तरह जिला कमेटी को भी कोठीवाल नगर में रोक लिया गया है।

गुरुवार को महानगर अध्यक्ष हाजी जुनैद इकराम के नेतृत्व में कार्यकर्ता भूड़े का चौराहा स्थित कैंप कार्यालय पर एकत्रित हुए और भाजपा कार्यालय की ओर कूच किया। हालांकि, पुलिस प्रशासन ने दफ्तेर के पास ही पुलिस बल तैनात किया था जिन्होंने कार्यकताओं को रोक लिया। महानगर अध्यक्ष जुनेद इकराम भाजपा दफ्तर को घेराव करने पर अड़े रहे। इसी को लेकर दोनों तरफ से नोकझोंक भी हुई। पुलिस की तगड़ी घेराबंदी देख महानगर अध्यक्ष के आह्वान पर कार्यकर्ता सड़क पर धरना देकर बैठ गए। इस दौरान महानगर अध्यक्ष हाजी जुनैद इकराम ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार के इशारे पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) राहुल गांधी और सोनिया गांधी को प्रताड़ित कर रही है। यह लोकतंत्र की हत्या है। जब कार्यकर्ता शांतिपूर्ण विरोध करने निकलते हैं, तो प्रदेश सरकार पुलिस के दम पर हमारी आवाज को दबाने का प्रयास करती है। उन्होंने कहा है कि सत्य को जेल या लाठियों के दम पर दबाया नहीं जा सकता। कांग्रेस के सिपाही न हम डरने वाले हैं और न ही पीछे हटने वाले हैं। भाजपा की तानाशाही के खिलाफ हमारा संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान कार्यकताओं ने भाजपा सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन में अजय सारस्वत सोनी, नजाकत अंसारी, मौ0 शादान, रिजवान रईस, पार्षदगण भारतीय परवेज इस्लाम, नदीम उद्दीन, शमशेर अली, कमर सलीम, मौअज्जम अली, रेहान खान, अफसर अंसारी, अनवर मुम्ताज, नदीम, सोनू शर्मा, योगेश कुमार, सिराज, इस्तेकार मौहम्मद, बब्बन खान, महफूज अली, सोनी सैफी, शमशेर खान, दानिश कुरैशी, हाजी युसुफ अंसारी, नकी,कासिम, सुफियान खान, तबस्सुम खान, सतपाल सैनी, राजेन्द्र कश्यप, अली हस्नैन रिजवी, सुहैल परवेज, शहनाज आदि रहे। इसी तरह कोठीवाल कार्यालय से जिलाध्यक्ष विनोद गुंबर के नेतृत्व में कार्यकताओं को पुलिस के रोकने पर सीओ कोतवाली सुनीता दहिया को ज्ञापन दिया गया। अमीरुल हसन जाफरी, डॉ.राजेश सिंह, मुहम्मद अब्बास, सुधीर पाठक आदि शाामिल रहे।

# परेड का आकस्मिक निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आनन्द कुमार पाण्डेय द्वारा पुलिस लाईन देवरिया में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही प्रशिक्षुओं के परेड का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, अनुशासन, उपस्थिति एवं प्रशिक्षुओं की शारीरिक दक्षता का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी ने परेड ग्राउंड पर चल रहे शारीरिक व्यायाम, ड्रिल एवं परेड की विभिन्न गतिविधियों को देखा तथा प्रशिक्षुओं की फिटनेस, तालमेल और अनुशासन की सराहना की। उन्होंने प्रशिक्षकों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण के दौरान सभी मानकों का सख्ती से पालन कराया जाए तथा प्रशिक्षुओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रशिक्षुओं से संवाद करते हुए कहा कि पुलिस सेवा में अनुशासन, शारीरिक क्षमता और समयबद्धता का विशेष महत्व है। प्रशिक्षण काल में अर्जित की गई दक्षता ही भविष्य में कर्तव्यों के निर्वहन में सहायक सिद्ध होती है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को नियमित अभ्यास, सकारात्मक सोच एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ प्रशिक्षण पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने परेड की एकरूपता, कमांड की स्पष्टता एवं टर्नआउट पर भी ध्यान दिया तथा आवश्यक सुधार हेतु प्रशिक्षकों को मौके पर ही दिशा-निर्देश दिए। साथ ही, प्रशिक्षण के दौरान सुरक्षा मानकों, जलपान एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली।

## सुहानी राम्या का शूटिंग में राष्ट्रीय स्तर पर चयन



**सैदनगली।** नगर पंचायत निवासी मनोज गुप्ता की बेटी सुहानी राम्या ने राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में आयोजित 10 मीटर एयर पिस्टल चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसके आधार पर उनका टीम इंडिया के ट्रायल के लिए चयन हुआ है। बता दें कि सुहानी पहले क्षेत्रीय मैच एवं यूनिवर्सिटी मैच में स्वर्ण पदक हासिल कर चुकी है। गुरुजनों, परिवार की मेहनत एवं स्वयं की लगन के चलते सुहानी ने यह मकाम हासिल किया है। सुहानी के साथ ही सिमरन, दीक्षा, आराध्या ने भी राष्ट्रीय स्तर पर कामयाबी हासिल की। कोच नरेंद्र चौधरी का मानना है कि स्वयं की मेहनत एवं लगन के चलते हम किसी भी मकाम को हासिल कर सकते हैं। उनकी सफलता से घर परिवार व नगर मे हर्ष का माहौल है।

# शासनादेश की उड़ रही धज्जियाँ



- जनसमस्याओं पर भारी अफसरशाहीः भाटपार रानी के बीडीओ कर रहे शासनादेश की अवहेलना
- जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण को लेकर सरकार सख्त, फिर भी आदेशों की अवहेलना

**अवधनामा संवाददाता**

**भाटपार रानी (देवरिया)।** प्रदेश सरकार द्वारा जनसमस्याओं के त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण को लेकर सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। शासनादेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी (बीडीओ) अपनी तैनाती वाले जनपद एवं विकास खण्ड मुख्यालय पर अनिवार्य रूप से निवास करेंगे, ताकि आम नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित हो सके और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता एवं प्रभावशीलता बढ़ाई जा सके। इसके बावजूद भाटपार रानी विकास खण्ड में तैनात खण्ड विकास अधिकारी पी.एन. त्रिपाठी द्वारा शासन के निर्देशों की खुलेआम अवहेलना किए जाने का मामला सामने आया है। सूत्रों के अनुसार बीडीओ पी.एन. त्रिपाठी आए दिन रात्रि में विकास खण्ड मुख्यालय पर निवास न कर अपने गृह जनपद चले जाते हैं। बताया जा रहा है कि यह सिलसिला लंबे समय से जारी है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस पर आंख मूंदे हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात्रि में अधिकारी की अनुपस्थिति के कारण आपातकालीन जनसमस्याओं के समाधान में भारी परेशानी होती है। ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े मामलों में अक्सर तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता पड़ती है, लेकिन मुख्यालय पर अधिकारी के न मिलने से पीड़ितों को निराशा हाथ लगती है। सरकार द्वारा जारी निर्देशों में साफ तौर पर उल्लेख किया गया है कि यदि कोई खण्ड विकास अधिकारी अपने तैनाती स्थल के अतिरिक्त अन्यत्र निवास करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध सख्त



विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बावजूद इसके, भाटपार रानी में शासनादेश की अवहेलना खुलेआम होती दिखाई दे रही है, जो प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। जानकारों का कहना है कि यदि शासन स्तर पर जारी निर्देशों का पालन इस तरह नहीं होगा, तो जनसमस्याओं के समयबद्ध निस्तारण की सरकार की मंशा अधूरी रह जाएगी। स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह होगा कि शासन और जिला प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और क्या शासनादेश की अवहेलना करने वाले अधिकारी पर कोई ठोस कार्रवाई होती है या नहीं।

# भाजपा ने शीर्ष नेताओं की छवि धूमिल करने का कार्य किया: विजय मिश्र



**अवधनामा संवाददाता**

**कन्नौज।** प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर भाजपा की सरकार द्वारा फर्जी तरीके से ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग कर कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम शामिल कराकर उनकी छवि धूमिल करने का कार्य किया। लेकिन अदालत ने बिना चार्ज के उक्त याचिका को खारिज कर दिया। इसी आक्रोश के साथ गुरूवार को जिला भाजपा कार्यालय का घेराव करने जा रहे कांग्रेसियों को सीओ तिर्वा कुलवीर सिंह व कन्नौज कोतवाल जितेन्द्र प्रताप सिंह ने भारी पुलिस बल लगाकर रोक लिया। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय मिश्र ने कहा कि प्रशासन द्वारा कांग्रेसजनों को रोकने का कार्य सरकार के इशारे पर किया गया। उन्होंनें इसे जनता की आवाज को कुचलने का कार्य बताया। कहा कि जब जब इस सरकार के खिलाफकोई आवाज़ उठाता है। सरकार के इशारे पर उसे दबाने का कार्य किया जाता है। कांग्रेस के लोग डरने वाले नहीं हैं जब अंग्रेजो से हम नहीं डरे तो गोरों से क्या डरेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ दुष्प्रचार कांग्रेसी नहीं सहेंगे। इसके लिए कार्यकर्ता सड़क से लेकर संसद तक उतरकर इस सरकार का चेहरा जनता के सामने बेनकाब करेंगें।

# केंद्र सरकार केंद्रीय जांच एजेंसी का दुरुपयोग कर रही हैः ओमकार

- मोदी सरकार की ईडी द्वारा की गई कार्रवाई को अदालत ने गलत बताया

**अवधनामा संवाददाता**



**हसनपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर यंग इंडियन मामले में कांग्रेस पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी करोड़ों देशवासियों की आवाज नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध मोदी सरकार की बदनियत एवं बदले की भावना से ग्रस्त होकर ईडी द्वारा की गई गैरकानूनी गैर वैधानिक करवाई के विरोध में अमरोहा बीजेपी के जिला कार्यालय का घेराव का कार्यक्रम प्रस्तावित था दमनकारी नीति अपनाते हुए लोकतंत्र एवं प्रजातंत्र की हत्या करते हुए संवैधानिक मूल्यों का हनन करते हुए कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारियों को अमरोहा पुलिस द्वारा हाउस अरेस्ट किया गया कुछ पदाधिकारीयों को भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय का घेराव करने जाते वक्त कार्यालय के बाहर सड़क पर पुलिस द्वारा जबरदस्ती रोका गया यह पूरी तरह लोकतंत्र की हत्या है अधिकारी नौकरी नहीं कर रहे सरकार की गुलामी कर रहे हैं सरकारें आती जाती रहती हैं इस तरह की कार्रवाई जिला प्रशासन को शोभा नहीं देती। कार्यक्रम से पूर्व ही लोकतंत्र की मर्यादाओं को ताक पर रखते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अमरोहा के जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया के आवास पर देर रात्रि से ही पुलिस प्रशासन द्वारा पहरा लगा दिया गया। यह कदम कांग्रेस के शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक विरोध को रोकने तथा विपक्ष की आवाज को दबाने का खुला प्रयास है।

इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी अमरोहा के जिलाध्यक्ष श्री कटारिया ने कहा कि भाजपा सरकार सत्ता के नशे में लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचल रही है। ईडी जैसी संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को डराने और झूठे मामलों में फंसाने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी न कभी झुकी है और न झुकेगी। हम सत्य, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करते रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी का यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक था, किंतु सरकार की दमनकारी नीति के कारण प्रशासन को राजनीतिक दबाव में इस प्रकार की कार्रवाई करनी पड़ी, जो अत्यंत निंदनीय है।

जिला कांग्रेस कमेटी अमरोहा इस अलोकतांत्रिक एवं तानाशाही रवैये की कड़े शब्दों में निंदा करती है तथा केंद्र सरकार को आगाह करती है कि विपक्ष के नेताओं के विरुद्ध हो रही बदले की राजनीति तत्काल बंद की जाए। कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर संघर्ष करती रहेगी और किसी भी प्रकार के दबाव से पीछे नहीं हटेगी। निवर्तमान प्रदेश सचिव चौधरी सुखराज सिंह, पूर्व शहर अध्यक्ष फैज आलम राईनी जिला उपाध्यक्ष सचिन चौहान, अनवर हुसैन जिला महासचिव शाहिद सिद्दीकी, खेड़ी मेराजुल जफर, राजकुमार अरुण हाजी खुर्शीद अनवर, जिसान पाशा एडवोकेट यासिर अंसारी,सभासद इकबाल अंसारी, शमीम अली, डॉ मुशर्रफ़ खान इशरत हुसैन, शेर सिंह जाटव,राजपाल सैनी, अजमल एड., दीपक गौतम,शौकत अली, आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# विकसित भारत-जी राम जी से ग्रामीणों का जीवन बेहत्तर होगाः डॉ. बिनोद बिंद

- राहुल गांधी का काम ही है पक्ष के हर मुद्दों का विरोध करना : डॉ. बिनोद बिंद

**अवधनामा संवाददाता**



**चन्दौली।** विपक्ष मनरेगा म नाम बदल कर गांधी जी का अपमान कर रही के सवाल के जबाब में भदोही के बीजेपी सांसद डॉ बिनोद बिंद ने कहा कि केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना की जगह विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) का बिल लेकर आई है। इस बिल से ग्रामीण इलाकों के लोगों का जीवन बेहतर होगा। उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। महात्मा गांधी भी गांवों की बेहतरी ही चाहते थे। तो नए बिल से भला उनका कैसे अपमान होगा।

उन्होंने कहा विपक्ष का काम ही होता है विरोध करना लेकिन हर मुद्दों पर विरोध नही करना चाहिए। विरोध करना ही है तो साकारात्मक विरोध करे। उन्होंने कहा महात्मा गांधी व पंडित दीन दयाल उपाध्याय की सोच एक ही थी समाज की निचले पायदान के व्यक्ति को सुख, समृद्धि , रोजगार व सम्मान मिले। इस उद्देश्य को पूरा करते हुए हमारे देश के प्रधानमंत्री ने मनरेगा को केवल अपडेट किया है। मनरेगा में 100 दिन का काम मिलता था इसमें 125 दिन का काम मिलेगा। इसमें युवा , श्रमिक, ग्रामीण सभी लोगो को रोजगार मिलेगा। तीनो मिलकर कौसल को एक संकल्प के रूप में धरातल पर उतारने का काम करेंगे जिससे हमारे देश के यशश्वी प्रधानमंत्री मोदी जी का 2047 का विकशित बनाने का सपना साकार होगा।

पर्यावरण के मुद्दे पर बात करते हुए कहा कि कुछ जिम्मेदारियां नागरिकों के ऊपर भी होती है। अगर जिस दिन युवा अपनी सोच बदल देंगे बहुत सारी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। बड़ी बड़ी बातें करने से हम चिन्हित नही कर सकते है। जिस दिन युवा एक किलोमीटर जाने के लिए पैदल या सायकिल का उपयोग करने लगेगा उस दिन आधी समस्या का समाधान हो जाएगा। कहा कि युवाओं को एक सकारात्मक सोच के साथ देश व पर्यावरण के साथ उठना होगा। क्योंकि हमारे देश के प्रधानमंत्री मोदी जी जबसे प्रधानमंत्री बने है लगातार एक पेड़ मां के नाम लगाने का आव्हान किया है। पूरे देश मे 140 करोड़ से अधिक पेड़ लगाए भी जा चुके है।

इसी सोच के साथ जब हमारा पर्यावरण बचा रहेगा तभी हमारा देश बच पायेगा और आने वाली पीढ़ियों को हम कुछ दे पाएंगे। पार्लियामेंट चल रही हो उस दौरान राहुल गांधी को विदेश में होने पर बोले कि जब सदन चल रहा है उस दौरान पार्लियामेंट को छोड़ कर नही जाना चाहिए। देखा जाय तो राहुल गांधी विपक्ष के लीडर है लेकिन पक्ष के मुद्दे को नही सुनते उनका काम ही है केवल आरोप लगाना जिसका जबाब बिहार की जनता दे चुकी है।

# बालिका की नृशंस हत्या के बाद परिजनो से मिले पूर्व विधायक

- परिजनो को आर्थिक सहायता व राहत सामग्री प्रदान कर बंधाया ढाढस

**अवधनामा संवाददाता**



**बीघापुर-उन्नाव।** भगवंतनगर विधानसभा के सुमेरपुर ब्लॉक अंतर्गत हुलासीखेड़ा गांव में बारह वर्षीय अनुसूचित जाति की एक मूकबधिर बालिका की नृशंस हत्या के बाद पूर्व विधायक कृपाशंकर सिंह बाबूजी के पुत्र समाजवादी पार्टी युवाजन सभा के प्रदेश सचिव नितिन सिंह पटेल ने मृतक बालिका के घर पहुंचकर उसके परिजनों को आर्थिक सहायता सहित अन्य राहत सामग्री देकर संबल प्रदान किया।

बताते चलें कि पिछले दिनों हुलासीखेड़ा गांव में एक दलित बारह वर्षीय बालिका जो कि दिव्यांग मूकबधिर थी, उसकी नृशंस हत्या हो गई थी। मृतक बालिका के परिजन बेहद डरे व परेशान थे। गुरुवार को समाजवादी पार्टी के अन्य नेताओं के साथ युवजन सभा के प्रदेश सचिव नितिन सिंह पटेल गांव पहुंचकर दुखी परिवार से भेंट की और ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के हर पीड़ित, शोषित के साथ वे हर स्थिति में साथ खड़े हैं। दोषियों को दंडित कराने में परिवार को जो भी मदद लगेगी वे करेंगे। पूरी समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवार के साथ है। उन्होंने परिवार को आर्थिक सहायता भी प्रदान की साथ ही अन्य राहत सामग्री भी दी। इस दौरान उनके साथ विधान सभा अध्यक्ष ओमप्रकाश पासवान, उपाध्यक्ष सत्येंद्र यादव, प्रदेश सचिव श्रीनारायण पाल, बारी महासभा के प्रदेश अध्ययक्ष राजेंद्र बारी सहित अन्य कई समाजवादी पार्टी के नेता मौजूद रहे।

# हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई आदि की गंगा जमुनी तहजीब दिखी

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के डा0 जाकिर हुसैन इण्टर कालेज में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर क्षेत्र के संभ्रान्त नागरिकों, सेवानिवृत प्रशासनिक अधिकारियों शिक्षकों, समाजसेवियों आदि ने सौहार्द पूर्ण वातावरण को कायम रखने में सभी धर्म जाति के लोगों से एक दूसरे के धर्म का सम्मान व सहयोग करने का आवाहन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेन्द्र कुमार एवं अध्यक्षता सेवानिवृत्ति बेसिक शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष नवाज खां ने की। गुरूवार को कार्यक्रम में उपस्थिति सर्व समाज को सम्बोधित करते हुए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेन्द्र कुमार ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार अल्पसंख्यक समाज के चौमुखी विकास के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। साथ ही अल्पसंख्यक समाज को संवैधानिक अधिकार संविधान के अनुच्छेद 29 व 30 में दिए गए हैं। जिसको अल्पसंख्यक समाज अपनाए। उन्होने शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं का विस्तार से व्याख्यान करते हुए उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों को दर्ज करवाने की अपील की है। वरिष्ठ अधिवक्ता सूर्य प्रताप सिंह ने सभी समाज के लोगों को अपने बेटे-बेटियों का भेद मिटाकर अच्छी शिक्षा दिलवाने का आवाहन किया। शिक्षक संजय पौल ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आयोजक हाजी मसरूर अहमद ने सिख, ईसाई, बौद्ध, हिन्दू, मुस्लिम आदि सर्व समाज को बड़ी संख्या में कालेज परिसर में एकत्रित कर जाति-पाति का नाता तोड़कर मानवता से नाता जोड़कर चलने का जो संदेश दिया है वह प्रशंसनीय कार्य है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता तारिक बशीर ने उपस्थित जन समुदाय को अल्पसंख्यक हितों के बारे में विस्तार से समझाते हुए देश के प्रति सच्ची निष्ठा पर बल दिया। समसाद खां ने सौहार्द पूर्ण वातावरण को बिगाड़ने वाले लोगों से सावधान रहने के लिए सजग किया। जावेद फौजी एवं शायर उफ़क़ आदि ने अपने शायराना अंदाज में महफ़िल को सर्व समाज कि एकता पर बल दिया। कार्यक्रम के पश्चात प्रधानाचार्य हाजी मसरूर अहमद ने नगर व क्षेत्र से आये सभी संभ्रान्त नागरिकों, सेवानिवृत्ति प्रशासनिक अधिकारियों, समाज सेवियों, पत्रकारों को साल उढ़ाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में महिला कल्याण एवं बाल विकास की डीएमसी प्रतिमा ने घरेलू हिंसा एवं बाल विवाह रोकने पर बल दिया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्ति प्रवक्ता राम विलास शर्मा, पूर्व सूबेदार मेजर मो0 जावेद, परवेज अख्तर, कैप्टन इरफान हुसैन, मकबूल अहमद, हमीद खां, निजाम मंसूरी, मुनीर कुरैशी, वकील अहमद, जकील अहमद, तारिक बशीर, तीर्थ राज बौद्ध, डा0 जहीर आदि सैकड़ो संभ्रान्त नागरिक उपस्थित रहे।

## दंपति सहित पुत्र व पुत्री से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम मीरपुर निवासी रावेंद्र पुत्र सकटे द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 11 दिसंबर की दोपहर 01:30 वजे वह अपने घर की नाली साफकर रहा था। तभी गांव के ही रोहित, मोहित, अवनीश व रामनिवास लाठी डंडा लेकर आए और उसके साथ गाली गलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया तो उक्तगणों ने मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आए उसके पुत्र हरि ओम को भी मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद उपरोक्त लोग उसके घर में घुस गए और उसकी दिव्यांग पुत्रवधू देवकी एवं उसकी पत्नी और बेटी रेखा के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

# सिलसिला एवं तलाशे जौहर के तहत व्याख्यान एवं रचना पाठ आयोजित

**भोपाल।** मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग के तत्वावधान में ज़िला अदब गोशा, भोपाल के द्वारा सिलसिला एवं तलाशे जौहर के तहत व्याख्यान एवं रचना पाठ का आयोजन 17 दिसंबर 2025 को महादेवी वर्मा हॉल, हिन्दी भवन, भोपाल में किया गया।

भोपाल में आयोजित सिलसिला एवं तलाशे जौहर के लिए मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ नुसरत मेहदी ने अपने संदेश में कहा कि मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी कई वर्षो से निरंतर नई काव्य-प्रतिभाओं की खोज में सक्रिय है। फ़िलबदी शायरी मुकाबलों के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से उभरती आवाज़ों को पहचान और मंच दिया जा रहा है, और यह संतोष का विषय है कि ये प्रतिभाएँ आज बड़े साहित्यिक मंचों पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं।

भोपाल ज़िले के समन्वयक सैयद आबिद हुसैन ने बताया कि कार्यक्रम दो सत्रों पर आधारित था। प्रथम सत्र में दोपहर 2 ः00 बजे तलाशे जौहर प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें ज़िले के नये रचनाकारों ने तात्कालिक लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया। निर्णायक के रूप में भोपाल के उस्ताद शायर शाहिद सागरी एवं वरिष्ठ शायर अयाज़ क़मर मौजूद रहे जिन्होंने प्रतिभागियों शेर कहने के लिए दो तरही मिसरे दिये। दिये गये मिसरों पर नए रचनाकारों द्वारा कही गई ग़ज़लों एवं उनकी प्रस्तुति के आधार पर सा सैयद सरफ़राज़ अली ने प्रथम, एस एम मुबश्शिर ने द्वितीय एवं अरशद ख़ान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं ईशा को विशिष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तीनों विजेता रचनाकारों को उर्दू अकादमी द्वारा पुरस्कार राशि क्रमशः 3000/-, 2000/- और 1000/- एवं प्रमाण पत्र दिए गये।

दूसरे सत्र में दोपहर 3ः00 बजे सिलसिला के तहत व्याख्यान एवं रचना पाठ का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता भोपाल



के वरिष्ठ साहित्यकार एवं शायर कौसर सिद्दीक़ी ने की। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में अमेरीका से पधारे डॉ अब्दुल्लाह एवं विशिष्ट अतिथियों के रूप में शमीम ज़हरा एवं नफ़ीसा सुल्ताना अना मंच पर उपस्थित रहे। रचना पाठ में जिन शायरों ने अपना कलाम पेश किया उनके नाम और अशआर निम्न हैं ः

**तिरा साथ**

एक समुन्दर है हवादिस का जो घेरे है मुझे  
कश्ती ए ज़ात शिकस्ता है बहुत  
ऐसे आलम में कोई हर्फ़े तसल्ली तेरा  
एक पतवार सा लगता है मुझे  
ऐसे आलम में तेरा हर्फ़े दुआ  
बादबां कोई खुला ही हो जैसे  
ऐसे असलम में तेरा हाथ  
के मुसा का असा हो जैसे  
रास्ता भी समुन्दर के बना हो जैसे  
ऐसे आलम मे तीरा साथ के हमराह खुदा हो जैसे

**डॉ अब्दुल्लाह**

अजब पतझड़ भरी तन्हाइयाँ हैं  
कई पल पत्ता पत्ता झड़ रहे हैं  
गुज़रते वक़्त के पैरों से दब कर  
मुसलसल चुरमुराते उड़ रहे हैं।  
उदासी पीले रंगों को पहन कर  
दरख़्तों पर उधर सिमटी हुई है  
शजर संग बेल जैसी यादे माज़ी  
कहीं इस ज़ेहेन से लिपटी हुई है

**शमीम ज़हरा**

तज़ब्ज़ुब में मुझे रखती हैं अक्सर  
कभी माइल कभी कतराई आंखें  
नफ़ीसा सुल्ताना अना  
मेरे दिल की है मिट्टी नम तो मैं इसमें  
नए अंदाज़ की दुनिया उगाऊंगा

**सलीम सरमद**

मुझे ये याद रखना था कि ताल्लुक ख़त्म हैं सारे  
तुम्हे क्यों भूल जाने में ज़माने लग गए फिर भी

**शिफ़ाली पाण्डेय**

अगरचे आज नहीं कल हिसाब मांगेगा  
ज़मीर सबका सभी से जवाब मांगेगा  
सुहैल उमर  
बोझ होते हैं गुज़िश्ता कामयाबी के मक़ाम  
भूलते रहिए पुराना कुछ नया करने के बाद

**मशगूल मेहरबानी**

नाज़ कर कि तेरा चाक दामन कभी  
कोई मैला नहीं कर सका ज़िंदगी

**प्रशस्त विशाल**

धूआँ धूआँ सा ये आलम दिखाई देता है  
तुम्हारे हिज्र का मौसम दिखाई देता है

**समीना क़मर**

कार्यक्रम का संचालन रिज़वान उद्दीन फ़ारूक़ी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में ज़िला समन्वयक सैयद आबिद हुसैन ने सभी अतिथियों, रचनाकारों एवं श्रोताओं का आभार व्यक्त किया।

## चौथा टी20 रद्द होने पर शशि थरूर ने बीसीसीआई को घेरा

**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच लखनऊ में खेला जाने वाला चौथा टी20 कोहरे के चलते रद्द करना पड़ा था। अब कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने इस पर प्रतिक्रिया दी है और बीसीसीआई ने तिरुवनंतपुरम को अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी सौंपने की मांग की है।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच लखनऊ में खेला जाने वाला चौथा टी20 मुकाबला कोहरा के चलते रद्द हो गया। अब इसे लेकर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को घेरा है। थरूर ने लखनऊ में वायु गुणवत्ता की आलोचना की है और ऐसी परिस्थिति में अंतरराष्ट्रीय मुकाबले की मेजबानी सौंपने के फैसले पर सवाल उठाए हैं।

## टेनिस जगत में बड़ा बदलाव अल्कराज फरेरो की सफल जोड़ी बिछड़ी



**नई दिल्ली।** विश्व नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज ने अपने लंबे समय के कोच जुआन कार्लोस फरेरो से अलग होने की घोषणा की। फरेरो के मार्गदर्शन में अल्कराज ने छह ग्रैंड स्लैम खिताब जीतकर टेनिस की दुनिया में नई ऊंचाइयां हासिल कीं।

विश्व के शीर्ष रैंकिंग वाले टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज ने अपने लंबे समय से कोच रहे जुआन कार्लोस फरेरो के साथ सात साल की सफल साझेदारी समाप्त करने का फैसला किया है। फरेरो वही कोच हैं जिन्होंने अल्कराज को पुरुष टेनिस के शिखर तक पहुंचाया। अल्कराज ने बुधवार को सोशल मीडिया पर इस फैसले की घोषणा की। वहीं फरेरो ने अलग बयान में अपने शिष्य का धन्यवाद करते हुए कहा कि वे इस साझेदारी को जारी रखना चाहते थे। फरेरो ने अल्कराज को 15 साल की उम्र से कोचिंग दी, जिसके दम पर स्पेनिश स्टार ने कुल छह ग्रैंड स्लैम खिताब जीते। इनमें दो फ्रेंच ओपन, दो विंबलडन और दो यूएस ओपन शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने 24 एटीपी टूर खिताब अपने नाम किए, जिनमें आठ मास्टर्स 1000 ट्रॉफियां शामिल हैं। 22 वर्षीय अल्कराज ने लिखा, सात साल से ज्यादा समय साथ बिताने के बाद, जुआनकी और मैंने कोच और खिलाड़ी के रूप में अपनी यात्रा को यहीं समाप्त करने का फैसला किया है। मेरे बचपन के सपनों को हकीकत में बदलने के लिए धन्यवाद। जब हमने यह सफर शुरू किया था, तब मैं बस एक बच्चा था। आपने कोर्ट के अंदर और बाहर, हर कदम पर मेरा साथ दिया। मैंने इस यात्रा के हर पल का भरपूर आनंद लिया।

फरेरो के साथ ही अल्कराज 2022 में 19 साल की उम्र में यूएस ओपन जीतकर एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 बनने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने थे। फरेरो ने कहा, आज का दिन मुश्किल है।

ऐसे मौकों पर सही शब्द ढूंढना आसान नहीं होता। अलविदा कहना कभी आसान नहीं होता, खासकर तब जब इतने अनुभव साथ साझा किए हों। हमने कड़ी मेहनत की, साथ बढ़े और अविस्मरणीय पल जिए।

## ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने दिखाया दम



**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच तीसरा एशेज टेस्ट मैच एडिलेड में खेला जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 371 रन पर ऑलआउट हुई। इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही, लेकिन बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर ने टीम की पारी को संभाले रखा है।

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच तीसरे एशेज टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त हो गया है। इंग्लैंड ने स्टंप्स तक पहली पारी में आठ विकेट पर 213 रन बनाए हैं और वह फिलहाल ऑस्ट्रेलिया से 158 रन पीछे चल रहा है। दिन के खेल की समाप्ति तक बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर क्रीज पर मौजूद हैं। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 371 रन बनाए थे।

पैट कमिंस की अगुआई में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने अपना दम दिखाया था और इंग्लैंड को लगातार झटके दिए। हालांकि, कप्तान स्टोक्स दूसरे छोर पर टिके रहे। उनका साथ जोफ्रा आर्चर ने निभाया। इन दोनों बल्लेबाजों ने नौवें विकेट के लिए अब तक 45 रनों की साझेदारी कर ली है। स्टोक्स 45 और आर्चर 30 रन बनाकर खेल रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए कमिंस ने तीन विकेट लिए हैं, जबकि स्कॉट बोलैंड और नाथन लियोन को दो-दो सफलता मिली है। कैमरन ग्रीन को एक विकेट मिला है। इससे पहले, कप्तान पैट कमिंस और नाथन लियोन ने शानदार गेंदबाजी की जिससे ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे एशेज टेस्ट मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड को पहली पारी में शुरुआती झटके दिए। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में ऑलआउट करने के बाद उतरी इंग्लैंड को जैक क्रावले और बेन डकेट ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 37 रन जोड़े, लेकिन कमिंस ने क्रावले को आउट कर इंग्लैंड को पहला झटका दिया। क्रावले नौ रन बनाकर आउट हुए। इसके कुछ देर बाद लियोन ने ओली पोप को अपना शिकार बनाया दो तीन रन ही बना सके। लियोन ने फिर डकेट को बोल्ड कर इंग्लैंड को तीसरा झटका दिया। डकेट 29 रन बनाकर पवेलियन लौटे। ऑस्ट्रेलिया के लिए जो रूट खतरा बन सकते थे, लेकिन कमिंस ने उन्हें आउट करने में ज्यादा देर नहीं लगाई। रूट 19 रन बनाकर आउट हुए। शुरुआती झटकों के बाद स्टोक्स और हैरी ब्रूक ने इंग्लैंड को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 56 रनों की साझेदारी हुई जिससे इंग्लैंड का स्कोर 120 रन के पार पहुंच गया। यह साझेदारी और बड़ी होती उससे पहले ही ग्रीन ने ब्रूक को आउट कर दिया। ब्रूक 63 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 45 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद स्टोक्स ने जैमी स्मिथ के साथ मिलकर पारी को संभाला और दोनों के बीच 32 रनों की साझेदारी हुई। कमिंस ने फिर स्मिथ को आउट किया जो 22 रन बनाकर पवेलियन लौटे। फिर बोलैंड ने पहले विल जैक्स को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को सातवीं सफलता दिलाई जो छह रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने फिर ब्राइडन कार्स को खाता खोले बिना आउट किया।

## उथप्पा ने बुमराह के कार्यभार प्रबंध का समर्थन किया

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा का मानना है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का कार्यभार प्रबंध जरूरी है। बुमराह फिलहाल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा ले रहे हैं। भारतीय टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के कार्यभार प्रबंध को लेकर हमेशा की चर्चा होती रहती है। अब इस मामले पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने भी राय रखी है और बुमराह के वर्कलोड मैनेजमेंट का समर्थन किया है। उथप्पा का मानना है कि बुमराह का एक्शन और तेज गति उनके शरीर पर अत्यधिक दबाव डालती है और उन्हें पूरी तरह से फिट रखने के लिए उनका कार्यभार का प्रबंधन करना बेहद जरूरी हो जाता है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में बुमराह को आराम दिया गया था और उन्होंने पांच मैचों की टी20 सीरीज में वापसी की। बुमराह के वर्कलोड को लेकर कई बार भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की आलोचना की गई है, लेकिन उथप्पा ने इसका समर्थन किया है। उथप्पा ने कहा, बुमराहबेमिसाल मैच विजेता हैं और उनके कार्यभार का प्रबंध करना बेहद जरूरी है। तेज गेंदबाजी शायद इस खेल का सबसे मुश्किल कौशल है और बुमराह इसे बेहद तेज गति से और चुनौतीपूर्ण एक्शन के साथ करते हैं। आप उनको पूरी तरह से फिट बनाए रखना चाहते हैं लेकिन साथ ही आप यह भी चाहते हैं कि वह पर्याप्त क्रिकेट खेलें। हम सभी उनकी प्रतिभा से वाकिफ है और उम्मीद है कि वह विश्व कप से पहले होने वाले मैचों में निरंतरता बनाए रखने में सफल रहेंगे।

## लियोनल मेसी का अनोखा अंदाज, वंतारा में अनंत अंबानी के साथ किया शिव अभिषेक

**जामनगर।** लियोनेल मेसी ने मंगलवार को गुजरात के जामनगर स्थित अनंत अंबानी के वंतारा परिसर में भगवान शिव का अभिषेक किया। मेसी के साथ इंटर मियामी के उनके साथी खिलाड़ी लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डी पॉल भी मौजूद थे।

फुटबॉल जगत के दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेसी ने मंगलवार को गुजरात के जामनगर स्थित अनंत अंबानी के वंतारा परिसर में भगवान शिव का अभिषेक किया। मेसी के साथ इंटर मियामी के उनके साथी खिलाड़ी लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डी पॉल भी मौजूद थे।

इस दौरान मेसी को शिवलिंग के सामने पूजा-अर्चना करते और ध्यान लगाते हुए देखा गया। इस



कार्यक्रम की तस्वीरें समाचार एजेंसी एएनआई ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा कीं, जिन्हें देखकर भारत और दुनिया भर के प्रशंसकों में खासा उत्साह देखने को मिला। वीडियो में मेसी अपने साथियों के साथ ध्यान करते नजर आए। मेसी ने अनंत अंबानी द्वारा स्थापित वंतारा, जो एक वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र है, का विशेष दौरा किया। वंतारा में प्राचीन भारतीय परंपराओं के साथ आधुनिक, विज्ञान-आधारित पशु कल्याण की अवधारणा को अपनाया जाता है। यहां किसी भी पहल की शुरुआत सनातन धर्म की परंपरा के अनुसार आशीर्वाद लेने से की जाती है, जो प्रकृति और सभी जीवों के प्रति सम्मान का संदेश देती है। इसी परंपरा का पालन करते हुए मेसी ने हिंदू धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया, वन्यजीवों को नजदीक से देखा और देखभाल करने वाली टीम व संरक्षण विशेषज्ञों से बातचीत की। यह अनुभव उनके विनम्र और मानवीय स्वभाव को दर्शाता है, जिसके लिए वे विश्वभर में जाने जाते हैं।

लियोनेल मेसी का भारत दौरा 15 दिसंबर को संपन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने कोलकाता, हैदराबाद, मुंबई और नई दिल्ली का दौरा किया और हजारों प्रशंसकों से मुलाकात की। अरुण जेटली स्टेडियम में अपने संक्षिप्त संबोधन में मेसी ने भारतीय प्रशंसकों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि उन्हें भारत में अपने प्रति प्यार और प्रशंसा का अंदाजा था, लेकिन इसे करीब से महसूस करना उनके लिए बेहद

## पीएसजी ने फ्लेमेंगो को हराकर इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीता



**दोहा।** पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के लिए 2025 का साल शानदार रहा है और उसने अब इस वर्ष अपनी छठी ट्रॉफी जीत ली है। पीएसजी ने फ्लेमेंगो को हराकर इंटरकॉन्टिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता।

पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने फ्लेमेंगो को हराकर इंटरकॉन्टिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया है। पीएसजी की इस जीत के हीरो मात्वेई सफोनोव रहे जिन्होंने पेनल्टी शूटआउट में लगातार चार पेनल्टी बचाई। पीएसजी की इस साल यह छठी ट्रॉफी है। निर्धारित और अतिरिक्त समय के बाद स्कोर 1-1 से बराबर था जिसके बाद पीएसजी ने पेनल्टी शूटआउट में 2-1 से जीत हासिल की।

मैच खत्म होते ही रूसी गोलकीपर सफोनोव को उनके साथियों ने हवा में उछाल दिया। पीएसजी ने इस तरह से वर्ष 2025 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उसने इससे पहले डेस चैंपियंस, फ्रेंच लीग, फ्रेंच कप, चैंपियंस लीग और यूईएफए सुपर कप जीता था। ख्विचा क्वारात्स्खेलिया ने 38वें मिनट में पीएसजी को बढ़त दिलाई, जिसके बाद 62वें मिनट में जोर्जिन्हो ने पेनल्टी को गोल में बदलकर ब्राजील के क्लब फ्लेमेंगो को बराबरी दिलाई।

## धुरंधर में अक्षय खन्ना की अदाकारी पर फिदा हुईं सौम्या टंडन



**मुंबई।** फिल्म धुरंधर में अक्षय खन्ना ने जबरदस्त अदाकारी की है। उनकी साथी कलाकार सौम्या टंडन उनकी अदाकारी से प्रभावित हैं। उन्होंने अक्षय खन्ना के बारे में एक खास बात कही है।

फिल्म धुरंधर इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। दर्शक और आलोचक इसकी सराहना कर रहे हैं। फिल्म में सभी कलाकारों के साथ अक्षय खन्ना और सौम्या टंडन की अदाकारी की काफी तारीफ हो रही है। ऐसे में फिल्म में अभिनय करने वाली अभिनेत्री सौम्या टंडन ने एक पोस्ट लिख कर अक्षय खन्ना की तारीफ की है। उन्होंने दोबारा अक्षय खन्ना के साथ काम करने की इच्छा जताई है। धुरंधर में सौम्या टंडन ने अक्षय खन्ना के किरदार रहमान डकैत की पत्नी का रोल निभाया है। अक्षय खन्ना की तारीफ करते हुए सौम्या टंडन ने एक्स पर लिखा अक्षय खन्ना जादूगर हैं। हमें मुश्किल से ही बात करने का मौका मिलता है।

लेकिन जब कैमरा सामने होता है, तब एक अलग तरह का संपर्क बन जाता है। मुझे लगता है कि मेरी उनके साथ अच्छी केमिस्ट्री है। उनके जैसे कलाकार के साथ काम करना वाकई एक सपने जैसा है। वह अच्छे आर्टिस्ट हैं। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। उनके जैसे काबिल इंसान के साथ अभिनय करना खुशी की बात है।

सौम्या टंडन ने अपनी बात को खत्म करते हुए लिखा मुझे सच में उम्मीद है कि किसी दिन हम फिर से साथ में काम करेंगे। इसके लिए मैं दुआ करती हूं। पायल गेमिंग के सपोर्ट में आईं अंजलि अरोड़ा, बयां किया अपना दर्द कहा- आज भी हो रहा नुकसान

आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, आर माधवन, सारा अर्जुन और कई दूसरे कलाकार हैं। 5 दिसंबर को फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। खबर लिखे जाने तक इसने बॉक्स ऑफिस पर 443 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।

## ‘चिरंजीवी हनुमान- द इटरनल’ की पहली झलक आई सामने

**वादियां**

**1 मिनट 11 सेकंड के इस फर्स्ट ग्लिम्प्स वीडियो की शुरुआत में झरना और खूबसूरत वादियां दिखती हैं।**

**मुंबई।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई लगातार अपने पैर पसार रहा है। अब एआई द्वारा निर्मित फिल्म ‘चिरंजीवी हनुमान- द इटरनल’ की पहली झलक सामने आई है। देखिए कैसी है पहली झलकज

एआई तकनीक से बनाई गई फिल्म ‘चिरंजीवी हनुमान- द इटरनल’ की पहली झलक आज सामने आ गई। भगवान हनुमान जी के बारे में बताती यह फिल्म साल 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।



‘चिरंजीवी हनुमान- द इटरनल’ को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली भारत की पहली एआई द्वारा निर्मित फिल्म बताया जा रहा है। हालांकि, अभी फिल्म की रिलीज डेट सामने नहीं आई है।

1 मिनट 11 सेकंड के इस फर्स्ट ग्लिम्प्स वीडियो की शुरुआत में झरना और खूबसूरत वादियां दिखती हैं। इसके बाद पर्वतीय गुफाओं के पार पवन पुत्र हनुमान की छवि दिखती है। जंगलों के बीच से कैमरे की जबरदस्त मूवमेंट के बाद पवन पुत्र हनुमान को हवा में विचरण करते हुए दिखाया जाता है। हाथों में गदा लिए हनुमान जी को अभी सिर्फ पीछे से दिखाया गया है। उनका चेहरा अभी सामने नहीं आया है। बैकग्राउंड में हनुमान चालीसा की पंक्तियां भी सुनाई देती हैं। पहली झलक दिखाता ये वीडियो फिल्म को लेकर दर्शकों को उत्साहित जरूर करता है।

‘चिरंजीवी हनुमान’ को नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले निर्देशक राजेश मापुस्कर ने निर्देशित किया है। जबकि फिल्म का निर्माण आलोक जैन, अजीत अंधारे, विजय सुब्रमण्यम और विक्रम मल्होत्रा ने स्टार स्टूडियो 18 के सहयोग से किया है। निर्माताओं ने प्रामाणिकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया है। मेकर्स ने यह प्रयास किया है कि भगवान हनुमान पर आधारित होने के नाते कहानी का सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व बना रहा। फिल्म सच्चाई के निकट लगे।

हालांकि, फिल्म की कहानी और इससे जुड़े पहलुओं को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। फिल्म को 2026 में रिलीज किया जाना है। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि फिल्म को 2026 में हनुमान जयंती के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज किया जा सकता है। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक पुष्टि नहीं की है।

## भारत ही नहीं पाकिस्तान में भी धुरंधर ने काटा भौकाल

**फिल्म**

**रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर इन दिनों सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर ही नहीं, बल्कि एक अलग वजह से भी सुर्खियों में है।**

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर गदर मचाया हुआ है। भारत में फिल्म को काफी पंसद किया गया है। हालांकि पड़ोसी देश में भी फिल्म का जलवा देखने को मिल रहा है।

रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर इन दिनों सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर ही नहीं, बल्कि एक अलग वजह से भी सुर्खियों में है। जासूसी और देशभक्ति के ताने-बाने में बुनी यह फिल्म पाकिस्तान में बैन होने के बावजूद वहां सबसे ज्यादा पायरेट की जाने





वाली फिल्म बन गई है। हैरानी की बात यह है कि अवैध डाउनलोड के मामले में इसने रजनीकांत की ‘2.0’ और शाहरुख खान की ‘रईस’ जैसी बड़ी फिल्मों को भी पीछे छोड़ दिया है।

फिल्म के पाकिस्तान में रिलीज न होने के फैसले से वहां के दर्शकों की उत्सुकता और भी बढ़ गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिलीज के शुरुआती दो हफ्तों में ही करीब 20 लाख से ज्यादा बार फिल्म को गैरकानूनी तरीके से डाउनलोड किया गया। यही वजह है कि धुरंधर अब पाकिस्तान में सबसे ज्यादा पायरेट होने वाली फिल्मों की सूची में सबसे ऊपर पहुंच चुकी है।

रिपोर्ट्स की मानें तो पाकिस्तान और कुछ खाड़ी देशों में बैन के कारण मेकर्स को लगभग 50 से 60 करोड़ रुपये के संभावित राजस्व का नुकसान हुआ है। इसके बावजूद फिल्म की कमाई का ग्राफ लगातार ऊपर जा रहा है। भारत में %धुरंधर% ने 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है, जबकि इंटरनेशनल मार्केट से फिल्म 140 करोड़ रुपये से ज्यादा कमा चुकी है। अनुमान लगाया जा रहा है कि वर्ल्डवाइड कलेक्शन जल्द ही 700 करोड़ रुपये के करीब पहुंच सकता है। धुरंधर में रणवीर सिंह ने भारतीय खुफिया अधिकारी हमजा का किरदार निभाया है, जो पाकिस्तान के ल्यारी इलाके में आतंक नेटवर्क को खत्म करने के मिशन पर जाता है। फिल्म में अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर. माधवन, अर्जुन रामपाल और राकेश बेदी जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। जहां कुछ दर्शकों ने फिल्म की कहानी पर सवाल उठाए हैं, वहीं कई लोगों ने कलाकारों की दमदार परफॉर्मेंस की खुलकर तारीफ की है।

फिल्म को लेकर विवाद भी थमने का नाम नहीं ले रहा। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की ओर से कराची कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें फिल्म में पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की तस्वीरों के इस्तेमाल पर आपत्ति जताई गई है। याचिका में फिल्म की कास्ट और क्रू के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है।

## पेरिस से निकलकर रोम पहुंची एमिली

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स पर मच अवेटेड सीरीज एमिली इन पेरिस का पांचवा सीजन रिलीज हो चुका है। सीरीज में पहले की ही तरह एमिली की कहानी और ज्यादा दिलचस्प हो गई है। जानें सीरीज की स्टारकास्ट और कहानी के बारे में। भारत में नेटफ्लिक्स पर सीरीज एमिली इन पेरिस का पांचवा सीजन रिलीज हो गया है। दोपहर 1:30 बजे से सीरीज की स्ट्रीमिंट ओटीटी प्लेटफॉर्म पर शुरू हो गई है। इस बार एमिली कूपर की जिंदगी पहले से कहीं ज्यादा उलझ चुकी है। प्यार, करियर और पहचान की तलाश- इन सबके बीच एमिली का सफर अब सिर्फ पेरिस तक सीमित नहीं रहा। खास बात यह है कि इस बार मेकर्स ने पूरे सीजन को एक साथ रिलीज किया है, यानी सभी 10 एपिसोड एक ही दिन में उपलब्ध हैं। इससे पहले के सीजन की तरह इस बार दर्शकों को किसी दूसरे पार्ट का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

## पायल गेमिंग के सपोर्ट में आईं अंजलि अरोड़ा



**मुंबई।** पायल गेमिंग कथित एमएमएस वीडियो के वायरल होने को लेकर चर्चा में हैं। अभिनेत्री अंजलि अरोड़ा ने उनका सपोर्ट किया है। उन्होंने अपना दर्द भी बयां किया है।

इन्फ्लुएंसर और यूट्यूबर पायल गेमिंग इन दिनों कथित एमएमएस के चलते सुर्खियों में हैं। बताया जाता है कि वायरल एमएमएस वीडियो में पायल गेमिंग हैं। हालांकि उन्होंने दावा किया है कि यह एमएमएस उनका नहीं है। इस मामले पर अब एक्ट्रेस अंजलि अरोड़ा की प्रतिक्रिया सामने आई है। अंजलि अरोड़ा ने अपने साथ हुए इसी तरह के एक मामले को याद किया है। उनके मुताबिक ऐसे झूठ का दर्द लड़कियां वर्षों तक झेलती हैं जबकि इसे फैलाने वाले इसके बारे में नहीं सोचते हैं। पायल गेमिंग के मामले को लेकर अंजलि अरोड़ा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की है। उन्होंने लिखा तीन साल पहले मैंने एक फेक एमएमएस वायरल होने का दर्द झेला था। वही चीजें आज पायल के साथ होता देख वह दर्द ताजा हो गया है। लोगों को एहसास नहीं कि उनकी प्रतिक्रिया कितनी नुकसान पहुंचाती है। उनके लिए यह एक मिनट का मनोरंजन है, लेकिन हमारे लिए यह वर्षों का दर्द बन जाता है। झूठे विवादों के चलते मुझे कई प्रोजेक्ट से निकाल दिया गया। आज भी मुझे इसका नुकसान झेलना पड़ रहा है।

अभिनेत्री ने आगे लिखा अभी भी मुझे मेरे कमेंट सेक्शन में दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ता है। लोग गंदी भाषा का इस्तेमाल करते हैं। वह यह नहीं सोचते कि मुझ पर इसका क्या असर पड़ेगा। यह परेशान करने वाली बात है कि लोग झूठी चीजों पर तुरंत यकीन कर लेते हैं। ऐसी मानसिकता बहुत खराब होती है। इसे सहा नहीं जा सकता। कोई भी महिला बिना आधार के झूठ झेलने की हकदार नहीं है।

कौन हैं पायल गेमिंग? एमएमएस वीडियो वायरल होने के बाद चर्चा में आया नाम

कौन हैं अंजलि अरोड़ा?

अंजलि अरोड़ा सोशल मीडिया सेंसेशन हैं। वह कई म्यूजिक वीडियोज में नजर आ चुकी हैं। वह रियलिटी शो लॉकअप का हिस्सा रही हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 13 मिलियन फॉलोवर्स हैं। कच्चा बादाम वाला उनका एक वीडियो वायरल हुआ था, जिससे वह मशहूर हुईं। इसके बाद उनका कथित एमएमएस वायरल हुआ।

## हैदराबाद में भाजपा के खिलाफ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन से पहले सुरक्षा बढ़ाई गई




**नई दिल्ली।** कर्नाटक कांग्रेस आज नेशनल हेराल्ड के विरोध में मार्च कर रही है। इसको देखते हुए मार्च करने वाले रास्ते में भारी सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। तेलंगाना कांग्रेस मुख्यालय, गांधी भवन, और नामपल्ली, हैदराबाद में श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन में बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) ने नेशनल हेराल्ड मामले के संबंध में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ गलत आरोपों में फंसाने का आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की घोषणा की थी। इस मार्च में टीपीसीसी अध्यक्ष और विधान पार्षद महेश कुमार गौड़, अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ मौजूद होंगे। मार्च गांधी भवन से नामपल्ली में तेलंगाना बीजेपी मुख्यालय तक होना है। अधिकारियों ने कानून व्यवस्था बनाए रखने और मार्च के दौरान किसी भी घटना को रोकने के लिए दोनों स्थानों पर बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया है। इस बीच, बुधवार को कई विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस सांसदों ने सत्यमेव जयते; सत्य की जीत होती है! लिखे पोस्टर पकड़े हुए थे। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी नेशनल हेराल्ड मामले में सरकार द्वारा बदले की राजनीति करने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। बुधवार को, कर्नाटक कांग्रेस नेताओं के साथ मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भी बेलगावी में सुवर्णा सौधा में गांधी प्रतिमा के पास नेशनल हेराल्ड मामले और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम का नाम बदलकर वीबी-जी राम जी करने के फैसले को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

# राजद नेता मनोज झा ने सांसदों को लिखा खुला पत्र

**न्याय**

> यह संविधान की ओर से दी गई गरिमा, आजीविका और सामाजिक न्याय की गारंटी को दर्शाता है।



**नई दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने अन्य सांसदों को एक खुला पत्र लिखकर उनसे वीबी-जी-राम-जी विधेयक, 2025 का विरोध करने की अपील की है। झा ने यह भी कहा कि 125 दिनों तक काम देने का दावा भी भ्रामक है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद मनोज झा ने गुरुवार संसद के अन्य सदस्यों को खुला पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने सदस्यों से मनरेगा की रक्षा करने और उसकी जगह लेने के लिए लाए गए विकसित भारत जी-राम-जी विधेयक का विरोध करने की अपील की। राज्यसभा सदस्य झा ने पत्र में महात्मा गांधी के जंतर का हवाला दिया है, जिसमें फैसला लेते समय सबसे गरीब व्यक्ति के चेहरे को याद रखने की बात कही गई है। मनोज झा इन पत्र को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया। उन्होंने कहा कि मनरेगा केवल एक सरकारी योजना नहीं है, बल्कि यह भारत गणराज्य की ओर से अपने सबसे गरीब नागरिकों से किया गया नैतिक वादा है। यह संविधान की ओर से दी गई गरिमा, आजीविका और सामाजिक न्याय की गारंटी को दर्शाता है। राज्यसभा सांसद ने अपने तर्क को मजबूत करने के लिए गांधी के जंतर का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि गांधी हमें यह याद दिलाने को कहते थे कि हमने जिस सबसे गरीब और कमजोर व्यक्ति को देखा है, उसका चेहरा याद करें और खुद से पूछें कि जो फैसला हम लेने जा रहे हैं, क्या वह उस व्यक्ति के किसी काम आएगा और क्या वह उसे अपने जीवन पर नियंत्रण वापस दिलाएगा। उन्होंने कहा कि गांधी का मानना था कि जब कोई निर्णय इस कसौटी पर खरा उतरता है, तो सभी संदेह खत्म हो जाते हैं। यह जंतर सार्वजनिक जीवन के हर फैसले का मार्गदर्शन करने के लिए था और आज वे उसी सिद्धांत को ध्यान में रखकर यह पत्र लिख रहे हैं। उन्होंने वीबी-जी-राम-जी विधेयक, 2025 का विरोध करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकसभा में इस विधेयक पर देर रात तक चर्चा हुई। उन्होंने राज्यसभा के सदस्यों से भी आग्रह करते हैं कि वे इसका विरोध करें। मनोज झा ने कहा कि मनरेगा कानून 2005 सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के समर्थन से बनाया गया था। उस समय संसद ने यह साझा सांविधानिक जिम्मेदारी मानी थी कि सम्मान के साथ काम का अधिकार हमारी लोकतांत्रिाक प्रणाली का अहम हिस्सा है। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 41 का भी हवाला दिया, जिसमें राज्य को बेरोजगारी और जरूरतमंदों को काम और सरकारी मदद सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा ने इस निर्देश को कानूनी गारंटी में बदला, लेकिन प्रस्तावित विधेयक इस गारंटी को खत्म कर देता है।

## संसदीय पैनल ने खदानों के चालू होने में देरी पर जताई चिंता



**नई दिल्ली।** एक संसदीय पैनल ने खदानों की नीलामी और उनके चालू होने के बीच होने वाली देरी पर चिंता जताई है। समिति ने सुझाव दिया है कि खनिज और महत्वपूर्ण खनिज परियोजनाओं के लिए नीलामी के बाद की प्रगति की निगरानी के लिए एक अंतर-मंत्रालयी समिति गठित की जाए। पैनल ने इस बात पर भी जोर दिया कि महत्वपूर्ण खनिज परियोजनाओं को जरूरी वैधानिक मंजूरी में प्राथमिकता दी जानी चाहिए। समिति ने कहा कि खदानों में काम शुरू करने की रेगुलेशन क्लीयरेंस की प्रक्रिया बहुत लंबी है। जिससे खदान की नीलामी से लेकर खदान में काम शुरू करने के बीच लंबा वक्त लगता है। सरकार को इसमें दखल देने की जरूरत है। ये सुझाव कोयला, खदान और स्टील मामलों की संसदीय समिति ने अपनी हालिया रिपोर्ट में दिए हैं। कहा गया है कि खदानों के संचालन में देरी पर पेनल्टी लगनी चाहिए और उत्पादन में तेजी लाने के उपायों पर विचार किया जाना चाहिए। हालांकि समिति ने ये भी माना कि साल 2015 से 2023 के बीच नीतियों में कई सुधार किए गए हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2015 से अब तक 486 खनिज ब्लॉक की नीलामी हुई है, जिनमें से 462 की नीलामी राज्यों ने और 24 की केंद्र सरकार ने की है। राज्यसभा में गुरुवार को झारखंड जैसे राज्यों में मातृत्व स्वास्थ्य योजनाओं की कमी का मुद्दा उठा। एक सांसद ने सदन में उत्तर प्रदेश में रेलवे क्रॉसिंग पर इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी और इसके चलते भारी जाम लगने की समस्या का मुद्दा उठाया। शून्य काल के दौरान भाजपा सांसद संगीत बलवंत ने कहा कि रेलवे क्रॉसिंग पर देर तक गेट बंद होने के चलते जाम की समस्या पैदा होती है, जिससे हर रोज हजारों लोगों को परेशानी होती है। उन्होंने रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर ओवरब्रिज बनाने की मांग की।

## तमिलनाडु की सियासत में बढ़ रही अभिनेता विजय की सक्रियता

**चेन्नई।** तमिलनाडु के इरोड में टीवीके की रैली में पार्टी के प्रमुख विजय ने सत्तारूढ़ डीएमके पर जमकर हमले किए। उन्होंने कहा कि डीएमके और समस्याएं एक दूसरे की दोस्त हैं, दोनों को अलग नहीं किया जा सकता। उन्होंने राज्य सरकार पर खेती-किसानी की अनदेखी का आरोप लगाया। अभिनेता और तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के प्रमुख विजय ने गुरुवार को इरोड में पार्टी की एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि उनके खिलाफ कुछ स्वार्थी तत्व बदनाम करने का अभियान चला रहे हैं। लेकिन वे इसके कामयाब नहीं होंगे। विजय ने यह भी आरोप लगाया कि तमिलनाडु सरकार खेती-किसानी में कोई गंभीर रुचि नहीं दिखा रही है। टीवीके प्रमुख ने कहा कि दिवंगत मुख्यमंत्री अन्नादुरई (अन्ना) और एमजी रामचंद्रन (एमजीआर) सभी के लिए प्रेरणा हैं। वे किसी एक व्यक्ति की निजी संपत्ति नहीं हैं और उन्हें याद करने पर कोई आपत्ति नहीं कर सकता।

इरोड में टीवीके की बैठक में विजय ने कहा कि डीएमके और समस्याएं एक-दूसरे की दोस्त हैं और दोनों को अलग नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई पवित्र शक्तिटीवीके और बुरी शक्ति डीएमके के बीच है। उन्होंने आरोप लगाया कि डीएमके केवल उन्हें निशाना बनाने और टीवीके के काम में बाधाएं खड़ी करने में ही रुचि रखती है।

## ट्रंप ने पांच और देशों पर लगाया यात्रा प्रतिबंध

**वॉशिंगटन।** ट्रंप प्रशासन ने यात्रा प्रतिबंध का दायरा बढ़ाते हुए पांच और देशों को इसमें शामिल कर दिया है। वहीं आंशिक पाबंदियों वाले देशों की सूची में भी 15 और देशों के नाम जोड़े गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार ने अपने यात्रा प्रतिबंध के दायरे का विस्तार किया है और पांच और देशों को इसमें शामिल किया है। साथ ही कई देशों पर नई पाबंदियां भी लगाई हैं। मंगलवार को ट्रंप प्रशासन द्वारा जारी आदेश, उसकी अप्रवासन नीति को और सख्त करने की लगातार कोशिशों का हिस्सा है। साथ ही यह फैसला ऐसे समय लिया गया है, जब बीते दिनों अफगानिस्तान मूल के एक व्यक्ति ने वॉशिंगटन डीसी में नेशनल गार्ड्स के दो सैनिकों को गोली मार दी थी।

# आवारा कुत्ते मामले में अदालत सख्त

**याचिका**

> आवारा कुत्तों से जुड़े मामले में दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कड़ा रुख अपनाया।



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान दिल्ली नगर निगम के नियमों को अमानवीय बताए जाने पर सख्त टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि अगली सुनवाई में एक वीडियो दिखाकर यह सवाल किया जाएगा कि मानवता क्या है। आइए विस्तार से जानते हैं।

आवारा कुत्तों से जुड़े मामले में दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कड़ा रुख अपनाया। दिल्ली नगर निगम द्वारा बनाए गए कुछ नियमों को अमानवीय बताने वाली आपत्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए अदालत ने कहा कि अगली सुनवाई में एक वीडियो चलाया जाएगा और पूछा जाएगा कि मानवता आखिर है क्या।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, जो इस मामले में पक्ष रख रहे हैं, ने बताया कि इस प्रकरण की सुनवाई के लिए गुरुवार को गठित होने वाली तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ की बैठक रद्द कर दी गई है। इस पर न्यायमूर्ति नाथ ने स्पष्ट किया कि अब यह मामला 7 जनवरी को सूचीबद्ध किया जाएगा। अधिवक्ता सिबल ने कहा कि समस्या यह है कि इस बीच दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने कुछ ऐसे नियम बना दिए हैं जो पूरी तरह से विपरीत हैं। जब पीठ ने कहा कि वह 7 जनवरी को इस मामले पर विचार करेगी, तो सिबल ने कहा कि अधिकारी दिसंबर में ही नियमों को लागू कर देंगे। उन्होंने तर्क दिया कि वे इसे लागू करेंगे और कुत्तों को हटा देंगे। उनके पास आश्रय स्थल नहीं हैं। न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कि कोई बात नहीं, उन्हें करने दीजिए, हम इस पर विचार करेंगे। सिबल ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई करने का आग्रह करते हुए कहा कि अधिकारियों के पास कुत्तों के लिए आश्रय स्थल तक नहीं हैं। उन्होंने कहा, जो कुछ किया जा रहा है वह बेहद अमानवीय है।

न्यायमूर्ति मेहता ने सिबल से कहा कि अगली तारीख को हम आपके हित में एक वीडियो चलाएंगे और आपसे पूछेंगे कि मानवता क्या है। सिबल ने जवाब दिया कि वे यह दिखाने के लिए एक वीडियो भी चलाएंगे कि क्या हो रहा था।

सिबल ने कहा, समस्या यह है कि आपके माननीय न्यायाधीश ने एक आदेश पारित किया है और हम उसका सम्मान करते हैं। लेकिन मुद्दा यह है कि वैधानिक नियम हैं। पीठ ने कहा कि वह इस मामले पर 7 जनवरी को विचार करेगी। बता दें कि 7 नवंबर को, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और रेलवे स्टेशनों जैसे संस्थागत क्षेत्रों के भीतर कुत्ते के काटने की घटनाओं में ÷चिंताजनक वृद्धि÷ को ध्यान में रखते हुए, सर्वोच्च न्यायालय ने उचित नसबंदी और टीकाकरण के बाद आवारा कुत्तों को तुरंत निर्दिष्ट आश्रयों में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ ने यह भी कहा था कि इस प्रकार पकड़े गए आवारा कुत्तों को उस स्थान पर वापस नहीं छोड़ा जाएगा जहां से उन्हें पकड़ा गया था। पीठ ने अधिकारियों को राज्य राजमार्गों, राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे से सभी मवेशियों और अन्य आवारा जानवरों को हटाने को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। इसमें कहा गया था कि खेल परिसरों सहित संस्थागत क्षेत्रों के भीतर कुत्ते के काटने की घटनाओं की पुनरावृत्ति न केवल प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाती है, बल्कि इन परिसरों को रोके जा सकने वाले खतरों से सुरक्षित करने में प्रणालीगत विफलता÷ को भी दर्शाती है।

सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के खतरे को लेकर स्वतः संज्ञान लेते हुए दायर मामले में कई निर्देश जारी किए थे। यह राजधानी दिल्ली में आवारा कुत्तों के काटने से रेबीज फैलने, विशेष रूप से बच्चों में, की घटना पर मीडिया रिपोर्ट के संबंध में 28 जुलाई को शुरू किए गए स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रहा है।

# अमेरिकी सेना का ड्रग तस्करों पर बड़ा हमला

**हमला**

> अमेरिकी का नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। इस बीच अमेरिकी सेना ने बुधवार को पूर्वी प्रशांत महासागर से गुजर रहे एक जहाज पर हमला किया।



**नई दिल्ली।** अमेरिकी सेना ने पूर्वी प्रशांत महासागर में ड्रग तस्करी के खिलाफ अभियान तेज करते हुए एक संदिग्ध जहाज पर हमला किया। इस हमले में चार कथित नार्को-आतंकवादी मारे गए। यह कार्रवाई ऑपरेशन सदर्न स्पीयर के तहत की गई है, जिसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में सक्रिय मादक पदार्थ गिरोहों पर नकेल कसना है। सेना ने कार्रवाई की वीडियो भी जारी की। अमेरिकी का नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। इस बीच अमेरिकी सेना ने बुधवार को पूर्वी प्रशांत महासागर से गुजर रहे एक जहाज पर हमला किया। इस हमले में चार कथित नारको-आतंकवादी मारे गए। यह ऑपरेशन सदर्न स्पीयर का एक हिस्सा है, जो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने इस क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए शुरू किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए अमेरिकी दक्षिणी कमान (जो लैटिन अमेरिका और कैरेबियन में अमेरिका की सैन्य गतिविधियों की देखरेख करती है) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो साझा करते हुए पोस्ट में लिखा 17 दिसंबर को युद्ध सचिव पीट हेगसेथ के निर्देश पर, संयुक्त टास्क फोर्स सदर्न स्पीयर ने अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में एक नामित आतंकवादी संगठन द्वारा संचालित पोत पर घातक सैन्य हमला किया। खुफिया जानकारी से पुष्टि हुई कि पोत पूर्वी प्रशांत महासागर में एक ज्ञात मादक पदार्थों की तस्करी मार्ग से गुजर रहा था और मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल था। इस हमले में कुल चार पुरुष मादक पदार्थों के तस्कर मारे गए और अमेरिकी सेना का कोई भी जवान हताहत नहीं हुआ। इससे पहले मंगलवार को अमेरिकी दक्षिणी कमान ने बताया कि उसने अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में नामित आतंकवादी संगठनों द्वारा संचालित तीन जहाजों पर घातक हमले किए, जिसमें आठ कथित नार्को-आतंकवादी मारे गए। इसके अलावा सीएनएन ने अमेरिकी दक्षिणी कमान के एक अलग बयान का हवाला देते हुए बताया कि इस महीने की शुरुआत में, 4 दिसंबर को अमेरिकी सेना ने पूर्वी प्रशांत महासागर में एक अन्य संदिग्ध मादक पदार्थों से भरे जहाज पर हमला किया, जिसमें जहाज पर सवार चार लोग मारे गए। अमेरिकी सेना के मुताबिक, अभियान शुरू होने के बाद से अब तक संदिग्ध ड्रग नौकाओं को निशाना बनाकर किए गए हमलों में कम से कम 95 लोग मारे गए हैं। इससे पहले ट्रंप प्रशासन ने कांग्रेस (अमेरिकी संसद) को सूचित किया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका मादक पदार्थों के गिरोहों के साथ सशस्त्र संघर्ष में है, जिसकी शुरुआत 2 सितंबर को पहले हमले से हुई थी। यह सैन्य अभियान वेनेजुएला पर अमेरिका के व्यापक दबाव का हिस्सा है, जिसमें कैरिबियन सागर में हजारों सैनिकों और एक विमानवाहक पोत की तैनाती के साथ-साथ वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को बार-बार चेतावनी देना शामिल है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले सप्ताह अमेरिका ने वेनेजुएला के तेल परिवहन में मदद करने के आरोपी जहाजी कंपनियों और जहाजों पर नए प्रतिबंधों की घोषणा की।

# क्या अमेरिका ने मानी भारत से संबंध की अहमियत?

**संभावित**

> हम भारत को इस क्षेत्र में अत्यंत रणनीतिक संभावित भागीदार मानते हैं और उनके साथ सहयोग करने के अवसर का स्वागत करते हैं।





**न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन।** अमेरिका ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के नेतृत्व में पैक्स सिलिका पहल में भारत शामिल नहीं है, लेकिन वह आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा से जुड़े प्रयासों में उसे संभावित रणनीतिक साझेदार मानता है। अमेरिक विदेश मंत्रालय के अवर सचिव ने कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए वह रोजाना बातचीत कर रहे हैं।

अमेरिका के नेतृत्व वाली नई रणनीतिक पहल पैक्स सिलिका में भले ही भारत को शामिल नहीं किया गया है। लेकिन वॉशिंगटन ने कहा कि वह आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा से जुड़े प्रयासों में भारत को अत्यंत रणनीतिक संभावित भागीदार के रूप में देखता है और नई दिल्ली के साथ बातचीत का स्वागत करता है।

आर्थिक मामलों के अवर सचिव जैकब हेलबर्ग ने बुधवार को विदेशी पत्रकारों से कहा कि अमेरिका, भारत के साथ आर्थिक सुरक्षा सहयोग को गहरा करने के तरीकों पर लगातार बातचीत कर रहा है। पिछले हफ्ते अमेरिका ने पैक्स सिलिका नाम की रणनीतिक पहल का एलान किया, जिसका मकसद सिलिकॉन आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित, समृद्ध और नवाचार-आधारित बनाना है। यह पहल खनिज, ऊर्जा, आधुनिक विनिर्माण, सेमीकंडक्टर, एआई ढांचा और लॉजिस्टिक्स से जुड़ी है।

हेलबर्ग ने माना कि भारत को पैक्स सिलिका में शामिल न किए जाने को लेकर काफी अटकलें थीं। लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि इसका अमेरिका-भारत के बीच मौजूदा राजनीतिक तनाव से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा, भारत के साथ व्यापार से जुड़ी वार्ता और आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा पर बातचीत पूरी तरह अलग हैं। हम भारत को इस क्षेत्र में अत्यंत रणनीतिक संभावित भागीदार मानते हैं और उनके साथ सहयोग करने के अवसर का स्वागत करते हैं। हेलबर्ग ने कहा कि वह दिल्ली में संपर्कों के साथ लगभग रोजाना बातचीत कर रहे हैं और भारत के साथ सहयोग को गहरा करने के तरीकों पर सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह फरवरी में भारत में आयोजित होने वाले इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेंगे, जिससे व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करने और ठोस उपलब्धियां तय करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि पैक्स सिलिका पहल का मकसद सिलिकॉन आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करना है। हेलबर्ग ने कहा कि पहल में शुरुआत में शामिल किए गए देशों का चयन सेमीकंडक्टर निर्माण पर केंद्रित था, क्योंकि ये देश (सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, जापान, ताइवान और नीदरलैंड) इस उद्योग का केंद्र हैं।

## चीन में भी छाया कोहरा

### अरबों डॉलर और वर्षों की मेहनत के बावजूद खतरनाक हुआ वायु प्रदूषण



**बीजिंग।** कई वर्षों की मेहनत के बाद चीन ने वायु प्रदूषण पर काबू पाया था और इसे लेकर भारत में भी चीन की तरह उपाय अपनाने की चर्चा होती थी, लेकिन गुरुवार को अचानक से चीन की हवा की गुणवत्ता भी खराब रही और कई शहरों में धुंध छाई रही।

गुरुवार को चीन में घना कोहरा छाया हुआ है, जिससे चीन के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक बहुत खराब स्तर पर पहुंच गया है। गौरतलब है कि चीन ने अरबों डॉलर खर्च कर और कई वर्षों की मेहनत के बाद वायु प्रदूषण की समस्या दूर की थी, लेकिन गुरुवार को चीन की इस पूरी मेहनत के बावजूद वायु प्रदूषण का सामना करना पड़ा। चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने बुधवार को देश के कुछ हिस्सों में भारी कोहरे के चलते येलो अलर्ट जारी किया, जिसमें कहा गया कि गुरुवार को हेबेई, बीजिंग, तियानजिन, हेनान, अनहुई, जियांग्सू, हुबेई, सिचुआन बेसिन और चोंगकिंग के कुछ हिस्सों में घना कोहरा छाए रहने की उम्मीद है।

चीन में वायु प्रदूषण और कोहरे की समस्या आजकल दुर्लभ है क्योंकि चीन की सरकार ने साल 2016 में वायु प्रदूषण दूर करने के लिए कई बड़े कदम उठाए थे। इसके तहत सरकार ने भारी प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों को बंद करने और स्थानांतरित करने सहित कई कदम उठाए और इस काम पर अरबों डॉलर खर्च किए। अधिकारियों का कहना है कि शहर में सर्दियों में कोयले से चलने वाले हीटिंग सिस्टम की जगह प्राकृतिक गैस या इलेक्ट्रिक पब्लिक हीटिंग सिस्टम अपनाने से प्रदूषण के स्तर को कम करने में मदद मिली है।

नई दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण संकट के चलते चीन के इस समस्या से निपटने के प्रयास इन दिनों सुर्खियों में रहे हैं, लेकिन गुरुवार को चीन की इस छवि को धक्का लगा, जब वहां भी वायु गुणवत्ता बेहद खराब रही। चीन के पर्यावरण विभाग के प्रमुख चेन तियान ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में चीन ने पर्यावरण की दिशा में अहम सुधार किए हैं। इसके चलते बीजिंग में पक्षियों की आबादी भी बढ़ गई है और कई दुर्लभ पक्षी चीन में देखे जा सकते हैं।

# सुरक्षा उपायों के साथ चिकित्सीय आत्महत्या को मंजूरी



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क राय में सुरक्षा उपायों के साथ चिकित्सीय आत्महत्या की मंजूरी मिल गई है। इसके लिए मरीज को लिखित आवेदन करना होगा, जिसे मंजूरी देने के लिए भी कई नियम तय किए गए हैं।

अमेरिकी राय न्यूयॉर्क में सुरक्षा उपायों के साथ चिकित्सीय आत्महत्या को मंजूरी मिलने जा रही है। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होसुल ने बताया कि डॉक्टरों की देखरेख में गंभीर रूप से बीमार मरीजों को चिकित्सीय आत्महत्या करने को कानूनी वैधता देने पर सहमत बन गई है। अगले साल इस कानून पर हस्ताक्षर हो जाएंगे। गौरतलब है कि चिकित्सीय आत्महत्या में कोई डॉक्टर जानलेवा ड्रग का सुझाव देते हैं, लेकिन मरीज को खुद इसे लेकर अपनी जीवन लीला समाप्त करनी होती है। वहीं इच्छामृत्यु की बात करें तो इच्छामृत्यु में डॉक्टर ही जानलेवा ड्रग का सुझाव देते हैं और डॉक्टर ही उस दवाई या इंजेक्शन को मरीज को देते हैं। गवर्नर ने कहा, न्यूयॉर्क सुरक्षा उपायों के साथ मेडिकल सहायता से आत्महत्या को कानूनी बनाने जा रहा है। बुधवार को गवर्नर और राय के कानूनी जानकारों के बीच हुए एक समझौते के तहत, न्यूयॉर्क गंभीर रूप से बीमार लोगों के लिए मेडिकल सहायता से आत्महत्या को कानूनी बनाने वाला राय बनने जा रहा है। डेमोक्रेटिक गवर्नर कैथी होसुल ने बताया कि वह बिल में कई सुरक्षा उपायों को जोड़ने पर जोर देने के बाद अगले साल इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने की योजना बना रही हैं।

अमेरिका में करीब एक दर्जन रायों में मेडिकल सहायता से आत्महत्या की अनुमति देने वाले कानून हैं। हाल ही में इलिनोइस राय में भी हाल ही में ऐसा कानून बना है, जिस पर अगले साल हस्ताक्षर होंगे। न्यूयॉर्क के मेडिकल एड इन डाइंग एक्ट के अनुसार, यह जरूरी है कि एक गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति, जिसके छह महीने के भीतर मरने की उम्मीद है, वह जीवन समाप्त करने वाली दवाओं के लिए लिखित अनुरोध करे। यह सुनिश्चित करने के लिए कि रोगी पर कोई दबाव नहीं डाला जा रहा है, दो गवाहों को अनुरोध पर हस्ताक्षर करने होंगे। इसके बाद अनुरोध को व्यक्ति के इलाज करने वाले डॉक्टर के साथ-साथ एक सलाहकार डॉक्टर द्वारा भी अनुमोदित किया जाना होगा।

गवर्नर ने कहा कि बिल के प्रायोजकों और कानूनी जानकारों ने ऐसे प्रावधान जोड़ने पर सहमति व्यक्त की है जिसमें एक मेडिकल डॉक्टर से पुष्टि की जरूरत होगी कि व्यक्ति के पास वास्तव में जीने के लिए छह महीने से कम समय बचा है, साथ ही एक मनोवैज्ञानिक या मनोचिकित्सक से पुष्टि की जाएगी कि रोगी निर्णय लेने में सक्षम है और उस पर कोई दबाव नहीं है।

बुधवार को होसुल ने कहा कि इस बिल को सपोर्ट करना गवर्नर के तौर पर उनके सबसे मुश्किल फैसलों में से एक था। उन्होंने कहा, मैं कौन होती हूं जो आपको या आपके किसी अपने को, जो ज़िंदगी के आखिरी समय में जिस चीज की मांग रहे हैं, उसे देने से मना करूं? मैं अब ऐसा और नहीं कर सकती थी।

यह कानून पहली बार साल 2016 में पेश किया गया था, लेकिन न्यूयॉर्क स्टेट कैथोलिक कॉन्फ्रेंस और दूसरे संगठनों के विरोध के कारण वर्षों तक अटका रहा। कैथोलिक संगठन ने तर्क दिया कि यह कदम इंसानी जिंदगी की कीमत कम करेगा और एक डॉक्टर की भूमिका को भी कमजोर करेगा।

## रूस अगले साल भी युद्ध जारी रखने की तैयारी कर रहा

**कीव।** यूक्रेनी राष्ट्रपति ने दावा किया है कि रूस, यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को अगले साल भी जारी रखने की तैयारी कर रहा है। जेलेंस्की ने अमेरिका से मदद की गुहार लगाई, साथ ही ट्रंप के उस दावे पर तंज भी कसा कि रूस, युद्ध रोकना चाहता है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने दावा किया है कि रूस अगले साल भी युद्ध जारी रखने की तैयारी कर रहे हैं। जेलेंस्की ने पश्चिमी देशों और खासकर अमेरिका से मदद देने की अपील की। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में जेलेंस्की ने लिखा, आज हमें फिर से ऐसे संकेत मिले हैं कि मॉस्को अगले साल भी लड़ाई जारी रखने की तैयारी कर रहा है। ये संकेत सिर्फ हमारे लिए नहीं हैं बल्कि ये हमारे सहयोगी देशों के लिए भी संकेत हैं कि वे भी इसे देखें और न सिर्फ देखें बल्कि इस पर प्रतिक्रिया भी दें।

# जनसंचार के क्षेत्र में शोध की नई उपलब्धि

**मनीष कुमार शुक्ल को पी-एच.डी. की संस्तुति**

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के शोधार्थी मनीष कुमार शुक्ल को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीए.डी.) की उपाधि प्रदान किए जाने की प्रबल संस्तुति 17 दिसंबर 2025 को की गई। यह उपलब्धि न केवल विश्वविद्यालय, बल्कि हिंदी पत्रकारिता और सामाजिक सरोकारों से जुड़े शोध क्षेत्र के लिए भी गौरवपूर्ण मानी जा रही है। स्वच्छ भारत अभियान के प्रति जागरूकता में प्रिंट मीडिया का योगदान। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता मिशन पर आधारित है। इसलिए इस पर शोध प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र पर आधारित रखा गया।

डॉ. मनीष कुमार शुक्ल का शोध विषय स्वच्छ भारत अभियान के प्रति जागरूकता में प्रिंट मीडिया का योगदान वाराणसी से प्रकाशित प्रमुख हिंदी दैनिक समाचार पत्रों पर आधारित अध्ययन÷ अपने आप में अत्यंत समसामयिक, सामाजिक रूप से प्रासंगिक और शोधपरक है। इस अध्ययन में यह विश्लेषण किया गया है कि किस प्रकार वाराणसी से प्रकाशित प्रमुख हिंदी समाचार पत्रों ने स्वच्छ भारत अभियान को जन-जन तक पहुँचाने, सामाजिक चेतना जागृत करने तथा व्यवहार परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस शोध कार्य का कुशल निर्देशन डॉ. सुनील कुमार, सहायक आचार्य, जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग, अनुप्रयुक्त सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी संकाय द्वारा किया गया। वहीं, मदन मोहन मालवीय हिंदी पत्रकारिता संस्थान, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के वरिष्ठ विद्वान द्वारा वाह्य विशेषज्ञ के रूप में शोध का मूल्यांकन किया गया, जिन्होंने शोध की गुणवत्ता, प्रामाणिकता एवं उपयोगिता की सराहना की।उल्लेखनीय है कि डॉ. मनीष कुमार शुक्ल दिल्ली के प्रतिष्ठित समाचार चैनलों में अपनी सेवाएँ दे चुके हैं तथा वर्तमान में नीति आयोग की हिंदी सलाहकार समिति में सदस्य के रूप में चयनित होकर राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी भाषा और संचार के क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं।

विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शोधार्थियों एवं पत्रकारिता जगत से जुड़े लोगों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए डॉ. मनीष कुमार शुक्ल को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी हैं। सभी का विश्वास है कि उनका यह शोध कार्य स्वच्छता अभियान, मीडिया अध्ययन और हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में भविष्य के शोधार्थियों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगा।

# सांसद चंद्रशेखर की याचिकाएं खारिज

**सहारनपुर दंगों से संबंधित केस रद्द करने से इन्कार**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नगीना सीट से सांसद चंद्रशेखर के खिलाफ वर्ष 2017 के सहारनपुर दंगों से संबंधित चार अलग-अलग प्राथमिकी और उनके आधार पर चल रही कार्यवाहियों को रद्द करने से इन्कार कर दिया है। न्यायमूर्ति समीर जैन की एकलपीठ ने कहा कि एक ही दिन होने वाली घटनाओं के लिए अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की जा सकती हैं। सहारनपुर के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में 9 मई 2017 को हिंसा और आगजनी की घटनाएं हुई । पुलिस ने इस मामले में पहली एफआईआर (152/ 2017) दर्ज की थी। इसमें भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं पर पथराव, आगजनी और सरकारी अधिकारियों पर हमले के आरोप थे। उसी दिन चार अन्य एफआईआर भी दर्ज की गई, जिनमें निजी संपत्ति को नुकसान, भवन में आगजनी और अन्य पुलिस कर्मियों पर हमले के अलग-अलग आरोप थे। चंद्रशेखर ने चारों मुकदमे की पूरी प्रक्रिया को रद्द करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याची अधिवक्ता ने दलील दी कि एक ही घटना के लिए कई एफआईआर दर्ज करना गलत है। सभी घटनाएं एक ही दिन, एक ही भीड़ ने किया। बाद की चार एफआईआर रद्द कर दी जाएं या उनके आरोप पत्रों को पहली एफआईआर के पूरक आरोप पत्र के रूप में माना जाए। अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने राज्य सरकार का पक्ष रखते हुए दलील दी कि ये घटनाएं अलग-अलग स्थानों पर हुई। इनमें गवाह अलग हैं और ये एक बड़ी साजिश का हिस्सा थीं। न्यायालय ने कहा कि इन सभी मामलों में आरोप पत्र दाखिल हो चुके हैं। ट्रायल गवाही के चरण में है। इस स्तर पर हस्तक्षेप करना उचित नहीं है।

## राष्ट्रीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जमुहाई में शिक्षक संघ का सर्वसम्मति से निर्वाचन



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** राष्ट्रीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जमुहाई में आज शिक्षक संघ के पदाधिकारियों का निर्वाचन अत्यंत सौहार्दपूर्ण एवं लोकतांत्रिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों की सहभागिता रही और आपसी सहमति के आधार पर सभी प्रमुख पदों पर सर्वसम्मति से चयन किया गया।निर्वाचन के अंतर्गत अध्यक्ष पद पर डॉ0 प्रशान्त सिंह, महामंत्री पद पर डॉ. मंजुलिका यादव तथा कोषाध्यक्ष पद पर डॉ0 सोहनलाल कोसर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन की घोषणा के साथ ही महाविद्यालय परिसर में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण देखने को मिला।नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का शिक्षकों द्वारा माल्यार्पण किया गया एवं शुभकामनाएँ दी गई। इस अवसर पर शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ0 प्रशान्त सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक संघ सभी को साथ लेकर चलेगा और सामूहिक प्रयासों से महाविद्यालय को विकास की एक नई दिशा में अग्रसर किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शिक्षकों के हितों की रक्षा संघ की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी तथा शैक्षणिक वातावरण को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।कार्यक्रम सौहार्द, सहयोग और सकारात्मक संकल्प के साथ सम्पन्न हुआ।

## डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जीएसटी से संबंधित समीक्षा बैठक संपन्न



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जीएसटी से संबंधित समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा जीएसटी राजस्व संग्रह, पंजीकरण, रिटर्न दाखिले की स्थिति सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जीएसटी के अंतर्गत अधिक से अधिक व्यापारियों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व वृद्धि के लिए प्रवर्तन कार्यवाही को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। बैठक में जीएसटी विभाग के अधिकारियों द्वारा अब तक की प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने अपेक्षाकृत कम प्रगति वाले क्षेत्रों में सुधार लाने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान, डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य के सुरेन्द्र कुमार कैथल, डी. सी. अक्षयलाल सहित विभाग के अन्य अधिकारीगण कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## वृहद विधिक सहायता व सेवा शिविर को आयोजन 22 फरवरी को

**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** मुख्य राजस्व अधिकारी संजीव ओझा ने बताया है कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ तथा कार्यपालक अध्यक्ष/वरिष्ठ न्यायमूर्ति, उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुमोदनोंपरान्त आम जनता के विधिक सशक्तीकरण हेतु जनपद स्तर पर दिनांक 22.02.2026 को मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर को आयोजन किया गया है, जिस हेतु समस्त विभागों को आवश्यक कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश जारी किये जाने की अपेक्षा की गयी है। मुख्य राजस्व अधिकारी ने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों से अपेक्षा किया है कि आम जनता के विधिक सशक्तीकरण हेतु दिनांक 22.02.2026 को मेगा/वृहद विधिक सहायता एंव सेवा शिविर का आयोजन हेतु आवश्यक तैयारी की जाये।

# नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की कार्रवाई पर कांग्रेस का हल्लाबोल



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** नेशनल हेराल्ड मामले में यूपीए की चेयरपर्सन सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को अदालत से आये फैसले के बाद प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) की कार्यवाई को लेकर कांग्रेसियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। गुरुवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर देश भर में कांग्रेसियों ने सड़कों पर उतर कर हल्ला बोल प्रदर्शन किया। इसी क्रम में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त अध्यक्ष और पदाधिकारी सिविल लाइन्स सुभाष चौराहे से भाजपा कार्यालय घेराव करने निकले। इन नेताओं को पुलिस ने हलका बल प्रयोग कर रास्ते में ही रोक लिया। इससे आक्रोशित नेता सड़क पर बैठकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के समझाने के बाद कांग्रेसी सड़क पर से हटे। शहर अध्यक्ष फुजैल हाशमी और प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी ने इस मामले पर अदालत के इंकार किये जाने का हवाला देते हुए आरोप लगाया की भाजपा सरकार कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ धनशोधन से जोड़कर उन्हें और पार्टी को बदनाम कर रही है। पार्टी प्रवक्ता हसीब अहमद ने कहा की नेशनल हेराल्ड का मामला पूरी तरह से फर्जी और राजनीति से प्रेरित था। अदालत के फैसले ने भाजपा सरकार के झूठ का पर्दाफाश किया। प्रदर्शन के दौरान शहर अध्यक्ष फुजैल हाशमी, यमुनापार अध्यक्ष अशोक पटेल, गंगापार अध्यक्ष अशफाक अहमद, किशोर वार्ष्णेय, अरशद अली, मुकुंद तिवारी, हरिकेश त्रिपाठी, हसीब अहमद, संजय तिवारी, परवेज सिद्दीकी, सुनील पाण्डेय, मुन्ना उपाध्याय, महेन्द्र सिंह, विशाल सोनकर, राकेश श्रीवास्तव, प्रदीप द्विवेदी समेत आदि लोग मौजूद रहें।

## एआई से रील बनाकर पिस्टल लहराने तथा पुलिस वर्दी पहनने वाला युवक गिरफ्तार

**जौनपुर (जफराबाद)।** क्षेत्र के अहमदपुर पुरानी गोदाम गांव निवासी एक युवक का एक विडीओ सोशल मीडिया पर पिस्टल लहराने तथा पुलिस की वर्दी पहने वायरल हो रहा था।इसकी जानकारी होते ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

ऊक्त गांव निवासी प्रीतम कुमार उर्फ गोपा पुत्र कोलई कुमार का एक विडीओ पुलिस की वर्दी में चल रहा था।दूसरा विडीओ अवैध असलहे के साथ वायरल होने लगा।इसकी सूचना थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल को इसकी जानकारी हुई।उन्होंने तत्काल चौकी प्रभारी व अन्य पुलिस की टीम को मौके ओर भेजकर युवक को गिरफ्तार करवाया।पुलिस ने जब युवक से असलहे के लिए कड़ाई से पूछताछ किया तो युवक ने बताया कि वह एआई के जरिये वर्दी तथा असलहा का विडीओ बनाया था। थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल ने बताया कि युवक ने ए आई के जरिये इस तरह का कृत्य किया था। उसका चालान शांतिभंग में कर दिया गया है।

# मण्डल स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी रोजगार योजना के लाभों के बारे में बताया गया

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड आजमगढ़ द्वारा डीएवी इण्टर कालेज आजमगढ़ के मैदान में आयोजित मण्डल स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का शुभारम्भ विधान परिषद, सदस्य विजय बहादुर पाठक द्वारा पूज्य महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। विधान परिषद सदस्य द्वारा प्रदर्शनी में लगे प्रत्येक स्टालों का अवलोकन किया गया एवं सूदुर ग्रामीण क्षेत्रों से आये ग्रामोद्योगी इकाईयों एवं संस्थाओं से उनके उद्योग के बारे में जानकारी भी प्राप्त की गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने खादी के महत्व को बताते हुए कहा कि पूज्य राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने अपने जीवन में खादी की वस्तुओं को विशेष महत्व दिया एवं खादी के लिये ही अपना जीवन समर्पित किया तथा खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के लाभों के बारे में बताया गया तथा सम्मानित जनता को इन योजनाओं के लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही ग्रामोद्योगी इकाईयों द्वारा उत्पादित सामानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने एवं जन मानस के बीच विज्ञापन एवं प्रचार कराने के उद्देश्य से खादी बोर्ड द्वारा प्रदर्शनी लगाने का उल्लेख किया गया एवं कहा गया कि जन मानस को इस प्रदर्शनी में अधिक से अधिक ग्रामोद्योगी सामान खरीदना चाहिए, ताकि इसका लाभ ग्रामीण जनता को मिल सके। प्रदर्शनी में 04 प्रकार के चरखे लगाए गए थे, जिनको मा0 विधान परिषद सदस्य द्वारा अपने हाथों से चलाया गया। इसके साथ ही उपस्थित बुनकरों द्वारा चरखे के माध्यम से रूई से धागा बनाकर दिखा गया। विधान परिषद सदस्य ने जनपद वासियों से अपील किया कि अधिक से अधिक लोग इस प्रदर्शनी में आकर स्वदेशी एवं खादी उत्पादों की खरीदारी करें, जिससे की स्वदेशी एवं खादी उत्पादकों को प्रोत्साहन मिलेगा एवं खादी को बढ़ावा भी मिलेगा। इससे पूर्व मुख्य अतिथि को मोमेंटो, अंग वस्त्र एवं तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सहायक वित्तीय नियंत्रक उद्योग मुख्यालय लखनऊ महेंद्र यादव, डीसी मनरेगा राम उदरेज यादव, उपयुक्त उद्योग साहब सरन रावत, प्राचार्य ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र आहोपट्टी पवन श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## नियमित करने की मांग को लेकर आशा कार्यकर्ता हड़ताल पर

**प्रयागराज।** घने कोहरे और कड़ाके की ठंड में प्रयागराज के कलेक्ट्रेट में सैकड़ों की संख्या में आशा कार्यकर्ता जुटीं। इस दौरान धरना-प्रदर्शन किया गया। आशा कार्यकर्ताओं की मांग थी कि उन्हें नियमित किया जाए। इसके लिए आंदोलन को धार देने की बात कही। नियमित करने की मांग को लेकर गुरुवार सुबह से ही आशा कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचने लगी थीं। दोपहर में जबरदस्त प्रदर्शन किया। एडीएम सिटी कार्यालय के सामने सैकड़ों की संख्या में आशा कार्यकर्ताओं ने धरना भी दिया। इस दौरान हुई सभा में कहा गया कि मांगों को लेकर उन सबने हड़ताल कर दी है।

## छात्रवृत्ति ऑनलाइन की अन्तिम तिथि 20 दिसम्बर तक

**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, आजमगढ़ चेतन सिंह ने बताया है कि शैक्षिक सत्र 2025-26 दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजना (कक्षा 11-12 को छोड़कर) संचालित हो रही हैं, जिसमें उत्तर प्रदेश के मूल निवासी छात्र-छात्राओं द्वारा छात्रवृत्ति ऑनलाइन भरे जाने की अन्तिम तिथि 20 दिसम्बर 2025 निर्धारित है, तथा आवेदन पत्रों को प्रिन्ट आउट निकालने की अन्तिम तिथि 23 दिसम्बर 2025 निर्धारित हैं, एवं आवेदन पत्रों को संस्था में जमा किये जाने की अन्तिम तिथि 24 दिसम्बर 2025 निर्धारित है। जनपद में संचालित दशमोत्तर स्तर की शिक्षण संस्थायें (कक्षा 11-12 को छोड़कर) एवं अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है उपरोक्तानुसार 20 दिसम्बर 2025 तक आवेदन पत्र भरते हुए अपने शिक्षण संस्था में जमा करना सुनिश्चित करें।

## नि:शुल्क आडिशन 20 से 21 दिसम्बर तक

**आजमगढ़।** जिला पर्यटन सूचना अधिकारी नवीन कुमार ने बताया है कि आजमगढ़ महोत्सव-2025 का आयोजन दिनांक 24.12.2025 से 28.12.2025 तक किया जाना है। महोत्सव के मुख्य मंच पर स्थानीय कलाकारों को निःशुल्क कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिये आडिशन दिनांक 20.12.2025 एवं 21.12.2025 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक हरिऔध कला केन्द्र में आयोजित किया जायेगा।

# घने कोहरे से ढका शहर, बढ़ी गलन

**22 दिसंबर तक रहेगा घना कोहरा**

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** संगम नगरी में आज गुरुवार को लगातार दूसरे दिन गलन से लोग ठिठुरते दिख रहे हैं। कड़ाके की ठंड ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। देर रात से ही कोहरा दिखने लगा। पूरा शहर कोहरे की चादर से ढका दिखा। बीते कुछ दिनों से तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। बृहस्पतिवार को पूरे दिन भगवान सूर्य के दर्शन नहीं हो सके। उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने वाली ठंड हवाओं ने वातावरण में नमी बढ़ा दी, जिसके चलते कोहरे की चादर पूरे शहर पर छा गई। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, पछुआ हवाएं जब मैदानी इलाकों में सक्रिय होती हैं तो तापमान में अचानक गिरावट देखने को मिलती है, और यही स्थिति फिलहाल प्रयागराज में बनी हुई है। दिन भर सूर्यदेव के दर्शन नहीं हो सके। सुबह से लेकर दोपहर के समय तक घना कोहरा छाया रहा। सड़कों, गलियों, पुलों और खुले मैदानों में दृश्यता बेहद कम रही। कई इलाकों में 50 मीटर से भी कम विजिबिलिटी रिकॉर्ड की गई, जिससे वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सुबह और रात के समय सर्द हवाओं के चलते ठिठुरन बढ़ गई है। ठंड के असर से आम जनजीवन के साथ-साथ कारोबार और यातायात भी प्रभावित हो रहा है। घने कोहरे को देखते हुए रेलवे ने गरीब रथ और त्रिवेणी एक्सप्रेस को बुधवार के लिए निरस्त कर दिया था। इसी तरह अकासा एयर की मुंबई की उड़ान भी निरस्त रही। मौसम विज्ञानी बताते हैं कि 18 से 22 दिसंबर तक पूरे प्रदेश में घने कोहरे बने रहने की संभावना है। इसके साथ ही तापमान में और गिरावट भी बनी रहेगी। उन्होंने कहा, पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर पूरे प्रदेश में दिख रहा है। उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण ठंड में इजाफा हुआ है। न्यूनतम तापमान 12 से 13 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। सुबह के समय हल्का कोहरा छाए रहने से दृश्यता कम हो रही है, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों पर गाडियों व रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों की रफ्तार थम गई है। इससे ट्रेनें घंटों देरी से अपने गंतव्य स्टेशनों तक पहुंच रही हैं। ठंड बढ़ने के साथ ही लोग अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा ले रहे हैं। मॉल व दुकानों में लोग गर्म कपड़े खरीदते दिख रहे हैं। जबकि ठंड से बचने के लिए लोग हीटर व ब्लोवर भी ले रहे हैं। शहर के चौराहों, बस अड्डों और रेलवे स्टेशन पर लोग अलाव तापते नजर आ रहे हैं। ठंड का असर स्वास्थ्य पर भी दिखने लगा है। सर्दी, खांसी, बुखार और सांस संबंधी मरीजों की संख्या अस्पतालों में बढ़ने की उम्मीद है। डॉक्टरों ने बुजुर्गों और बच्चों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। चिकित्सकों का कहना है कि ठंड में गर्म कपड़े पहनें, गर्म भोजन करें और ठंडी हवा से बचाव करें।

## सुबह 10 से दोपहर तीन बजे तक चलेंगी कक्षा आठ तक कक्षाएं

प्रयागराज। जिले मे मौसम में आए बदवाल और भीषण कोहरा और ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी ने कक्षा एक से आठ तक के विद्यालयों का समय सुबह 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक करने का निर्देश जारी किया है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि शहर में बढ़ी अत्यधिक ठंड, शीतलहर और घने कोहरे को देखते हुए विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन संचालित परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के साथ-साथ सीबीएसई, आईसीएसई, कंपोजिट, राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं मान्यता प्राप्त सभी बोर्डों के नर्सरी से कक्षा आठ तक के विद्यालय अब सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक संचालित किए जाएंगे।

**न्यायानय सूचना**

न्यायालय प्रथम अपर सिविल जज (सीडि) सहारनपुर। इजराय वाद संख्या- 4/2021 रंजीव कपूर बनाम रणजीत सिंह, उक्त इजराय वाद डिक्रीदार द्वारा मदयून के विरुद्ध 4,09,500/- रूपये (दिनांक 15.11.2025 तक) की वसूली (रिकवरी) हेतु योजित किया हुआ है उक्त संबंध में अदालत के आदेश पर 21 नियम 54 (2) सीपीसी के तहत कुर्की की कार्यवाही की जा चुकी है और अमीन की आख्या पत्रावली पर मौजूद है।

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अदालत के हुक्म पर उक्त इजराय वाद के निष्पादन हेतु कुर्क सम्पत्ति की पब्लिक नीलामी कार्य वाही निम्नवत की जायेगी नीलामी की दि. 22.12.2025 (दिन सोमवार) को 11 बजे दिन से सायं 4 बजे तक नीलामी स्थल ग्राम सभा भवन, ग्राम राजपुर लतीफपुर, जिला सहारनपुर में सम्पन्न होगी।

जज न्याया. प्रथम अपर सिविल जज सीडी, सहारनपुर

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरा हाई स्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक- 2879408 व इंटरमीडिएट वर्ष 2018 अनुक्रमांक -2265798 दोनों का मूल अंक पत्र वास्तव में कहीं खो हो गया है। रोशन जहां पुत्री मुजीब खान निवासी रानीपार उर्फ हरैया, पोस्ट मलुकही, तहसील हाटा, कुशीनगर, उप्र।

# कार्यालय ग्राम पंचायत- छिमौली विकास खण्ड मौदहा (हमीरपुर)

पत्रांक : मेमो/ मनरेगा / विज्ञप्ति / 2025-26

दिनांक : 18.12.2025

**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, एवं लघु सिचाई विभाग एवं व्यापार कर विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से मनरेगा के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु निविदायें दिनांक 19.12.2025 तक कार्यालय ग्राम पचांयत्त छिमौली विकास खण्ड मौदहा में आमत्रित की जाती है। जो दिनाक 19.12.2025 से दिनांक 01.01.2026 तक बेची जाएगी तथा दिनांक 01.01.2026 को 2.00 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी, तथा दिनांक 02.01.2026को समय 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय ग्राम पंचायत छिमौली विकास खण्ड मौदहा से प्राप्त की जा सकती है। धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, डाक घर पासबुक, एफ0डी0आर0, सी0डी0आर के रूप में जो सचिव ग्राम पंचायत छिमौली के पदनाम पर बंधक हो निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है। बिना धरोहर राशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रु0 मूल्य का स्टांम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | स्वीकृत लागत (लाख रू. में) | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य +जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण होने की अवधि | विकास खण्ड का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | ग्राम पंचातय छिमौली में उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केंद्र निर्माण में | 966113.0 | 19322.26 | 450+81 | 3 माह | मौदहा |

**अन्य शर्ते:-**

1. सर्शत निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं की जाएगी।
3. किसी भी दशा में अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा।
4. कार्य निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के आधार पर न पाए जाने की स्थिति में जमानत राशि जब्त करने के सम्बन्ध में एवं सम्बन्धित फर्म/आपूर्तिकर्ता के विरूद्ध कार्यवाही का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा।
5. आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें।
6. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।
7. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर आपूर्तिकता द्वारा वहन किया जाएगा।
8. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0-11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी।
9. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी।
10. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नही ली जा सकती है।
11. जमानत राशि जमा न करने की दशा में प्रथम बिल की धनराशि से जमानत राशि की कटौती की जाएगी।
12. किसी भी प्रकार का वाद मात्र हमीरपुर न्यायालय में ही मान्य होगा।

सचिव ग्राम पंचायत-छिमौली
विकास खण्ड मौदहा- हमीरपुर।

# कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सुलतानपुर-अमेठी वृत्त, लोक निर्माण विभाग, सुलतानपुर

पत्रांक :- 4018/1काम-सु0अ0वृ0/2025-26

दिनांक :- 05.12.2025

**अल्पकालिक ई-निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, सुलतानपुर-अमेठी वृत्त, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु रजिस्टर्ड अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि यह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने के नियमों से अवगत हो लें।

| क्र. सं. | जिला | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रु) लाख में) | धरोहर धनराशि (रु. लाख में) | निविदा शुल्क प्रपत्र का मूल्य + स्टेशनरी + जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण कराने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | सुल्तानपुर | पूर्वान्वल एक्सप्रेसवे के निर्माण से क्षतिग्रस्त कटका से मायंग रोड पर कोहरईया से प्र0पा0 सरवन होते हुये मोहधडवा तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मम्मत का कार्य। | 59.23 | 4.96 | Rs. 2714.00 | 06 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि. सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो.नि.वि. सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि. अयोध्या |
| 2 | सुल्तानपुर | पीढी सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 55.20 | 4.76 | Rs. 2714.00 | 06 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि. सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो.नि.वि. सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि. अयोध्या |
| 3 | सुल्तानपुर | पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे के निर्माण से क्षतिग्रस्त मुइली चांदपुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 77.36 | 5.87 | Rs. 2714.00 | 06 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि. सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो.नि.वि. सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि. अयोध्या |
| 4 | सुल्तानपुर | पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे के निर्माण से क्षतिग्रस्त सवई सम्पर्क मार्ग के विशेष मम्मत का कार्य। | 65.38 | 5.27 | Rs. 2714.00 | 06 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि. सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो.नि.वि. सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि. अयोध्या |
| 5 | सुल्तानपुर | पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे के निर्माण से क्षतिग्रस्त मुसहर नचना सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 49.93 | 4.50 | Rs. 2714.00 | 06 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि. सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो.नि.वि. सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि. अयोध्या |
| 6 | सुल्तानपुर | पूर्वान्वल एक्सप्रेसवे के निर्माण से क्षतिग्रस्त घाटमपुर बाग से अहरानी गांव से होते हुए बाबूराम वर्मा के स्कूल तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 40.69 | 4.03 | Rs. 2714.00 | 06 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि. सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो.नि.वि. सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि. अयोध्या |
| 7 | सुल्तानपुर | बीबीगंज पंचायत भवन से हसनपुर शिवमंदिर तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 71.95 | 5.60 | Rs. 2714.00 | 06 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि. सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो.नि.वि. सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो.नि.वि. अयोध्या |

➢बिल आफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुए लगाई गयी है।

निविदा आनलाइन दिनाँक 20.12.2025 की पूर्वाहन 9:00 बजे से दिनाँक 27.12.2025 की अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनाँक 27.12.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018-42 आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रुप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेक प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरुप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साप्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेंट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि.,
सुलतानपुर

UPID-242598 Dated-17-12-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

अधीक्षण अभियन्ता,
सुलतानपुर-अमेठी वृत्त
लो.नि.वि., सुलतानपुर

# 2026 में भारत में मजबूती की राह पर निसान, सामने आई 7-सीटर बी-एमपीवी ग्रेवाइट की जानकारी



गुरुग्राम। निसान की नई गेम चेंजिंग 7-सीटर बी-एमपीवी का नाम ग्रेवाइट होगा और इसे 2026 की शुरुआत में लॉन्च किया जाएगा। भारत के लिए ब्रांड की रीफ्रेश्ड एवं स्ट्रेटजिक लाइन-अप के तहत लॉन्च किया गया यह पहला मॉडल होगा।

आधुनिक भारतीय परिवारों के लिए खास तौर पर तैयार ग्रेवाइट से शानदार विविधता एवं मॉड्यूलैरिटी मिलेगी, वैल्यू चाहने वाले परिवारों के लिए सहूलियत को नई परिभाषा मिलेगी, साथ ही निसान के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के विस्तार को गति मिलेगी।

निसान मोटर इंडिया की महत्वाकांक्षी प्रोडक्ट ऑफेंसिव के तहत दूसरे मॉडल के रूप में जुलाई, 2024 में ग्रेवाइट की घोषणा की गई थी। यह कंपनी के विकास की गति को दिखाने वाला मॉडल है। कंपनी के प्रोडक्ट रोडमैप में 2026 की शुरुआत में ग्रेवाइट की लॉन्चिंग, 2026 के मध्य में टेक्टॉन और 2027 की शुरुआत में 7-सीटर सी-एसयूवी की लॉन्चिंग शामिल है। इससे भारतीय ग्राहकों के लिए अपनी ऑफरिंग को विविध, मजबूत और रीवाइटलाइज करने की निसान की प्रतिबद्धता की पुष्टि होती है।

निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहा, 'ऑल न्यू ग्रेवाइट बदलते भारतीय बाजार पर निसान मोटर इंडिया केनए सिरे से फोकस करने का सबूत है। यह मॉडल देश के ताने-बाने में गहराई से जुड़ा हुआ है और इसे हमारे ग्राहकों की अलग-अलग जरूरतों के लिए एकदम सही साथी बनने के लिए डिजाइन किया गया है। हमारे नए प्रोडक्ट लाइन-अप में दूसरे मॉडल के तौर परग्रेवाइट बदलाव के हमारे सफर में अहम कदम है और भारतीय ग्राहकों की उम्मीदों के मुताबिक व्हीकल्स देने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।'

निसान एएमआईईओ (अफ्रीका, मिडल ईस्ट, भारत, यूरोप एवं ओसियानिया) की चेयरपर्सन मैसिमिलियानो मेसिना ने कहा, 'एएमआईईओ की परफॉर्मेंस में भारत का महत्वपूर्ण योगदान रहा है और निसान मोटर इंडिया हमारी रणनीति में अहम भूमिका निभा रही है। वित्त वर्ष 25 में हमने अपने बिजनेस ऑपरेशंस को मजबूत किया, पोर्टफोलियो को विस्तार दिया और 2024 प्रोडक्ट ऑफेंसिव के तहत किया गया हर वादा पूरा किया। ग्लोबल इनसाइट्स और भारतीय ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप आगामी प्रोडक्ट लाइन अप से इस डायनमिक मार्केट को लेकर हमारी प्रतिबद्धता की झलक दिखती है। भारत में, भारत के लिए और कई अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निर्यात के लिएविकसित नए मॉडल्स के साथ भारत निसान अलायंस के विकास का प्रमुख वाहक और स्ट्रेटजिक हब बना हुआ है। ग्रेवाइट की पेशकश हमारी रफ्तार को दिखाती है और आगे के सफर में हमारे भरोसे को मजबूती देने वाली है।'

### रात अकेली है, द बंसल मर्डर्स : अब नेटफ्लिक्स पर इंस्पेक्टर जटिल यादव की रहस्यमयी दुनिया में रोमांचक वापसी

इंस्पेक्टर जटिल यादव की रहस्यमयी और उलझी हुई दुनिया एक बार फिर सामने आ गई है। रात अकेली है द बंसल मर्डर्स के प्रीमियर के साथ यह कहानी अब सिर्फ नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। यह कहानी 'हूडनइट' फ्रेंचाइज़ी को और गहराई में ले जाती है, जहाँ पुलिस जांच की जगह, एक ताकतवर परिवार की हवेली में घटने वाला साइकोलॉजिकल ड्रामा पेश किया गया है। रात अकेली है- द बंसल मर्डर्स अपने दमदार अभिनय, गहरी कहानी और नैतिक तथा मानसिक गहराईयों में घूमते रहस्य के साथ दर्शकों को पहले से ज्यादा रोमांचक अनुभव देता है। यह फ्रैंचाइज़ी एक और समृद्ध, गंभीर और निडर अध्याय पेश करती है।रहस्यों, साजिशों और बदलती सच्चाइयों से भरा यह केस अब स्ट्रीम हो रहा है सिर्फ नेटफ्लिक्स पर। नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी एक बार फिर जटिल यादव के किरदार में नजर आ रहे हैं। उनकी खामोशी, जख्म और सच्चाई के प्रति मजबूत सोच ने पहली फिल्म में इस किरदार को खास बनाया था। इस बार कहानी एक हवेली के अंदर और भी तनावपूर्ण हो जाती है, जहां हर रास्ते के पीछे कोई न कोई मकसद छिपा है और हर सच की एक कीमत होती है। नवाज़ के मुताबिक, जटिल चाहे जितना भी बदल गया हो, लेकिन उसका इरादा बिल्कुल वही है। उसकी निष्पक्ष सोच, बारीकियों पर तेज नजर और शोर-शराबे के बीच सच तक पहुंचने की काबिलियत आज भी उसकी सबसे बड़ी ताकत हैं। जब भी कोई उसे डराने या दबाने की कोशिश करता है, तब भी वह सच्चाई की तलाश से कभी पीछे नहीं हटता। इस किरदार में लौटना बहुत रोमांचक अनुभव रहा।

### SOCIAL इस क्रिसमस ईव पर पूरे भारत में अपने आउटलेट्स पर सांता गॉट मूव्स बैश लेकर आ रहा है

नई दिल्ली। इस फेस्टिव सीज़न में, SOCIAL उन लोगों के लिए एक हाई-एनर्जी क्रिसमस ईव के साथ माहौल को और मज़ेदार बना रहा है जो बिना किसी रोक-टोक के जश्न मनाते हैं। 24 दिसंबर को, यह नेबरहुड कैफे-बार एक फुल-फ्लेज्ड पार्टी ज़ोन में बदल जाएगा; ज़ोरदार, एनर्जेटिक, और बिल्कुल हटके। इसकी शुरुआत सांता गॉट मूव्स बैश से होगी, जहाँ सांता अपनी स्लेज छोड़कर डांस फ्लोर पर आ जाएगा। यहाँ आपको रेजिडेंट डीजे, हाई-एनर्जी म्यूज़िक, और एक ऐसा माहौल मिलेगा जहाँ कोई रोक-टोक नहीं होगी, जो सर्टिफाइड पार्टी एल्व्स से लेकर मिडनाइट-मास-मिस-यू-लेटर टाइप के सभी लोगों को आने, तैयार होने और जमकर डांस करने के लिए बुलाएगा। तारीख 24 दिसंबर 2025 , समय शाम 7 बजे से, जगह पूरे भारत में SOCIAL आउटलेट्स (कवर चार्ज आउटलेट के अनुसार) रात को और मज़ेदार बनाने के लिए SOCIAL का विंटर स्पेशल, द ठंड Szn मेन्यू है, जो लंबी शामों और फेस्टिव सेलिब्रेशन के लिए डिज़ाइन किए गए गरमा गरम कम्फर्ट फूड का एक सीज़नल मेन्यू है। यह मेन्यू स्वादिष्ट विंटर प्लेट्स और जाने-पहचाने पसंदीदा व्यंजनों को SOCIAL ट्विस्ट के साथ एक साथ लाता है, जिसमें दिल को सुकून देने वाले कम्फर्ट मेन कोर्स और बोल्ड, मसालेदार फ्लेवर से लेकर शेयर करने के लिए बनाए गए फेस्टिव डेज़र्ट शामिल हैं। हाल ही में लॉन्च हुई सबकी पसंदीदा लॉन्गेस्ट लॉन्ग आइलैंड आइस्ड कॉफी को भी एक फेस्टिव अपडेट मिला है।

## ओबेन इलेक्ट्रिक ने प्री-सीरीज बी राउंड में 85 करोड़ रुपये जुटाए



लखनऊ। भारत की घरेलू और रिसर्च-बेस्ड इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल कंपनी ओबेन इलेक्ट्रिक ने प्री-सीरीज बी फंडिंग में 85 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इस फंडिंग राउंड में राज के. सोइन, मूसा डाकरी, रमेश भूटड़ा जैसे जाने-माने इंडियन-अमेरिकन फैमिली ऑफिस के साथ कंपनी के पुराने निवेशकों ने भी निवेश किया है। यह निवेश ओबेन इलेक्ट्रिक की सोच, मजबूत तकनीक, बढ़ते कारोबार और ग्राहकों के भरोसे को दिखाता है, जिसका साफ सबूत पिछले 12 महीनों में कंपनी की कमाई का 10 गुना बढ़ना है।यह निवेश ऐसे अहम समय पर आया है, जब कंपनी वित्त वर्ष 2026 तक 100 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हासिल करने की ओर बढ़ रही है और मार्च 2026 तक अपनी लागत को ब्रेक-ईवन पर लाने का लक्ष्य रखती है, जो उसकी मजबूत ऑपरेशनल योजना को दिखाता है। ओबेन इलेक्ट्रिक का लक्ष्य 2027 तक EBITDA ब्रेक-ईवन हासिल करना है। इसके साथ ही कंपनी मार्च 2026 तक 150 एक्सक्लूसिव शोरूम और सर्विस सेंटर खोलने की योजना बना रही है और अगले दो साल में यह संख्या 500 शोरूम तक पहुंचाने का इरादा है। यह नई पूंजी ओबेन इलेक्ट्रिक के अगले विकास चरण को आगे बढ़ाने में मदद करेगी। इसके जरिए कंपनी अपने डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को तेजी से बढ़ाएगी और ब्रांड की पहचान को मजबूत करेगी। साथ ही, इस फंड का इस्तेमाल नए प्रोडक्ट्स के विकास और उनके लॉन्च को तेज करने के लिए भी किया जाएगा।

### वाटरटेक ने बदला बाज़ार का खेलः नए CP फिटिंग्स और सेनेटरीवेयर पोर्टफोलियो के साथ मज़बूत की अपनी दावेदारी



लखनऊ। भारत के बाथवेयर और प्लंबिंग सॉल्यूशंस इंडस्ट्री में पिछले 27 सालों से भरोसे का दूसरा नाम रही, वाटरटेक इंडिया ने आज अपने CP फिटिंग्स और सेनेटरीवेयर डिवीज़न की एक नई और रणनीतिक शुरुआत की घोषणा की। यह कदम कंपनी के लिए एक बड़ा विस्तार है। इसके तहत, आधुनिक भारतीय घरों की बदलती ज़रूरतों और उम्मीदों को पूरा करने के लिए एक तकनीक-आधारित और डिज़ाइन-फोकस्ड प्रोडक्ट पोर्टफोलियो पेश किया गया है। यह लॉन्च वाटरटेक के लिए खुद को पूरी तरह से री-इन्वेंट करने जैसा है। इसमें 500 से ज्यादा नए और अपग्रेडेड प्रोडक्ट्स शामिल हैं। इस रेंज को एक नई डिज़ाइन फिलॉसफी के साथ तैयार किया गया है, जिसमें बेहतरीन एस्थेटिक्स (लुक), पानी की बचत करने वाली परफॉर्मेंस और सटीक इंजीनियरिंग पर खास ज़ोर दिया गया है ताकि कंपनी के ब्रांड वादे 'द परफेक्ट फ्लो. फॉर लाइफ' को सही मायनों में साकार किया जा सके। इस नए पोर्टफोलियो के साथ, वाटरटेक ने खुद को एक कम्प्लीट बाथरूम सॉल्यूशंस ब्रांड के तौर पर स्थापित किया है। कंपनी अब एक ऐसी प्रोडक्ट रेंज दे रही है जो आपस में जुड़ी हुई है, यानी डिज़ाइन में एकरूपता है और यूज़र को एक प्रीमियम अनुभव देती है।

### दीवाने की दीवानियत अब यह एक नए घर में आने के लिए तैयार

नई दिल्ली। थिएटर्स में दर्शकों के दिलों को छूने और बॉक्स ऑफिस पर सफलता पाने के बाद, एक दीवाने की दीवानियत अब यह एक नए घर में आने के लिए तैयार है आपका घर। जैसे-जैसे सर्दियों की ठंड बढ़ रही है, ZEE5 यह रोमांचक प्रेम कहानी दर्शकों के सामने पेश कर रहा है, ताकि आप इसे अपने घर की आरामदायक जगह से, अपने प्रियजनों के बीच बैठकर इसके जुनून और पागलपन का अनुभव कर सकें। मिलाप ज़वेरी द्वारा निर्देशित और देसी मूवीज़ फैक्ट्री के बैनर तले अंशुल गर्ग और दिनेश जैन द्वारा निर्मित, इस फिल्म में हर्षवर्धन राणे विक्रमादित्य की भूमिका में हैं शक्तिशाली, जोशीले और और खतरनाक रूप से जुनूनी– और सोनम बाजवा अदा की भूमिका में हैं, एक स्वतंत्र और मजबूत महिला जो प्यार में खुद को खोना नहीं चाहती। शाद रंधावा, सचिन खेडेकर, अनंत नारायण महादेवन और राजेश खेरा जैसी प्रतिभाशाली सहायक कलाकारों के साथ, यह फिल्म दर्शकों को दो घंटे के सफर में प्रबल इच्छा से लेकर दिल तोड़ने वाले उलझनों तक की एक रोमांचक भावनात्मक यात्रा पर ले जाती है। शक्ति, जूनून और भावनात्मक उथल-पुथल की दुनिया में सेट, एक दीवाने की दीवानियत उस प्यार की कहानी बताती है जो किसी सीमा में नहीं रह सकता ऐसा संबंध जो दिल और दिमाग की हर हद को चुनौती देता है। हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा उन दो आत्माओं को जीवंत करते हैं, जो एक-दूसरे के प्रति तीव्र आकर्षण महसूस करते हैं, लेकिन इस प्यार के नुकसान का डर हमेशा उनके साथ रहता है।

## सलासर टेक्नो इंजीनियरिंग को उत्तर प्रदेश में 232 करोड़ रुपये का नया 400 केवी ट्रांसमिशन लाइन प्रोजेक्ट मिला

नई दिल्ली। भारत के पावर ट्रांसमिशन और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में अग्रणी इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) कंपनी सलासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड को उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीटीसीएल) द्वारा 232 करोड़ रुपये की प्रतिष्ठित टर्नकी ट्रांसमिशन लाइन परियोजना दी गई है। जर्मनी के सरकारी प्रमोशनल और डेवलपमेंट बैंक केएफडब्ल्यू



(क्रेडिटनस्टाल्ट फ्यूर विडरऑफबाउ) द्वारा अंतरराष्ट्रीय फंडिंग इस परियोजना में शामिल है, जो हाई-वोल्टेज ट्रांसमिशन डोमेन में सलासर की सामाजिक और आर्थिक विकास में नेतृत्व की स्थिति को और मजबूत करती है।नवंबर 2025 में आवंटित यह परियोजना 400 केवी डीसी ट्विन मूज़ बांदा-चित्रकूट ट्रांसमिशन लाइन के इंजीनियरिंग, विस्तृत डिज़ाइन, सप्लाई, एरेक्शन, टेस्टिंग और कमीशनिंग को शामिल करती है, जो लगभग 130 किलोमीटर में फैली हुई है। एक बार संचालन में आने के बाद, यह ट्रांसमिशन लाइन उत्तर प्रदेश के पावर ट्रांसमिशन नेटवर्क को महत्वपूर्ण रूप से मजबूत करने की उम्मीद है, ग्रिड स्थिरता और विश्वसनीयता बढ़ाने, ट्रांसमिशन लॉस को कम करने और औद्योगिक विस्तार और तेज़ शहरीकरण से उत्पन्न राज्य की बढ़ती पावर आवश्यकताओं का समर्थन करने में सहायक होगी। इस टर्नकी प्रोजेक्ट के लिए सम्मानित किए जाने पर सलासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शशांक अग्रवाल ने कहा, यह प्रतिष्ठित यूपीपीटीसीएल प्रोजेक्ट राष्ट्रीय महत्व की बड़ी और हाई-वोल्टेज ट्रांसमिशन परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा करने की सलासर की सिद्ध क्षमता को पुनः प्रमाणित करता है।

### जिओटस ने लॉन्च की 'जिओटस एकेडमी'

लखनऊ। जिओटस, भारत के तीसरे सबसे बड़े क्रिप्टो एक्सचेंज जिसमें 13 लाख से अधिक ग्राहक हैं, ने 'जिओटस एकेडमी' शुरू करने की घोषणा की है। यह स्थानीय भाषा में देश का पहला और एकमात्र मुफ्त, ऑनलाइन और सभी के लिए खुला प्लेटफॉर्म है जो क्रिप्टो फ्यूचर्स की शिक्षा प्रदान करता है। जिओटस एकेडमी का मकसद भारत में अगले 1 करोड़ समझदार क्रिप्टो ट्रेडर्स तैयार करना है। इसके लिए यह संरचित मॉड्यूल और छह भाषाओं - अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में संचालित लाइव इंटरएक्टिव सेशन के माध?यम से वित्तीय ज्ञान को सबके लिए आसान और खुला बनाने की कोशिश कर रही है।शीर्ष ट्रेडर्स और विश्लेषकों (एनालिस?ट) द्वारा डिजाइन किए गए मॉड्यूल के साथ, जिओटस एकेडमी वास्तविक समय के ट्रेडिंग एक्सपोज़र को एक्शन-बेस्ड लर्निंग के साथ जोड़ती है, जिससे प्रतिभागी ट्रेडिंग प्रक्रिया के हर चरण को समझ सकें। पाठ्यक्रम पंजीकरण और केवाईसी से लेकर उन्नत ट्रेडिंग रणनीतियों और जोखिम प्रबंधन तक की पूरी यात्रा को कवर करता है।

## आध्यात्मिकता, संस्कृति और कलात्मक अभिव्यक्ति का संगम - भारतकूल अध्याय-2 का भव्य समापन



नई दिल्ली। भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सनातन धर्म के शाश्वत मूल्यों के उत्सव के रूप में आयोजित भारतकूल अध्याय-2 का भव्य आयोजन 12 से 14 दिसंबर 2025 तक गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद में किया गया। तीन दिवसीय इस महोत्सव ने कला, साहित्य, संगीत, आध्यात्मिकता और विचारप्रधान संवाद के माध्यम से भारतीय संस्कृति की गहराई और जीवंतता का अनुभव कराया। महोत्सव का उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतकूल अध्याय-2 केवल एक सांस्कृतिक उत्सव नहीं, बल्कि भारत की आत्मा को स्पर्श करने वाली एक भावनात्मक यात्रा है। विकास के साथ संस्कृति का संतुलन ही भारत की सच्ची पहचान है और भारतकूल इस संतुलन को सशक्त रूप से प्रस्तुत करता है।

### पोको सी85 5जी की पहली सेल शुरू



नई दिल्ली। पोको, भारत के सबसे भरोसेमंद कंज्यूमर टेक्नोलॉजी ब्रांड्स में से एक, ने केवल फ्लिपकार्ट पर अपने बिल्कुल नए पोको सी85 5जी की पहली सेल शुरू कर दी है। सबसे बढ़िया बैटरी अनुभव के लिए डिज़ाइन किये गये, पोको सी85 5जी में 6000mAh की बैटरी है जो दो दिनों से अधिक की पावर देती है। शानदार लॉन्च कीमत, पोको C85 केवल फ्लिपकार्ट पर 16 दिसंबर, 2025 को दोपहर 12 बजे से बिक्री के लिए उपलब्ध होगा, जिसकी शुरुआती कीमत 4जीबी+128जीबी वैरिएंट के लिए 10,999* रुपये, 6जीबी+128जीबी वैरिएंट के लिए 11,999* रुपये, और जीबी+128जीबी वैरिएंट के लिए 13,499* रुपये है।इस लॉन्च ऑफर के तहत, उपभोक्ता एचडीएफसी, आईसीआईसीआई, या एसबीआई बैंक क्रेडिट और डेबिट कार्ड का उपयोग करके 1,000 रुपये की तत्काल बैंक छूट प्राप्त कर सकते हैं, या पात्र डिवाइस पर 1,000 रुपये एक्सचेंज बोनस का विकल्प चुन सकते हैं। इसके अलावा, क्रेडिट और डेबिट दोनों कार्ड्स पर 3-महीने की नो-कॉस्ट ईएमआई उपलब्ध है। उपरोक्त ऑफर केवल बिक्री के पहले दिन के लिए लागू हैं।

## टाटा एआईए ने अपनी यूलिप फंड श्रृंखला में बेंचमार्क के मुकाबले दिया बेहतर रिटर्न

टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस बाज़ार-आधारित जीवन बीमा समाधान प्रदान करने वाले प्रमुख संस्थानों में अपनी स्थिति और मज़बूत कर रही है। इसके यूलिप फंड ने इक्विटी और हाइब्रिड श्रेणियों में निरंतर और बेहतर रिटर्न प्रदान किया है।

फंड बेंचमार्कः मल्टी कैप फंड, इंडिया कंज़म्प्शन फंड और टॉप 200 फंड~ एस एंड पी बीएसई 200।

शुभारंभ की तिथिः टॉप 200 फंड 12 जनवरी 2009, मल्टी कैप फंड 05 अक्टूबर 2015, इंडिया कंज़म्प्शन फंड 05 अक्टूबर 2015 इन फंडों को विविधीकृत बाज़ार क्षेत्रों में निवेश और गुणवत्ता, स्थिरता तथा दीर्घकालिक आय क्षमता पर केंद्रित अनुशासित निवेश ढांचे का लाभ मिलता है। टाटा एआईए अक्टूबर 2025 तक जीवन बीमा क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले निवेश पोर्टफोलियो बनाए रखने वालों में अग्रणी रही है। इसकी रेटेड परिसंपत्तियों में से 95% से अधिक को मॉर्निंगस्टार से पांच साल के आधार पर चार या पांच सितारा (फोर या फाइव स्टार) रेटिंग मिली है, जबकि उद्योग का औसत लगभग 30% है। यह टाटा एआईए के निवेश प्रबंधन के स्थिर, पारदर्शी और दीर्घकालिक दृष्टिकोण को दर्शाता है।

**दीर्घकालिक मूल्य सृजन के प्रति प्रतिबद्धता**

टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य निवेश अधिकारी, हर्षद पाटिल ने कहा हमारी निवेश रणनीति मौलिक अनुसंधान, गुणवत्ता-आधारित चयन और दीर्घकालिक मूल्य निर्माण पर केंद्रित है। भारत की बाज़ार वृद्धि व्यापक आर्थिक और कॉर्पोरेट आधार पर संचालित हो रही है। हम ऐसे लचीले पोर्टफोलियो बनाने पर ध्यान देते हैं जो अवसरों का लाभ उठा सकें और जोखिम को प्रभावी ढंग से संतुलित कर सकें ताकि हमारे पालिसीधारकों को उल्लेखनीय लाभ मिल सके।

टाटा एआईए गुणवत्ता, विविधीकरण और शोध आधारित निवेश पर निरंतर ध्यान देते हुए अपनी यूलिप फंड पेशकशों के ज़रिये उपभोक्ता मूल्य को बढ़ा रही है।

## मैरिको ने लॉन्च किया निहार नेचुरल्स शांति एलोवेरा आँवला हेयर ऑयल

नई दिल्ली।भारत की सबसे बड़ी एफ़ एम सी जी कंपनियों में से एक मैरिको लिमिटेड ने निहार नेचुरल्स शांति एलोवेरा आँवला हेयर ऑयल लॉन्च करने की घोषणा की। भरोसे और पोषण से भरी देखभाल के लिए जाने-माने प्रोडक्ट बनाने वाली यह कंपनी अपने इस नए वैरिएंट में दो ज़बरदस्त चीजें - आँवला (मज़बूती के लिए) और ऐलोवेरा (कोमलता और चमक के लिए)–को एक ही फ़ॉर्मूले में साथ लाए है।

दशकों से अपने भरोसे और क्षमता के लिए जाना जाने वाला निहार शांति आँवला, उत्तरी और पश्चिमी भारत के कई राज्यों में लोकप्रिय रहा है - इनमें मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश, और पंजाब जैसे राज्य शामिल हैं। अपने इस नए वैरिएंट के साथ ब्रांड ने एक नयी ऊंचाई को छुआ है, जिससे आज के उपभोक्ता की बढ़ती हुई उम्मीदों और इच्छाओं का पता चलता है।

इस बारे में बात करते हुए, मैरिको लिमिटेड, इंडिया कोर बिज़नेस के सीईओ, आशीष गुपाल, ने कहा, निहार नेचुरल्स शांति एलोवेरा आँवला हेयर ऑयल उपभोक्ता की मांग के अनुसार हमारे लगातार इन्नोवेशन करने के प्रयासों को दिखता है। आज की महिलाएँ ऐसे उपाय चाहती हैं जिनसे उनके बालों को सिर्फ़ पोषण ही न मिले, बल्कि वे उनके बदलते लाइफ़स्टाइल और समय के साथ निखरती सुंदरता की ज़रूरतों को भी दर्शाते हों।

### फ्लिपकार्ट फाउंडेशन और हकदर्शक ने उत्तर प्रदेश में सूक्ष्म उद्यमों के लिए अपना समर्थन बढ़ाया



लखनऊ। फ्लिपकार्ट ग्रुप की परोपकारी कार्य करने वाली इकाई फ्लिपकार्ट फाउंडेशन ने उत्तर प्रदेश के लखनऊ, वाराणसी और नोएडा जिलों में 12 महीने चलने वाली पहल के लिए हकदर्शक एम्पावरमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। इसमें नैनो उद्यमियों को जरूरी दस्तावेजों को फॉर्मलाइज करने और क्रेडिट लिंकेज तक उनकी पहुंच को सुगम बनाने पर फोकस किया जाएगा। इस प्रोग्राम को इस तरह डिजाइन किया गया है, जिससे छोटे कारोबारियों को फॉर्मल डॉक्यूमेंटेशन करने और सरकार द्वारा समर्थित फाइनेंशियल लिंकेज तक पहुंचने में मदद मिले। इससे लंबी अवधि में उनका विकास एवं स्थायित्व सुनिश्चित होगा। इस साझेदारी को लेकर फ्लिपकार्ट फाउंडेशन एवं कम्युनिकेशंस वाइस प्रेसिडेंट सारा गिडियन ने कहा, 'फ्लिपकार्ट फाउंडेशन में हमारा मानना है कि उद्यमिता को मजबूत करने की शुरुआत सूचनाओं, दस्तावेजों एवं लंबी अवधि में विकास के अवसरों तक पहुंच को मजबूत करने से होती है। हकदर्शक के साथ हमारी साझेदारी इसी भरोसे को दिखाती है। उद्यमियों को जमीनी स्तर पर औपचारिक अर्थव्यवस्था में कदम रखने के लिए जरूरी टूल्स एवं मार्गदर्शन प्रदान करते हुए हमारा लक्ष्य वित्तीय समावेश बढ़ाना और छोटे उद्यमियों को अपने एवं अपने समुदाय के लिए दृढ़व सुरक्षित भविष्य का निर्माण करने में मदद देना है।'

### रिलेक्सो ने ईज़मायट्रिप के साथ साझेदारी में की 'बाय एंड फ्लाय' विंटर कैंपेन की घोषणा




लखनऊ। भारत में गुणवत्तापूर्ण फुटवियर के सबसे बड़े निर्माता रिलेक्सो फुटवियर्स लिमिटेड ने देश के अग्रणी ऑनलाईन ट्रैवल-टेक प्लेटफॉर्म्स में से एक ईज़मायट्रिप के साथ साझेदारी में एक रोचक विंटर कैंपेन 'बाय एंड फ्लाय' की घोषणा की है। इस कैंपेन का उद्देश्य छुट्टियों के इस सीज़न रोज़मर्रा की खरीददारी और यात्रा की खुशियों को एक साथ लाना है। 15 दिसम्बर 2025 से 18 जनवरी 2026 तक चलने वाला यह कैंपेन रिलेक्सो के 413 एक्सक्लुज़िव ब्राण्ड आउटलेट्स पर लाईव होगा, जिसके तहत स्टोर में फुटवियर खरीदने वाले उपभोक्ता आकर्षक टैंज्बल रिवॉर्ड्स का लाभ उठा सकेंगे उपभोक्ताओं को लुभाने के लिए यह कैंपेन ब्राण्ड के सरल और आकर्षक वादे पर आधारित है 'चले रिलेक्सो के साथ, उड़ें ईज़मायट्रिप के साथ'। इसके तहत रु 1499 या अधिक की खरीददारी करने वाले उपभोक्ताओं को ईज़मायट्रिप की ओर से रु 3000 के अश्योर्ड वाउचर मिलेंगे, जिन्हें भविष्य में किसी भी यात्रा के लिए अनलॉक किया जा सकेगा। उपभोक्ताओं को इनवॉयस पर दिए गए कूपन कोड को कॉपी कर, इसे ईज़मायट्रिप की वेबसाईट पर क्लेम करना होगा। इसके साथ उपभोक्ताओं को कई आकर्षक रिवॉड्र्स भी मिलेंगे जैसे वीकली हॉलीडे वाउचर, और गोवा के लिए एक जैकपॉट कपल ट्रिप।

## ब्रिटिश काउंसिल ने भारतीय छात्रों के लिए ग्रेट स्कॉलरशिप 2026-27 की घोषणा की



लखनऊ। ब्रिटिश काउंसिल, जो सांस्कृतिक संबंधों और शैक्षणिक अवसरों के लिए ब्रिटेन की अंतर्राष्ट्रीय संस्था है, ने यूके सरकार के ग्रेट ब्रिटेन अभियान के साथ मिलकर ग्रेट (त्रश्रक्ठ) स्कॉलरशिप 2026-27 की घोषणा की है। यह छात्रवृत्ति उन प्रतिभाशाली भारतीय विद्यार्थियों के लिए है जिन्होंने शैक्षणिक उत्कृष्टता हासिल की है और जो ब्रिटेन में स्नातकोत्तर अध्ययन करना चाहते हैं। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए, ब्रिटेन के प्रमुख विश्वविद्यालय विभिन्न विषयों में 12 स्नातकोत्तर छात्रवृत्तियां प्रदान कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले उच्च शिक्षा संस्थानों में एंग्लिया रस्किन यूनिवर्सिटी, नॉर्विच यूनिवर्सिटी ऑफ द आट्र्स, क्वीन्स यूनिवर्सिटी बेलफास्ट, रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट, रॉयल कंज़र्वेटॉयर ऑफ स्कॉटलैंड, रॉयल नॉर्दर्न कॉलेज ऑफ म्यूज़कि, यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिस्टल, ट्रिनिटी लाबान कंज़र्वेटॉयर ऑफ म्यूज़कि एंड डांस, यूनिवर्सिटी ऑफ डंडी, यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग, यूनिवर्सिटी ऑफ सरे और यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट इंग्लैंड यूडब्ल्यूई ब्रिस्टल शामिल हैं। प्रत्येक छात्रवृत्ति में एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की ट्यूशन फीस के लिए न्यूनतम 10,000 की राशि प्रदान की जाती है, जिससे भारत के योग्य विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शिक्षा और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त विशेषज्ञता हासिल करने में सहायता मिलती है। ये छात्रवृत्तियां विविध विषयों को समेटती हैं, जिनमें वित्तीय प्रबंधन (फाइनेंस), मार्केटिंग, व्यवसाय प्रबंधन बिज़नेस, मनोविज्ञान, 'विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित' एसटीईएम, डिज़ाइन और मानविकी के साथ-साथ कला, संगीत और नृत्य कार्यक्रम भी शामिल हैं। विशेष रूप से, चार भागीदार विश्वविद्यालय रचनात्मक क्रिएटिव एवं 'प्रदर्शन कला' परफार्मिंग आर्ट विषयों में ग्रेट स्कॉलरशिप प्रदान कर रहे हैं, जिससे शैक्षणिक और व्यावसायिक क्षेत्रों के साथ-साथ कला शिक्षा में भी ब्रिटेन की सशक्त उपस्थिति प्रदर्शित होती है।

### कैलिफ़ोर्निया बादाम के साथ क्रिसमस के हर पल को खास बनाएं

क्रिसमस बस आने ही वाला है, जो अपने साथ एक्साइटमेंट, गर्मजोशी और फेस्टिव माहौल का वादा लेकर आ रहा है। यह मौसम हमें ऐसे फ्लेवर का मज़ा लेने के लिए प्रेरित करता है जो खुशी देते हैं, साथ ही यादगार पलों को संजोने का मौका भी देते हैं। इस साल, कैलिफ़ोर्निया बादाम की पौष्टिक अच्छाई के साथ अपने हॉलिडे मील और गिफ्ट देने की परंपराओं को और भी खास बनाएं। इनमें 15 ज़रूरी पोषक तत्व होते हैं, ये खाने में क्रंची लगते हैं, साथ ही दिल की सेहत को बढ़ावा देते हैं, लंबे समय तक एनर्जी देते हैं और भूख को कंट्रोल करने में मदद करते हैं, खासकर ऐसे समय में जब दावतें, मिलन-समारोह और यात्राएं लगातार चलती रहती हैं। कैलिफ़ोर्निया बादाम की खासियत यह है कि इन्हें कई तरह से इस्तेमाल किया जा सकता है, और यही इनकी सबसे बड़ी ताकत है। चाहे इन्हें साबुत खाया जाए, काटकर या कद्दूकस करके, ये हर डिश में टेक्सचर और स्वाद बढ़ाते हैं। मसालेदार फ्रूटकेक और स्वादिष्ट कुकीज़ से लेकर पारंपरिक भारतीय मिठाइयों और मॉडर्न बेक्ड चीज़ों तक, बादाम आसानी से फेस्टिव खाने का स्वाद बढ़ा देते हैं। जैसे-जैसे भारत में ज़्यादा से ज़्यादा परिवार हेल्दी खाने को अपना रहे हैं, कैलिफ़ोर्निया बादाम नाश्ते में भी एक पॉपुलर चीज़ बनते जा रहे हैं, जो दिसंबर के बिज़ी दिनों में एक पौष्टिक शुरुआत देते हैं।

### रुशिल का 'प्यार टुकड़ों में' रिलीज़ हुआ, यह प्यार है, पर वैसा नहीं, जैसा आप सोचते हैं



नई दिल्ली। उभरते हुए पॉप कलाकार, रुशिल असवाल ने अपना नया हिंदी ईपी, प्यार टुकड़ों में रिलीज़ किया है। आज प्यार कैसा महसूस होता है, यह गीत उसका एक ईमानदार, सिनेमेटिक और खुशनुमा अंदाज में हलचलभरा लुक है। आज के समय में जहाँ प्यार के गीत अक्सर इंतहा तक जाकर, ''अत्यधिक मधुर'', ''अत्यधिक जहरीले'', ''अत्यधिक नाटकीय'' हो जाते हैं, वहीं रुशिल ने इन परंपराओं को तोड़ दिया है। 'प्यार टुकड़ों में' कोमल होने के साथ बहुत तीव्र, सपनों जैसा होने के साथ वास्तविक और नाजुक होने के साथ बिल्कुल शुद्ध है। इस ईपी में पाँच अलग-अलग ट्रैक हैं, जो प्यार के हर पहलू को पेश करते हैं। तेरे इरादे में गहरी, पज़ेज़िव कमजोरी, तारे भी तुमसे घबराएं में भावभीना, देर रात का विश्वास, घर सा में आशा से भरा पूरे दिल से किया वादा, तुम मिल गई जो! में रोमांटिक कॉमेडी की चमक और पानी की लहर में बड़ा सिनेमेटिक भावनात्मक परिवर्तन पेश किया गया है। ये गाने मिलकर रिश्ते के अलग-अलग चरण पेश करते हैं, जो अप्रत्याशित, भावनात्मक और मानवीय खूबसूरती से युक्त हैं।

इस ईपी के बारे में रुशिल ने कहा, ''यह ईपी अभी तक की गई मेरी सभी रचनाओं में सबसे अधिक व्यक्तिगत है। प्यार एक स्पष्ट भावना नहीं है। यह सैकड़ों छोटे-छोटे लम्हों का समूह है, जो आपको बदल देता है। कुछ बहुत उलझे हुए होते हैं। कुछ जादुई होते हैं। पर ये सभी बहुत अहम होते हैं। प्यार टुकड़ों में उन्हें गौरवान्वित करने का मेरा तरीका है। मुझे उम्मीद है कि ये गाने सुनकर लोग सोचेंगे कि हाँ प्यार बिल्कुल ऐसा ही महसूस होता है।''

# कुशीनगर में मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

**अवधनामा ब्यूरो**

**अभी और गिरेगा पारा**

**कुशीनगर।** जिले में पछुआ हवाओं से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। आने वाले दिनों में ठंड और कोहरे का असर और बढ़ने वाला है। घने कोहरे और बढ़ती ठंड से आम जनजीवन प्रभावित होने लगा है। बुधवार से शुरू हुए पछुआ हवाओं की रफ्तार बढ़ने से गलन और बढ़ने लगी है। मौसम विभाग ने जिले में घने कोहरे और ठंड का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही आने वाले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट आने की संभावना जताई गई है।

बुधवार को जिले में सुबह के समय घने कोहरे की वजह से दृश्यता करीब 50 मीटर दर्ज की गई। इससे सुबह के समय सड़कों पर वाहनों की गति धीमी रही। 10 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ जिले में सुबह एक बजे तक आसमान में सूरज छिपा रहा। दोहपर के समय हल्की धूप निकलने से लोगों को कुछ राहत जरूर मिली, लेकिन शाम ढलते ही गलन भरी ठंड ने परेशानी बढ़ा दी। खुले में काम करने वालों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र सरगटिया के मौसम वैज्ञानिक श्रुति वी सिंह ने बताया कि अगले दो दिनों में पछुआ हवाओं की रफ्तार बढ़ेगी, जिससे तापमान और नीचे जा सकता है। हालांकि, तेज हवाओं के कारण कोहरे की तीव्रता में धीरे-धीरे कमी आने की संभावना है। बुधवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं, न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की तरफ से जारी मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले चार दिनों तक अधिकतम तापमान 22 से 23 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9 से 10 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। सुबह के समय सापेक्षिक आर्द्रता 90 से 97 प्रतिशत और शाम के समय सापेक्षिक आर्द्रता 69 से 73 प्रतिशत के बीच रहने की संभावना है।

# हेतिमपुर ने सलेमपुर को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

**अवधनामा संवाददाता**


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते विधायक सुरेंद्र

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** तमकुहीराज के दाहूगंज पांडेय मुन्नीपट्टी स्थित मिनी स्टेडियम के खेल मैदान पर टीआरएल कप व शाही रथ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के आखिरी लीग मुकाबले में एचसीसी हेतिमपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एबीडी सलेमपुर को 53 रन से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

गुरुवार को खेले गए इस मुकाबले में टॉस जीतकर एबीडी सलेमपुर की टीम ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एचसीसी हेतिमपुर की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 238 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के कप्तान शिवम राव ने अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि विक्रांत यादव ने शानदार शतक जड़ते हुए 39 गेंदों में 104 रन बनाए। उनकी इस विस्फोटक पारी में 13 छक्के और 6 चौके शामिल रहे। सलेमपुर की ओर से भीम यादव ने किफायती गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में मात्र 31 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट झटके।239 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एबीडी सलेमपुर की टीम की शुरुआत लड़खड़ाती रही। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे ज्ञानु ने 36 रन की पारी खेलकर कुछ उम्मीद जगाई, लेकिन उनके आउट होते ही टीम की पारी बिखर गई और सलेमपुर की पूरी टीम 14वें ओवर में 185 रन पर ऑल आउट हो गई। हेतिमपुर की ओर से प्रद्युम्न गुप्ता ने घातक गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में 22 रन देकर 4 विकेट झटके, वहीं गोलू ने 3 ओवर में 18 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।शानदार शतकीय पारी और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विक्रांत यादव को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि फाजिलनगर विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा एवं अजिताभ शाही ने फीता काटकर किया तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मैच की कमेंट्री दिनेश चौहान, सच्चिदानंद यादव और दुर्गेश पाल ने की, जबकि निर्णायक की भूमिका भीम कुशवाहा और इंशाद अंसारी ने निभाई। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मुकाबला रिशु इलेवन महराजगंज और राजापुर की टीमों के बीच खेला जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में रजनीश राय, अनूप राय, मृत्युंजय ठाकुर, अशोक द्विवेदी, कृष्ण कुमार गुड्डू, अमरेंद्र, जहांगीर अंसारी, रंजन कुशवाहा, अनुज यादव, बिट्टू शर्मा, करन यादव एवं खुरशेद का योगदान सराहनीय रहा।

## सांसद किशोरी लाल शर्मा ने मां बाप के साथ प्रशांत वीर को दी बधाई

**अवधनामा संवाददाता, अमेठी ।** प्रशांत वीर का इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में 14 करोड़ 20 लाख रुपए में चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर कांग्रेस सांसद केएल शर्मा ने प्रशांत वीर के पिता रामेंद्र त्रिपाठी को फोन पर बधाई दी। उन्होंने इसे पूरे अमेठी जनपद के लिए गौरव का क्षण बताया। उनके निर्देश पर कांग्रेस नेताओं ने गुरुवार को प्रशांतवीर के परिवार से मुलाकात की। बधाई और शुभकामनाएं दीं।

यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शुभम सिंह ने संग्रामपुर के गूजीपुर पहुंच कर प्रशांत वीर के पिता रामेंद्र तिवारी को माला पहनाकर सम्मानित किया और उनकी मां को पुष्प भेंट किया। परिवार को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष डॉ अरविन्द चतुर्वेदी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजीव सिंह, डॉ देवमणि तिवारी, ब्लाक अध्यक्ष बृजेश मिश्र,यूथ कांग्रेस के जिला महासचिव रवि मौर्य आदि ने भी प्रशांत वीर के परिवार से मिलकर खुशियां बांटी और माता पिता को बधाई दी।

# विधायक ने 31 श्रमिकों को पंजीकरण प्रमाण पत्र वितरित किया



**अवधनामा संवाददाता**

**सेवरही,कुशीनगर।** गुरुवार को श्रम विभाग, जनपद कुशीनगर के तत्वावधान में तमकुहीराज में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रमिक पंजीकरण प्रमाण पत्र एवं निर्माण श्रमिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ कुल 31 श्रमिक भाइयों एवं बहनों को वितरित किया गया।

उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तमकुहीराज विधायक डॉ. असीम कुमार ने उपस्थित सभी श्रमिकों में श्रमिक पंजीकरण प्रमाण पत्र वितरित करते हुए कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की सरकार श्रमिकों के सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि श्रमिक वर्ग के उत्थान के लिए संचालित योजनाएं उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं और सरकार द्वारा श्रमिक हित में आगे भी ऐसे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाना ही केंद्र एवं प्रदेश की सरकार का लक्ष्य है। कार्यक्रम के माध्यम से श्रमिकों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर सेवरही केन यूनियन चेयरमैन धीरेन्द्र राय, भाजपा नेता विनोद सिंह राजपूत, अभिषेक आनन्द, तमकुहीराज मंडल अध्यक्ष मुन्नू मिश्रा, आनंद मिश्रा, पीआरओ आलोक शाही, अतुल राय, दीपक, श्रम विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित लाभार्थी उपस्थित रहे।

# जिले में अब मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 28 फरवरी को

**अवधनामा ब्यूरो**

**01 जनवरी 2026 के आधार पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की संशोधित समय-सारिणी जारी**

**कुशीनगर।** सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी/उप जिलाधिकारी सर्वेश कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की संशोधित समय-सारिणी जारी कर दी गई है। आयोग के निर्देशानुसार अब मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 28 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पत्र दिनांक 11 दिसंबर 2025 के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों में संशोधन किया गया है। इसके अंतर्गत गणना (एन्यूमरेशन) कार्य एवं मतदान केंद्रों के युक्तिकरण/पुनर्व्यवस्थापन की प्रक्रिया 26 दिसंबर 2025 तक पूर्ण की जाएगी। अपडेशन ऑफ कंट्रोल टेबल एंड प्रिपरेशन ऑफ ड्राफ्ट रोल 27 से 30 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा, जबकि प्रारूप मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 31 दिसंबर 2025 को होगा। उन्होंने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही 31 दिसंबर 2025 से 30 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराई जा सकेंगी। इस अवधि में नोटिस चरण के अंतर्गत दावों व आपत्तियों का निस्तारण, सुनवाई एवं सत्यापन की प्रक्रिया 21 फरवरी 2026 तक संपन्न की जाएगी। इसके उपरांत मतदाता सूची के स्वास्थ्य मानकों की जांच एवं आयोग की अनुमति प्राप्त कर 28 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने यह भी निर्देश दिए हैं कि विशेष गहन पुनरीक्षण अवधि के दौरान मतदाता सूची से संबंधित कार्यों में लगे अधिकारियों, जैसे जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के पद रिक्त न रहें तथा संबंधित अधिकारियों का स्थानांतरण आयोग की पूर्व अनुमति के बिना न किया जाए। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि मतदाता सूची शुद्ध, त्रुटिरहित एवं अद्यतन तैयार की जा सके।

## अन्तर्जनपदीय वाहन चोरी गैंग का पर्दाफाश, चोरी की चार बाईकों के साथ दो चोर गिरफ्तार



**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जिले के रवीन्द्रनगर थाने की पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोरी गैंग का पर्दाफाश करते हुए जहां चोरी की चार मोटर साइकिलें बरामद किया वही दो चोर को भी दबोचने में सफलता हांसिल की है।

रविन्द्रनगर धूस पुलिस टीम द्वारा थाना रविन्द्रनगर धूस क्षेत्र से दो मोटरसाइकिल चोरों जितेन्द्र साहनी पुत्र लाठी उर्फ तुफानी निवासी चैनपुर थाना कोठीभार जनपद महाराजगंज व कलीम अंसारी पुत्र रियाजुद्दीन अंसारी निवासी सिसवा मठिया थाना रविन्द्रनगर धूस जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की चार मोटर साइकिल वाहनों की बरामदगी की गई है। बरामद वाहनों के संबंध में गहनता से छानबीन की जा रही है। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा जनपद कुशीनगर, गोरखपुर, महराजगंज तथा बिहार राज्य आदि के विभिन्न सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी कर उन्हें नेपाल व अन्य जगहों पर ले जाकर बेच देते हैं। पुलिस के मुताबिक अभियुक्तों के खिलाफ विभिन्न थाना क्षेत्रों में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

# भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष से मिले विधायक पीएन पाठक

**अवधनामा संवाददाता**



**कसया कुशीनगर।** कुशीनगर विधायक पी.एन. पाठक ने गुरुवार को दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की, और उनको शुभकामनाएं और बधाई दी और उन्होंने पार्टी के %संगठन पर्व% कार्यक्रम में भाग लेने के अनुभव और बीजेपी की मजबूती, विचारधारा, और कार्यकर्ताओं की निष्ठा पर अपने विचार साझा किए, जो पार्टी के आंतरिक लोकतंत्र और जनसेवा के प्रतिपदा को दोहराता है।

विधायक पंचानंद पाठक कुशीनगर से भाजपा विधायक भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी और %संगठन पर्व% नामक कार्यक्रम के तहत प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद सदस्य निर्वाचन कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पाठक ने इस अनुभव को प्रेरणादायक बताया और पार्टी की विचारधारा, अनुशासन, और कार्यकर्ताओं की निष्ठा की प्रशंसा की. यह मुलाकात भाजपा के आंतरिक संगठनात्मक गतिविधियों और पार्टी की मजबूती पर चर्चा के लिए थी, जहां विधायक पाठक ने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, और नव नियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष को बधाई और शुभकामनाएं दी और भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष से आत्मीय भेंट कर उन्हें नवीन दायित्व और सफल कार्यकाल के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपका संगठनात्मक कौशल और ऊर्जावान नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी को संगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूती प्रदान करेगा।

## संघ सबको साथ लेकर चलने वाला संगठन : दीपेन्द्र


भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण करते संघ

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** विशाल हिंदू सम्मेलन व शोभा यात्रा पडरौना के उदित नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के खेल मैदान से पूरे नगर में झांकी निकाल कर भ्रमण कर समस्त हिंदू समाज को संगठित कर जागरूक किया गया। संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ के उद्देश्यों, संगठन की भूमिका और समाज में परिवर्तन लाने के तरीकों पर मुख्य वक्ता विभाग संपर्क प्रमुख दीपेन्द्र ने विचार साझा किए।

श्री दीपेन्द्र ने संघ की स्थापना के उद्देश्य पर बात करते हुए कहा कि डॉ. हेडगेवार ने यह महसूस किया कि केवल ब्रिटिश शासन का अंत ही स्वतंत्रता नहीं है बल्कि भारतीय समाज को सशक्त और संगठित करना भी आवश्यक है। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ सुनीता पांडेय ने संघ के शताब्दी वर्ष के इस आयोजन की महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने संघ के समाज जागरण के कार्यों को सराहा और कहा कि यह गोष्ठी समाज के प्रति जागरूकता लाने में अहम भूमिका निभाएगी।

इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन के साथ हुई और समापन वंदे मातरम के साथ हुआ। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने झांकी निकाल कर शोभायात्रा को मनोरंजक बनाया। संचालन जिला सेवा प्रमुख धनंजय त्रिपाठी ने किया।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से महिलाएं होंगी आत्मनिर्भर : विनय प्रकाश

**रामकोला में आयोजित हुई विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना**

**अवधनामा ब्यूरो**


महिलाओं को विश्वकर्मा श्रम सम्मान से सम्मानित करते विधायक

**कुशीनगर।** रामकोला में उद्योग एवं उद्यम निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रायोजित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकप्रिय विधायक विनय प्रकाश गोंड रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

मुख्य अतिथि का हार्दिक स्वागत करते हुए विधायक विनय प्रकाश गोंड ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करने के उद्देश्य से इस महत्वपूर्ण योजना को संचालित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज जब महिलाएं घर से बाहर निकलकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं, तो उन्हें दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ना चाहिए कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से वे आत्मनिर्भर बनें और अपने आस-पड़ोस के साथ-साथ प्रदेश व देश को विकास के पथ पर अग्रसर करें।

वरिष्ठ भाजपा नेता राधेश्याम दीक्षित ने कहा कि सरकार का मुख्य लक्ष्य पिछड़े, दलित एवं वंचित वर्ग को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है, जिसके लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मण्डल अध्यक्ष मनोहर गुप्ता ने कहा कि जब से देश की कमान प्रधानमंत्री मोदी एवं प्रदेश की कमान मुख्यमंत्री योगी ने संभाली है, तब से प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रहा है। सुशासन के साथ युवाओं को सम्मान एवं रोजगार उपलब्ध कराकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दो चरणों में संचालित होगा, जिसमें प्रथम चरण 10 दिनों का होगा, तत्पश्चात दूसरा चरण प्रारम्भ किया जाएगा।

## दिव्यांग की चायपान की दुकान में लगी आग, सारा सामान जलकर राख

**अमेठी ।** बीती रात अमेठी बाईपास के किनारे स्थित फुटपाथ की एक दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित दुकानदार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है।

महमूदपुर गांव के निवासी राम विश्वास शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं। उन्हें एक आंख से दिखाई नहीं देता और वे पैरालाइज की समस्या से ग्रसित हैं। अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए वे अमेठी बाईपास सरायराज शाह के पास हाईवे किनारे एक झोपड़ी डालकर पान, गुटखा और चाय की छोटी सी दुकान चलाते थे। यह दुकान उनके परिवार की आय का एकमात्र साधन थी। राम विश्वास ने बताया कि वे सुबह अपने खेत से घर लौट रहे थे, तभी कुछ लोगों ने उन्हें दुकान में आग लगने की सूचना दी। जब तक आसपास के लोग आग पर काबू पाने का प्रयास करते, आग ने विकराल रूप ले लिया और दुकान का पूरा सामान नष्ट हो गया। उन्होंने जिला प्रशासन से आर्थिक सहायता और पुनर्वास की मांग की है, ताकि वे अपनी दुकान फिर से शुरू कर सकें।

# छः पेटी अवैध शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**अवधनामा संवाददाता**

**तमकुहीराज कुशीनगर।** तरया सुजान थाने के बहादुरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। चौकी प्रभारी विक्रम अजीत राय एवं उपनिरीक्षक अरविंद कुमार राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बहादुरपुर आम के बगीचे के पास से एक शराब तस्कर को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से कुल 06 पेटी (270 पीस) अवैध शराब बरामद की गई है।

तरया सुजान प्रभारी निरीक्षक धनवीर सिंह के नेतृत्व में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान बहादुरपुर पुलिस चौकी ने शराब के साथ शुकुल कुमार, पुत्र धरमनाथ राम, निवासी लक्षी खरेया थाना गोपालपुर का रहने वाला है।

पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही हिरासत में लेकर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बहादुरपुर क्षेत्र में की गई इस कार्रवाई से शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है। पुलिस का कहना है कि आगे भी ऐसे अभियानों को और तेज किया जाएगा, ताकि अवैध कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

# डीएम की अध्यक्षता में विकास कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा

**अवधनामा संवाददाता**



**बस्ती ।** जनपद में प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं विकास कार्यो की प्रगति की गहन समीक्षा जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। इन बैठकों में सड़क सुरक्षा, चकबन्दी, शिक्षा, आंगनबाड़ी, श्रम विभाग, बाल श्रम उन्मूलन, निर्माण कार्य तथा सीएम डैशबोर्ड (विकास) शासन की प्राथमिक योजनाओं से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा की बैठक में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) की पहचान कर वहां आवश्यक सुधारात्मक कार्य कराए जाएं। यातायात नियमों के पालन को सख्ती से लागू करने, हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग को अनिवार्य बनाने तथा आमजन में जागरूकता फैलाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि स्कूलों में प्रयोग होने वाले वाहनों का फिटनेस समय-समय पर चेक किया जाय। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय।

उन्होने चकबन्दी कार्यों की समीक्षा बैठक में लंबित प्रकरणों की स्थिति पर चर्चा किया। जिलाधिकारी ने धारा 52 से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई करते हुए संबंधित को निर्देश दिया कि नियमानुसार रूचि लेकर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होने आंगनबाड़ी एवं विद्यालयों की समीक्षा करते हुए विद्युत विभाग से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन आगनबाड़ी केन्द्रों पर विद्युत कनेक्शन अभी तक पूर्ण नही हुआ है, वहॉ विद्युत कनेक्शन शीघ्रताशीघ्र करायें।

उन्होने जिला श्रम बन्धु समिति एवं बाल श्रम उन्मूलन हेतु जनपद स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक में बाल श्रम की रोकथाम को लेकर ठोस रणनीति पर चर्चा किया। जिलाधिकारी ने कहा कि बाल श्रम एक सामाजिक कुरीति है, जिसे समाप्त करने के लिए निरंतर अभियान चलाना आवश्यक है। निरीक्षण दलों को सक्रिय करते हुए बाल श्रमिकों की पहचान, उन्हें शिक्षा से जोड़ने तथा पुनर्वास योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए। उन्होने निर्देश दिया कि विभाग में संचालित सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को अवश्य मिले। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय। सीएम डैशबोर्ड (विकास) से संबंधित शासन की प्राथमिक की समीक्षा करते हुए पी.एम. सूर्यघर, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति, जलजीवन मिशन, फैमिली आईडी, आईसीडीएस पोषण अभियान, सेतु निर्माण, नयी सड़को का निर्माण से संबंधित संतोषजनक प्रगति न पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को अपेक्षित प्रगति कर सुधार लाने का निर्देश दिया है। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि जिन विभागों की प्रगति ठीक है, वे विभाग अप्रेक्षित प्रगति बनाये रखें। उन्होने निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि निर्माणाधीन कार्यो में तेजी लायें। गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय। कार्यदायी संस्थाओं को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कार्य पूर्ण होने की जो समय निर्धारित है, उसके अन्दर कार्य पूर्ण करायें। बैठक में सीडीओ सार्थक अग्रवाल, डीडीओ अजय कुमार सिंह, सीएमओ डा. राजीव निगम, अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी संजीव कुमार, एआरटीओ माला बाजपेयी, आबकारी अधिकारी राजेश कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी डा. राजमंगल चौधरी, जिला विद्यालय निरीक्षक संजय सिंह, डीएसटीओ मनोज कुमार श्रीवास्तव, उप निदेशक कृषि अशोक कुमार गौतम, डीएचओ अरूण कुमार त्रिपाठी, कार्यदायी संस्था के अधिकारी सहित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया अल्पसंख्यक अधिकार दिवस

**बस्ती।** जनपद के समस्त अनुदानित मदरसों में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया । इस अवसर पर शासन से प्राप्त निर्देश के क्रम में डा0 प्रियंका अवस्थी, उपनिदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, बस्ती, मण्डल बस्ती द्वारा मदरसा जामिया हनफिया रहमतगंज गांधीनगर बस्ती कार्यक्रम आयोजित कर अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सरदार जगवीर सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री जे0एल0 शक्ति राजन (बौद्ध) द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य मदरसा जामिया हनफिया रहमतगंज, के द्वारा मुख्य अतिथि सरदार जगबीर सिंह को माल्यार्पण कर कार्यकम का आगाज किया गया। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर बताया गया कि उ0प्र0 में 06 चर्मो को अल्पसंख्यक वर्ग के रूप में मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध, जैन, एवं पारसी चिन्हित किया गया है। जिला अल्पसंख्यक विभाग एवं अन्य विभाग के द्वारा संचालित किये जा रहे केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के साथ-साथ अन्य विषयों पर चर्चा की गई।

# शीतलहर : कोहरे में बढ़ा सड़क हादसों का खतरा, अमेठी में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक दिसंबर में भी नहीं

**अवधनामा संवाददाता**

**डीएम और शासन के निर्देशों पर भारी है, एनएचआई के अभियंता, नहीं हुई राजामऊ नहर की पटरी की मरम्मत**

**अमेठी।** जिले में शीतलहर और घने कोहरे के बीच सड़क दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन दिसंबर माह में अब तक सड़क सुरक्षा समिति की बैठक नहीं हो सकी है। मुख्यमंत्री के निर्देशों का कड़ाई से पालन नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण अंचलों में अलाव जलाने और निराश्रितों को कंबल वितरण का कार्यक्रम भी अभी तक शुरू नहीं हो सका है।

सड़क सुरक्षा समिति की पिछली बैठक 21 नवंबर को हुई थी, जिसमें पूर्व बैठकों में तय कार्ययोजनाओं और सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की गई थी। बैठक के बाद लगभग एक महीने का समय बीत चुका है लेकिन कई विभाग अपनी जिम्मेदारी के काम पूरा नहीं कर पाए हैं।

बैठक में एनएचएआई रायबरेली को राजामऊ के पास नहर पटरी की मरम्मत 15 अक्टूबर तक कराने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन कार्य अब तक पूरा नहीं हुआ। एक सप्ताह के भीतर काम न होने की स्थिति में मरम्मत के लिए आवंटित धनराशि लोक निर्माण विभाग को ट्रांसफर करने के निर्देश भी दिए गए थे, बावजूद इसके एनएचएआई की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। नहर पटरी की बदहाली से तिलोई क्षेत्र के लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नगर पालिका गौरीगंज ने पार्किंग स्थलों और अवैध टैक्सी स्टैंडों को लेकर एक महीने बाद भी कोई रिपोर्ट नहीं सौंपी है। वहीं एआरटीओ कार्यालय द्वारा ई-रिक्शा रूट प्रणाली के लिए रंग तो तय कर दिए गए हैं, लेकिन रूट सिस्टम अब तक लागू नहीं हो पाया है। ई-रिक्शा चार्जिंग प्वाइंट्स को लेकर भी सड़क सुरक्षा समिति को कोई जानकारी नहीं दी गई है।

पिछली बैठक में एनएचएआई रायबरेली के प्रतिनिधि एएचएमई अभय सिंह यादव उपस्थित थे, लेकिन उन्हें एनएचएआई के नियंत्रणाधीन मार्गों और दुर्घटना स्थलों की कोई स्पष्ट जानकारी नहीं थी। एनएचएआई की ओर से अब तक कोई आख्या प्रस्तुत नहीं की गई है।

जिला मुख्यालय गौरीगंज में बस स्टेशन की स्थापना के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया भी अधूरी है। हालांकि एनएच-931 (प्रतापगढ़-अमेठी-गौरीगंज-मुसाफिरखाना) और एनएच-931ए के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण प्रस्ताव को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने स्वीकृति दे दी है। एनएच-330 (सुल्तानपुर-प्रयागराज) पर चिन्हित दुर्घटना स्थलों के लिए वार्षिक कार्य योजना भी तैयार की जा चुकी है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर चिन्हित छह दुर्घटना संभावित स्थलों पर चेतावनी बोर्ड और थर्मोप्लास्टिक बार मार्किंग का कार्य पूरा कर लिया गया है।

# बांदा में 16 से 20 जनवरी 2026 तक होगा भव्य श्री हनुमंत कथा एवं दरबार का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** ऋषि बामदेव की पावन धरा पर आगामी 16 से 20 जनवरी 2026 तक एक विशाल एवं भव्य श्री हनुमंत कथा एवं दिव्य दरबार का आयोजन मवई बाईपास चौराहा, बांदा में किया जाएगा। इस ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन का आयोजन बुंदेलखंड यूथ फाउंडेशन के तत्वावधान में किया जा रहा है।

आयोजन को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में कथा के मुख्य आयोजक भाजपा नेता एवं बुंदेलखंड यूथ फाउंडेशन के संस्थापक श्री प्रवीण सिंह, आजपा के कार्यालय प्रभारी व बुंदेलखंड यूथ फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य श्री दिलीप गुप्ता तथा श्री हर्षित निगम ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पावन कथा का लाभ बांदा सहित आसपास के लगभग 10 जनपदों के श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा।

आयोजकों ने कहा कि यह आयोजन जनसहयोग से सम्पन्न होने वाला ऐतिहासिक धार्मिक कार्यक्रम है, जिसमें आयोजक केवल निमित्त मात्र हैं। कथा के साथ-साथ महाराज जी का दिव्य दरबार भी सजेगा, जिसमें श्रद्धालुओं की जिज्ञासाओं एवं कष्टों का समाधान होगा। उन्होंने इसे समस्त क्षेत्रवासियों के लिए अत्यंत सौभाग्य का विषय बताया।

आयोजन को सफल बनाने के लिए हजारों समर्पित युवा एवं भक्तजन सेवादार के रूप में अपनी जिम्मेदारियां निभाएंगे। इसके लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है, जिनमें प्रमुख रूप से आयोजन समिति, पंडाल एवं मंच समिति, जलपान एवं भोग सेवा समिति, पूजन व्यवस्था समिति, कलश यात्रा समिति, प्रचार-प्रसार समिति, स्वागत समिति, यातायात, वाहन एवं पार्किंग व्यवस्था समिति, आवास व्यवस्था समिति, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य समिति, सफाई एवं विद्युत व्यवस्था समिति तथा मीडिया समन्वय समिति शामिल हैं।

श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक केन्द्रीय कंट्रोल रूम की भी स्थापना की जाएगी, जिसके माध्यम से कथा स्थल पर समस्त व्यवस्थाओं का संचालन किया जाएगा।

आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि विभिन्न समितियों के प्रमुख सेवादारों का चयन आपसी चर्चा के उपरांत किया जाएगा, जिसकी जानकारी कथा से पूर्व मीडिया के सभी साथियों को उपलब्ध करा दी जाएगी। अंत में आयोजकों ने समस्त क्षेत्रवासियों, सनातन प्रेमियों एवं श्रद्धालुओं से अपने सुविचार एवं सुझाव साझा करने तथा अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण हेतु पधारने का विनम्र अनुरोध किया। साथ ही आयोजन को सफल बनाने में मीडिया जगत की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

# प्राचार्य ने ट्रामा सेंटर में जरूरतमंदों को बांटे कंबल और फल

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** ट्रॉमा सेंटर में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी 'शीत लहर' की एडवायजरी के अनुपालन में एक विशेष जागरूकता और स्वास्थ्य शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कड़ाके की ठंड से होने वाली बीमारियों के प्रति लोगों को सचेत करना और जरूरतमंदों की मदद करना थाकार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षणः प्राचार्य डॉ. श्रीवास्तव ने उपस्थित जनसमूह और स्टाफ को शीतलहर से बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही एक प्रशिक्षण केंद्र भी संचालित किया गया, जहाँ ठंड के मौसम में होने वाली इमरजेंसी (जैसे हार्ट अटैक और हाइपोथर्मिया) से निपटने के गुर सिखाए गएस्वास्थ्य शिविर एवं सामग्री वितरणः एक विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जिसमें मरीजों की जांच की गई। प्राचार्य डॉ. श्रीवास्तव ने स्वयं अपने हाथों से मरीजों और उनके परिजनों को कंबल, ताजे फल और ठंड से बचाव की अन्य



आवश्यक सामग्री वितरित की। वरिष्ठ चिकित्सकों की गरिमामयी उपस्थितिः इस अवसर पर प्राचार्य डॉ श्रीवास्तव के साथ डॉ. अंशुमान सिंह भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। साथ ही, ट्रॉमा सेंटर के विशेषज्ञ डॉ. समीर और डॉ. कुलदीप सिंह ने भी मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें उचित चिकित्सकीय परामर्श दियास्टाफ का सहयोगः कार्यक्रम के सफल संचालन में नर्सिंग इंचार्ज ज्योति एवं समस्त ट्रॉमा सेंटर स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा। सभी ने मिलकर यह सुनिश्चित किया कि अस्पताल में आने वाले हर जरूरतमंद को ठंड से राहत मिल सके। बचाव के मुख्य संदेशः डॉ. सलिल श्रीवास्तव ने सभी को आगाह किया कि वे गर्म पानी का सेवन करें, शरीर को परतों वाले गर्म कपड़ों से ढककर रखें और सरकार द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करें।

## डीएम ने किया आवासीय बालिका विद्यालय विकासखण्ड का निरीक्षण

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय विकासखंड एका का भी निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने छात्राओं के शैक्षिक स्तर छात्राओं की सुरक्षा और विद्यालय में मिल रही सुविधाओं की जमीनी हकीकत को जाना, जिलाधिकारी ने प्रत्येक कक्षा कक्ष में जाकर उनके इतिहास, विज्ञान और गणित के प्रश्न पूछ कर ज्ञान को आंका, साथ ही जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित पंजिका को भी देखा, जहां पर बताया गया कि यहां 139 छात्राएं और आठ अध्यापिकाएं हैं। जिलाधिकारी ने विद्यालय की साफ-सफाई और भोजन इत्यादि के बारे में भी जानकारी ली, जहां पर छात्राओं ने उन्हें अवगत कराया कि यहां मानक के अनुसार उन्हें भोजन इत्यादि दिया जाता है, इसके अलावा जिलाधिकारी ने कंप्यूटर कक्ष और इसकी उपयोग की स्थितियों को भी देखा, उन्होंने सभी छात्राओं को कठोर श्रम करने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होने हेतु प्रेरित किया, इस दौरान जिलाधिकारी के साथ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडे भी मौजूद रहें।

# समय से पूर्ण करें 500 गोवंश गौशाला का कार्यः जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने नगर पंचायत एका के मछरिया क्षेत्र में बन रही 500 गोवंश की क्षमता से युक्त गौशाला का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता को परखा और संबंधित कार्यदाई संस्था नगर पंचायत को तय समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस 25 दिसंबर को इसका उद्घाटन अवश्य हो जाए, यह गौशाला एक करोड़ 65 लाख की लागत से बन रही है तथा यह गौशाला पूरी तरह से सोलर पैनल से संचालित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गोवंशों के लिए बनाए जा रहे शैड, पेयजल हेतु नांद, भूसा गोदाम और केयरटेकर के रूम का भी अवलोकन किया, उन्होंने शेड की ऊंचाई और वेंटिलेशन का विशेष ध्यान रखने की भी बात कही, ताकि गर्मी व शीत ऋतु में गोवंशों को कोई असुविधा न हो, उन्होंने परिसर में जल भराव को रोकने के लिए सोख्ता



ड्रेनेज सिस्टम और गोबर प्रबंधन के लिए भी अभी से तैयारी करने की बात कही। इसके पश्चात् नगर पंचायत एका के परिसर में निर्मित 69 गोवंशों की क्षमता से युक्त कान्हा गौशाला का भी निरीक्षण करने गए, जहां उन्हे बताया गया कि इन गोवंशों की देखरेख के लिए तीन केयर टेकर हैं, यहां पर जिलाधिकारी ने पशुओं की टैगिंग प्रक्रिया को पोर्टल पर अपलोड न पाए जाने पर अत्यंत नाराजगी व्यक्त की, उन्होंने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि यहां समस्त गौवंशो की टैगिंग कराकर पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करना सुनिश्चित करें, उन्होंने यहां पर पशुओं के लिए ठंड से बचाव करने हेतु समुचित व्यवस्थाएं निर्देशित किया, जिलाधिकारी के साथ अपर जिलाधिकारी विशु राजा भी उपस्थित रहें।

## ट्रक चाय की दुकान में घुसा, ट्रक चालक समेत दो की मौत, 3 घायल



**लम्भुआ/सुल्तानपुर।** सुल्तानपुर जिले में गुरुवार सुबह घने कोहरे के कारण एक भीषण सड़क हादसा हो गया। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के कुर्मियाने रामपुर में एक तेज रफ्तार ट्रक बेकाबू होकर चाय की दुकान में जा घुसा। इस दुर्घटना में दुकान मालिक का बेटा और ट्रक चालक समेत दो लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। यह घटना गुरुवार सुबह उस समय हुई जब दियरा से लंभुआ रोड पर आ रहा एक ट्रक घने कोहरे के कारण अपना नियंत्रण खो बैठा। ट्रक सीधे लालजी की छप्परनुमा चाय की दुकान में घुस गया और एक पेड़ से टकरा गया। हादसे के वक्त दुकान पर जलेबी बन रही थी और कुछ ग्राहक भी मौजूद थे। हादसे के वक्त दुकान पर लालजी का 25 वर्षीय पुत्र रोहित और उसकी 50 वर्षीय पत्नी राजकुमारी मौजूद थीं। ट्रक की चपेट में आने से रोहित की मौके पर ही मौत हो गई। राजकुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। दुकान पर मौजूद 55 वर्षीय श्रीराम पुत्र जगरूप और 45 वर्षीय नंदू भी घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही लंभुआ पुलिस मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने जेसीबी की मदद से ट्रक को पीछे हटवाया। ट्रक के स्टीयरिंग के पास फंसे मृत चालक के शव को बाहर निकालने के लिए गैस कटर मंगाया गया। बाद में मृतक ट्रक चालक की पहचान अयोध्या जनपद के हैदरगंज निवासी शुभम सिंह के रूप में हुई। हादसे में एक बाइक और एक साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई।

# कोहरे की गिरफ्त में बांदा, तीन दिन का ऑरेंज अलर्ट जारी

- पिछले वर्षों में सबसे ठंडा रहा गुरुवार का दिन

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** जनपद बांदा इन दिनों कड़ाके की ठंड और घने कोहरे की चपेट में है। गुरुवार की सुबह भी शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई। सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए और सुबह के समय आवागमन प्रभावित रहा। मौसम विभाग के अनुसार, बांदा सहित बुंदेलखंड क्षेत्र में अगले तीन दिनों तक कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने आशंका जताई है कि सुबह और रात के समय घना कोहरा बना रहेगा, जिससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित हो सकता है। गुरुवार का दिन बीते दस वर्षों में सबसे ठंडा दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट आने से ठिठुरन बढ़ गई है। शीतलहर के चलते लोग अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा लेते नजर आए। सुबह के समय स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और दिहाड़ी मजदूरों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रशासन और मौसम विभाग ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। घने कोहरे में वाहन चलाते समय धीमी गति, फॉग लाइट और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई है। साथ ही बुजुर्गों और बच्चों को अनावश्यक रूप से सुबह-शाम बाहर न निकलने की हिदायत दी गई है। लगातार बढ़ती ठंड और कोहरे के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

## मत्स्य पालन षिविर 31 दिसम्बर को

**फिरोजाबाद।** उप जिलाधिकारी, शिकोहाबाद ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि तहसील शिकोहाबाद के अन्तर्गत ग्रामों में स्थित तालाबों का मत्स्य पालन के लिए दस वर्षीय पटटा आंवटन हेतु तहसील मुख्यालय शिकोहाबाद के सभागार में दिनांक 31-12-2025 को समय 11.00 बजे पूर्वान्ह से 02.00 बजे अपरान्ह तक एवं उसके उपरान्त प्रत्येक शुक्रवार को (लक्ष्य पूर्ण होने तक) राजकीय कार्य दिवस में नीलामी शिविर का आयोजन किया जायेगा। इच्छुक पात्र व्यक्ति खसरा, खतौनी, जातिध्आय प्रमाणपत्र व प्रार्थना पत्र के साथ नियत तिथि समय व स्थान पर उपस्थित होकर आवंटन कार्यवाही में भाग लेने हेतु उपस्थित रहें। नीलामी की बोली 2.00 हे0 से कम क्षेत्रफल के तालाबों की नीलामी रूव 5000.00 प्रति हेक्टेयर प्रति वर्ष एवं 2.00 हे0 से बड़े तालाबों की नीलामी रूपये 10000.00 प्रति हेक्टेयर प्रति वर्ष की दर से कम पर नहीं होगी। तालाबों का आवंटन उ0प्र0 रा0 सं0 नियमावली में निहित प्रावधानों के अनुरूप वरीयता के आधार पर होगा।

# डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई एसआईआर की समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा हेतु बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने समस्त ईआरओ व एईआरओ को निर्देश दिया कि बीएलओ बीएलए की मीटिंग समय से कराकर मीटिंग के मिनट्स बीएलओ ऐप पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने सभी सम्बन्धित को निर्देश दिया कि मृतक, शिफ्टेड, अनुपस्थित एवं डुप्लीकेट मतदाताओं का शत-प्रतिशत सत्यापन कराकर यह सुनिश्चित करें कि कोई अर्ह मतदाता का नाम सूची में दर्ज होने से छूटना नहीं चाहिए।



डीएम ने ईआरओ व एईआरओ को निर्देश दिया कि 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवक-युवतियों के अधिक से अधिक फार्म-06 भरवाये जायें। डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया कि 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी कालेज़ों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से फार्म-06 भरने हेतु जागरूक एवं प्रेरित किया जाय। डीएम द्वारा ईआरओ व एईआरओ को निर्देश दिया गया कि लॉजिस्टिक एरर का भी सत्यापन करा लिया जाय तथा ए.एस.डी. कैटेगरी में डिजिटाइज़्ड किये गये फार्मों को बूथ लेबिल अधिकारियों रिपोर्ट व हस्ताक्षर के साथ अपलोड कराया जाय। डीएम ने यह भी कहा कि डिजिटाइज़्ड किये गये फार्मों में यदि कोई छोटी-मोटी कमियां मिलती है तो उन्हें भी दुरूस्त करा लिया जाय। हम सभी का एक ही लक्ष्य है कि जनपद की मतदाता सूची त्रुटिरहित हो। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार सहित ईआरओ व एईआरओ मौजूद रहे।

# ईमानदारी के लिए चर्चा में आए शाहजहांपुर के दो ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** जनपदमें जिस ट्रैफिक पुलिस को वसूली के नाम पर बदनामी हाथ लगती हैं उसी ट्रैफिक पुलिस में इमानदारी की मिसाल कायम करने वाले पुलिस कर्मचारी भी तैनात हैं जिनकी शाहजहांपुर ट्राफिक पुलिस में ही नहीं आम लोगों में चर्चा हो रही है यह पूरी कहानी है शाहजहांपुर जनपद की ट्रैफिक पुलिस में तैनात ट्रैफिक कांस्टेबल जैयवेंद्र सिंह और ट्रैफिक पुलिस के मेजर योगेंद्र सिंह चंदेल की है बुधवार 17 दिसंबर की शाम सेल्फी प्वाइंट जीआईसी तिराहा पर जैयवेंद्र सिंह की ड्यूटी थी इसी दौरान जैयवेंद्र सिंह को एक एंड्रॉयड स्मार्टफोन रोड पर पड़ा मिला जिसमें 18 पर्सेंट बैटरी थी मोबाइल कहीं स्विच ऑफ ना हो जाए इसके लिए जैयवेंद्र सिंह ने मोबाइल को बगल के चाय होटल पर चार्जिंग पर लगा दिया और जैसे ही मोबाइल स्वामी का खोए हुए मोबाइल पर फोन आया तो जैयवेंद्र ने अपना परिचय देते हुए बताया कि मैं ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी हूं और आप जीआईसी तिराहा पर आइए आपका मोबाइल मेरे पास है दरअसल यह मोबाइल शहर के ही एक व्यक्ति का था जो मौके पर आया जिसे ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल जैयवेंद्र सिंह व ट्रैफिक मेजर योगेंद्र सिंह चंदेल ने मोबाइल दिया तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा और ट्रैफिक पुलिस का धन्यवाद देते हुए बोला आज के जमाने में इतनी ईमानदारी रही नहीं है फिलहाल ट्रैफिक पुलिस के इस सराहनीय कार्य की लोग प्रशंसा कर रहे हैं।


# कार्यालय ग्राम पंचायत- छिमौली विकास खण्ड मौदहा (हमीरपुर)

पत्रांक : मेमो/ मनरेगा / विज्ञप्ति / 2025-26 दिनांक : 18.12.2025

**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, एवं लघु सिचाई विभाग एवं व्यापार कर विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से मनरेगा के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदायें दिनांक 19.12.2025 तक कार्यालय ग्राम पचांयत्त छिमौली विकास खण्ड मौदहा में आमत्रित की जाती है। जो दिनाक 19.12.2025 से दिनांक 01.01.2026 तक बेची जाएगी तथा दिनांक 01.01.2026 को 2.00 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी, तथा दिनांक 02.01.2026को समय 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय ग्राम पंचायत छिमौली विकास खण्ड मौदहा से प्राप्त की जा सकती है। धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, डाक घर पासबुक, एफ0डी0आर0, सी0डी0आर के रूप में जो सचिव ग्राम पंचायत छिमौली के पदनाम पर बंधक हो निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है। बिना धरोहर राशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रु0 मूल्य का स्टांम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | स्वीकृत लागत (लाख रू. में) | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य +जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण होने की अवधि | विकास खण्ड का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | ग्राम पंचातय छिमौली के गौशाला में खड़ंजा एवं चरही निर्माण कार्य | 895966.0 | 17919.32 | 450+81 | 3 माह | मौदहा |

**अन्य शर्तेः-**

1. सर्शत निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं की जाएगी।
3. किसी भी दशा में अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा।
4. कार्य निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के आधार पर न पाए जाने की स्थिति में जमानत राशि जब्त करने के सम्बन्ध में एवं सम्बन्धित फर्म/आपूर्तिकर्ता के विरूद्ध कार्यवाही का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा।
5. आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें।
6. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।
7. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर आपूर्तिकता द्वारा वहन किया जाएगा।
8. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0-11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी।
9. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी।
10. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नही ली जा सकती है।
11. जमानत राशि जमा न करने की दशा में प्रथम बिल की धनराशि से जमानत राशि की कटौती की जाएगी।
12. किसी भी प्रकार का वाद मात्र हमीरपुर न्यायालय में ही मान्य होगा।

सचिव ग्राम पंचायत-छिमौली
विकास खण्ड मौदहा- हमीरपुर।

# कार्यालय ग्राम पंचायत- छिमौली विकास खण्ड मौदहा (हमीरपुर)

पत्रांक : मेमो/ मनरेगा / विज्ञप्ति / 2025-26 दिनांक : 18.12.2025

**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, एवं लघु सिचाई विभाग एवं व्यापार कर विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से मनरेगा के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदायें दिनांक 19.12.2025 तक कार्यालय ग्राम पचांयत्त छिमौली विकास खण्ड मौदहा में आमत्रित की जाती है। जो दिनाक 19.12.2025 से दिनांक 01.01.2026 तक बेची जाएगी तथा दिनांक 01.01.2026 को 2.00 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी, तथा दिनांक 02.01.2026को समय 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय ग्राम पंचायत छिमौली विकास खण्ड मौदहा से प्राप्त की जा सकती है। धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, डाक घर पासबुक, एफ0डी0आर0, सी0डी0आर के रूप में जो सचिव ग्राम पंचायत छिमौली के पदनाम पर बंधक हो निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है। बिना धरोहर राशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रु0 मूल्य का स्टांम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | स्वीकृत लागत (लाख रू. में) | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य +जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण होने की अवधि | विकास खण्ड का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | ग्राम पंचातय छिमौली में सी.सी. निर्माण विकास के घर से कुनात के घर के पास तक | 896981.0 | 17939.02 | 450+81 | 3 माह | मौदहा |

**अन्य शर्तेः-**

1. सर्शत निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं की जाएगी।
3. किसी भी दशा में अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा।
4. कार्य निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के आधार पर न पाए जाने की स्थिति में जमानत राशि जब्त करने के सम्बन्ध में एवं सम्बन्धित फर्म/आपूर्तिकर्ता के विरूद्ध कार्यवाही का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा।
5. आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें।
6. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।
7. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर आपूर्तिकता द्वारा वहन किया जाएगा।
8. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0-11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी।
9. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी।
10. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नही ली जा सकती है।
11. जमानत राशि जमा न करने की दशा में प्रथम बिल की धनराशि से जमानत राशि की कटौती की जाएगी।
12. किसी भी प्रकार का वाद मात्र हमीरपुर न्यायालय में ही मान्य होगा।

सचिव ग्राम पंचायत-छिमौली
विकास खण्ड मौदहा- हमीरपुर।

# कार्यालय ग्राम पंचायत- मदारपुर विकास खण्ड मौदहा (हमीरपुर)

पत्रांक : मेमो/ मनरेगा / विज्ञप्ति / 2025-26 दिनांक : 18.12.2025

**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, एवं लघु सिचाई विभाग एवं व्यापार कर विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से मनरेगा के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदायें दिनांक 19.12.2025 तक कार्यालय ग्राम पचांयत्त मदारपुर विकास खण्ड मौदहा में आमत्रित की जाती है। जो दिनाक 19.12.2025 से दिनांक 01.01.2026 तक बेची जाएगी तथा दिनांक 01.01.2026 को 2.00 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी, तथा दिनांक 02.01.2026 को समय 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय ग्राम पंचायत मदारपुर विकास खण्ड मौदहा से प्राप्त की जा सकती है। धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, डाक घर पासबुक, एफ0डी0आर0, सी0डी0आर के रूप में जो सचिव ग्राम पंचायत मदारपुर के पदनाम पर बंधक हो निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है। बिना धरोहर राशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रु0 मूल्य का स्टांम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | स्वीकृत लागत (लाख रू. में) | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य +जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण होने की अवधि | विकास खण्ड का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | ग्राम पंचातय छिमौली में सी.सी. निर्माण विकास के घर से कुनात के घर के पास तक | 336609.0 | 6732.18 | 250+45 | 3 माह | मौदहा |

**अन्य शर्तेः-**

1. सर्शत निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं की जाएगी।
3. किसी भी दशा में अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा।
4. कार्य निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के आधार पर न पाए जाने की स्थिति में जमानत राशि जब्त करने के सम्बन्ध में एवं सम्बन्धित फर्म/आपूर्तिकर्ता के विरूद्ध कार्यवाही का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा।
5. आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें।
6. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।
7. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर आपूर्तिकता द्वारा वहन किया जाएगा।
8. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0-11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी।
9. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी।
10. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नही ली जा सकती है।
11. जमानत राशि जमा न करने की दशा में प्रथम बिल की धनराशि से जमानत राशि की कटौती की जाएगी।
12. किसी भी प्रकार का वाद मात्र हमीरपुर न्यायालय में ही मान्य होगा।

सचिव ग्राम पंचायत-मदारपुर
विकास खण्ड मौदहा- हमीरपुर।

# मदरसा अरबिया कुरानिया में क्राफ्ट, लैंग्वेज व विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**अल्पसंख्यक अधिकार दिवस**

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान मदरसा अरबिया कुरानिया में क्राफ्ट, लैंग्वेज एवं विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी निधि सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मदरसा परिवार के साथ-साथ बड़ी संख्या में छात्र, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने कहा कि वर्तमान युग विज्ञान, तकनीक और भाषाओं का युग है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे विज्ञान तथा विभिन्न भाषाओं का ज्ञान प्राप्त कर दक्षता हासिल करें। उन्होंने कहा कि जब विद्यार्थी अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाते हैं, तभी वे अपने अधिकारों को सही अर्थों में प्राप्त कर पाते हैं। प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा विज्ञान से जुड़े विभिन्न मॉडल, हस्तकला की आकर्षक कलाकृतियाँ तथा अरबी, उर्दू, हिंदी और अंग्रेज़ी भाषाओं से संबंधित शैक्षिक चार्ट एवं प्रस्तुतियाँ प्रदर्शित की गई। विद्यार्थियों ने कुरआन और विज्ञान के आपसी संबंध, पर्यावरण संरक्षण, आधुनिक वैज्ञानिक सिद्धांतों और भाषाओं की उपयोगिता को सरल एवं रोचक ढंग से समझाया, जिसकी उपस्थित जनसमूह ने भूरी-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मौलाना एम एम तारिक शम्सी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मदरसा अरबिया कुरानिया का उद्देश्य केवल किताबी या पारंपरिक शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों का सर्वांगीण विकास और उनके व्यक्तित्व का निर्माण करना है। उप-प्रधानाचार्य सैयद मोहम्मद साद ने कहा कि आज के वैश्विक दौर में भाषाओं का ज्ञान अत्यंत आवश्यक हो गया है। अरबी, उर्दू, हिंदी और अंग्रेज़ी जैसी भाषाएँ छात्रों के लिए शिक्षा, रोज़गार और सामाजिक संवाद के नए अवसर खोलती हैं। नाजिम-ए-तालीमात डॉक्टर मुफ्ती मेराज अहमद ने कहा कि इस्लामी इतिहास इस बात का सशक्त प्रमाण है कि मुसलमानों ने विज्ञान, चिकित्सा, गणित और खगोल विज्ञान के क्षेत्र में विश्व को महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अध्यापक मौलाना मोहम्मद याह्या कासमी नदवी ने कहा कि क्राफ्ट और प्रायोगिक गतिविधियाँ छात्रों की छिपी प्रतिभा को सामने लाने का सशक्त माध्यम हैं। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य शिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अल्पसंख्यक अधिकार दिवस जैसे आयोजनों के माध्यम से छात्रों में अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी जागरूकता पैदा होती है। उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में भी मदरसा इस प्रकार के रचनात्मक, शैक्षिक और ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और प्रदर्शनी के सफल आयोजन के लिए मदरसा प्रबंधन व शिक्षकों को बधाई दी। आयोजन से पूरे मदरसा परिसर में शैक्षिक उत्साह और सकारात्मक वातावरण देखने को मिला।

## ज्ञानस्थली ग्रुप ऑफ स्कूल्स गेम्स टूर्नामेंट का शुभारंभ 20 दिसंबर को

**इटावा।** ज्ञानस्थली विद्यालय में ज्ञानस्थली ग्रुप ऑफ स्कूल्स गेम्स टूर्नामेंट (स्पर्धा 2025) का शुभारंभ 20 दिसंबर को किया जा रहा है। जिसमें आउटडोर खेलों में वॉलीवाल, खो-खो, कबड्डी व क्रिकेट एथलेटिक्स में शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, ऊंची कूद, लंबी कूदभाला फेंक, दौड़ व रिले रेस तथा इनडोर खेलों में शतरंज, कैरम तथा टेबल टेनिस को शामिल किया गया। इन सभी खेलों में ज्ञानस्थली ग्रुप ऑफ स्कूल्स की टीमें (ज्ञानस्थली कटरा शमशेर खां, विजयनगर, भर्थना औरैया, बिधूना, दिबियापुर) प्रतिभाग करेंगी। विद्यालय प्रांगण आयोजित टूर्नामेंट में विद्यालय समिति के अध्यक्ष (चेयरमैन) शिवप्रसाद यादव व उपाध्यक्ष (वाइस चेयरमैन) विनीत यादव, प्रधानाचार्य अंशुल तिवारी, विद्यालय प्रबंधन प्रमुख शिवमंगल, नीरज त्रिपाठी व ज्ञानस्थली ग्रुप ऑफ स्कूल्स के स्पोर्ट डायरेक्टर वासिफ खान सर मंच पर विराजमान होंगे। खेलों का महत्व शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के लिए है, क्योंकि वे शरीर को स्वस्थ रखते हैं, तनाव कम करते हैं, अनुशासन सिखाते हैं और टीम भावना व नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं।

# वार्षिकोत्सव में सीडीओ ने शिक्षा के महत्व पर डाला प्रकाश




**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** राजकीय इंजीनियरिंग कालेज सोनभद्र में छात्र-छात्राओं के लिए संचालित नीःशुल्क शिक्षण कार्यक्रम उम्मीद के अंतर्गत वार्षिकोत्सव का आयोजन अंबेडकर पार्क मुसही में किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने मेडिकल कॉलेज के उपप्राचार्य डा. आनंद कुमार के साथ दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक प्रोफेसर गीतम सिंह तोमर ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। संस्थान द्वारा की जा रही इस सामाजिक पहल के बारे में अवगत कराया। उम्मीद कार्यक्रम से लाभान्वित हुए साथ छात्र-छात्राएं अभी तक राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सोनभद्र में प्रवेश पा चुके हैं। उन्होंने उम्मीद को संस्थान की सामाजिक दायित्वओं के प्रति निर्वाहन के लिए कटिबद्धता का सफल उदाहरण बताया। सीडीओ जागृति अवस्थी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं एजुकेटर को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अभिभावकों से अपेक्षा की कि बेटियों की शिक्षा को अनवरत जारी रखते हुए उन्हें स्वावलंबन की ओर ले जाने का प्रयास करें। छात्र-छात्राओं को लिख कर पढ़ाई करने पर जोर दिया। डा आनंद कुमार ने उम्मीद के छात्र-छात्राओं को सन 2017 से लगातार इस कार्य को करते रहने के लिए बधाई दिया। जिला पंचायत अधिकारी अंशुल मौर्य ने इस पुनीत कार्य से स्वयं को जोड़ने के प्रतीक कटिबद्धता जाहिर की। मौके पर फैकल्टी कोऑर्डिनेटर प्रशांत पांडेय, सिकंदर, डा. आरके पटेल, डा हरीश, डा विजय, डा. रवि, डा पीके वर्मा, कल्पना सिंह, डा. विकास तिवारी, डा मैनेजर, डा अभिनव आदि मौजूद रहे।

## हत्यारोपी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** अपराध नियंत्रण अभियान के तहत कोतवाली नगर पुलिस ने हत्या के एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मु0अ0सं0 263/2025 धारा 103(1) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त विजय सागर उर्फ भल्लू उर्फ बबलू पुत्र श्रीराम को प्राथमिक विद्यालय बरदहा से आगे नहर पुलिया के पास चकरोड से गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## रोडवेज कर्मियों के रवैये से परेशान युवक ने डीएम से की शिकायत

**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** रोडवेज चालकों और परिचालकों की मनमानी से परेशान एक युवक ने जिलाधिकारी से शिकायत कर जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। सदर कोतवाली क्षेत्र के यमुनाघाट निवासी नईम खां ने दिए पत्र में बताया कि अमन शहीद से तहसील रोड तक रोडवेज बसों को आड़े-तिरछे खड़ा कर सवारी भरने के कारण दिन में कई बार जाम लग जाता है।बताया कि गुरुवार सुबह न्यायालय जाते समय रोडवेज बस स्टैंड के सामने जाम लगा हुआ था, जिसमें एम्बुलेंस और स्कूली बसें भी फंसी थीं। जाम हटाने को कहने पर चालकों और परिचालकों ने अभद्रता की और हाथापाई करते हुए जान से मारने का प्रयास किया। पीड़ित ने पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## निःशुल्क नेत्र शिविर में 300 लोगों की आंखों की जांच

**कुरारा (हमीरपुर) (अवधनामा संवाददाता)** विकासखंड क्षेत्र के झलोखर गांव स्थित श्री राजाराम इंटर कॉलेज में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 300 ग्रामीणों की आंखों की जांच की गई, जिसमें 18 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चित्रकूट भेजा गया। पहाड़ी देव शिव धाम समिति शंकरपुर बचरौली और सदुरु सेवा संस्थान चित्रकूट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर में 60 लोगों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। शिविर में आयुष्मान मित्र मनीष कुमार, समाजसेवी गणेश तिवारी, शिवांग द्विवेदी सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया।

## यज्ञ समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन

**कुरारा (हमीरपुर) (अवधनामा संवाददाता)** झलोखर गांव स्थित श्री राजाराम इंटर कॉलेज में आयोजित यज्ञ के समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले संत समाज को भोजन कराया गया, इसके बाद उन्हें कंबल भेंट कर विदाई दी गई। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। आयोजन देर शाम तक चलता रहा।

# सकल हिंदू समाज करेगा न्याय पंचायत व बस्ती स्तर पर विराट हिंदू सम्मेलन

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** सकल हिंदू समाज आयोजन समिति सोनभद्र के द्वारा समस्त न्याय पंचायत तथा बस्तियों में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के जिला संयोजक/अध्यक्ष आलोक कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि सकल हिन्दू समाज को संगठित करने, हिन्दू समाज में समरसता का भाव बढ़े,

आपस में प्रेम सद्भाव एवं सुख-दुख में सहभागी बने, सकल हिन्दू समाज के सामूहिक शक्ति का प्रकटीकरण हो, हिन्दू धर्म, संस्कृति एवं समाज के पोषक विषयों को पूर्नस्थापित करने को लेकर यह आयोजन किये जा रहे हैं। उक्त आयोजन के मंच की संरचना के अनुसार मंच पर स्थानीय स्तर के एक पूजनीय संत संत समाज से, एक व्यक्ति सहोदर समाज/वंचित वर्ग से, एक महिला मातृ शक्ति से तथा आयोजन समिति का अध्यक्ष व मुख्य वक्ता अर्थात मंचस्थ कुल पांच अतिथि होंगे। जिले के आयोजन समिति का गठन किया जा चुका है जिसके अनुसार राजीव मिश्रा, अजीत रावत उपाध्यक्ष, श्रीमति मणिकर्णिका कोल महामंत्री, श्रीमति नीतु संजीविआ कोषाध्यक्ष, पवन जैन व आनंद गुप्ता मंत्री, अजीत जयसवाल, प्रमोद गुप्ता, कीर्तन, बलदेव सिंह , लालजी तिवारी, पारसनाथ मिश्र, जगदीश पंथी, बलराम सोनी, धर्मवीर तिवारी , जंगली बाबा, हर्ष हर्ष अग्रवाल सदस्य हैं। इसी अनुसार समस्त खंण्डो की रचनाएं भी की गई है जिसके अनुसार नगवां विकासखंड के संयोजक/अध्यक्ष मनोज चौबे उपाध्यक्ष अमरेश पटेल व सुनील जायसवाल, चतरा विकासखंड के संयोजक/अध्यक्ष नंदलाल विश्वकर्मा उपाध्यक्ष सुनील सिंह व रमेश चौबे, छप्पका विकासखंड के संयोजक/अध्यक्ष सत्येंद्र पाठक उपाध्यक्ष दयाशंकर पांडे व मनीष मिश्रा, कर्मा विकासखंड के संयोजक/ अध्यक्ष राजेश मिश्रा उपाध्यक्ष उमाशंकर व रविंद्र बहादुर, घोरावल विकासखंड के संयोजक/ अध्यक्ष राजीव उपाध्यक्ष अरुण चौबे व उमेश शुक्ला, सोनभद्र नगर के संयोजक/अध्यक्ष नागेंद्र राय उपाध्यक्ष मनोज जालान व संगम गुप्ता हुये हैं। इस अनुसार घोषित की गई सभी संरचनाएं हिंदू सम्मेलन का आयोजन सकल हिंदू समाज के नेतृत्व में आयोजित होगी।

## घसिया बस्ती स्कूल के कायाकल्प के निर्देश

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज राबर्ट्सगंज ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय लोढ़ी के घसिया बस्ती का आकस्मिक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शिक्षकों द्वारा पठन-पाठन कार्य करते पाये गये। जिलाधिकारी ने अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से वार्ता कर बौद्धिक स्तर का जायजा लिये और बेहतर शिक्षण कार्य के लिए अध्यापक/शिक्षामित्र को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पंजीकृत 55 में से मौके पर कम संख्या में बच्चों की उपस्थिति पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने विद्यालय के अध्यापक को पंजीकृत छात्र-छात्राओं की उपस्थिति को अधिकाधिक बढ़ाने के निर्देश दियें, उन्होंने कहा कि पंजीकृत छात्र-छात्रा विद्यालय आये, इसके लिए अभिभावकों को भी प्रेरित किया जाये। इस दौरान विद्यालय के अध्यापक द्वारा विद्यालय में पीने के पानी की समस्या विद्युत आपूर्ति विद्यालय पहुंच मार्ग तक सड़क, विद्यालय परिसर में इण्टर लॉकिंग स्मार्ट क्लास की व्यवस्था बात अध्यापक द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष रखी गयी।

# पुस्तक खुदीराम बोसः द बॉय हू स्माइल्ड एट डेथ का भव्य विमोचन लखनऊ में संपन्न

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** जनपद के शिक्षक राम जनम सिंह की स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीद खुदीराम बोस के जीवन पर आधारित पुस्तक खुदीराम बोसःद बॉय हू स्माइल्ड एट डेथ का भव्य विमोचन लखनऊ में संपन्न हुआ। यह पुस्तक विमोचन कार्यक्रम देशभक्ति, साहित्य और इतिहास के संगम का सजीव उदाहरण बना।

कार्यक्रम में पुस्तक का विधिवत विमोचन संयुक्त शिक्षा निदेशक अजय कुमार सिंह, राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ में पाठयपुस्तकों का कार्य देख रही श्रीमती नीलू सिंह एवं साथ सोल आर्क के मृणाल मिश्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि यह पुस्तक न केवल खुदीराम बोस के साहस और त्याग को उजागर करती है, बल्कि युवा पीढ़ी को राष्ट्रप्रेम, कर्तव्य और आत्मबलिदान की भावना से जोड़ने का सशक्त माध्यम भी है। लेखक राम जनम सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यह कृति केवल एक ऐतिहासिक विवरण नहीं, बल्कि उस चेतना का दस्तावेज़ है जिसने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को दिशा दी। उन्होंने बताया कि खुदीराम बोस का जीवन आज के युवाओं के लिए भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना वह औपनिवेशिक काल में था। मुख्य अतिथियों ने पुस्तक की भाषा, शैली और भावनात्मक प्रभाव की सराहना करते हुए इसे छात्रों, शिक्षकों और सामान्य पाठकों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी पुस्तकों से इतिहास जीवंत होता है और बलिदान की परंपरा स्मृतियों में नहीं, बल्कि विचारों में जीवित रहती है।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित साहित्यकारों, शिक्षकों और पाठकों ने लेखक को शुभकामनाएँ दीं और पुस्तक के व्यापक प्रसार की कामना की। कार्यक्रम में सुनील चतुर्वेदी डाइट लखनऊ के प्रवक्ता व शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यालय पर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, पुलिस फोर्स से हुई झड़प

**अवधनामा ब्यूरो**



पुलिस फोर्स ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहित कई नेताओं को लिया हिरासत में

**सोनभद्र।** नेशनल हेराल्ड मनी लांड्रिग केस को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को पार्टी के जिलाध्यक्ष रामराज सिंह गोड़ के नेतृत्व में भाजपा जिला कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भाजपा कार्यालय गेट के पास कांग्रेसियों को रोकने का प्रयास किया तो कांग्रेसी उग्र हो गए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पुलिस के बीच करीब आधे घंटे तक झड़प भी हुई। अंत में पुलिस ने कांग्रेस के कई नेताओं को हिरासत में लेकर मामला शांत कराया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बताया कि भाजपा सरकार ने नेशनल हेराल्ड मनी लांड्रिंग केस को लेकर याचिका दायर किया था, जो आधारहीन, अनैतिक और असंवैधानिक है। कांग्रेस की सोनिया गांधी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की छवि धूमिल करने के लिए यह कृत्य भाजपा सरकार द्वारा किया गया था। न्यायालय ने इस केस को आधारहीन करार देते हुए खारिज कर दिया। न्यायालय के आदेश को कांग्रेसियों ने सत्य की जीत बताया है। बतादें कि नेशनल हेराल्ड मनी लांड्रिंग केस में न्यायालय के आदेश का कांग्रेसियों ने स्वागत किया। कांग्रेस जिला कार्यालय से कार्यकर्ताओं ने सूबे के मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे। यहां कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए धरना देने का प्रयास किया। पुलिस फोर्स ने आक्रोशित कांग्रेसियों को समझाने का प्रसाय किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद पुलिस ने कांग्रेस के कई नेताओं को हिरासत में लिया। पार्टी के नेताओं की गिरफ्तारी से आक्रोशित कांग्रेसियों ने पुलिस फोर्स के साथ झड़प की। सड़क पर बैठक कर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी किया। अंत में पुलिस ने कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष रामराज सिंह गोंड के साथ ही कई नेताओं को हिरासत में लेकर चुर्क पुलिस चौकी ले गई।

इस मौके पर शहर अध्यक्ष हाजी फरीद अहमद, राजीव त्रिपाठी, शशांक मिश्रा, कौशलेश, जितेंद्र पासवान, राजबली पांडेय, कन्हैया पांडेय, नागेश मणी पाठक, श्रीकांत मिश्र, अमरेश देव पांडेय, दयाशंकर देव पांडेय, आशीष सिंह, बेबी सिंह, उषा सिंह, संगीता श्रीवास्तव, मंजू देवी, शरद पनिका, अशोक यादव, ऋषि राज कुशवाहा, बबीता देवी, जीयूत पनिका, प्रांजल श्रीवास्तव, रोहिल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण में सहयोग का आह्वान

**सोनभद्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गयी, इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के सम्बन्ध में माननीय भारत निर्वाचन आयोग की दिशा निर्देश से अवगत कराया गया इस दौरान उन्होने कहा कि 2025 के मतदाताओं के सत्त्यापन का कार्य प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2003 के आधार पर किया जा रहा है तथा अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक एवं डुप्लीकेट मतदाताओं के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये इस दौरान उन्होने पार्टी पदाधिकारियों को प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अन्तर्गत बी0एल0ओ0 द्वारा किये गये कार्यो की प्रगति रिर्पोट उपलब्ध करायी गयी है।

## जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में सुनीं 90 शिकायतें, अधिकांश का मौके पर निस्तारण



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर आमजन की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 90 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों के समाधान के लिए जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और समय से आख्या प्रस्तुत की जाए।

## उर्वरक विक्रेताओं को रेट बोर्ड व निर्धारित दर पर बिक्री के निर्देश

**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** जनपद में किसानों को उनकी जोतबही के अनुसार गुणवत्तापूर्ण उर्वरक निर्धारित दरों पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। सभी निजी, सहकारी फुटकर व थोक उर्वरक विक्रेताओं को अपने प्रतिष्ठानों पर स्पष्ट व पठनीय रेट बोर्ड प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया है, जिसमें अधिकतम विक्रय मूल्य व उपलब्ध स्टॉक का विवरण अंकित हो। उर्वरक बिक्री के दौरान किसानों को अन्य उत्पादों की जबरन टैगिंग न करने के निर्देश दिए गए हैं। नियमों के उल्लंघन, अधिक दर पर बिक्री, टैगिंग, कालाबाजारी या नकली उर्वरक पाए जाने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्रवाई की जाएगी। गंभीर मामलों में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत भी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## प्रलोभन में आकर न करें धर्म परिवर्तन-सुनीलजी सह प्रान्त प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

**सोनभद्र/घोरावल/अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के निमित्त सोनभद्र जिले के घोरावल खण्ड के ओबाराडीह मंडल में हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम सकल हिंदू समाज के आयोजन में संपन्न हुआ।जिसमें सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता ओबराडीह के ग्रामप्रधान नंदलाल बैगा ने किया।तथा मुख्य वक्ता के रूप में काशी प्रान्त के सह प्रान्त प्रचारक सुनील जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।कार्यक्रम का समापन खण्ड संयोजक राजीव ने किया।मंचासीन लोगों में सन्त भगवानदास तथा श्रीमती दौलत देवी उपस्थित थी।अपने उदबोधन में प्रान्त प्रचारक के हिन्दू समाज को जागृत और संगठित रहने का सन्देश दिया।किसी भी प्रलोभन में आकर अपने धर्म और संस्कृति के खिलाफ बोलने से सचेत किया स्वामी विवेकानंद ,सुभाष जी,डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवारजी आदि लोगों ने अपने धर्म संस्कृतियो से समझौता नही किया।

# समस्त विभागों से लाभान्वित अल्पसंख्यक समुदाय की सूचना का कराया जाए संकलनः जिलाधिकारी

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** अल्पसंख्यक अधिकार दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया इस मौके पर जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद रामसकल जी, अपर जिलाधिकारी वि0 रा0 मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोनभद्र, जिला सैनिक एवं पुनर्वास अधिकारी सोनभद्र, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सोनभद्र सहित अन्य अधिकारीगण,अल्पसंख्यक समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा सभी का अभिवादन किया गया तथा अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला गया अल्पसंख्यक समुदाय हेतु शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए चर्चा की गयी। अल्पसंख्यक अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में 5.98 प्रतिशत अल्पसंख्यक आबादी है जिसमें अधिकांश आबादी मुस्लिम वर्ग की है उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त 21 मदरसा संचालित है जिसमें 07 सेकेंड्री स्तर के है। उक्त 07 मदरसा के कक्षा 10 एवं 12 के बच्चे मदरसा बोर्ड परीक्षा 2026 में सम्मिलित होंगे। यह भी बताया गया कि अल्पसंख्यक वर्ग के बच्चों की शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना चलाई जाती है, जिसमें विगत 8 वर्षो में (2017-2025) में जनपद सोनभद्र के 14298 छात्र छात्राओं के खातों में सात करोड़ ग्यारह लाख बाइस हजार आठ सौ चौरासी रूपए (7,11,22884) की धनराशि प्रेषित की गयी हैं साथ ही जनपद सोनभद्र में एक मात्र अनुदानित मदरसा को प्रधानमंत्री पोषण योजना (एम0 डी0 एम0) से आच्छादित कर लिया गया है। बैठक में अन्य गणमान्य द्वारा भी अपने विचार प्रकट किए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त विभागों को पत्र प्रेषित कराने के निर्देश दिए गए ताकि प्रत्येक विभाग से लाभान्वित होने वाले अल्पसंख्यक आबादी की सूचना संकलित हो सके साथ ही मदरसों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा परिवेश निर्धारित करने का भी निर्देश दिए। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस का आयोजन वृहद रूप से जनपद के सभी मदरसा परिक्षेत्र के बच्चों, अभिभावकों के साथ किया गया।

# चंडौत दंगल में दिल्ली की अंजू ने हरियाणा की कोमल को पछाड़ा

**अवधनामा संवाददाता**



**सरीला (हमीरपुर)।** क्षेत्र के चंडौत गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सर्द हवाओं के बीच भव्य दो दिवसीय दंगल का आयोजन किया गया। दंगल के पहले दिन मुख्य अतिथियों रामसहोदर नेता, कामता राजपूत, देवेंद्र राजपूत एवं ज्ञान सिंह ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर कुश्तियों का शुभारंभ कराया।

पहले दिन दो दर्जन से अधिक कुश्तियां हुईं। मसगांव के लेखराज ने कानपुर के भीमकांत को कड़ी मशक्कत के बाद चित किया। शोभित गोरखपुर ने कैलाश रायबरेली को पराजित किया। लींगा के प्रीतम ने इंचौली के राकेश को हराया। मथुरा के वीरबहादुर और आगरा के बिच्छू के बीच हुए मुकाबले में बिच्छू ने जीत दर्ज की। कानपुर के राहुल ने मैनपुरी के जय को मात दी। चंडौत के सुनील ने राणा के दिलीप को चित किया।

महिला वर्ग की कुश्ती में दिल्ली की अंजू ने हरियाणा की कोमल को कड़े संघर्ष के बाद पराजित किया। बिनय बलरामपुर और अमर सिंह धौहल तथा मंगल सिंह रहटिया और उदल धौहल के बीच कुश्ती बराबरी पर रही। दंगल देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे, जिन्होंने तालियां बजाकर पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। रेफरी की भूमिका महिपाल व गुलाब ने निभाई, जबकि संचालन शीलू महाराज परासन ने किया। निर्णायक मंडल में शिव सिंह, अर्जुन, राधाचरण निगम एवं धर्मेश राजपूत शामिल रहे। आयोजन में राजकुमार, कुलदीप पाठक, अरविंद, राघवेंद्र, नौतम, रोहित, जनक सहित कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## जिला कारागार का त्रैमासिक संयुक्त निरीक्षण, व्यवस्थाओं पर संतोष



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार राय, जिलाधिकारी घनश्याम मीणा, पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा जिला कारागार का त्रैमासिक संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुरुष व महिला बैरकों, चिकित्सालय, पाकशाला सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। बंदियों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं, भोजन व्यवस्था और सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया गया। साथ ही कारागार में चल रहे कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सराहना की गई। निरीक्षणकर्ताओं ने जरूरतमंद बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने तथा सुधारात्मक गतिविधियों को निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय जेल अधीक्षक मंजीव विश्वकर्मा, जेलर आनंद सिंह, डिप्टी जेलर देवेंद्र कुमार दूबे सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## इटावा हिन्दी सेवा निधि का सारस्वत समारोह कल 20 दिसंबर को

**इटावा (अवधनामा संवाददाता)** हिन्दी गौरव न्यायमूर्ति प्रेम शंकर गुप्त द्वारा संस्थापित इटावा हिन्दी सेवा निधि का तैतीसवां सारस्वत समारोह कल 20 दिसंबर शनिवार को अपरान्ह डेढ़ बजे से इस्लामिया कॉलेज प्रांगण में सम्पन्न होगा। भारत के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत इस समारोह में वाणी पुत्रों को सम्मानित करेंगे। समारोह की अध्यक्षता सुविख्यात साहित्य मनीषी वसीम बरेलवी साहब करेंगे। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति ब्रज राज सिंह प्रशासनिक न्यायाधीश इटावा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला जज रजत सिंह जैन तथा जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल भाग लेंगे। उक्त आशय की जानकारी निधि के महासचिव प्रदीप कुमार एवं कार्यक्रम संयोजक राज कुमार गुप्ता एडवोकेट ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर लीं गई हैं।

# भातखंडे विश्वविद्यालय फर्श से अर्श की ओर : योगी

■ भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय का शताब्दी महोत्सव शुरू ■ यह केवल समारोह नहीं, सांस्कृतिक चेतना का क्षण

- कलाकारों के सम्मान और सुरक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध
- संगीत और संस्कृति को आत्मगौरव दिलाने का कार्य
- युवाओं को संस्कृति से जोड़ने का माध्यम बना महाकुंभः मुख्यमंत्री



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय आज फर्श से अर्श की ओर दिखाई दे रहा है। शताब्दी वर्ष की बहुत बधाई। यह शताब्दी महोत्सव का शुभारंभ केवल एक औपचारिकता नहीं है। यह तो भारत की सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्र बोध का क्षण है। जिसने पीढ़ी दर पीढ़ी नई पहचान दी है मुख्यमंत्री भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष के उद्घाटन समारोह में सबोंधित कर रहे थे, उन्होंने कहा कि 1947 से लेकर 2017 तक सैकड़ों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। तत्कालीन राज्यपाल राम नाईक ने कहा कि इस संस्थान को विश्वविद्यालय का दर्जा मिल सकता है। रवींद्र नाथ टैगोर जी ने जिसकी कल्पना की थी, 2022 में हमारी सरकार ने इसे विश्विद्यालय की मान्यता दी। यह प्रदेश का पहला संस्कृति विश्वविद्यालय है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सभी को कलाकार का सम्मान करना चाहिए। कलाकारों को सुरक्षित वातावरण मिले, इसके लिए सरकार काम करेगी। उनके स्वास्थ्य, प्रशिक्षण और रोजगार के लिए सरकार नीति बनाएगी। कला और संस्कृति जगत का पहला स्वर ओंकार का है। इस जगत का पहला स्वर है का। जब आप योग में इसको सुनने का प्रयास करेंगे तो यह नाद की तरह गुंजायमान होगा। यही जगत की सच्चाई है। यही विज्ञान कहता है। अध्यात्म भी यही कहता है, यही संस्कृति भी कहती है, यही विश्वविद्यालय भी कह रहा है कि नाद के अधीन यह जगत है। उस नाद को पहचानने के लिए संगीत की अलग-अलग विधाओं द्वारा की जाने वाली साधना संगीत का हिस्सा है। अध्यात्म और संस्कृति भी कहती है कि जगत नाद के अधीन है। पंडित विष्णु सहाय भातखंडे ने 1940 में जब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तक नहीं थी, तब संगीत और संस्कृति को आत्मसम्मान आत्म गौरव देने का प्रयास किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सदी के महाकुंभ का आयोजन हमने किया, ब्रिटिशर ने इसे लेकर खराब धारणा बनाई थी। इसमें 66 करोड़ लोग आए इसमें सबसे ज्यादा युवा थे। कहा जाता था कि आज का युवा संस्कृति से विमुख हो रहा है, हमने उनको महाकुंभ में मंच दिया।

# मेयर ने किया रैनबसेरा का उद्घाटन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सर्दी के मौसम में यात्रियों एवं जरूरतमंद लोगों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से अंतरराज्यीय आलमबाग बस अड्डे पर नगर निगम लखनऊ द्वारा स्थापित अस्थायी रैन बसेरे का गुरुवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने किया।

इस अवसर पर प्रदेश संयोजक राष्ट्रीय कार्यक्रम में भाजपा राकेश कुमार श्रीवास्तव, भाजपा महानगर उपाध्यक्ष अशोक तिवारी, मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, रमन निगम, पार्षद हिमांशु अंबेडकर पार्षद प्रतिनिधि गिरीश मिश्रा, आलमबाग बस स्टेशन इंचार्ज सुनीता अवस्थी जोन-5 के अधिशासी अभियंता राजीव शर्मा सहित नगर निगम की टीम मौजूद रही।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने उद्घाटन के दौरान कहा कि नगर निगम लखनऊ द्वारा सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए रैन बसेरों की व्यवस्था एक मानवीय पहल है। इससे न केवल बेघर और जरूरतमंद लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को भी सुरक्षित और सुविधाजनक ठहराव उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम शहर को संवेदनशील और मानवीय दृष्टिकोण से विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में शहर में कुल 24 स्थायी एवं 40 अस्थायी रैन बसेरे संचालित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न जोनों में आवश्यकता के अनुसार नए अस्थायी रैन बसेरे भी स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि ठंड के दौरान कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर न हो। रैन बसेरों में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और ठहरने की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# आरडीएसओ में महिला कर्मचारियों के लिए POSH वर्कशॉप

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** आरडीएसओ के भगवान बिरसा मुण्डाप्रेक्षागृह में लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम के प्रावधानों पर संगठन की महिला कर्मचारियों के लिए एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन की लैंगिक उत्पीड़न आंतरिक शिकायत समिति की चेयरपर्सन प्रियंका सिंह एवं अन्य सदस्य व संगठन की सभी महिला कर्मचारियों ने भाग लिया। इस वर्कशॉप का संचालन अधिवक्ता प्रयागमती गुप्ता, लिटिगेशनइन्चार्ज, कैट, लखनऊ बेंच ने किया। गुप्ता ने लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम के प्रावधानों को सरल भाषा में समझाया साथ ही साथ कर्मचारियों के सवालों का अधिनियम के प्रावधानों के माध्यम से जवाब भी दिया। आरडीएसओ के अपर महानिदेशक, काज़ी मेराज अहमद ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई एवं अपने संबोधन में प्रयागमती गुप्ता जी का हार्दिक आभार व्यक्त किया एवं उन्होंने बताया कि कार्यस्थल पर सम्मान, सुरक्षा और गरिमा ये तीनों किसी भी संस्था की बुनियाद होते हैं, POSH अधिनियम हमें याद दिलाता है कि Sexual Harassment केवल कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों का भी हनन है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि आंतरिक शिकायत समिति (ICC) केवल एक वैधानिक औपचारिकता नहीं है यह एक विश्वास का मंच है। दूसरा सत्र वित्तीय साक्षरता एवं योजना पर आयोजित किया गया जो कि विशेष रूप से संगठन की महिला कर्मचारियों के लिए था। इस सत्र का संचालन AWOKE India Group के संस्थापक प्रवीण कुमार द्विवेदी एवं SEBI Registered SMART (Securities Market) प्रशिक्षक उत्तम कुमार जी ने किया। द्विवेदी जी ने वित्तीय साक्षरता पर जागरूक किया एवं कर्मचारियों के सवालों का समुचित जवाब दिया। अपर महानिदेशकने बताया कि वित्तीय साक्षरता केवल कमाने का ज्ञान नहीं है यह संभालने, बढ़ाने, सुरक्षित रखने और सही समय पर निर्णय लेने की क्षमता है। उन्होंने बताया कि Financial Literacy is not optional. It is a survival skill. उन्होंने एक विचार के साथ अपना सम्बोधन समाप्त किया।

## माघ मेले के लिए चलेंगी स्पेशल बस

**लखनऊ।** प्रयागराज में महाकुम्भ के सफल आयोजन के बाद योगी सरकार माघ मेले की तैयारियों में जुट गयी है। प्रयागराज संगम में श्रद्धालु सुगमता से आस्था की डुबकी लगा सकें, इसके लिए सरकार परिवहन, सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं को मजबूत कर रही है। माघ मेले के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के वाराणसी परिक्षेत्र के 8 जिलों से तीन चरणों में 336 अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। विशेष कर पूर्वांचल से प्रयागराज आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो इसके लिए योगी सरकार विशेष इंतजाम कर रही है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, वाराणसी के क्षेत्रीय प्रबंधक परशुराम पाण्डेय ने बताया कि वाराणसी परिक्षेत्र से माघ मेले के लिए 3 चरणों में 336 बसों का संचालन होगा। 50 बसें रिजर्व में रहेंगी। उन्होंने बताया कि पहला चरण 1 जनवरी से 13 जनवरी तक 215 बसें, दूसरा चरण 14 जनवरी से 24 जनवरी तक 330 बसें, तीसरे चरण 31 जनवरी से 16 फरवरी तक 215 बसों का संचालन किया जाएगा।

# कोहरे में 30 किलोमीटर की स्पीड से चलेंगे राष्ट्रीय राज मार्ग पर वाहन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** घने कोहरे के कारण आये दिन दिन हो रहे हादसे और मौत पर काबू पानेके लिए एनएचएआई ने निर्देश जारी किये हैं कि राष्ट्रीय राज मार्गो पर चलने वाले वाहनों की गति तीस किलोमीटर प्रति घंटा से ज़्याद पर वाहन न चलाये। एनएचएआई ने इसके साथ ही पुलिस व राजमार्ग संचालनकर्ता टीम को अलग-अलग समय पर गश्त करने का आदेश दिया गया है। इतना ही नहीं टोल से गुजरने वाले वाहन चालकों को टोल पर लगे मोबाइल नंबर व निर्देशिका पुस्तिका देने के निर्देश दिए गए हैं। लखनऊ से कानपुर, सीतापुर, रायबरेली, अयोध्या, हरदोई, सुलतानपुर सहित अन्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एनएचएआइ ने इंडियन रोड क्रांग्रेस की गाइडलाइनों को पूर्ण रूप से पालन करने के निर्देश दिए हैं। दुर्घटना की स्थिति में यातायात को निर्देशित करने के लिए लाल/हरे रंग की चमकती छड़ी रखने के साथ ही पुलिस, राजमार्ग संचालन और ठेकेदार को साप्ताहिक आधार पर अनिवार्य रूप से रात्रिकालीन राजमार्ग निरीक्षण करने को कहा है। इसके अलावा रिफ्लेक्टर, क्रासिंग, रैम्प, डिवाइडर शुरू होने से पहले ही रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था कराने के निर्देश दिए गए हैं। एनएचएआई के महाप्रबंधक (समन्वयक) संजय कुमार पटेल ने आदेशों में उल्लेख किया है कि सड़क के किनारे बैरियर वाहन चालकों को दूर से दिखे, उन पर एक निर्धारित दूरी परी रिफ्लेक्टर लगाए जाए, जो दूर से दिखे। ब्लैक स्पाट पर रोड इंजीनियरिंग सुधारने के साथ ही रोशनी के पर्याप्त व्यवस्था हो। शहरी क्षेत्रों में दो मीटर की दूरी पर और ग्रामीण क्षेत्रों में राजमार्गो, एक्सप्रेस वे के पांच मीटर की दूरी पर मीडियन और आरसीसी यानी रेनफोर्सर्ड सीमेंट कंक्रीट बैरियर पर मीडियन मार्कर लगाएं।

## तीन दिवसीय सालाना उर्स का आगाज

**लखनऊ।** शाह दोस्त मोहम्मद उर्फ शाह दोसी का तीन दिवसीय सालाना उर्स का आगाज मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली की सरपरस्ती में ईद मिलादुन्नबी के साथ किया गया। महफिल का आगाज कारी शाह मोहम्मद निजामी ने तिलावते कलामे पाक से किया, जिसके बाद कारी शम्स तबरेज, मुनीर रजा कादरी, कारी उमैर रजा, कारी शमशाद बरकाती, कारी शरफुद्दीन, मौलाना मसूद, कारी मोईनुद्दीन आदि ने नात का नजराना पेश किया। महफिल का संचालन हाफिज कारी गुलाबउद्दीन ने किया। उर्स की महफिल को खिताब करते हुए मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली ने कहा कि अल्लाह ने इंसान को अशरफुल मख्लूकात बनाया और दुनिया में अपना खलीफा बनाया। इसके लिए उसने इल्म को जरूरी बताया। यह कुरान का पैगाम है जो हजरत आदम से लेकर रसूले अकरम के अलावा रहती दुनिया तक जारी है। उन्होंने कहा कि इकरा बेइस्मे रब्बिका के जरिए तालीम याफ्ता इंसान खुदा को शाहिद और मौजूद जानता है और उसके हराम और हलाल पर अमल करता है।

# लखनऊ विवि में हिंदी शोध छात्र की सफल मौखिकी संपन्न



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में एक महत्वपूर्ण अकादमिक उपलब्धि के अंतर्गत शोध छात्र रीतेश रावत की शोध मौखिकी सफलतापूर्वक संपन्न हुई। रीतेश रावत का शोध विषय असंघोष के काव्य में सामाजिक परिवर्तन की चेतना रहा, जो उनके शोध निर्देशक डॉ. अब्दुर्रहीम साहब (पूर्व विभागाध्यक्ष, मुमताज़ पीजी कॉलेज) के कुशल निर्देशन में पूर्ण हुआ। इस शोध की मौखिकी जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के हिंदी विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर अजमेर सिंह काजल द्वारा ली गई। संपूर्ण मौखिकी प्रक्रिया लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर हिंदी विभाग के सभी सम्मानित आचार्यगण, शोधार्थी एवं छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। साथ ही मुमताज़ पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफ़ेसर नसीम अहमद खान, प्रॉक्टर प्रोफ़ेसर सलमान खान, डॉ मदनी अंसारी, डॉ लियाक़त अली, डॉ मोहम्मद वहीद खान, डॉ आल अहमद, डॉ ममता यादव आदि इस अकादमिक आयोजन में सम्मिलित हुए। मौखिकी उपरांत उपस्थित सभी गुरुजनों ने शोधार्थी रीतेश रावत को उनके उज्ज्वल शैक्षणिक भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया।

# विधानसभा सत्र आज से ट्रैफिक डाइवर्जन

- हजरतगंज-विधानसभा मार्ग रहेगा बंद
- रोडवेज व सिटी बसों के रूट बदले

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कल से उत्तर प्रदेश विधान सभा का शीतकालीन सत्र शुरू होगा, इसके मद्देनज़र ट्रैफिक डाइवर्जन किया गया है। यह डाइवर्जन सत्र तक लागू रहेगा। बंदरियाबाग चौराहा से यातायात राजभवन, डीएसओ चौराहा, हजरतगंज चौराहा, जीपीओ मोड़, विधानसभा की ओर नहीं जा सकेगा। यातायात लालबत्ती चौराहा, कैंट या गोल्फ क्लब चौराहा, 1090 चौराहा होकर जा सकेगा। डीएसओ चौराहा से हजरतगंज, जीपीओ पार्क, विधानसभा मार्ग की ओर यातायात नहीं जा सकेगे। ट्रैफिक पार्क रोड, मेफेयर तिराहा होकर जा सकेगा।

रॉयल होटल चौराहा से विधानसभा के सामने से हजरतगंज चौराहा की ओर यातायात नहीं जा सकेंगे। यातायात कैसरबाग चौराहा, परिवर्तन चौक, सुभाष चौराहा, चिरैया झील, या बर्लिंगटन चौराहा, सदर ओवरब्रिज और कैंट होकर जा सकेगा। संकल्प वाटिका पुल के नीचे तिराहे से महानगर की तरफ से आने वाले रोडवेज,सिटी बसें सिकंदर बाग चौराहा, हजरतगंज चौराहा, विधानसभा की ओर नहीं जा सकेंगे। यह बस बैकुंठ धाम, 1090 (गांधी सेतु) चौराहा, बंदरिया बाग चौराहा, लाल बत्ती चौराहा, कैंट होते हुए जा सकेंगी।

केकेसी तिराहा से चारबाग की तरफ से आने वाले रोडवेज,सिटी बसें हुसैनगंज चौराहा, रॉयल होटल चौराहा, विधानसभा की ओर नहीं जा सकेंगे। यह बस लोको चौराहा, कैंट या बर्लिगटन चौराहा से कैसरबाग होकर जा सकेंगी।

गोमतीनगर की तरफ से आने वाले रोडवेज, सिटी बसें सिकंदर बाग चौराहा, हजरतगंज चौराहा, विधानसभा की ओर नहीं जा सकेंगे। यह बस बैकुंठ धाम, संकल्प वाटिका ओवरब्रिज, चिरैया झील तिराहा होकर कैसरबाग होते हुए या 1090 (गांधी सेतु) चौराहा, बंदरिया बाग चौराहा, लाल बत्ती चौराहा, कैंट होते जा सकेगी। सिकंदर बाग चौराहा से हजरतगंज, विधानसभा की ओर जाने यातायात हजरतगंज चौराहा की तरफ नहीं जा सकेगा। यह यातायात सिकंदर बाग चौराहे से दैनिक जागरण चौराहा, बालू अड्डा, गांधी सेतु (1090) चौराहा या चिरैया झील होते जा सकेगा।

परिवर्तन चौक, हिंदी संस्थान तिराहा से हजरतगंज चौराहा होकर विधानसभा की ओर यातायात नहीं जा सकेगा। यह ट्रैफिक कैसरबाग चौराहा या चिरैया झील तिराहा, संकल्प वाटिका या सिकंदर बाग चौराहा, दैनिक जागरण चौराहा, गांधी सेतु (1090) चौराहा होते हुए गोल्फ क्लब चौराहा, बंदरिया बाग चौराहा, लालबत्ती चौराहा, कैंट होकर जा सकेगा। डीएसओ चौराहा से सिसेंडी तिराहा, रॉयल होटल चौराहा की तरफ यातायात नहीं आ जा सकेगा। यह यातायात हजरतगंज चौराहा, मेफेयर तिराहा या रॉयल होटल चौराहा से बर्लिगटन चौराहा, कैंट होकर जा सकेगा।

# भाषा विवि ने बाल गृहों में शिक्षा सहयोग बढ़ाया

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा बाल सुधार गृहों के समुचित क्रियान्वयन एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से राजकीय बाल गृह (बालिका), सिंधी खेड़ा, लखनऊ तथा राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर), मोहान रोड, लखनऊ का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर बालिका गृह में हाईस्कूल एवं स्नातक स्तर पर अध्ययनरत बालिकाओं हेतु विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी सहित समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र एवं शिक्षाशास्त्र विषयों के क्वेश्चन बैंक एवं अलमारियों का वितरण किया गया। वहीं किशोर संप्रेक्षण गृह में बच्चों की रचनात्मकता को बढ़ावा देने हेतु ड्राइंग बुक्स एवं वैक्स कलर वितरित किए गए। कुलपति प्रो. अजय तनेजा के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय द्वारा बच्चों के संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं विधिक सहायता में निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में डॉ. महेश कुमार (कुलसचिव), डॉ. विकास (परीक्षा नियंत्रक), डॉ. पीयूष कुमार त्रिवेदी (विभागाध्यक्ष, विधि अध्ययन संकाय) सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे। अधिकारियों एवं शिक्षकों ने बच्चों से संवाद कर उन्हें शिक्षा, अनुशासन एवं सकारात्मक जीवन मूल्यों के महत्व से अवगत कराया।

# एजेस फ़ेडरल लाइफ़ इंश्योरेंस ने लॉन्च की अपने ब्रांड की नई पहचान

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** एजेस फ़ेडरल लाइफ़ इंश्योरेंस ने अपने बदलाव के सफर में एक बड़ा कदम उठाते हुए, आज ब्रांड की नई पहचान के लॉन्च की घोषणा की। ब्रांड की यह नई पहचान, सही मायने में विश्व स्तर पर एजेस ग्रुप की 200 सालों की विरासत और फ़ेडरल बैंक के सौ साल के भरोसे से प्रेरित है। ब्रांड की इस नई पहचान से बीमा को आसान बनाने, लोगों के साथ दिल से जुड़ाव को मजबूत करने और देश भर में वित्तीय सुरक्षा को सुलभ बनाने के कंपनी के लक्ष्य की झलक मिलती है। इस नए ब्रांड को एजेस फ़ेडरल लाइफ़ इंश्योरेंस के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, जूड गोम्स ने ब्रांड एंबेसडर और क्रिकेट जगत के दिग्गज, सचिन तेंदुलकर की मौजूदगी में लॉन्च किया। लॉन्च के मौके पर, एजेस फ़ेडरल लाइफ़ इंश्योरेंस के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, जूड गोम्स ने कहा, ÷यह नई पहचान बताती है कि हम कौन हैं और भारत के लोगों के लिए हम क्या बनना चाहते हैं- यानी हम संभावनाओं को साकार करने वाले हैं। 'अल्बा' में हर किसी की परवाह और उम्मीद का भाव समाया है, जबकि हर वादा मुमकिन- हर वादा होगा पूरा, हमारे ब्रांड का वादा है जिससे जाहिर है कि कंपनी अपना हर वादा पूरा करने के संकल्प पर कायम है। इस महत्वपूर्ण कदम से भारत में वित्तीय सुरक्षा की लगातार बढ़ती ज़रूरतों को पूरा करने और लाखों लोगों के लिए एक बेहतर भविष्य बनाने के हमारे अरमानों को बढ़ावा मिलता है। ब्रांड ने अपनी नई पहचान ऐसे दौर में पेश की है, जब भारत के जीवन बीमा क्षेत्र में बड़े बदलाव हो रहे हैं, जहाँ वित्तीय सुरक्षा के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ रही है, डिजिटल तकनीक तेज़ी से अपनाई जा रही है, साथ ही स्वस्थ्वह्य और बचत करने वाले युवाओं जैसे नए ग्राहक वर्ग से माँग बढ़ रही है। इस आधार के साथ, एजेस फ़ेडरल एक ऐसे बाज़ार में भरोसा, सुलभता और नयापन लाने का माध्यम बनने के लिए तैयार है जहाँ बीमा की पैठ अभी भी बहुत कम लोगों तक है। एजेस फ़ेडरल धीरे-धीरे अपने डिस्ट्रीब्यूशन के दायरे को और बढ़ा रहा है, साथ ही नए भागीदारों को जोड़ रहा है, और इस तरह कंपनी ने बेहतरीन वित्तीय स्थिरता और शानदार प्रदर्शन को बरकरार रखा है। कंपनी मार्च 2025 तक 270 प्रतिशत के दमदार सॉल्वेंसी रेश्यो के साथ निजी क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनियों में चौथे स्थान पर है, और दो नई शामिल की गई बीमा कंपनियों को छोड़ दिया जाए तो यह वास्तव में दूसरे स्थान पर है।

# इंटीग्रल यूनिवर्सिटी को मिला वुमेन इन एसटीईएम एक्सीलेंस अवॉर्ड



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा इंटीग्रल विश्वविद्यालय, को महिला सहभागिता, नेतृत्व और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए वुमेन इन एसटीईएम एक्सीलेंस अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। सम्मान समारोह में प्रमुख अतिथियों के रूप में डॉ. आशीष मोहन, कार्यकारी निदेशक, सीआईआई वैशाली निगम सिन्हा, चेयर, सीआईआई वुमेन इन एसटीईएम इनिशिएटिव एवं को-फाउंडर, रिन्यू तथा डॉ. चंद्रिका कौशिक, विशिष्ट वैज्ञानिक एवं महानिदेशक, प्रोडक्शन कोऑर्डिनेशन एंड सर्विसेज इंटरैक्शन, डीआरडीओ, भारत सरकार, उपस्थित रहीं। इंटीग्रल यूनिवर्सिटी को देशभर के शीर्ष 10 संस्थानों में स्थान दिया गया, जिसके लिए विस्तृत मूल्यांकन प्रक्रिया अपनाई गई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व डॉ. निदा फातिमा, एडिशनल प्रो चांसलर एवं कार्यकारी निदेशक, इंटीग्रल.स्टार्टअप्स फाउंडेशन, तथा डॉ. अलवीना फ़ारूक़ी, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, बायो इंजीनियरिंग विभाग ने किया। उनकी उपस्थिति ने महिलाओं को शोध, विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में सशक्त बनाने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाया। इस अवसर पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, प्रधानमंत्री कार्यालय से, तथा यूरोपियन यूनियन इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी ऑफिस (EUIPO) की निदेशक इंगे बफ़ेलो सहित कई गणमान्य अतिथि भी मौजूद रहे।

# मौलाना कल्बे जवाद ने बढ़ाया देश का मान

- मिला पहला इमाम खुमैनी अवार्ड

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मौलाना कल्बे जवाद को पहला इमाम खुमैनी अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड मिलने से देश के लोगों विशेषकर मुसलमानों में खुशी की लहर है मौलाना कल्बे जवाद को यह अवार्ड ईरान में वहाँ के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियान इमाम खुमैनी के पोते हसन खुमैनी के हाथों से प्राप्त हुआ। मौलाना कल्बे जवाद पहले ऐसे व्यक्ति जिनको यह अवार्ड केलिए चुना गया है यह अवार्ड की शुरूआत इसी वर्ष से हुई है। इस खास मौके पर विभिन्न महत्वपूर्ण हस्तियों के साथ ईरान के सर्वोच्च लीडर आयतुल्लाह सैय्यद अली ख़ामेनई के सलाहकार अयातुल्लाह मोहनसिन क़ुम्मी भी उपस्थित थे। यह पुरस्कार एक भव्य समारोह के दौरान विभिन्न प्रमुख शख्सियात की उपस्थिति में मौलाना कल्बे जवाद नक़वी को सौंपा गया। मौलाना कल्बे जवाद नक़वी ने पहला इमाम खुमैनी (रह.) पुरस्कार प्राप्त करने पर ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह सैय्यद अली ख़ामेनई, ईरान सरकार और सभी संबंधित व्यक्तियों का दिल से शुक्रिया अदा किया। इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए ईरान के राष्ट्रपति राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियान ने कहा कि इमाम खुमैनी को जनता पर अटूट विश्वास था। यदि जनता हमसे मुँह मोड़ ले, तो न क्रांति बचेगी और न ही धर्म। उन्होंने सभी संबंधित संस्थाओं और अधिकारियों को जनता की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता बनाने की सलाह दी।

इमाम खुमैनी के पोते मौलाना सैयद हसन खुमैनी ने कहा कि यह पुरस्कार एक जीवंत विचारधारा का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा कि किसी भी महान व्यक्तित्व का मूल्य इतिहास पर उसके प्रभाव से आँका जाता है और इमाम खुमैनी (रह.) ने समकालीन इतिहास पर गहरा और स्थायी प्रभाव छोड़ा है।

मौलाना कल्बे जवाद को यह अवार्ड मिलने की खबर देश में आते ही समर्थकों में ख़ुशी की लहर दौड़ गयी सोशल मीडिया पर मौलाना कल्बे जवाद के कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि मौलाना कल्बे जवाद ने अपने जीवन में सामाजिक समानता, धार्मिक शिक्षा, मज़लूमों कि मदद कि यह उसी के कारण संभव हुआ मौलाना कल्बे जवाद देश में ही नहीं विदेशों में अपनी सेवाओं के लिये जाने जाते हैं इमाम खुमैनी कि शिक्षाओं के प्रचार के लिए सदैव कार्य किया।